1

सचित्र श्री भगवती सूत्र

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

ILLUSTRATED SHRI BHAGWATI SUTRA

Pravartak Shri Amar Muni





Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत पुस्तक श्री भगवतीसूत्र

जैन आगमों में सर्वाधिक महत्त्व प्राप्त विशालकाय आगम का नाम है श्री भगवती सूत्र। प्रसिद्ध है, कि इसमें जैन तत्त्वविद्या से सम्बन्धित विविध विषयों के ३६ हजार प्रश्नों का भगवान महावीर द्वारा प्रदत्त युक्ति पूर्ण समाधान है। ज्ञान-विज्ञान की अनेक शाखाओं के रहस्य पूर्ण सिद्धान्तों का वर्णन इस आगम में उपलब्ध है।

माना जाता है, विश्वविद्या की ऐसी कोई भी शाखा नहीं होगी, जिसकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में चर्चा इस आगम में नहीं हो। दर्शन, अध्यात्म-विद्या, पुद्गल व परमाणु सिद्धान्त, आदि सैकड़ों महत्त्वपूर्ण विषयों का वर्णन तथा उनका अनेकान्त शैली में समाधान इस आगम के अनुशीलन से प्राप्त हो जाता है।

आगमों के गम्भीर अध्येता प्रवर्तक श्री अमर मुनिजी ने टीका व अन्य अनेक ग्रन्थों के आधार पर इस आगम के गम्भीर विषयों का अपनी सरल सारपूर्ण शैली में विवेचन प्रस्तुत कर 'सागर' को 'गागर' में भरने का प्रयत्न किया है।

इस आगम का प्रकाशन लगभग ६ भाग में सम्पन्न होने की सम्भावना है।

This Book Bhagavati Sutra

The most important and voluminous among the Jain Agams is **Shri Bhagavati Sutra.** It is well known that this work contains logical answers given by Bhagavan Mahavir to 36,000 questions on a variety of ontological topics. This Agam contains discussions about many important and obscure principles from many branches of knowledge and special studies.

It is believed that there is no branch of universal knowledge that has not been discussed directly or indirectly in this Agam. Information about numerous subjects including philosphy, spiritualism, matter and particle theory can be acquired by studying this Agam.

Pravartak Shri Amar Muni ji, a profound scholar of Agams, has tried to condense a sea in a drop by presenting the complex topics of this Agam in a simple and lucid style with the help of commentaries and many other reference works.

This voluminous Agam as expected to be completed in six volumes. This is the first volume.

- भगवान महावीर ने जिन शाश्वत सत्य सिद्धान्तों प्रतिपादन किया, वे आज के वैज्ञानिक युग में सर्वा प्रासंगिक है। जैसे—किसी भी वस्तु को सर्वांग दृ समझने के लिए अनेकान्तदृष्टि और उसका सम स्वरूप कथन करने के लिए नय-निक्षेप की सापे स्याद्वाद वचन-प्रणाली।
- धर्म, अधर्म, जीव, अजीव, पुद्गल-स्वरूप, परम लेश्या, तप-विधान, गति-सहायक द्रव्य धर्मास्ति कालचक्र-परिवर्तन का वर्णन, कर्म-सिद्धान्त, वन में जीव, पर्यावरण, मनोवर्गणा का स्वरूप, विभिन्न योनियाँ आदि विषयों में हो रहे जीव-विज्ञान भौतिक-विज्ञान सम्बन्धी अधुनातन अनुसंधान सबकी सत्यता सिद्ध करते हैं।
- भगवान महावीर के इन शाश्वत सिद्धान्तों को उन्हीं भाषा व प्रतिपादन शैली में पढ़ने-समझने के सचित्र भगवतीसूत्र, मूल अर्धमागधी, हिन्दी अंग्रेजी अनुवाद के साथ आपके हाथों में प्रस्तुत है
- The eternal and true principles Bhagav Mahavir propagated are completely relev in the modern scientific world. One exam is the non-absolutistic viewpo (Anekantavaad) to fully understand a th and the relative methodology of Syadv using naya and nikshep (standpoint and a bution) to realistically describe a thing.
- Virtue, vice, soul, non-soul, matter and form, ultimate particle, soul complexi codes of austerity, entity of motion, time-cy and its changes, theory of karma, life plants, environment, classification of m and its activities, different genuses of life being confirmed and authenticated by the est researches in biology and physics.
- We place in your hands Illustrated **Bhagav Sutra** (original Ardhamagadhi text with Hi and English translations, elaboration a multicolored illustrations) to enable you read and understand these eternal princip of Bhagavan Mahavir in his own langua and style.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सचित्र श्री भगवती सूत्र

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

ILLUSTRATED SHRI BHAGWATI SUTRA

Pravartak Shri Amar Muni

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादर भेंट

सप्रेम भेंट

जय आत्म

जय पद्म

जय अमर

जैनागम रत्नाकर आचार्य सम्राट पू. श्री आत्मा राम जी म. एवं राष्ट्र सन्त उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्म चन्द्र जी म. की पुण्य स्मृति में शासन शिरोमणि साहित्य सम्राट जैन धर्म दिवाकर प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. द्वारा संपादित एवं पद्म प्रकाशन द्वारा विश्व में प्रथम बार प्रकाशित (सचित्र, मूल, हिन्दी, इंगलिश अनुवाद सहित) जैनागमों का सैट सादर सप्रेम भेंट ।

-: भेंट कर्ता :-

पद्म प्रकाशन

कार्यालय :- पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली - 110040 (भारत)

संपर्क सूत्र :- श्री शिव कुमार जैन (मंत्री) मोबः 098101-64071, 011-22783740

Website : www.jainvision.com E-mail : padamparkashan@gmail.com

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचम गणधर भगवत् सुधर्मा-स्वामी प्रणीत पंचम अंग

सचित्र
श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)
(प्रथम खण्ड)

मूल पाठ, हिन्दी-अंग्रेजी भावानुवाद, विवेचन तथा चित्रों सहित

❖ प्रधान सम्पादक ❖

जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

❖ सह-सम्पादक ❖

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित सचित्र आगममाला का अठारहवाँ पुष्प

- सचित्र श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)
  [प्रथम खण्ड]

- *प्रधान सम्पादक*
  जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष
  उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

- *सह-सम्पादक*
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'

- *अंग्रेजी अनुवादक*
  सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- *प्रथमावृत्ति*
  वि. सं. २०६१, फाल्गुन
  ईस्वी सन् २००५, मार्च

- *चित्रांकन*
  डॉ. त्रिलोक शर्मा

- *प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान*
  पद्म प्रकाशन
  पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

- *मुद्रक एवं वितरक*
  श्री दिवाकर प्रकाशन
  ए-७, अवागढ़ हाउस, एम. जी. रोड, आगरा-२८२ ००२
  दूरभाष : (०५६२) २८५११६५

- *मूल्य*
  छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

© *सर्वाधिकार* : पद्म प्रकाशन, दिल्ली

वेबसाईट : डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.सचित्रजैनआगम.कॉम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

THE FIFTH ANGA WRITTEN BY THE FIFTH GANADHAR SHRI SUDHARMA SWAMI

ILLUSTRATED

SHRI BHAGAVATI SUTRA
(VYAKHYA PRAJNAPTI)

(FIRST VOLUME)

Original Text with Hindi and English Translations, Elaboration and Multicoloured Illustrations

❖ EDITOR-IN-CHIEF ❖

Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush
Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

❖ ASSOCIATE-EDITOR ❖

Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN
PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

THE EIGHTEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES
INSPIRED BY UTTAR BHARATIYA PRAVARTAK GURUDEV BHANDARI
SHRI PADMACHANDRA JI M. S.

- ILLUSTRATED SHRI BHAGAVATI SUTRA (VYAKHYA PRAJNAPTI)
  [First Volume]

- *Editor-in-Chief*
  Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush
  Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

- *Associate-Editor*
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Surendra Bothara, Jaipur

- *First Edition*
  Falgun, 2061 V.
  March, 2005 A.D.

- *Illustrator*
  Dr. Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer's & Distributor*
  Shree Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M.G. Road, Agra-282 002
  Phone : (0562) 2851165

- *Price*
  Six Hundred Rupees only (Rs. 600/-)

© *Copyright* : Padma Prakashan, Delhi
Website : www.sachitrajainagam.com

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन धर्म दिवाकर
जैनागम रत्नाकर
आचार्य सम्राट पूज्य
श्री आत्माराम जी महाराज
की
अमर स्मृति
में
सविनय

सादर भेंट



अमर मुनि
(उत्तर भारत प्रवर्त्तक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राष्ट्रसन्त उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक
पूज्य गुरूदेव भण्डारी
श्री पद्म चन्द्र जी महाराज

आत्म कुल कमल दिवाकर
भोले बाबा वरिष्ठ सलाहकार
श्री रत्न मुनि जी म.



युवा मनीषि श्री वरुण मुनि जी
महाराज 'अमर शिष्य'

श्री धर्मवीर जी धनेष कांता जैन
लुधियाना

श्री महेन्द्र कुमार जी चाँद रानी जैन
लुधियाना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री सत्यपाल जी अग्रवाल
कुरुक्षेत्र

श्रीमती रूकमणी देवी अग्रवाल
कुरुक्षेत्र

श्री सुदर्शन अग्रवाल, श्रीमती मोहिता अग्रवाल
कुरुक्षेत्र

श्री सुभाष जी सुलोचना जैन
हुड्डा कालोनी, पानीपत

श्री विरेन्द्र जी नीरू अग्रवाल
खन्ना मण्डी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



डॉ. मौजीराम जी जैन श्रीमती पुष्पा जैन
सैनिक फार्म, दिल्ली

श्री उग्रसैन जी सुन्दरी देवी जैन
विवेक विहार, दिल्ली

श्री जय भगवान जी विद्या देवी जैन
योजना विहार, दिल्ली

श्री सुभाष चन्द जी शशि जैन
विवेक विहार, दिल्ली

श्री सुशील कुमार कौशल्या देवी जैन
योजना विहार, दिल्ली

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता होती है कि श्रुत-सेवा के महान् ऐतिहासिक कार्य में हम अपनी लगभग आधी मंजिल पार कर चुके हैं। अब तक १८ आगम ग्रन्थ चित्रों सहित हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशित कर चुके हैं। इस वर्ष दो आगम ग्रन्थ श्री भगवती सूत्र, भाग-१ तथा तीन छेद सूत्र का प्रकाशन हो रहा है।

श्री भगवती सूत्र जैन तत्त्वज्ञान का महासागर है। इसमें अमूल्य ज्ञान की एक से एक दीप्तिमान मणियाँ हैं।

दूसरे ग्रन्थ में तीन छेद सूत्रों का प्रकाशन किया गया है। छेद सूत्र जैन श्रमणों के आचार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आगम है। जब तक इन सूत्रों का अर्थ सहित अध्ययन नहीं किया जाय, तब तक श्रमण अग्रणी या सिंघाड़ा प्रमुख बनकर विचरण भी नहीं कर सकता। इसे श्रमण धर्म की आचार संहिता या संविधान पुस्तक भी कहा जा सकता है। ये दोनों ही आगम अपने-अपने स्थान पर अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। अस्तु....

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक पूज्य गुरुदेव परम श्रद्धेय भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की हार्दिक इच्छा और प्रबल प्रेरणा से उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. ने श्रुत-सेवा का यह महान् कार्य प्रारम्भ किया और वे निरन्तर एकचित्त, एकलक्ष्य होकर इस कार्य-सम्पादन में जुटे हुए हैं। हमें अत्यन्त प्रसन्नता है कि पूज्य गुरुदेवों के आशीर्वाद से तथा उनके प्रति असीम भक्तिभाव से प्रेरित होकर सहयोगदाता, उदार सज्जन सहयोग का हाथ बढ़ा रहे हैं और हमें उत्साहित करते हैं कि इस महान् ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलती रहनी चाहिए। हम सभी सहयोगी बन्धुओं के प्रति हार्दिक आभार प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष में दोनों आगम ग्रन्थ पाठकों की सेवा में प्रस्तुत कर रहे हैं।

आगमों के बहुत ही जिम्मेदारीपूर्ण सम्पादन-कार्य में पूज्य गुरुदेव के अन्तेवासी श्री वरुण मुनि जी म. बड़ी तल्लीनता के साथ जुटे हुए हैं। साथ ही विद्वान् सम्पादक श्रीचन्द जी सुराना 'सरस', श्री सुरेन्द्र जी बोथरा तथा जैन आगमों के गहन अभ्यासी स्वाध्यायी सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन का भी हमें पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। हम आप सबके बहुत-बहुत आभारी हैं।

इन आगमों के प्रकाशन का हमारा एक ही लक्ष्य है, एक ही उद्देश्य है कि जिनशासन की आधारभूत जिनवाणी का घर-घर में प्रचार-प्रसार हो और प्रत्येक साधु-सतियाँ तथा विद्वान् आगम-प्रेमी सद्गृहस्थ इनका अधिकाधिक लाभ उठायें और स्वाध्यायशील बनें। आइए आप भी हमारे उद्देश्यों को सफल बनाने में आगम स्वाध्याय का सत्संकल्प लेवें। धन्यवाद !

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

PUBLISHER'S NOTE

We are pleased to convey to our readers that we have come almost half way on the path of this historical mission of service to the scriptures. Till date we have published eighteen *Agams* with Hindi-English translations and illustrations. In the current year we are bringing out two *Agams*—*Shri Bhagavati Sutra*, Volume-1 and three *Chhed Sutras* in one volume.

Shri Bhagavati Sutra is an ocean of Jain metaphysics. It contains increasingly brilliant gems of invaluable knowledge.

The second book contains three *Chhed Sutras*, which form an important part of the Agamic literature on codes of ascetic praxis and conduct of Jain ascetics. A *shraman* cannot become a successful leader or head of a group of ascetics as long as he does not study the text and meaning of these *Sutras*. This group of scriptures can easily be called the book of codes or the constitution of *Shraman* religion. Both these *Agams* occupy equally high place in their respective fields.

Honouring the intense desire of and inspiration by late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji M. this project was launched by Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji M. He continues to devote his unwavering and earnest attention to advancing and successfully concluding this mission.

Many generous and devout guru-devotees from different areas have displayed their devotion for the Guru and scriptures through their financial contributions. They encourage us and ask us to ensure that the pious flame of this mission of knowledge should continue burning. We express our sincere gratitude for them all, and present these two *Agams* this year.

Pujya Gurudev's able disciple Shri Varun Muni ji M. shares the responsibility of editing the *Agams* with all sincerity and devotion. We are getting regular assistance of contributing scholars like Shri Srichand ji Surana 'Saras', Agra; Shri Surendra ji Bothara, Jaipur; and Shri Rajkumar ji Jain, Delhi. We are, indeed, indebted to them.

Our singular aim and purpose of publication of these *Agams* is that the Word of the Jina, the very foundation of Jain religion, may reach every single house as well as every *Sadhu* and *Sati*, and every reader with scholarly bent may take maximum advantage of this to indulge in regular studies. Come, take a resolve of regular study of *Agams* and join us in our mission. Thanks !

—Mahendra Kumar Jain
PRESIDENT
Padma Prakashan

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राग्वक्तव्य

एकादशांगी का उत्तमांग शास्त्र : भगवती सूत्र

समस्त जैन आगम साहित्य में भगवान महावीर के सिद्धान्तों के मूल स्रोत बारह अंगशास्त्र माने जाते हैं, जो 'द्वादशांगी' के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन बारह अंगशास्त्रों में 'दृष्टिवाद' नामक अन्तिम अंगशास्त्र वर्तमान समय में विच्छिन्न हो जाने के कारण अब वर्तमान में एकादश अंगशास्त्र ही उपलब्ध हैं। ये अंग 'एकादशांगी' अथवा 'गणिपिटक' के नाम से विश्रुत हैं।

उपलब्ध ग्यारह अंगशास्त्रों में पाँचवाँ अंगसूत्र 'श्री भगवती सूत्र' अथवा 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' जैन आगमों का उत्तमांग (मस्तक) माना जाता है। एक तरह से समस्त उपलब्ध आगमों में भगवती सूत्र सर्वोच्च स्थानीय एवं विशालकाय शास्त्र है। अन्य अंगों की तरह यह भी पंचम गणधर सुधर्मा स्वामी द्वारा ग्रथित है।

नामकरण और महत्ता

वीतराग सर्वज्ञ प्रभु की वाणी अद्‌भुत ज्ञाननिधि से परिपूर्ण है। जिस शास्त्रराज में अनन्तलब्धिनिधान गणधर गुरु श्री इन्द्रभूति गौतम तथा प्रसंगवश अन्य गणधरों, स्थविरों, श्रमणों आदि द्वारा पूछे गये ३६,००० प्रश्नों एवं श्रमण भगवान महावीर के श्रीमुख से दिये गये उत्तरों का संकलन है, उसके प्रति जनमानस में श्रद्धा-भक्ति और पूज्यता का भाव होना स्वाभाविक है। वीतराग प्रभु की वाणी में समग्र जीवन को पावन एवं परिवर्तित करने का अद्‌भुत सामर्थ्य है। वह एक प्रकार से भागवती शक्ति है, इसी कारण जब भी व्याख्याप्रज्ञप्ति का वाचन होता है तब गणधर भगवान श्री गौतम स्वामी को सम्बोधित करके जिनेश्वर भगवान महावीर प्रभु द्वारा व्यक्त किये गये उद्‌गारों को सुनते ही भावुक भक्तों का मन-मयूर श्रद्धा-भक्ति से गद्‌गद होकर नाच उठता है। श्रद्धालु भक्तगण इस शास्त्र के श्रवण को जीवन का अपूर्व अलभ्य अवसर लाभ मानते हैं। फलतः अन्य अंगों की अपेक्षा विशाल एवं अधिक पूज्य होने के कारण व्याख्याप्रज्ञप्ति के पूर्व 'श्री भगवती' विशेषण प्रयुक्त होने लगा और शताधिक वर्षों से तो 'भगवती' शब्द विशेषण न रहकर स्वतंत्र नाम हो गया है। वर्तमान में व्याख्याप्रज्ञप्ति की अपेक्षा 'भगवती' नाम ही अधिक प्रचलित है।

वर्तमान 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' का प्राकृत भाषा में 'वियाहपण्णत्ति' नाम है। कहीं कहीं इसका नाम 'विवाह' या 'विवाहपण्णत्ति' भी मिलता है। किन्तु वृत्तिकार आचार्य श्री अभयदेव सूरि ने 'वियाहपण्णत्ति' नाम को ही प्रामाणिक माना है।[1] इसी के तीन संस्कृत रूपान्तर मानकर इनका भिन्न-भिन्न प्रकार से अर्थ किया है-

(१) **व्याख्या + प्रज्ञप्ति**-गौतमादि शिष्यों को उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में भगवान महावीर के विविध प्रकार से कथन का समग्रतया विशद (प्रकृष्ट) निरूपण जिस ग्रन्थ में हो अथवा जिस शास्त्र में विविध रूप से भगवान के कथन का प्रज्ञापन-प्ररूपण किया गया हो।

१. भगवती वृत्ति, पत्र २

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) व्याख्या + प्रज्ञ + आप्ति–व्याख्या करने की प्रज्ञा (बुद्धिकुशलता) से प्राप्त होने वाला अथवा व्याख्या करने में प्रज्ञ (पटु) भगवान से गणधर को जिस ग्रन्थ ज्ञान की प्राप्ति हो, वह श्रुतविशेष है।

(३) व्याख्या + प्रज्ञा + आप्ति–व्याख्या करने की प्रज्ञापटुता से ग्रहण किया जाने वाला अथवा व्याख्या करने में प्रज्ञ भगवान से कुछ ग्रहण करना व्याख्याप्रज्ञप्ति है।

इसी प्रकार विवाहप्रज्ञप्ति और विबाधप्रज्ञप्ति इन दोनों संस्कृत रूपान्तरों का अर्थ भी निम्नोक्त प्रकार से मिलता है–

(१) वि + वाह + प्रज्ञप्ति–जिसमें विविध या विशिष्ट प्रवाहों–अर्थप्रवाहों का प्रज्ञापन–प्ररूपण किया गया हो, उस श्रुत का नाम विवाहप्रज्ञप्ति है।

(२) वि + बाध + प्रज्ञप्ति–जिस ग्रन्थ में बाधारहित–प्रमाण से अबाधित तत्त्वों का प्ररूपण हो, वह श्रुतविशेष विबाधप्रज्ञप्ति है।

विषय–वस्तु की विविधता

व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र में विषयों की विविधता है। ज्ञान–रत्नाकर शब्द से यदि किसी शास्त्र को सम्बोधित किया जा सकता है तो यही एक महान् शास्त्रराज है। इसमें जैनदर्शन के ही नहीं, दार्शनिक जगत् के प्रायः सभी मूलभूत तत्त्वों का विवेचन तो है ही, इसके अतिरिक्त विश्वविद्या की कोई भी ऐसी विधा नहीं है, जिसकी प्रस्तुत शास्त्र में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चर्चा न की गई हो। प्राचीन और वर्तमान ज्ञान विज्ञान की अनेक शाखाओं का रहस्योद्घाटन तथा बीज रूप में उनका संकेत इस शास्त्र में उपलब्ध है।

जैसे कहा जाता है–'वेद' समस्त ज्ञान–विज्ञान का मूल है। उसी प्रकार भगवती सूत्र भी समस्त तत्व विद्या का आधार ग्रन्थ है। इसके विषय में अनेक पाश्चात्य विद्वानों ने यह माना है कि इस शास्त्र में, जीवन विज्ञान, पदार्थ विज्ञान, परमाणु विज्ञान आदि सैकड़ों विषयों का पहली बार निरूपण हुआ है, जो उस समय के अन्य शास्त्रों में उपलब्ध नहीं हैं। इसमें भूगोल, खगोल, इहलोक–परलोक, स्वर्ग–नरक, प्राणिशास्त्र, रसायनशास्त्र, गर्भशास्त्र, स्वप्नशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, गणितशास्त्र, ज्योतिष, इतिहास, मनोविज्ञान, अध्यात्मविज्ञान आदि कोई भी विषय अछूता नहीं रहा है।

इसमें प्रतिपादित विषयों के समस्त सूत्रों का वर्गीकरण मुख्यतया निम्नोक्त १० खण्डों में किया जा सकता है–

(१) आचारखण्ड–साध्वाचार के नियम, आहार, विहार एवं पाँच समिति, तीन गुप्ति, क्रिया, कर्म, पंचमहाव्रत आदि से सम्बन्धित विवेक सूत्र, सुसाधु, असाधु, सुसंयत, असंयत, संयतासंयत आदि के आचार के विषय में निरूपण आदि।

(२) द्रव्यखण्ड–षड्द्रव्यों का वर्णन–पदार्थवाद, परमाणुवाद, मन, इन्द्रियाँ, बुद्धि, गति, शरीर आदि का निरूपण।

(३) सिद्धान्तखण्ड–आत्मा, परमात्मा (सिद्ध–बुद्ध–मुक्त), केवलज्ञान आदि ज्ञान, आत्मा का विकसित एवं शुद्ध रूप, जीव, अजीव, पुण्य–पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, कर्मवाद, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, क्रिया, कर्मबन्ध एवं कर्म से विमुक्त होने के उपाय आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) **परलोकखण्ड**–देवलोक, नरक आदि से सम्बन्धित समग्र वर्णन; नरकभूमियों के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श का तथा नारकों की लेश्या, कर्मबन्ध, आयु, स्थिति, वेदना आदि का तथा देवलोकों की संख्या, वहाँ की भूमि, परिस्थिति देव-देवियों की विविध जातियाँ, उपजातियाँ, उनके निवास-स्थान, लेश्या, आयु, कर्मबन्ध, स्थिति, सुखभोग आदि का विस्तृत वर्णन। सिद्धगति एवं सिद्धों का वर्णन।

(५) **भूगोल**–लोक, अलोक, भरतादि क्षेत्र, कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक क्षेत्र, वहाँ रहने वाले प्राणियों की गति, स्थिति, लेश्या, कर्मबन्ध, नदियाँ, पर्वत, कूट, समुद्र आदि का वर्णन।

(६) **खगोल**–सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, तारे, अन्धकार, प्रकाश, तमस्काय, कृष्णराजि आदि का वर्णन।

(७) **गणितशास्त्र**–एकसंयोगी, द्विकसंयोगी, त्रिकसंयोगी, चतुःसंयोगी भंग आदि, प्रवेशनक राशि, संख्यात, असंख्यात, अनन्त, पल्योपम, सागरोपम, कालचक्र आदि।

(८) **गर्भशास्त्र**–गर्भगत जीव के आहार, विहार, नीहार, अंगोपांग, जन्म इत्यादि वर्णन।

(९) **चरित्रखण्ड**–श्रमण भगवान महावीर के सम्पर्क में आने वाले अनेक तापसों, परिव्राजकों, श्रावकों, श्राविकाओं, श्रमणों, निर्ग्रन्थों, अन्यतीर्थिकों, पार्श्वापत्य श्रमणों आदि के पूर्व जीवन एवं परिवर्तनोत्तर जीवन का वर्णन।

(१०) **विविध**–कुतूहलजनक प्रश्न, राजगृह के गर्म पानी के स्रोत, अश्व-ध्वनि, देवों की ऊर्ध्व-अधोगमन शक्ति, विविध वैक्रिय शक्ति के रूप, आशीविष, स्वप्न, मेघ, वृष्टि आदि के वर्णन।

व्याख्याप्रज्ञप्ति के अध्ययन 'शतक' के नाम से प्रसिद्ध हैं। यहाँ 'शतक' शब्द से सौ की संख्या का कोई सम्बन्ध नहीं है। यह अध्ययन के अर्थ में रूढ़ है। प्रत्येक शतक में उद्देशक रूप उपविभाग हैं।

४१ शतकों में विभक्त विशालकाय भगवती सूत्र में श्रमण भगवान महावीर के स्वयं के जीवन की, गणधर गौतम आदि उनके शिष्य वर्ग की तथा भक्तों, गृहस्थों, उपासकों, उपासिकाओं, अन्यतीर्थिकों और उनकी मान्यताओं की विस्तृत जानकारी मिलती है। आजीवक संघ के आचार्य गोशालक के सम्बन्ध में इसमें विस्तृत और प्रामाणिक जानकारी प्राप्त होती है। यत्र-तत्र पुरुषादानीय भगवान पार्श्वनाथ के अनुयायी साधु-श्रावकों का तथा उनके चातुर्याम धर्म का एवं चातुर्याम धर्म के बदले पंचमहाव्रत रूप धर्म स्वीकार करने का विशद उल्लेख भी प्रस्तुत आगम में मिलता है। इसमें सम्राट् कूणिक और वैशाली गणतंत्र के अधिनायक महाराज चेटक के बीच जो महाशिलाकण्टक और रथमूशल महासंग्राम हुए तथा इन दोनों महायुद्धों में जो लोमहर्षक नर-संहार हुआ, उसका विस्तृत मार्मिक एवं चौंका देने वाला वर्णन भी अंकित है।

ऐतिहासिक दृष्टि से आजीवक संघ के आचार्य मंखली गोशालक, जमालि, शिवराजर्षि, स्कन्दक परिव्राजक, तामली तापस आदि का वर्णन अत्यन्त रोचक है। तत्त्वचर्चा की दृष्टि से जयन्ती श्राविका, मद्दुक श्रमणोपासक, रोक अनगार, सोमिल ब्राह्मण, भगवान पार्श्व के शिष्य कालास्यवेशीपुत्र, तुंगिका नगरी के श्रावक आदि प्रकरण बहुत ही मननीय हैं। इक्कीस से लेकर तेईसवें शतक तक वनस्पतियों का जो वर्गीकरण किया गया है, वह अद्भुत है। वनस्पतिविज्ञान के लिए भी मार्गदर्शक है। पंचास्तिकाय के प्रतिपादन में धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय, ये तीनों अमूर्त्त होने से अदृश्य हैं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्तमान वैज्ञानिकों ने आकाश को 'स्पेस' के रूप में स्वीकार कर लिया है। जीवास्तिकाय भी अमूर्त्त होने से अदृश्य है तथापि शरीर के माध्यम से होने वाली चैतन्यक्रिया के द्वारा वह दृश्य है। पुद्गलास्तिकाय मूर्त्त होने से दृश्य है। इस प्रकार प्रस्तुत आगम में किया गया प्रतिपादन वैज्ञानिक तथ्यों के अतीव निकट है। इसके अतिरिक्त जीव और पुद्गल के संयोग से दृष्टिगोचर होने वाली विविधता का जितना विशद विवरण प्रस्तुत आगम में है, उतना अन्य भारतीय दर्शन या धर्मग्रन्थों में नहीं मिलता है।

कतिपय आधुनिक शिक्षित व्यक्ति भगवती सूत्र में उक्त स्वर्ग–नरक के वर्णन को कपोल–कल्पित कहते नहीं हिचकिचाते। उनका आक्षेप है कि "भगवती सूत्र का आधे से अधिक भाग स्वर्ग–नरक से सम्बन्धित वर्णनों से भरा हुआ है, इस ज्ञान का जीवन में क्या महत्त्व या उपयोग है?"

सर्वज्ञ–सर्वदर्शी भगवान महावीर ने तथा जैनतत्त्वज्ञों ने स्वर्ग–नरक को विशेष महत्त्व दिया है, इसके पीछे महान् गूढ़ रहस्य छिपा है। वह यह है कि यदि आत्मा को हम अविनाशी और शाश्वत सत्तात्मक मानते हैं तो उसके चैतन्य स्वरूप, जड़ संयोग से पार्थिव जीव स्वरूप और गुणात्मक विकास–ह्रास को समझ पाने के लिए हमें स्वर्ग–नरक को भी मानना होगा। स्वर्ग नरक से सम्बन्धित वर्णन को निकाल दिया जायेगा तो आत्मवाद, कर्मवाद, लोकवाद, क्रियावाद एवं मुक्तिवाद आदि सभी सिद्धान्त अपनी उपयोगिता खो देंगे। जहाँ तक वैज्ञानिकता का प्रश्न है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान ज्ञान के निरन्तर विकास की तथा खोज की राह है और चिन्तन, शोध, अन्वेषण, गणित, कल्पना आदि उसके उपकरण हैं। जो कल कल्पना माना जाता था वह आज यथार्थ बन चुका है। जिसे हम आज कल्पना समझते हैं वह कल के यथार्थ की सम्भावना भी हो सकती है। आगमों की अवधारणा के अनुसार स्वर्ग–नरक भी हमारे तिर्यग्लोकस्थित भूमण्डल के सदृश ही क्रमशः ऊर्ध्वलोक और अधोलोक के अंग हैं। अतिशय पुण्य और अतिशय पाप से युक्त आत्मा को अपने कृतकर्मों का फल भोगने के लिए स्वर्ग या नरक में गये बिना कोई चारा नहीं। अतः सर्वज्ञ–सर्वदर्शी पुरुष जगत् के अधिकांश भाग से युक्त क्षेत्र का वर्णन किये बिना कैसे रह सकते थे?

भगवती सूत्र, अन्य जैनागमों की तरह न तो उपदेशात्मक ग्रन्थ है और न केवल सैद्धान्तिक ग्रन्थ है। इसे हम विश्लेषणात्मक ग्रन्थ कह सकते हैं। दूसरे शब्दों में इसे सिद्धान्तों का गणित कहा जा सकता है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्स्टीन का सापेक्षवाद का सिद्धान्त गणित का ही तो चमत्कार है। गणित जगत् के समस्त आविष्कारों का आवश्यक अंग है। अतः भगवती सूत्र में गणित सिद्धान्तों का बहुत ही गहनता एवं सूक्ष्मता से प्रतिपादन किया गया है। जिसे जैनसिद्धान्त एवं कर्मग्रन्थों या तत्त्वों का पर्याप्त ज्ञान नहीं है, उसके लिए भगवती सूत्र में प्रतिपादित तात्त्विक विषयों की थाह पाना और उनका रसास्वादन करना अत्यन्त कठिन है।

इसके अतिरिक्त उस युग के इतिहास, भूगोल, समाज और संस्कृति, राजनीति और धर्मसंस्थाओं आदि का जो यथातथ्य विश्लेषण प्रस्तुत आगम में है, वह सर्व–साधारण पाठकों एवं शोधकर्त्ताओं के लिए अतीव महत्त्वपूर्ण है। छत्तीस हजार प्रश्नोत्तरों में आध्यात्मिक ज्ञान की छटा अद्वितीय है।

प्रस्तुत आगम से यह भी ज्ञात होता है कि उस युग में अनेक धर्म–सम्प्रदाय होते हुए भी उनमें साम्प्रदायिक कट्टरता अधिक नहीं होती थी। एक धर्मतीर्थ के परिव्राजक, तापस और मुनि दूसरे धर्मतीर्थ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के विशिष्ट ज्ञानी या अनुभवी परिव्राजकों, तापसों या मुनियों के पास निःसंकोच पहुँच जाते और उनसे ज्ञानचर्चा करते थे, और अगर कोई सत्य-तथ्य उपादेय होता तो वह उसे मुक्तभाव से स्वीकारते थे। प्रस्तुत आगम में वर्णित ऐसे अनेक प्रसंगों से उस युग की धार्मिक उदारता और सहिष्णुता का वास्तविक परिचय प्राप्त होता है। यह वर्णन आज के धर्म-सम्प्रदायों के लिए दिशादर्शक है।

इस आगम में विषय का प्रतिपादन सर्वत्र अनेकान्त दृष्टि से हुआ है।

उदाहरणस्वरूप-इस सूत्र में तत्त्व विद्या का प्रारम्भ **'चलमाणे चलिए'**-इस सूत्र पद से हुआ है। अर्थात् जो चलित हो चुका, वह चल गया ऐसा माना जा सकता है। आचार्य अभयदेव सूरि ने टीका में इस पद की निश्चयनय और व्यवहारनय की दृष्टि से व्याख्या की है। उनका कहना है व्यवहारनय के अनुसार चलित को ही 'चलित' कहा जा सकता है और निश्चयनय के अनुसार 'चलमान' को भी 'चलित' कहा जा सकता है।

इस प्रकार अनेक जटिल और विवादास्पद प्रश्नों का उत्तर भगवान ने दोनों नयों को सामने रखकर अनेकान्त दृष्टि से दिया है।

प्रसिद्ध तार्किक आचार्य श्री सिद्धसेन सूरि ने लिखा है-"भगवान महावीर की सर्वज्ञता को सिद्ध करने के लिए अनेक प्रमाणों की कोई आवश्यकता नहीं है, उनके द्वारा प्रतिपादित **'षड्जीव निकाय'** का सिद्धान्त ही उनकी सर्वज्ञता का अकाट्य प्रमाण है। क्योंकि संसार के अन्य किसी भी दार्शनिक ने षड्जीव निकाय का इतना विस्तृत और सटीक वर्णन आज तक नहीं किया है, जितना भगवान महावीर ने किया है।" (द्वात्रिंशिका १/१३)

उदाहरण के रूप में-भगवान महावीर ने छह जीव निकाय का जो वर्णन किया है उनमें 'त्रस जीव निकाय' तो प्रत्यक्ष सिद्ध है ही। वनस्पति निकाय के जीव अब विज्ञान को भी स्वीकार करने पड़े हैं। पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु इन चार निकायों के जीव अब तक विज्ञान द्वारा पूर्णतया स्वीकृत नहीं हुए हैं, परन्तु जो अनुसंधान व प्रयोग चल रहे हैं, उनसे सम्भव है, एक दिन विज्ञान के इनमें भी जीव या चेतना को स्वीकारना पड़े। भगवान महावीर ने इन जीवों का अस्तित्व सिद्ध करने के लिए उन जीवों का जीवनमान, आहार, श्वास, संज्ञाएँ आदि अनेक सूक्ष्म विषयों का विस्तृत प्रतिपादन किया है। भगवान महावीर ने वनस्पति में दस प्रकार की संज्ञाएँ बताई हैं-आहार, भय, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, ओघ और लोकसंज्ञा। आज विज्ञान को भी वनस्पति में इन संज्ञाओं को स्वीकार करना पड़ा है।

सुप्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक श्री जगदीशचन्द्र बसु ने अपने परीक्षणों द्वारा यह सिद्ध कर दिया था कि वनस्पति क्रोध और प्रेम भी प्रदर्शित करती है। स्नेहपूर्ण व्यवहार से वह पुलकित हो जाती है और घृणापूर्ण दुर्व्यवहार से वह मुरझा जाती है। श्री बसु के प्रस्तुत परीक्षण को समस्त वैज्ञानिक जगत् ने स्वीकृत कर लिया है। प्रस्तुत आगम में वनस्पतिकाय में १० संज्ञाएँ बताई गई हैं। इन संज्ञाओं के रहते वनस्पति आदि वही व्यवहार अस्पष्ट रूप से करती हैं जिन्हें मानव स्पष्ट रूप से करता है।

इसी प्रकार पृथ्वी में भी जीवत्व शक्ति है, इस सम्भावना की ओर प्राकृतिक चिकित्सक एवं वैज्ञानिक अग्रसर हो रहे हैं। सुप्रसिद्ध भूगर्भ वैज्ञानिक फ्रांसिस अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "Ten Years Under Earth" में दसवर्षीय विकट भूगर्भयात्रा के संस्मरणों में लिखते हैं-"मैंने अपनी इन विविध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यात्राओं के दौरान पृथ्वी के ऐसे-ऐसे स्वरूप देखे हैं, जो आधुनिक पदार्थविज्ञान के विरुद्ध थे। वे स्वरूप वर्तमान वैज्ञानिक सुनिश्चित नियमों द्वारा समझाये नहीं जा सकते।'' अन्त में वे स्पष्ट लिखते हैं- ''तो क्या प्राचीन विद्वानों ने पृथ्वी में जो जीवत्व शक्ति की कल्पना की थी, वह सत्य है?''

इसी प्रकार जैनदर्शन पानी की एक बूँद में असंख्यात जीव मानता है। वर्तमान वैज्ञानिकों ने माइक्रोस्कोप के द्वारा पानी की बूँद का सूक्ष्म निरीक्षण करके अगणित सूक्ष्म प्राणियों का अस्तित्व स्वीकार किया है। जैन जीवविज्ञान इससे अब भी बहुत आगे है।

आधुनिक वैज्ञानिकों ने अगणित परीक्षणों द्वारा जैनदर्शन के इस सिद्धान्त को निरपवाद रूप से सत्य पाया है कि कोई भी पुद्गल (Matter) नष्ट नहीं होता, वह दूसरे रूप (Form) में बदल जाता है।

भगवान महावीर द्वारा भगवती सूत्र में पुद्गल की अपरिमेय शक्ति के सम्बन्ध में प्रतिपादित यह तथ्य आधुनिक विज्ञान से पूर्णतः समर्थित है कि ''विशिष्ट पुद्गलों में, जैसे तैजस् पुद्गल में, अंग, बंग, कलिंग आदि १६ देशों को विध्वंस करने की शक्ति विद्यमान है।''

इसी प्रकार नर-संयोग के बिना ही नारी का गर्भ-धारण, गर्भ-स्थानान्तरण आदि सैकड़ों विषय प्रस्तुत आगम में प्रतिपादित हैं, जिन्हें सामान्य बुद्धि ग्रहण नहीं कर सकती, परन्तु आधुनिक विज्ञान ने नूतन शोधों द्वारा परीक्षण करके ऐसे अधिकांश तथ्य स्वीकृत कर लिए हैं, धीरे-धीरे शेष विषयों को भी परीक्षण करके स्वीकृत कर लेगा, ऐसी आशा है।

प्रस्तुत आगम में षड्द्रव्यात्मक लोक (जगत्) को अनादि एवं शाश्वत बताया गया है। आधुनिक विज्ञान भी जगत् (जीव-अजीवात्मक) की कब सृष्टि हुई, इस विषय में जैनदर्शन के निकट पहुँच गया है। प्रसिद्ध जीवविज्ञानवेत्ता जे. बी. एच. हाल्डेन का मन्तव्य है कि ''मेरे विचार में जगत् की कोई आदि नहीं है।''

भारतीय धर्मों के पाश्चात्य विद्वान् डॉ. वाल्टर शुब्रिंग ने लिखा है-''जीव-अजीव और पंचास्तिकाय का सिद्धान्त भगवान महावीर के मौलिक चिन्तन की देन है।'' भगवती सूत्र में जीव और पुद्गल का जितना और सर्वांग निरूपण है, वह अन्य प्राचीन धर्मग्रन्थों में सुलभ नहीं है।

प्रस्तुत आगम भगवान महावीर के दर्शन तथा तत्त्वविद्या का प्रतिनिधिशास्त्र है। डॉ. शुब्रिंग भगवती सूत्र को पढ़कर इतने प्रभावित हुए हैं कि वे बड़ी मार्मिक भाषा में लिखते हैं-

''महावीर एक सुव्यवस्थित (निरूपण के) पुरस्कर्त्ता हैं। उन्होंने अपने निरूपणों में प्रकृति में पाये जाने वाले तत्त्वों को स्थान दिया, जैसा कि विआहपण्णत्ती के कुछ अवतरणों से स्पष्टतया परिलक्षित होता है। उदाहरणार्थ-रायगिह (राजगृह) के समीपस्थ उष्ण जल स्रोत, जहाँ वे स्वयं अवश्य गये होंगे, के सम्बन्ध में उनकी व्याख्या (९४), वायु सम्बन्धी उनका सिद्धान्त (११०) तथा अग्नि एवं वायु जीवों के सामुदायिक जीवन (१०५) आदि के विषय में उनकी व्याख्या। आकाश में उड़ने वाले पदार्थ की गति मन्द होती जाती है (विआहपण्णत्ती १७६-बी; जीवाभिगम ३७४-बी)-यह निष्कर्ष महावीर ने सम्भवतः गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के आधार पर निकाला होगा। इसी प्रकार, एक सरपट चौकड़ी भरते हुए अश्व के हृदय और यकृत के बीच उद्भूत 'कव्वडय' नामक वायु के द्वारा 'खू-खू' की आवाज की उत्पत्ति (विआहपण्णत्ती ४९९-बी) को भी हम विस्मृत नहीं कर सकते। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्राचीन भारत के जिन मनीषियों के विषय में हमें जानकारी है उन सबमें सर्वाधिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानवान् मनीषी महावीर को संख्या और गणित के प्रति रुचि थी तथा उनके प्रवचनों में इन विषयों का असाधारण वैशिष्ट्य झलकता है। यद्यपि बहुत सारे प्रसंगों में यह सिद्ध करना कठिन है कि उनमें से कितना निरूपण उनका अपना है तथा कितना दूसरों का है, फिर भी कहीं-कहीं वे स्वयं स्पष्ट रूप से अपने आपको अमुक सिद्धान्त के निरूपक के रूप में घोषित करते हैं। वे स्वयं कहते हैं-"एवं खलु, गोयमा, मए सत्त सेढीओ पण्णत्ताओ।" (विआहपण्णत्ती ९५४-बी)-इस प्रकार मैंने सात श्रेणियों का निरूपण किया है। इन सबके सन्दर्भ में परमाणुओं और आकाश-प्रदेशों के जघन्य एवं उत्कृष्ट अंकों का विवेचन किया है, जो हमें गणनात्मक चिन्तन तक पहुँचाता है। इन सबमें हमें एक परिवारगत रुचि दृष्टिगोचर हो रही है। जहाँ इसके साथ इसको प्रयोग में लाने की रुचि भी जुड़ती है, वहाँ सम्भवतः हम महावीर के मौलिक विचार से साक्षात्कार करते हैं।"[9]

डॉ. जे. डेल्यू[2] ने लिखा है- "निष्कर्ष रूप में मैं कहना चाहूँगा कि 'अन्यतीर्थिक आगम-पाठों' में अनेक विविधतापूर्ण विषयों की जो चर्चा की गई है, वे महावीर के व्यक्तित्व को एक चिन्तक एवं एक प्रणेता

1. The Doctrines of the Jainas, pp. 40-41—Even individual traits borrowed from nature have been incorporated into the total conception by Mahavira, the systematizer, as is shown by many passages of the Viy. Thus his explanation for a hot spring he must have visited near Rayagiha (94), his theory of the wind (110), and the life-community of fire and wind (105). The fact that the movement of a flying object slows down (Viy. 176-b; Jiv. 374-b) was probably concluded by Mahavira from the effect of gravitation. Nor should we omit the wind Kavvadaya (Viy. 499-b) arising between the heart and the liver and causing within a galloping horse the sound of khu-khu. Above all, however the most versatile thinker we know of ancient India, had a liking for figures and arithmatic, that characterizes his speeches most extraordinarily. In most cases we are not able to prove which considerations are his own and which are of others, but he calls himself the author of a theory of the 7 possible lines (**evam Khalu, Goyama, mae satta sedhio pannattao**) (Viy. 954-b). In referring to them the minimum and maximum numbers of the atoms and space units are being discussed, and this leads us up to the calculative reflections. In them a certain family likeness seems to become apparent, and where it goes together with a special liking for applying it we are probably confronted with an original idea of Mahavira's.
2. Dr. J. Deleu's article on "Lord Mahavira and the Anyatirthikas" in "Mahavira and His Teachings". p. 193—"In conclusion I would like to state, that the great diversity of topics discussed in the anyatirthika texts is illustrative both of Mahavira's personality as a thinker and a teacher, and of that wonderful time of creative ferment in religion and philosophy that was his. It would seem that Mahavira, more than anyone around him, even more than the Buddha, was inspired by the spiritual unrest and eagerness of his day. Speaking of the Buddha, and probably comparing him with the Jina, Frauwallner, in his History of Indian Philosophy, expressed the opinion that 'his (the Buddha's) contribution to the enlargement of the range of philosophical ideas in his time was a rather small one'. A severe verdict indeed, which, however is soundly based on the Buddha's well-known stern refusal to consider a great many question that occupied his contemporaries. Because of his systematic approach to all these question, Mahavira has, I think, rightly been called 'the most versatile thinker we know of in ancient India."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के रूप में प्ररूपित करते हैं तथा उस अद्भुत युग का चित्रण भी, जब धर्म और दर्शन का सृजनात्मक दौर चल रहा था। ऐसा प्रतीत होता है कि महावीर उस युग के अन्य किसी भी दार्शनिक की तुलना में, यहाँ तक कि बुद्ध की तुलना में भी अपने समय के आध्यात्मिक उत्साह एवं उत्कटता से अधिक प्रेरित थे। ई. फ्राउवालनार[1] ने अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलोसोफी' में बुद्ध के विषय में सम्भवतः जिन (महावीर) से उनकी तुलना करते समय, यह अभिमत व्यक्त किया है कि उनका (बुद्ध का) दार्शनिक विचारों के क्षेत्र के विकास में अपेक्षाकृत बहुत थोड़ा योगदान मिला। यद्यपि यह फैसला बहुत अधिक कड़ा है, फिर भी यह एक मजबूत आधारभित्ति पर आधारित है कि बुद्ध अपने समकालीन दार्शनिकों के सामने आने वाले प्रश्नों के उत्तर देने से साफ इन्कार कर देते थे। चूँकि महावीर ने इन सभी प्रश्नों के बहुत ही व्यवस्थित रूप से उत्तर दिये; इसलिए उन्हें जो प्राचीन भारत के ज्ञानी चिन्तकों में सर्वाधिक ज्ञानी कहा गया है, वह बिल्कुल उचित ही है।"

पाश्चात्य जगत् के प्रसिद्ध विद्यानुरागी शोधकर्ताओं के ये उद्‌गार भगवती सूत्र की ज्ञान-विज्ञान सम्बन्धी गम्भीरता और उत्कृष्टता का वास्तविक मंथन है।

प्रस्तुत आगम में गतिविज्ञान, भावितात्मा द्वारा नाना रूपों का निर्माण, भोजन और नाना रूपों के निर्माण का सम्बन्ध, चतुर्दशपूर्वी द्वारा एक वस्तु के हजारों प्रतिरूपों का निर्माण, भावितात्मा द्वारा आकाशगमन, पृथ्वी आदि स्थावर जीवों का श्वास-उच्छ्वास, गतिप्रवाद अध्ययन की प्रज्ञापना, कृष्णराजि, तमस्काय, परमाणु की गति, दूरसंचार आदि अनेक महत्त्वपूर्ण प्रकरण हैं। उनका वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन अपेक्षित है।

विलक्षण विवेचन-शैली

भगवती सूत्र की रचना प्रश्नोत्तरों के रूप में हुई है। प्रश्नकर्त्ताओं में मुख्य हैं-श्रमण भगवान महावीर के प्रधान शिष्य गणधर इन्द्रभूति गौतम। इनके अतिरिक्त माकन्दिपुत्र, रोह अनगार, गणधर अग्निभूति, वायुभूति आदि। कभी-कभी स्कन्दक आदि कई परिव्राजक, तापस एवं पार्श्वापत्य अनगार आदि भी प्रश्नकर्त्ता के रूप में उपस्थित होते हैं। कभी अन्य धर्मतीर्थावलम्बी भी वाद-विवाद करने या शंका के समाधानार्थ आ पहुँचते हैं। कभी तत्कालीन श्रमणोपासक अथवा जयन्ती आदि जैसी श्रमणोपासिकाएँ भी प्रश्न पूछकर समाधान पाती हैं। प्रश्नोत्तरों के रूप में ग्रथित होने के कारण इसमें कई बार पिष्ट-पेषण भी हुआ है, जो किसी भी सिद्धान्तप्ररूपक के लिए अपरिहार्य है, क्योंकि किसी भी प्रश्न को समझाने के लिए उसकी पृष्ठभूमि बतानी भी आवश्यक हो जाती है।

एक बात और है-भगवती सूत्र में विषयों का विवेचन प्रज्ञापना, स्थानांग आदि शास्त्रों की तरह सर्वथा विषयबद्ध, क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित पद्धति से नहीं है और न गौतम गणधर के प्रश्नों का संकलन ही किसी पूर्व निश्चित क्रम से है। इसका कारण भगवती सूत्र के अध्येता को इस शास्त्र में अवगाहन करने से स्वतः ज्ञात हो जायेगा कि गौतम गणधर के मन में जब किसी विषय के सम्बन्ध में स्वतः या किसी अन्यतीर्थिक अथवा स्वतीर्थिक व्यक्ति का या उससे सम्बन्धित वक्तव्य सुनकर जिज्ञासा उत्पन्न हुई;

1. E. Frauwallner, Geschictite der Indischen Philosophie (Salzburg 1953), vol. I, p. 247; cf, also p. 253.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तभी उन्होंने भगवान महावीर के पास जाकर सविनय अपनी जिज्ञासा प्रश्न के रूप में प्रस्तुत की। अतः संकलनकर्त्ता श्री सुधर्मा स्वामी गणधर ने उस प्रश्नोत्तर को उसी क्रम से, उसी रूप में ग्रथित कर लिया। अतः यह दोष नहीं, बल्कि प्रस्तुत आगम की प्रामाणिकता सिद्ध करता है।

इससे सम्बन्धित एक प्रश्न वृत्तिकार ने प्रस्तुत शास्त्र के प्रारम्भ में, जहाँ से प्रश्नों की शुरूआत होती है; उठाया है कि प्रश्नकर्त्ता गणधर श्री इन्द्रभूति गौतम स्वयं द्वादशांगी के विज्ञाता हैं। श्रुत के समस्त विषयों के पारगामी हैं, सब प्रकार के संशयों से रहित हैं। इतना ही नहीं, वे सर्वाक्षरसन्निपाती हैं, मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यायज्ञान के धारक हैं, एक दृष्टि से सर्वज्ञ–तुल्य हैं, ऐसी स्थिति में संशययुक्त सामान्यजन की भाँति उनका प्रश्न पूछना कहाँ तक युक्तिसंगत है? इसका समाधान स्वयं वृत्तिकार ही देते हैं–(१) गौतम स्वामी कितने ही अतिशययुक्त क्यों न हों, छद्मस्थ होने के नाते उनसे भूल होना असम्भव नहीं। (२) स्वयं जानते हुए भी, अपने ज्ञान की अविसंवादिता के लिए प्रश्न पूछ सकते हैं। (३) स्वयं जानते हुए भी अन्य अज्ञानिजनों के बोध के लिए प्रश्न पूछ सकते हैं। (४) शिष्यों को अपने वचन में विश्वास जमाने के लिए भी प्रश्न पूछा जाना सम्भव है। अथवा (५) शास्त्ररचना की यही पद्धति या कथन प्रणाली है। इनमें से एक या अनेक कुछ भी कारण हों, गणधर गौतम का प्रश्न पूछना असंगत नहीं कहा जा सकता।

प्रस्तुत आगम में अनेक प्रकरण कथा–शैली में लिखे गये हैं। जीवन–प्रसंगों, घटनाओं और रूपकों के माध्यम से कठिन विषयों को सरस करके प्रस्तुत किया गया है। भगवान महावीर को जहाँ कहीं कठिन विषय को उदाहरण देकर समझाने की आवश्यकता महसूस हुई, वहाँ उन्होंने दैनिक जीवनधारा से कोई उदाहरण उठाकर उत्तर दिया है। किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के साथ–साथ वे हेतु का निर्देश भी किया करते थे। जहाँ एक ही प्रश्न के एक से अधिक उत्तर–प्रत्युत्तर होते, वहाँ वे प्रश्नकर्त्ता की दृष्टि और भावना को मद्देनजर रखकर तदनुरूप समाधान किया करते थे। जैसे–रोहक अनगार के प्रश्न के उत्तर मे स्वयं प्रतिप्रश्न करके भगवान ने प्रत्युत्तर दिया है।

मुख्य रूप में यह आगम प्राकृत भाषा में या कहीं–कहीं शौरसेनी भाषा में सरल–सरस गद्य–शैली में लिखा हुआ है। प्रतिपाद्य विषय का संकलन करने की दृष्टि से प्रारम्भ में संग्रहणी गाथाओं के रूप के कहीं–कहीं पद्य भाग भी उपलब्ध होता है। कहीं पर स्वतंत्र रूप से प्रश्नोत्तरों का क्रम है, तो कहीं किसी घटना के पश्चात् प्रश्नोत्तरों का सिलसिला चला है।

प्रस्तुत आगम में **जहा पण्णवणाए** एवं **जहा जीवाभिगमे** आदि पदों में द्वादशांगी से–पश्चात्वर्ती काल में रचित राजप्रश्नीय, औपपातिक, प्रज्ञापना, जीवाभिगम, प्रश्नव्याकरण एवं नन्दी सूत्र आदि (में वर्णित अमुक विषयों) का अवलोकन करने का निर्देश या उल्लेख देखकर इतिहासवेत्ता विद्वानों का यह अनुमान करना यथार्थ नहीं है कि यह आगम अन्य आगमों के बाद में रचा गया है। वस्तुतः जैनागमों को लिपिबद्ध करते समय देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण ने ग्रन्थ की अनावश्यक बृहद्ता कम करने तथा अन्य सूत्रों में वर्णित विषयों की पुनरावृत्ति से बचने की दृष्टि से पूर्व लिखित आगमों का निर्देश-अतिदेश किया है ऐसा अनुमान है। आगम–लेखनकाल में सभी आगम क्रम से नहीं लिखे गये थे। जो आगम पहले लिखे जा चुके थे, उन आगमों में उस विषय का विस्तार से वर्णन पहले हो चुका था, अतः उन विषयों की पुनरावृत्ति न हो,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थगुरुत्व न हो, इसी उद्देश्य से श्री देवर्द्धिगणी आदि पश्चाद्वर्ती आगम लेखकों ने इस निर्देश पद्धति का अवलम्बन लिया था। इसी आधार पर यह आगम पश्चाद्ग्रथित है, ऐसा निर्णय नहीं करना चाहिए। वस्तुतः व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र गणधर रचित ही है, इसकी मूल रचना प्राचीन ही है।

प्रस्तुत संस्करण

भगवती सूत्र पर अब तक अनेक विद्वानों के अनुवाद, विवेचन आदि प्रकाशित हो चुके हैं। हमने अपने अनुवाद में मुख्य रूप में इन संस्करणों का आधार लिया है–(१) भगवती सूत्र–सात भाग : पं. घेवरचन्द जी बाँठिया द्वारा सम्पादित, (२) व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र–चार भाग : मेरे (अमर मुनि) द्वारा सम्पादित विवेचन सहित, तथा (३) भगवई–दो भाग : आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा सम्पादित।

यद्यपि इस सूत्र के विवेचन में जितना विस्तार और तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है, वैसा संस्करण अब तक उपलब्ध नहीं है, फिर भी आवश्यक और उपयोगी विवेचन को हमने सरल रूप में प्रस्तुत कर दिया है। इसकी विशेषता है हिन्दी के साथ अंग्रेजी भाषा में अनुवाद। अंग्रेजी अनुवाद के कारण अन्तर्राष्ट्रीय विद्वद् जगत् में भी इसकी उपयोगिता बढ़ गई है। यह तो निश्चित है कि अंग्रेजी भाषा में जैन आगमों के पारिभाषिक शब्द उपलब्ध नहीं हैं। अतः उनका शब्दशः अनुवाद सम्भव ही नहीं है। हमने मूल शब्द को सुरक्षित रखते हुए उस शब्द की परिभाषा व व्याख्या अंग्रेजी में वहीं पर दे दी है। जिस कारण पाठक मूल शब्द के आशय को अच्छी प्रकार ग्रहण कर सकेगा।

यों तो इस सूत्र में विषय को स्पष्ट करने के लिए बहुत अधिक चित्रों की अपेक्षा थी, परन्तु अपनी समय सीमा, पृष्ठ संख्या व अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों के रंगीन चित्र प्रस्तुत किये हैं, जिस कारण गम्भीर विषय में रोचकता बढ़ गई है।

महत्त्वपूर्ण शब्दों का अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दकोष भी परिशिष्ट में देने का हमारा प्रयत्न है।

श्रुत सेवा के लिए मुझे सतत प्रेरणा एवं मार्गदर्शन करने वाले पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. का पावन स्मरण किये बिना मेरा यह प्राक्कथन अपूर्ण ही रहेगा। मैंने जो कुछ प्राप्त किया है और जो वर्तमान में कर रहा हूँ, वह सब उन्हीं गुरुदेव की कृपा तथा आशीर्वाद का ही शुभ फल है।

सदा की भाँति सचित्र आगम प्रकाशन की पावन श्रुत–सेवा में श्रीचन्द जी सुराना, श्री सुरेन्द्र जी बोथरा, सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन जैसे विद्वान् सम्पादक बन्धुओं का तथा प्रकाशन सहयोगी गुरुभक्तों का जो प्रेम व सौहार्दपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है, उसके प्रति बहुत–बहुत साधुवाद !

जैन स्थानक,
लुधियाना।

–प्रवर्त्तक अमर मुनि
(उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

PREFACE

BEST AMONG THE ELEVEN ANGAS : BHAGAVATI SUTRA

In the corpus of Jain Agamic literature the twelve *Angas*, popularly known as *Dvadashangi* (The Twelve Limbed), are accepted as the original source books. *Drishtivad*, the last of the twelve books, being extinct, only eleven *Angas* are available in modern times. These are popularly known as *Ekadashangi* (The Eleven Limbed) or *Ganipitak* (The Box of Ganis).

Bhagavati or *Vyakhya Prajnapti*, the fifth *Anga* is believed to be the best of *Angas* (head). In fact, *Bhagavati Sutra* is the top ranking and most voluminous among the available *Agams*. Like other *Angas*, this too has been compiled by Sudharma Swami, the fifth *Ganadhar*.

NAME AND IMPORTANCE

The sermon of *Vitaraga Sarvajna Prabhu* (the Detached Omniscient Lord) is lavished with an astonishing treasure of knowledge. It is natural that this gem of scriptures; made up of the compilation of profound answers by Shraman Bhagavan Mahavir to 36,000 questions by Ganadhar Guru Shri Indrabhuti Gautam, the embodiment of infinite powers, and other *Ganadhars, Sthavirs* (senior ascetics) and *Shramans*; evokes feelings of earnest devotion and deep respect in masses. The sermon of *Vitaraga Sarvajna Prabhu* has the unique capacity of transforming and purifying the whole life. In a way it is divine power. That is why whenever there is a recitation of *Vyakhya Prajnapti* the minds of devotees brim with devotion and, like a peacock, dance in exhilaration when they receive the words of Jineshvar Bhagavan Mahavir Prabhu addressed to Ganadhar Bhagavan Gautam Swami. Respectful devotees consider attending the recital of this scripture to be a rare and unprecedented opportunity. As a result this comparatively voluminous and reverential scripture acquired the adjective '*Bhagavati*' before its name *Vyakhya Prajnapti*. For more than a century the adjective '*Bhagavati*' has turned into an independent epithet. At present its more popular name is *Bhagavati* rather than *Vyakhya Prajnapti*.

The Prakrit name of *Vyakhya Prajnapti* is *Viyaha Pannati*. At some places it is also mentioned as *Vibaha* or *Vivaha Pannati*. However, Abhayadev Suri, the commentator (Vritti), has accepted *Viyaha Pannati* as the authentic name. Taking three transliterations of this name in Sanskrit he has interpreted the name three ways—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) **Vyakhya + Prajnapti**—The book that contains complete and elaborate (*prakrisht*) exposition of the variety of statements given by Bhagavan Mahavir in answer to the questions posed to him by Gautam and other disciples. In other words, the book that contains the elucidation (*prajnapan*) of statements given by Bhagavan Mahavir in various ways.

(2) **Vyakhya + Prajna + apti**—Acquired through the wisdom (*prajnaa*) of elaboration (*vyakhya*). Also the specific canon that has been acquired from *Bhagavan* by *Ganadhars* who have the wisdom (*prajnaa*) of elaboration.

(3) **Vyakhya + Prajnaa + apti**—Acquired through the expertise (*prajnaa*) of elaboration. Also to acquire from *Bhagavan* who has the expertise (*prajnaa*) of elaboration.

In the same way the meanings of the other two Sanskrit transliterations are also available as follows—

(1) **Vivaha Pannati**—The canon that contains exposition of various or special flows of meanings is called *Vivaha Pannati.*

(2) **Vibadha Pannati**—The canon that contains exposition of fundamentals unabated by or independent of need of authentication is called *Vibadha Pannati.*

VARIETY OF SUBJECTS

Vyakhya Prajnapti Sutra has a large variety of subjects. If some scripture can be called the ocean of knowledge (*jnana ratnakar*) it is only this great acme of scriptures. It contains discussions not only on Jain philosophy but almost all fundamentals of the realm of philosophy. Besides this there is hardly any topic of universal knowledge that has not been discussed in this great work directly or indirectly. Available in this scripture are the expositions or pointers of numerous branches of knowledge and science, ancient as well as modern.

It is said that the *Vedas* are the source books of all knowledge and science. In the same way *Bhagavati Sutra* too is the source book of all metaphysical knowledge. Many western scholars believe that biology, physics, particle physics and hundreds of other subjects, that find no place in other scriptures of that time, were presented for the first time in this book. The long list of topics dealt with in this book include geography, astronomy, this life and that beyond, heaven-hell, biology, chemistry, obstetrics, dreams, geology, mathematics, astrology, history, psychology, spiritualism etc.

The subjects discussed in this work can be broadly classified into ten sections—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) Achar Khand (Section on Conduct)—Codes of ascetic conduct; prudence related to food, movement, five *samitis* (self-regulations), three *guptis* (restraints), action, *karma* and five great vows; delineation of the conduct of good ascetic, non-ascetic, restrained, unrestrained and restrained-unrestrained ascetics; and other allied topics.

(2) Dravya Khand (Section on Entities)—Description of six entities or the physical world (*Padarth-vaad*), ultimate particles (*Paramanu-vaad*), mind, sense organs, intellect, movement, body and other related topics.

(3) Siddhant Khand (Section on Ontology)—Soul (*atma*), *Paramatma* or Supreme soul (perfected, enlightened and liberated), knowledge (*jnana*) including omniscience (*Keval-jnana*), developed and pure state of soul, being (*jiva*), non-being (*ajiva*), merit-demerit (*punya-paap*), inflow of *karmas* (*asrava*), blockage of inflow of *karmas* (*samvar*), shedding of *karmas* (*nirjara*), *karma* theory (*karma-vaad*), righteousness (*samyaktva*), unrighteousness (*mithyatva*), action (*kriya*), *karmic* bondage (*karmabandh*), methods of salvation from bondage and other related topics.

(4) Par-lok Khand (Section on Reincarnation or Next Life)—Descriptions of divine realm (*Dev-lok*), infernal world and other areas. Detailed descriptions of colour, smell, taste and touch of infernal worlds, *leshya* (soul-complexion), *karmic* bondage, age, life-span and sufferings of infernal beings and number, land, conditions, castes and sub-castes, abodes, *leshya*, age, *karmic* bondage, life-span and enjoyments of divine beings. Description of liberated souls and the state of liberation (*Siddha Gati*).

(5) Bhugoal (Geography)—*Lok* (occupied space or the universe), *Alok* (unoccupied space or the space beyond), Bharat and other countries, land of endeavour (*Karmabhumi*) and land of enjoyment (*Akarmabhumi*) along with the description of the birth, life-span, *leshya* and *karmic* bondage of beings living there as well as rivers, mountains, hills, seas and other features.

(6) Khagoal (Astronomy)—Description of sun, moon, planets, constellations, stars, darkness, light, bodies of darkness (*Tamaskaya*), areas of darkness (*Krishnaraji*) etc.

(7) Ganit Shastra (Mathematics)—Alternatives of combinations of one, two, three and four things, *Praveshanak Rashi, samkhyat* (countable), *asamkhyat* (innumerable), *anant* (infinite), *Palyopam* and *Sagaropam* (metaphoric units of time), *Kaal Chakra* (cycle of time) etc.

(8) Garbha Shastra (Obstetrics)—Description of food intake, movement, development, body parts and birth of a being in womb.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(9) Charitra Khand (Biographical Section)—Stories of pre and post contact life of numerous hermits (*Tapas*), mendicants (*Parivrajak*), lay Jains (*Shravak-Shravikas*), Jain ascetics (*Shraman Nirgranths*), people of other faith (*anyatirthiks*), ascetic of Parshva tradition etc., who came in contact with Shraman Bhagavan Mahavir.

beacon on the path of victory over attachment and aversion (*janaye* or *jnata/jnapak*); the enlightened (*buddhe* or *buddha*); the giver of enlightenment (*bohaye* or *bodhak*); who is the liberated (*mutte* or *mukta*); the liberator (*moyaye* or *mochak*); all-knowing (*savvannu* or *sarvajna*); all-seeing (*savvadariso* or *sarvadarshi*); the epitome of beatitude (*siva* or *Shiva*); unwavering (*ayal* or *achal*); free of ailments (*arua* or *aruja*); infinite and eternal (*anant*); free of decay (*akkhaya* or *akshaya*); beyond all obstructions (*avvavaha* or *avyabadh*); the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*siddha gai* or *siddha gati*) from where there is no return to the cycles of rebirth (*apunaravattiam* or *apunaravartak*); ...and so on up to... *Samavasaran* (to be read as mentioned in *Aupapatik Sutra*). Congregation came out (Citizens of Rajagriha including kings and other eminent people came out in throngs for beholding, paying homage and obeisance to Bhagavan Mahavir and to listen his sermon. Detailed description should be read as in *Aupapatik Sutra*). *Bhagavan* gave his sermon and the congregation dispersed to return home after listening to the sermon and resolving to follow it to the best of one's ability.

गणधर इन्द्रभूति GANADHAR INDRABHUTI

४. [३] तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूती नामं अणगारे गोयमसगोत्तेणं सत्तुस्सेहे समचउरंससंठाणसंठिए वज्जरिसभनारायसंघयणे कणग-पुलगणिघस-पम्हगोरे उग्गतवे दित्ततवे तत्ततवे महातवे ओराले घोरे घोरगुणे घोरतवस्सी घोरबंभचेरवासी उच्छूढसरीरे संखित्तविपुलतेयलेसे चउदसपुव्वी चउनाणोवगए सव्वक्खरसन्निवाती समणस्स भगवतो महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढं जाणु अहोसिरे झाणकोट्ठोवगए संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

४. [३] उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर के पास (न तो बहुत दूर, न बहुत निकट), उत्कुटुकासन से (दोनों घुटना ऊँचा किये हुए) नीचे सिर झुकाए हुए, ध्यानरूपी कोठे में प्रविष्ट (ध्यान में तल्लीन) श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ शिष्य इन्द्रभूति नामक अनगार संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते थे। वह गौतम-गोत्रीय थे, शरीर से-सात हाथ ऊँचे, समचतुरस्र संस्थान एवं वज्रऋषभनाराचसंहनन वाले थे। उनके शरीर का वर्ण सोने की रेखा के समान तथा पद्म-पराग के समान (गौर) था। वे उग्रतपस्वी, दीप्ततपस्वी, तप्ततपस्वी, महातपस्वी, उदार, घोर (परीषह तथा इन्द्रियादि पर विजय पाने में कठोर), घोरगुण (दूसरों द्वारा दुश्चर मूलगुणादि सम्पन्न), घोरतपस्वी, घोर (कठोर) ब्रह्मचर्यवासी, शरीर की विभूषा के त्यागी थे। उन्होंने विपुल (व्यापक) तेजोलेश्या को संक्षिप्त (अपने शरीर में अन्तर्लीन) कर ली थी, वे चौदह पूर्वों के ज्ञाता और चतुर्ज्ञानसम्पन्न सर्वाक्षर-सन्निपाती थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

4. [3] During that period of time Indrabhuti Anagar, the senior disciple of Bhagavan Mahavir, was sitting neither very far nor very near from him in *Utkatuk aasan* (squatting posture), with bowed head and deeply engrossed in meditation, enkindling (*bhaavit*) his soul with ascetic-discipline and austerities. He belonged to the Gautam clan. He was seven cubits tall. The structure of his body conformed to *samachaturasra samsthan* (The anatomical structure of a human being where parallel lines drawn from the extremities of a body sitting cross-legged form a square and where all the parts of body above and below the navel are of standard dimensions. The dimensions increase and decrease proportionately.) and *vajra-rishabh-narach-samhanan* (a specific type of constitution of human body where the joints are perfect and strongest). His complexion was fair like a line of gold and pollen of lotus. He was extremely severe (*ugra*), radiant (*deept*), simmering (*tapta*) and paramount (*maha*) in austerities; he was generous; he was *ghor* (severe in winning over afflictions and senses), *ghor-guna* (paramount in virtues), *ghor-tapasvi* (austere in austerities) and *ghor-brahmacharyavasi* (scrupulously celibate); and completely dissociated from the body. He had tempered the *vipul tejoleshya* (great radiant energy) he was endowed with. He was a scholar of fourteen *Purvas* (subtle canon), endowed with four kinds of knowledge and all verbal knowledge (*sarvakshar-sannipati*).

४. [४] तए णं से भगवं गोयमे जायसड्ढे जायसंसए जायकोऊहल्ले, उप्पन्नसड्ढे उप्पन्नसंसए उप्पन्नकोऊहल्ले, संजायसड्ढे संजायसंसए संजायकोऊहल्ले, समुप्पन्नसड्ढे समुप्पन्नसंसए समुप्पन्नकोऊहल्ले उट्ठाए उट्ठेति। उट्ठाए उट्ठेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिणं करेति, तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिणं करेत्ता वंदति, नमंसति, नच्चासन्ने नाइदूरे सुस्सूसमाणे अभिमुहे विणएणं पंजलिउडे पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

४. [४] तत्पश्चात् गणधर गौतम के मन में श्रद्धा–रुचि, संशय (जिज्ञासा) और कुतूहल (आश्चर्य) उत्पन्न हुआ। उसके समाधान के लिए प्रवृत्त हुए और तब अपने स्थान से उठकर खड़े हो गये। खड़े होकर श्रमण गौतम जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उस ओर आये। निकट आकर श्रमण भगवान महावीर को उनके दाहिनी ओर से प्रारम्भ करके तीन बार प्रदक्षिणा की। फिर वन्दन–नमस्कार किया। नमस्कार करके वे न तो बहुत पास और न बहुत दूर भगवान के समक्ष विनयपूर्वक ललाट पर हाथ जोड़े हुए, भगवान के वचन सुनना चाहते हुए उन्हें नमन करते व उनकी पर्युपासना करते हुए इस प्रकार बोले–

4. [4] Then an interest, doubt and curiosity got triggered, sprouted, arose and surfaced in the mind of Ganadhar Gautam. He got up from his

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

seat, advanced where Bhagavan Mahavir was seated and went around him thrice clockwise. After that he paid his homage and obeisance and took his seat neither far from nor very near *Bhagavan*. Filled with adoration for *Bhagavan* and desire to listen to the sermon, he humbly joined his palms, raised them to his forehead and submitted—

विवेचन : इस सूत्र [३] में गणधर गौतम स्वामी के बाह्य-आभ्यन्तर व्यक्तित्व की झलक बताई है। शारीरिक सुघड़ता सुन्दरता के साथ उनकी उग्र तपःसाधना व ध्यान-साधना का भी परिचय कराया है। 'उग्गतवे' आदि चार विशेषणों से सूचित किया है कि वे **'उग्रतपस्वी'**–इसका अर्थ है, जिस तप की साधना मानव नहीं कर सके, **दीप्ततपस्वी**–तपरूपी अग्नि से जिन्होंने कर्म वन को जला दिया हो, **तप्ततपस्वी**–तप द्वारा कर्मों को संतप्त/चलित कर दिया हो, **महातपस्वी**–वे सर्वथा निष्काम/इच्छादोष से रहित थे। **उच्छूढसरीरे**–शरीर के प्रति जिनकी किंचित् मात्र ममता नहीं थी। **संखित्तविपुलतेयलेसे**–तपःसाधना द्वारा जिन्हें विशाल तेजोलब्धि प्राप्त थी, किन्तु उसे अपने शरीर में ही अन्तर्लीन कर लिया, जिससे किसी को कोई हानि नहीं पहुँचे। **सव्वक्खरसन्निवाती**–वर्णमाला के समस्त अक्षरों के संयोग से बनने वाले समस्त पदों, मंत्राक्षरों आदि के ज्ञाता थे।

सूत्र [४] में गौतम स्वामी के मन में उठी जिज्ञासा के लिए **जायसड्ढे** आदि तीन विशेषण दिये हैं। जिनका अर्थ है **जायसड्ढे**–श्रद्धा-तत्त्व जानने की रुचि पैदा हुई। **जायसंसए**–मन में संशय या जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि भगवान ने ऐसा क्यों, किसलिए कहा? **जायकोऊहल्ले**–मन में कुतूहल या आश्चर्य उत्पन्न हुआ कि भगवान इसका क्या उत्तर देते हैं?

श्रद्धा, संशय और कुतूहल के साथ, **जाय, उप्पण्ण, संजाय एवं समुप्पण्ण**–आदि विशेषण हैं, जिनका अर्थ है–जात–बीजारोपण, उत्पन्न–अंकुरण होना, संजात–वृद्धिंगत होना, समुप्पन्न–निष्पन्न होगा। यह जिज्ञासा के क्रमिक विकास व निरन्तरता का सूचक है।

Elaboration—This aphorism [3] provides a glimpse of the physical and spiritual personality of Ganadhar Gautam Swami. Along with his physical perfection and beauty, his extreme austerities and spiritual accomplishments have also been mentioned. The four adjectives used for his austerities convey : *Ugratapasvi*—he had reached a level of severity of austerities difficult for an ordinary person to reach; *Deeptatapasvi*—with the radiant fire of austerities he had burnt the jungle of *karmas; Taptatapasvi*—with the simmering heat of austerities he had incinerated and disintegrated *karmas; Mahatapasvi*—he had reached the lofty level of austerities where he was free of all desires. Other adjectives are : *Uchchhudhasarire*—he had no fondness for his body, in other words he had completely dissociated himself from his body. *Sankhittavipulateyalese*—After acquiring the *vipul tejoleshya* (great radiant energy) through his austerities, he had tempered and contained it so that it did not harm anyone. *Savvakkhar-sannipati—he had detailed knowledge of all* permutations and combinations of all the letters of the alphabet.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Aphorism [4] uses three terms for Gautam Swami's inquisitiveness—*Jaayasaddhe* or *jaatashriddha*—origin of reverence; here it means origin of interest to know the fundamentals. *Jaayasamsaye* or *jaatasamshay*—rising of doubt or inquisitiveness as to why *Bhagavan* said something ? *Jaayakouhalle* or *jaatakautuhal*—rising of curiosity as to what *Bhagavan* would reply to a particular question ?

Four adjectives have been additionally used with the terms *shraddha* (interest), *samshaya* (doubt) and *kutuhal* (curiosity), namely *jaaya, uppanna, sanjaaya* and *samuppanna*. They signify—*Jaaya* or *jaata*—sowing a seed; conception; this means triggering in this context. *Uppanna* or *utpanna*—birth; this means sprouting here; *Sanjaaya* or *sanjaat*—mental manifestation; enhancement. *Samuppanna*—to attain perfection; this means surfacing here. *Apahinam-payahinam*—to go around someone starting from left; to go around clockwise.

चलन आदि से सम्बन्धित प्रश्न QUESTIONS ABOUT CHALAN (ETC.)

५. [प्र. १] से नूणं भंते ! (१) चलमाणे चलिए ? (२) उदीरिज्जमाणे उदीरिए ? (३) वेइज्जमाणे वेइए ? (४) पहिज्जमाणे पहीणे ? (५) छिज्जमाणे छिन्ने ? (६) भिज्जमाणे भिन्ने ? (७) डज्झमाणे डड्ढे ? (८) मिज्जमाणे मडे ? (९) निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे ?

[उ.] हंता गोयमा ! चलमाणे चलिए जाव निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे।

५. [प्र. १] हे भन्ते ! क्या यह निश्चित कहा जा सकता है कि–(१) जो चल रहा हो, वह चला ? (२) जो (कर्म) उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ ? (३) जो (कर्म) वेदा (भोगा) जा रहा है, वह वेदा गया ? (४) जो गिर रहा है (पतित या नष्ट हो रहा है), वह गिरा (पतित हुआ या हटा) ? (५) जो (कर्म) छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ ? (६) जो (कर्म) भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ ? (७) जो (कर्म) दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ ? (८) जो मर रहा है, वह मरा ? (९) जो (कर्म) निर्जरित हो रहा है, वह निर्जीण हुआ ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जो चल रहा हो, उसे चला, यावत् निर्जरित हो रहा है, उसे निर्जीण हुआ (कहा जा सकता है)।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Is it proper to express with certainty about—(1) a thing that is moving as moved ? (2) a thing (*karma*) that is fructifying as fructified ? (3) a thing (*karma*) that is being experienced as experienced ? (4) a thing (*karma*) that is falling or separating as fallen or separated ? (5) a thing (*karma*) that is being cut as cut ? (6) a thing (*karma*) that is being pierced as pierced ? (7) a thing (*karma*) that is burning as burnt ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(8) a thing that is dying as dead ? (9) a thing (*karma*) that is being shed as shed ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so. (It is proper to express with certainty about—) a thing that is moving as moved... and so on up to... a thing (*karma*) that is being shed as shed.

[प्र. २] एए णं भंते ! नव पदा किं एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उदाहु नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा ?

[उ.] गोयमा ! (१) चलमाणे चलिए, (२) उदीरिज्जमाणे उदीरिए, (३) वेइज्जमाणे वेइए, (४) पहिज्जमाणे पहीणे, एए णं चत्तारि पदा एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उप्पन्नपक्खस्स। (१) छिज्जमाणे छिन्ने–(२) भिज्जमाणे भिन्ने, (३) डज्झमाणे डड्ढे, (४) मिज्जमाणे मडे, (५) निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे, एए णं पंच पदा नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा विगतपक्खस्स।

[प्र. २] भगवन् ! क्या ये नौ पद, नाना–घोष और नाना–व्यंजनों वाले एकार्थक हैं ? अथवा नाना–घोष वाले और नाना–व्यंजनों वाले भिन्नार्थक पद हैं ?

[उ.] हे गौतम ! (१) जो चल रहा है, वह चला, (२) जो उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ, (३) जो वेदा जा रहा है, वह वेदा गया, और (४) जो नष्ट हो रहा है, वह नष्ट हुआ, ये चारों पद उत्पन्न पक्ष की अपेक्षा से एकार्थक, नाना–घोष वाले और नाना–व्यंजनों वाले हैं तथा (१) जो छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ, (२) जो भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ, (३) जो दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ, (४) जो मर रहा है, वह मरा, और (५) जो निर्जीण किया जा रहा है, वह निर्जीर्ण हुआ, ये पाँच पद विगत पक्ष की अपेक्षा से नाना अर्थ वाले, नाना–घोष वाले और नाना–व्यंजनों वाले हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do these nine sentences have the same meaning with different sounds and different nuances ? Or have they different meanings with different sounds and different nuances ?

[Ans.] Gautam ! The four statements that (1) a thing that is moving as moved, (2) a thing (*karma*) that is fructifying as fructified, (3) a thing (*karma*) that is being experienced as experienced, (4) a thing (*karma*) that is falling or separating as fallen or separated have the same meaning with different sounds and different nuances because they are in the state of formation (present). The four statements that (1) a thing (*karma*) that is being cut as cut, (2) a thing (*karma*) that is being pierced as pierced, (3) a thing (*karma*) that is burning as burnt, (4) a thing that is dying as dead, and (5) a thing (*karma*) that is being shed as shed, have different meanings with different sounds and different nuances because they are in the context of the state of conclusion (past).

विवेचन : भगवान महावीर का कथन था कि जो कार्य प्रारम्भ हो चुका है, उसके लिए किया, हो गया, आदि सम्पन्नता सूचक भूतकालिक क्रिया प्रयोग किया जा सकता है। जो चलने लगा उसे 'चला' कहा जा सकता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। जैसे कपड़ा बुनना प्रारम्भ करने पर 'कपड़ा बुना' ऐसा व्यवहार में बोला जा सकता है। क्रिया का प्रथम क्षण भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना अन्तिम क्षण। इसलिए ऐसा कहना अनुपयुक्त नहीं है। किन्तु 'जमालि' ने इस सिद्धान्त का विरोध कर अपने **'बहुरत'** मत की स्थापना की और कहा–जो कार्य किया जा रहा है, उसे सम्पूर्ण न होने तक 'किया गया' ऐसा कहना मिथ्या है। इसी सन्दर्भ में गौतम स्वामी ने भगवान के समक्ष ये नौ प्रश्न प्रस्तुत किये। *(विशेषावश्यक भाष्य, गा. २३०६-२३०७)*

Elaboration—It was a theory of Bhagavan Mahavir that conclusive statement with past tense can be used for an act that has been commenced. That which has started moving (present continuous) can be called as moved (present perfect). For example once weaving for a cloth has commenced it can be generally said that cloth has been woven. The first moment of any action is as important as the last moment. Therefore it is not improper to express thus. But Jamali opposed this theory and gave his theory of *Bahurat-vaad*. He said that it was wrong to convey that an action is concluded when it is still being performed. Gautam Swami asked these nine questions in this context only. *(Visheshavashyak Bhashya, verses 2306-2307)*

विशेष शब्दार्थ : चलन–कर्मदल का उदयावलिका के लिए चलना। **उदीरणा**–कर्मों की स्थिति परिपक्व होने पर उदय में आने से पहले ही अध्यवसाय विशेष से उन कर्मों को उदयावलिका में खींच लाना। **वेदना**–उदयावलिका में आये हुए कर्मों के फल का अनुभव करना। **प्रहाण**–आत्म-प्रदेशों के साथ एकमेक हुए कर्मों का हटना/गिरना–पृथक् करना। **छेदन**–कर्म की दीर्घकालिक स्थिति को अपवर्तना द्वारा अल्पकालिक स्थिति में करना। **भेदन**–बद्ध कर्म के तीव्र रस को अपवर्तनाकरण द्वारा मन्द करना अथवा उद्वर्तनाकरण द्वारा मन्द रस को तीव्र करना। **दग्ध**–कर्मरूपी काष्ठ को ध्यानाग्नि से जलाकर अकर्म रूप कर देना। **मृत**–पूर्वबद्ध आयुष्यकर्म के पुद्गलों का नाश होना। **निर्जीर्ण**–फल देने के पश्चात् कर्मों का आत्मा से पृथक् होना/क्षीण होना। **एकार्थ**–जिनका विषय एक हो या जिनका अर्थ अथवा फल एक हो।

घोष–तीन प्रकार के हैं–**उदात्त**–जो उच्च स्वर से बोला जाये, **अनुदात्त**–जो मंद स्वर से बोला जाये और **स्वरित**–जो मध्यम स्वर से बोला जाये। यह तो स्पष्ट है कि इन नौ पदों के घोष और व्यंजन (अक्षर) पृथक्-पृथक् हैं।

चारों एकार्थक–चलन, उदीरणा, वेदना और प्रहाण; ये चारों क्रियाएँ तुल्यकाल (एक अन्तर्मुहूर्तस्थिति) की अपेक्षा से, गत्यर्थक होने से तथा (केवलज्ञान की उत्पत्ति रूप) एक ही कार्य की साधक होने से एकार्थक हैं।

पाँचों भिन्नार्थक–छेदन, भेदन, दहन, मरण, निर्जरण; ये पाँचों पद वस्तुविनाश किंवा विगत पक्ष की अपेक्षा से भिन्न-भिन्न अर्थ वाले हैं। तात्पर्य यह है कि **छेदन** स्थितिबन्ध की अपेक्षा से, **भेदन** अनुभाग (रस) बन्ध की अपेक्षा से, **दहन** प्रदेशबन्ध की अपेक्षा से, **मरण** आयुष्यकर्म की अपेक्षा से और **निर्जरण** समस्त कर्मों की अपेक्षा से कहा गया है। अतएव ये सब पद भिन्न-भिन्न अर्थ के वाचक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चलमाणे चलिए







Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

चलमाणे चलिए

भगवान महावीर से गणधर इन्द्रभूति गौतम पूछते हैं-

(१) भन्ते ! जो चल पड़ा, उसे चलित (चला) कहा जा सकता है ? (२) इसी प्रकार **उदीर्ण**-(बाहर लाना) जैसे कुएँ से जल निकालना प्रारम्भ किया है, तो उसे निकाल लिया। (३) **वेदन**-(भुक्त) जैसे भोजन का प्रथम ग्रास खाना प्रारम्भ किया है, उसे **भुक्त**। (४) **प्रहीण**--जैसे दीवार की ईंट गिरानी प्रारम्भ की है, उसे प्रहीण (नष्ट)। (५) **छिद्यमान**-(छेदना) जैसे हवा भरे गुब्बारे को छेदने के लिए तीर चलाया तो उसे **छिन्न**। (६) **भिद्यमान**--जैसे वृक्ष की टहनी को काटना प्रारम्भ किया है, उसे **भिन्न**। (७) **दह्यमान**--जैसे घास के ढेर को जलाना आरम्भ किया उसे दग्ध, (८) **म्रियमाण**-जैसे कोई अन्तिम साँस गिनता मर रहा है, उसे **मृत**, (९) **निर्जीर्ण**-(झरना) जैसे घड़े से जल झरना आरम्भ हुआ है, तो उसे **निर्जीर्ण** (झर चुका)। क्या इस प्रकार कहा जा सकता है ?

इन सभी उदाहरणों को आत्मा के साथ लगे कर्मों को जोड़कर समझना चाहिए। जैसे जो कर्म चलित हो चुका है, उसे चलित, इसी प्रकार जिस कर्म की निर्जरा प्रारम्भ हो चुकी है। उसे **निर्जीर्ण** कहा जा सकता है।

-शतक १, उ. १, सूत्र ५, पृष्ठ १२

WHAT IS MOVING IS MOVED

Ganadhar Indrabhuti Gautam asked Bhagavan Mahavir—

(1) Bhante ! Is it proper to express a thing that is moving as moved ? In the same way can we call (2) fructified (brought out)—taking out water from a well as taken out, (3) experienced—taking of first morsel of food as eaten meal, (4) fallen—falling of one brick of a wall as demolished the wall, (5) pierced—launching of an arrow to pierce a balloon as pierced, (6) cut—a tree branch being cut as cut (7) burnt—putting of flame to a heap of grass as burnt, (8) dead—a person taking his last breath as dead, and (9) shed—commencing of pouring water from a pitcher as shed.

All these examples should be used to understand the interaction of soul and karma. For example the karma that is moving is called moved, and so on up to the karma that is being shed is called shed.

—Shatak 1, lesson 1, Sutra 5, page 12

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Chalan—the movement of bunches of *karmas* towards fruition. *Udirana* (fructify)—to push the ripe *karmas* towards premature fruition with special efforts. *Vedan* (experience)—to experience the fruits of fructified *karmas*. *Prahan* (separation)—to separate *karmas* fused with soul-space-points. *Chhedan* (cutting)—to cut short the defined duration of *karmas* by division. *Bhedan* (piercing)—To reduce or increase the intensity of bonded *karmas* by dividing or compounding. *Dagdha* (burn)—to burn the wood of *karmas* with the fire of meditation and turn them to ash of non-*karma*. *Mrit* (dead)—destruction of *karmas* defining life-span. *Nirjirn* (shed)—shedding or destruction of *karmas* after fruition. *Ekarth* (synonymous)—having same meaning, subject or result.

Ghosh (sound) is of three kinds—*Udaatt* or loud, *Anudaatt* or low and *Svarit* or medium. It is clear that all these nine terms have different sounds and tones.

Four with same meaning—the four acts *Chalan* (movement), *Udirana* (fructify), *Vedan* (experience) and *Prahan* (separation) have the same meaning in context of their duration (one *Antar-muhurt*), dynamism (they all convey some sort of movement) and goal (attaining omniscience).

Four with different meanings—the five acts *Chhedan* (cutting), *Bhedan* (piercing), *Dagdha* (burn), *Mrit* (dead) and *Nirjirn* (shed) have different meanings in context of destruction of something or the conclusive state. *Chhedan* is with reference to bondage of duration, *Bhedan* is with reference to bondage of intensity, *Dahan* is with reference to partial or space-point bondage, *Maran* is with reference to life-span determining *karma* and *Nirjaran* is with reference to all *karmas*. Thus these statements convey different meanings.

चौबीस दण्डकगत स्थिति [नैरयिक चर्चा] LIFE-SPAN IN TWENTY FOUR DANDAKS [INFERNAL BEINGS]

६. [दण्डक १—प्र. १] नेरइयाणं भंते ! केवइकालं ठिई पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

[१—प्र. २] नेरइयाणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ऊससंति वा नीससंति वा ?

[उ.] जहा ऊसासपदे।

६. [दण्डक १—प्र. १] भगवन् ! नैरयिकों की स्थिति (आयुष्य) कितने काल की है ? (यहाँ प्रथम अंक दण्डक का तथा दूसरा अंक प्रश्न का सूचक है।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] हे गौतम ! जघन्य (कम से कम) दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट (अधिक से अधिक) तैंतीस सागरोपम की है।

[१–प्र. २] भगवन् ! नारक कितने काल (समय) में श्वास लेते हैं और कितने समय में श्वास छोड़ते हैं–कितने काल में उच्छ्वास लेते हैं और निःश्वास छोड़ते हैं।

[उ.] (प्रज्ञापना–सूत्रोक्त) सातवें उच्छ्वास पद के अनुसार समझना चाहिए। *(विवेचन पढ़ें)*

6. [1—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the infernal beings ? [the first numeral stands for *dandak* (place of suffering) and second for the question].

[Ans.] Gautam ! The minimum life-span of the infernal beings is ten thousand years and the maximum is thirty three *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

[1—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the infernal beings ?

[Ans.] It should be read as mentioned in *Uchchhavasapad* (Respiration), the seventh chapter of *Prajnapana Sutra*. *(see elaboration)*

[१–प्र. ३] नेरइया णं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] जहा पण्णवणाए पढमए आहार उद्देसए तथा भाणियव्वं।

गाहा–ठिति उस्सासाहारे किं वाऽऽहारेंति सव्वओ वा वि।
कतिभागं सव्वाणि व कीस व भुज्जो परिणमंति ? ॥२॥

[१–प्र. ३] भगवन् ! क्या नैरयिक आहारार्थी होते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्रज्ञापनासूत्र के आहारपद (२८वें) के प्रथम उद्देशक के अनुसार समझ लेना।

गाथार्थ–नारक जीवों की स्थिति, उच्छ्वास तथा आहार–सम्बन्धी कथन करना चाहिए। क्या वे आहार करते हैं ? क्या समस्त आत्म प्रदेशों से आहार करते हैं ? कितने भाग का आहार करते हैं या सर्व–आहारक द्रव्यों का आहार करते है ? और वे आहारक द्रव्यों को किस रूप में बार–बार परिणमाते हैं ? *(उत्तर देखें विवेचन में)*

[1—Q. 3] *Bhante* ! Have the infernal beings desire for food (intake) ?

[Ans.] It should be read as mentioned in the first lesson of *Ahaar-pad* (Food; the twenty eighth chapter) of *Prajnapana Sutra*.

The verse—The life-span, respiration and food intake of infernal beings should be studied. Do they have intake ? Is the intake from all the soul-space-points ? Is the intake in portions or whole ? In what form the matter consumed is transformed (repeatedly) ? *(see elaboration)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[१–प्र. ४] नेरइयाणं भंते ! (१) पुव्वाहारिता पोग्गला परिणता, (२) आहारिता आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणता, (३) अणाहारिता आहारिज्जिस्समाणा पोग्गला परिणया, (४) अणाहारिया अणाहारिज्जिस्समाणा पोग्गला परिणया ?

[उ.] गोयमा ! (१) नेरइयाणं पुव्वाहारिता पोग्गला परिणता, (२) आहारिता आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणता परिणमंति य, (३) अणाहरिता आहारिज्जिस्समाणा पोग्गला नो परिणता, परिणमिस्संति, (४) अणाहारिया अणाहारिज्जिस्समाणा पोग्गला नो परिणता, नो परिणमिस्संति।

[१–प्र. ४] भगवन् ! (१) नैरयिकों द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्गल (शरीर रूप में) परिणत हुए हैं, (२) आहारित (आहार किये हुए), तथा (वर्तमान में) आहार किये जाते हुए पुद्गल परिणत हुए हैं, (३) अथवा जो पुद्गल अनाहारित आहार के रूप में ग्रहण नहीं किये गये हैं, वे तथा जो पुद्गल (भविष्य में) आहार के रूप में ग्रहण किये जायेंगे, वे परिणत हुए, (४) अथवा जो पुद्गल अनाहारित हैं और आगे भी आहारित (आहार के रूप में) नहीं होंगे, वे परिणत हुए ?

[उ.] हे गौतम ! (१) नारकों द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए, (२) (इसी तरह) आहार किये और आहार किये जाते हुए पुद्गल परिणत हुए, परिणत होते हैं, (३) किन्तु नहीं आहार किये हुए (अनाहारित) पुद्गल परिणत नहीं हुए तथा भविष्य में जो पुद्गल आहार के रूप में ग्रहण किये जायेंगे, वे परिणत होंगे, (४) अनाहारित पुद्गल परिणत नहीं हुए, तथा जिन पुद्गलों का आहार नहीं किया जायेगा, वे भी परिणत नहीं होंगे।

[1—Q. 4] *Bhante* ! (1) In case of infernal beings, did the matter ingested in the past transform (*parinat*) (into body) ? (2) Does the matter ingested and being ingested at present transform ? (3) Does the matter not ingested in the past but likely to be ingested in future transform ? (4) Does the matter neither ingested in the past nor likely to be ingested in future transform ?

[Ans.] Gautam ! (1) In case of infernal beings, the matter ingested in the past has transformed (into body). (2) The matter ingested and being ingested at present transforms and gets transformed. (3) The matter not ingested in the past has not transformed and that likely to be ingested in future will transform. (4) The matter neither ingested in the past nor likely to be ingested in future did not and will not transform.

[१–प्र. ५] नेरइयाणं भंते ! पुव्वाहारिया पोग्गला चिता. पुच्छा।

[उ.] जहा परिणता तहा चिया वि। एवं उवचिता, उदीरिता, वेदिता, निज्जिण्णा।

गाहा–परिणता चिता उवचिता उदीरिता वेदिया य निज्जिण्णा।
एक्केक्कम्मि पदम्मी चउव्विहा पोग्गला होंति॥३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[१–प्र. ५] भगवन् ! क्या नैरयिकों द्वारा पहले आहारित (आहार किये हुए) पुद्गल चय को प्राप्त हुए ?

[उ.] इसका उत्तर भी उपरोक्त १–४ के अनुसार है। अर्थात् जिस प्रकार वे परिणत हुए, उसी प्रकार चय को प्राप्त हुए; उसी प्रकार उपचय को; उदीरणा को, वेदन को तथा निर्जरा को प्राप्त हुए।

गाथार्थ–परिणत, चित, उपचित, उदीरित, वेदित और निर्जीर्ण, इस एक-एक पद में पुद्गल विषयक उपरोक्त चार-चार प्रकार के (*प्रश्नोत्तर*) होते हैं।

[1—Q. 5] *Bhante* ! In case of infernal beings, did the matter ingested in the past assimilate (*chaya*) ?

[Ans.] The answer to this should be read as aforesaid about transformation (1-4). Also as stated about transformation (***parinat***) so is true for assimilation (***chaya***), ***upachaya*** (augmentation of *karmas*), ***udiran*** (fruition of *karmas*), ***vedan*** (experience consequences), ***nirjaran*** (separation or shedding).

The verse—There are four aforesaid questions each related to transformation, assimilation, augmentation, fruition, experience and shedding.

[१–प्र. ६] नेरइया णं भंते ! कतिविहा पोग्गला भिज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला भिज्जंति। तं जहा–अणू चेव बादरा चेव १।

[प्र.] नेरइया णं भंते ! कतिविहा पोग्गला चिज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! आहारदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला चिज्जंति। तं जहा–अणू चेव बादरा चेव २। एवं उवचिज्जंति ३।

[प्र.] नेरइया णं भंते ! कतिविहे पोग्गले उदीरेंति ?

[उ.] गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहे पोग्गले उदीरेंति। तं जहा–अणू चेव बादरे चेव ४। एवं वेदेंति ५। निज्जरेंति ६। ओयट्टिंसु ७। ओयट्टेंति ८। ओयट्टिस्संति ९। संकामिंसु १०। संकामेंति ११। संकामिस्संति १२। निहत्तिंसु १३। निहत्तेंति १४। निहत्तिस्संति १५। निकायंसु १६। निकाएंति १७। निकाइस्संति १८। सव्वेसु वि कम्मदव्ववग्गणमहिकिच्च।

गाहा–भेदित चिता उवाचित उदीरिता वेदिया य निज्जिण्णा।
ओयट्टण–संकमण–निहत्तण–निकायणे तिविह कालो॥४॥

[१–प्र. ६] भगवन् ! नारक जीवों द्वारा कितने प्रकार के पुद्गल भेदे जाते हैं ?

[उ.] गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा (कार्मण जाति के पुद्गलों का समूह) की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गल भेदे जाते हैं। यथा–अणु (सूक्ष्म) और बादर (स्थूल) (१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] भगवन् ! नारक जीवों द्वारा कितने प्रकार के पुद्गल चय किये जाते हैं ?

[उ.] गौतम ! आहारद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गल चय किये जाते हैं। यथा–अणु और बादर (२)। इसी प्रकार उपचय समझना (३)।

[प्र.] भगवन् ! नारक जीव कितने प्रकार के पुद्गलों की उदीरणा करते हैं ?

[उ.] गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गलों की उदीरणा करते हैं। यथा–अणु और बादर (४)। शेष पद भी इसी प्रकार कहने चाहिए–वेदते हैं (५), निर्जरा करते हैं (६), अपवर्तन को प्राप्त हुए (७), अपवर्तन को प्राप्त हो रहे हैं (८), अपवर्तन को प्राप्त करेंगे (९), संक्रमण किया (१०), संक्रमण करते हैं (११), संक्रमण करेंगे (१२), निधत्त हुए (१३), निधत्त होते हैं (१४), निधत्त होंगे (१५), निकाचित हुए (१६), निकाचित होते हैं (१७), निकाचित होंगे (१८), इन सब पदों में भी कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा (अणु और बादर पुद्गलों का कथन करना चाहिए।)

गाथार्थ–भेदे गये, चय को प्राप्त हुए, उपचय को प्राप्त हुए, उदीर्ण हुए, वेदे गये और निर्जीर्ण हुए (इसी प्रकार) अपवर्तन, संक्रमण, निधत्तन और निकाचन, (इन पिछले चार) पदों में भी तीनों प्रकार का काल कहना चाहिए।

[1–Q. 6] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings pierce (***bhedan***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of *karmic* group of matter (*karma dravya vargana*) two types of matter is pierced—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (1).

[Q.] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings assimilate (***chaya***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of ingestable group of matter (*ahaar dravya vargana*) two types of matter is assimilated—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (2). The same is true for augmentation (***upachaya***) (3).

[Q.] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings fructify (***udirana***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of *karmic* group of matter (*karma dravya vargana*) two types of matter is pierced—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (4). The remaining actions should also be repeated likewise—experience (***vedan***) (5), shed (***nirjara***) (6), underwent reduction (***apavartana***) (7), undergoing reduction (8), will undergo reduction (9), underwent transformation (***sankramana***) (10), undergoing transformation (11), will undergo transformation (12), underwent partial intransigence (***nidhatt***) (13), undergoing partial intransigence (14), will undergo partial intransigence (15), underwent intransigence (***nikachit***)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(16), undergoing intransigence (17), will undergo intransigence (18). In terms of *karmic* group of matter all these actions apply to two types of matter (subtle and gross).

The verse—Like in case of pierced, assimilated, augmented, fructified, experienced and shed all the three periods (tenses) should be considered regarding (the last four) reduction, transformation, partial intransigence and intransigence.

[१–प्र. ७] नेरइया णं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गेण्हंति ते किं तीतकालसमए गेण्हंति ! पडुप्पन्नकालसमए गेण्हंति, अणागतकालसमए गेण्हंति ?

[उ.] गोयमा ! नो तीतकालसमए गेण्हंति, पडुपन्नकालसमए गेण्हंति, नो अणागतकालसमए गेण्हंति १।

[१–प्र. ७] हे भगवन् ! नारक जीव जिन पुद्गलों को तैजस् और कार्मण रूप में ग्रहण करते हैं, उन्हें क्या अतीत काल में ग्रहण करते हैं, वर्तमान काल में ग्रहण करते हैं, अथवा अनागत (भविष्य) काल में ग्रहण करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वर्तमान काल में ग्रहण करते हैं; अतीत काल में और भविष्य काल में ग्रहण नहीं करते।

[1—Q. 7] *Bhante* ! The matter that the infernal beings ingest in the form of *taijas* (fiery) particles and *karman* (karmic) particles; is it done in the past ? Is it done in the present ? Or is it done in the future ?

[Ans.] Gautam ! They ingest it in the present and not in the past nor in the future.

[१–प्र. ८] नेरइया णं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गहिए उदीरेंति ते किं तीतकालसमयगहिते पोग्गले उदीरेंति ? पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति ? गहणसमयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति ?

[उ.] गोयमा ! तीतकालसमयगहिए पोग्गले उदीरेंति, नो पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति, नो गहणसमयपुरेक्खडे पोग्गले उदीरेंति २। एवं वेदेंति ३, निज्जरेंति ४।

[१–प्र. ८] भगवन् ! नारक जीव तैजस् और कार्मण रूप में ग्रहण किये हुए जिन पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, सो क्या अतीत काल में गृहीत पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, या वर्तमान काल में ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, अथवा जिनका उदयकाल आगे आने वाला है, ऐसे भविष्य काल विषयक पुद्गलों की उदीरणा करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे अतीत काल में गृहीत पुद्गलों की उदीरणा करते हैं, (परन्तु) वर्तमान काल में ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की तथा आगे ग्रहण किये जाने वाले पुद्गलों की उदीरणा नहीं करते। इसी प्रकार (उदीरणा की तरह) अतीत काल में गृहीत पुद्गलों को वेदते हैं और उनकी निर्जरा करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1—Q. 8] *Bhante* ! Infernal beings fructify (*udirana*) the ingested matter in the form of *taijas* (fiery) particles and *karman* (*karmic*) particles; do they fructify the particles ingested in the past or those being ingested at present or those to be ingested in future (or related to the future in terms of fructification) ?

[Ans.] Gautam ! They fructify (*udirana*) the matter particles ingested in the past but not those being ingested at present or those to be infested in future. The same (like ingesting) is also true for *vedan* (experiencing or suffering the consequences) and *nirjara* (separating from soul or shedding).

[१—प्र. ९] नेरइयाणं भंते ! जीवाओ किं चलियं कम्मं बंधंति ? अचलियं कम्मं बंधंति ?

[उ.] गोयमा ! नो चलियं कम्मं बंधंति, अचलियं कम्मं बंधंति १। एवं उदीरेंति २ वेदेंति ३ उयट्टेंति ४ संकामेंति ५ निहत्तेंति ६ णि कावेंति ७। सव्वेसु अचलियं, णोचलियं।

[१—प्र. ९] भगवन् ! क्या नारक जीवप्रदेशों से चलित कर्म को बाँधते हैं या अचलित (जीवप्रदेशों में स्थित) कर्म को बाँधते हैं ?

[उ.] गौतम ! (वे) (१) चलित कर्म को नहीं बाँधते (किन्तु) अचलित कर्म को बाँधते हैं। इसी प्रकार (बंध के अनुसार ही वे) अचलित कर्म की (२) उदीरणा करते हैं, अचलित कर्म का ही (३) वेदन करते हैं, (४) अपवर्तन करते हैं, (५) संक्रमण करते हैं, (६) निधत्ति करते हैं, और (७) निकाचन करते हैं। इन सब पदों में अचलित (कर्म) कहना चाहिए, चलित (कर्म) नहीं।

[1—Q. 9] *Bhante* ! Do the infernal beings bind (*bandh*) the *karma* that has shifted (from soul) or the *karma* that has not shifted ?

[Ans.] Gautam ! (1) They do not bind the *karma* that has shifted (from soul) but only the *karma* that has not shifted. The same is also true for (2) fructifying (*udirana*), (3) experiencing (*vedan*), (4) reduction (*apavartana*), (5) transformation (*sankramana*), (6) partial intransigence (*nidhatt*), and (7) intransigence (*nikachit*). For all these the *karma* that has not shifted is applicable and not the *karma* that has shifted.

[१—प्र. १०] नेरइयाणं भंते ! जीवाओ किं चलियं कम्मं निज्जरेंति ? अचलियं कम्मं निज्जरेंति ?

[उ.] गोयमा ! चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्म निज्जरेंति ८।

गाहा—बंधोदय—वेदोव्यट्ट—संकमे तह निहत्तण—निकाए।
अचलियं कम्मं तु भवे चलितं जीवाउ निज्जरइ ॥५॥

[१—प्र. १०] भगवन् ! क्या नारक जीवप्रदेश से चलित कर्म की निर्जरा करते हैं अथवा अचलित कर्म की निर्जरा करते हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! (वे) चलित कर्म की निर्जरा करते हैं, अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते।

गाथार्थ–बन्ध, उदय, वेदन, अपवर्तन, संक्रमण, निधत्तन और निकाचन के विषय में अचलित कर्म समझना चाहिए और निर्जरा के विषय में चलित कर्म समझना चाहिए।

[1—Q. 10] *Bhante* ! Do the infernal beings shed (*nirjara*) the *karma* that has shifted (from soul) or the *karma* that has not shifted ?

[Ans.] Gautam ! They shed the *karma* that has shifted (from soul) and not the *karma* that has not shifted.

The verse—With bonding (*bandh*), fructifying (*udirana*), experiencing (*vedan*), reduction (*apavartana*), transformation (*sankramana*), partial intransigence (*nidhatt*) and intransigence (*nikachit*) the *karma* that has not shifted is applicable and for shedding (*nirjara*) the *karma* that has shifted is applicable.

विवेचन : नारकों की स्थिति आदि के सम्बन्ध के प्रश्नोत्तर–प्रस्तुत छठे सूत्र के २४ अवान्तर (विभाग) दण्डक करके शास्त्रकार ने प्रथम दण्डक में नारकों की स्थिति श्वासोच्छ्वास आदि से सम्बन्धित १० प्रश्नोत्तर किये हैं, जिनके समाधान भी दिये गये हैं।

Elaboration—The author has divided this sixth aphorism into 24 sections based on *dandaks* (places of suffering). In the first *dandak* there are ten questions about life-span, breathing and other things related to infernal beings and their answers.

विशेष शब्दार्थ : स्थिति–आयुकर्म के पुद्गलों के रहने की काल-मर्यादा को स्थिति कहते हैं। **आणमन-प्राणमन तथा उच्छ्वास-निःश्वास**–श्वासोच्छ्वास दो प्रकार का है–आभ्यन्तर और बाह्य। आध्यात्मिक (आभ्यन्तर) श्वासोच्छ्वास को आणमन (श्वास लेना), प्राणमन (श्वास छोड़ना) और बाह्य को उच्छ्वास-निःश्वास कहते हैं। प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार नैरयिक जीव निरन्तर श्वासोच्छ्वास लेते हैं। क्योंकि वे अत्यन्त दुःखी हैं–दुःखी जीव निरन्तर श्वास लेता है और छोड़ता है।

नारकों का आहार–प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार नैरयिक जीव आहारार्थी है। उनका आहार दो प्रकार का होता है–**आभोगनिर्वर्तित** (खाने की इच्छा से किया जाने वाला) और **अनाभोगनिर्वर्तित** (आहार की इच्छा के बिना भी किया जाने वाला)। अनाभोग आहार तो प्रतिक्षण–सतत होता रहता है, किन्तु आभोगनिर्वर्तित-आहार की इच्छा कम से कम असंख्यात समय में, अर्थात्–अन्तर्मुहूर्त्त में होती है। (इसके अतिरिक्त नारकों के आहार का द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, दिशा, समय आदि की अपेक्षा से भी विचार किया गया है।)

परिणत, चित, उपचित आदि–आहार का प्रसंग होने से यहाँ परिणत का अर्थ है–ग्रहण किए आहार का शरीर के साथ एकमेक होने योग्य रूप में परिवर्तित हो जाना। जिन पुद्गलों को परिणत किया है, उनका शरीर में एकमेक होकर शरीर को पुष्ट करना **चय** (चित) कहलाता है। जो चय किया गया है, उसमें अन्यान्य पुद्गल एकत्रित कर देना **उपचय** (उपचित) कहलाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहार–शब्द यहाँ ग्रहण करने और उपभोग करने (खाने) दोनों अर्थों में प्रयुक्त है।

पुद्गलों का चय–उपचय–शरीर का आहार से पुष्ट होना चय और विशेष पुष्ट होना उपचय है। ये आहारद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा जानना चाहिए। **अपवर्तन**–अध्यवसाय विशेष के द्वारा कर्म की स्थिति एवं कर्म के रस को कम कर देना। अपवर्तनाकरण से कर्म की स्थिति आदि कम की जाती है, उद्वर्तनाकरण से अधिक। **संक्रमण**–अध्यवसाय विशेष से कर्म की उत्तरप्रकृतियों का एक-दूसरे के रूप में बदल जाना। यह संक्रमण (परिवर्तन) मूलप्रकृतियों में नहीं होता। उत्तरप्रकृतियों में भी आयुकर्म की उत्तरप्रकृतियों में नहीं होता तथा दर्शनमोह और चारित्रमोह में भी एक-दूसरे के रूप में संक्रमण नहीं होता। **निधत्त करना**–भिन्न-भिन्न कर्म-पुद्गलों को एकत्रित करके धारण करना। निधत्त अवस्था में उद्वर्तना और अपवर्तना, इन दो करणों से ही निधत्त कर्मों में परिवर्तन किया जा सकता है। अन्य संक्रमणादि के द्वारा नहीं। **निकाचित करना**–निधत्त किये गये कर्मों का ऐसा सुदृढ़ हो जाना कि जिससे वे एक-दूसरे से पृथक् न हो सकें, जिनमें कोई भी कारण कुछ भी परिवर्तन न कर सके। अर्थात्–कर्म जिस रूप में बाँधे हैं, उसी रूप में भोगने पड़ें, वे निकाचित कर्म कहलाते हैं। **चलित–अचलित**–जीव के प्रदेश से जो कर्म चलायमान हो गये हैं, उन्हें 'चलित' कर्म कहते हैं। इसके विपरीत अचलित कर्म है। जीव अचलित कर्म ही बाँधता है। *(वृत्ति. २४-२५)*

TECHNICAL TERMS

Sthiti—the time duration of bondage of the life-span determining *karma* particles. *Anaman-pranaman* and *Uchchhavas-nihshvas*—respiration is of two kinds—internal and external. Internal respiration includes *anaman* (intake) and *pranaman* (expelling). External respiration includes *uchchhavas* (inhalation) and *nihshvas* (exhalation). According to *Prajanapana Sutra* the infernal beings inhale and exhale in rapid continuation. This is because they are always in extreme misery and a miserable being breathes rapidly.

Ahaar of infernal beings—According to *Prajnapana Sutra* an infernal being has desire for *ahaar* (intake of food). There intake is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake). The involuntary intake continues every moment but the voluntary intake is after a minimum gap of *Antar-muhurt* (less than 48 minutes). (Besides this the intake by infernal beings has been discussed in other contexts including matter, area, period, state, direction and time.)

Parinat, chit, upachit etc.—as the context is intake here, the meaning of *parinat* is transformation of food into a form absorbable by the body. *The meaning of chaya (chit)* is nutritional assimilation of the so transformed food in the body. *Upachaya (upachit)* means to augment the so assimilated food with other matter particles.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Ahaar—This term has been used in its meaning of intake as well as consumption or eating.

Chaya and *upachaya*—here *chaya* indicates nutrition and *upachaya* means special nutrition. This is with reference to ingestable group of matter (*ahaar dravya vargana*). *Apavartana*—to reduce the duration and intensity of *karma* with special effort. *Apavartanakaran* is the process of reduction and *udvartanakaran* is the process of enhancement. *Sankraman*—transformation of the secondary species of *karmas* from one to another with special effort. This transformation is not applicable to basic species. Even among secondary species those of *Ayukarma* (life-span determining *karma*) do not undergo transformation; also *Darshan moha* (perception/faith deluding *karma*) cannot transform to *Charitra moha* (conduct deluding *karma*) and vice versa. *Nidhatt* (state of partial intransigence)—bondage of different species of *karmas* collectively. A state of *karmas* where they are rendered incapable of transformation by any of the said processes (such as *sankraman*) except by *udvartan* and *apavartan*. *Nikachit* (state of intransigence)—a state of *karmas* where the *nidhatt* state becomes so strong that they are rendered incapable of all processes including even *udvartan* and *apavartan*. These *karmas* have to be experienced in the same form as they are bonded. *Chalit-achalit*—the *karmas* that have shifted from the soul space-points are called *chalit*. The opposite of this is *achalit*. Soul acquires bondage of non-shifting *karmas* only. *(Vritti, 24-25)*

देव (असुरकुमार) चर्चा THE DIVINE BEINGS : ASUR KUMARS

६. [दण्डक २–प्र. १] असुरकुमाराणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं सातिरेगं सागरोवमं।

६. [२–प्र. १] भगवन् ! असुरकुमारों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट एक सागरोपम से कुछ अधिक की है।

6. [2—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! The minimum life-span of the Asur Kumars is ten thousand years and the maximum is slightly more than one *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

[२–प्र. २] असुरकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं सत्तण्हं थोवाणं, उक्कोसेणं साइरेगस्स पक्खस्स आणमंति वा पाणमंति वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[२–प्र. २] भगवन् ! असुरकुमार कितने समय में श्वास लेते हैं और कितने समय में निःश्वास छोड़ते हैं ?

[उ.] गौतम ! जघन्य सात स्तोकरूप काल में और उत्कृष्ट एक पक्ष (पखवाड़े) से (कुछ) अधिक समय में श्वास लेते और छोड़ते हैं।

[2—Q. 2] Bhante ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! They inhale and exhale in a minimum period of seven *Stok* and a maximum period of slightly more than one fortnight.

विशेष : रोगरहित, स्वस्थ, हृष्टपुष्ट प्राणी के एक श्वासोच्छ्वास (उच्छ्वास–निःश्वास) को एक **प्राण** कहते हैं। सात प्राणों का एक **स्तोक** होता है, सात स्तोकों का एक **लव** और ७७ लवों का एक **मुहूर्त** होता है।

Note : The duration of one inhalation and exhalation of a normal and healthy person is called *Pran* (a unit of time). Seven *Prans* make a *Stok*; seven *Stoks* make a *Lava* and 77 *Lavas* make a *Muhurt* (forty eight minutes).

[२–प्र. ३] असुरकुमाराणं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] हंता आहारट्ठी।

[२–प्र. ३] भगवन् ! क्या असुरकुमार आहार की इच्छा करते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वे) आहार की इच्छा रखते हैं।

[2—Q. 3] *Bhante* ! Have the Asur Kumars desire for food (intake) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[२–प्र. ४] असुरकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! असुरकुमाराणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा–आभोगनिव्वत्तिए य, अणाभोगनिव्वत्तिए य। तत्थ णं जे से अणाभोगनिव्वत्तिए से अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जइ। तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए से जहन्नेणं चउत्थभत्तस्स, उक्कोसेणं साइरेगस्स वाससहस्सस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

[२–प्र. ४] भगवन् ! असुरकुमारों को कितने काल में आहार की इच्छा होती है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारों का आहार दो प्रकार का होता है–आभोगनिर्वर्तित और अनाभोगनिर्वर्तित। जो अनाभोगनिर्वर्तित आहार है, वह प्रतिसमय (सतत) होता रहता है। (किन्तु) आभोगनिर्वर्तित आहार की इच्छा जघन्य चतुर्थभक्त अर्थात्–एक अहोरात्र से और उत्कृष्ट एक हजार वर्ष से कुछ अधिक काल में होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[2—Q. 4] *Bhante* ! After what interval of time Asur Kumars have desire for food (intake) ?

[Ans.] Gautam ! The intake of Asur Kumars is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake). The involuntary intake continues every moment. (But) the desire for voluntary intake comes after a minimum gap of *Chaturthabhakta* (one day and one night) and a maximum gap of slightly more than one thousand years.

[२–प्र. ५] असुरकुमाराणं भंते ! किं आहारं आहारेंति ?

[उ.] गोयमा ! दव्वओ अणंतपएसियाइं दव्वाइं, खित्त–काल–भाव पण्णवणागमेणं। सेसं जहा नेरइयाणं जाव।

[प्र.] ते णं तेसिं पोग्गला कीसत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?

[उ.] गोयमा ! सोइंदियत्ताए–सुरूवत्ताए सुवण्णत्ताए इट्ठत्ताए इच्छियत्ताए, अभिज्झियत्ताए, उड्ढत्ताए, णो अहत्ताए, सुहत्ताए, णो दुहत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

[२–प्र. ५] भगवन् ! असुरकुमार किन पुद्गलों का आहार करते हैं ?

[उ.] गौतम ! द्रव्य से अनन्तप्रदेशी द्रव्यों का आहार करते हैं। क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से प्रज्ञापनासूत्र का वही वर्णन जान लेना चाहिए, जो नैरयिकों के प्रकरण में कहा है।

[प्र.] भगवन् ! असुरकुमारों द्वारा आहार किये हुए पुद्गल किस रूप में बार–बार परिणत होते हैं ?

[उ.] गौतम ! श्रोत्रेन्द्रिय रूप में (चक्षुइन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय एवं) स्पर्शनेन्द्रिय रूप में, सुन्दर रूप में, सु–वर्ण रूप में, इष्ट रूप में, इच्छित रूप में, मनोहर (अभिलषित) रूप में, ऊर्ध्व रूप में परिणत होते हैं, अधःरूप में नहीं; सुखरूप में परिणत होते हैं किन्तु दुःखरूप में परिणत नहीं होते।

[2—Q. 5] *Bhante* ! What kind of matter forms the intake of Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! In terms of entities (*dravya*) their intake is of entities having infinite space-points (*anant pradeshi dravya*). In context of area, time and state the description quoted from *Prajnapana Sutra* in the discussion about infernal beings should be read.

[Q.] *Bhante* ! In what form the intake of matter particles by Asur Kumars continues to transform ?

[Ans.] Gautam ! They continue to transform into organs of hearing, (vision, smell, taste) and touch. They continue to transform into forms

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

that are beautiful, have good complexion, are likeable, desirable and enchanting. They continue to transform into noble and not ignoble forms as also in the form of happiness and not misery.

[२–प्र. ६] असुरकुमाराणं पुव्वाहारिया पुग्गला परिणया ?

[उ.] असुरकुमाराभिलावेणं जहा नेरइयाणं जाव। चलियं कम्मं निज्जरंति।

[२–प्र. ६] भगवन् ! क्या असुरकुमारों द्वारा आहृत–पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारों के अभिलाप में, अर्थात्–नारकों के स्थान पर 'असुरकुमार' शब्द का प्रयोग करके चलित कर्म की निर्जरा करते हैं, यहाँ तक सभी आलापक नारकों के समान ही समझने चाहिए।

[2—Q. 6] *Bhante* ! Did the matter particles ingested by Asur Kumars in the past get transformed ?

[Ans.] Gautam ! In this discussion about Asur Kumars read the statements mentioned in the discussion about infernal beings up to 'they shed the *chalit* (shifted) *karmas*' replacing 'infernal beings' with Asur Kumars.

नागकुमार चर्चा NAAG KUMARS

[३–प्र. १] नागकुमाराणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं।

[३–प्र. १] भगवन् ! नागकुमार देवों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट देशोन = कुछ कम दो पल्योपम की है।

[3—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the Naag Kumars ?

[Ans.] Gautam ! It is minimum ten thousand years and maximum slightly less than two *Palyopam* (a metaphoric unit of time).

[३–प्र. २] नागकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं सत्तण्हं थोवाणं, उक्कोसेणं मुहुत्तपुहत्तस्स आणमंति वा पाणमंति वा।

[३–प्र. २] भगवन् ! नागकुमार देव कितने समय में श्वास लेते हैं और छोड़ते हैं ?

[उ.] गौतम ! जघन्य सात स्तोक में और उत्कृष्ट मुहूर्त्त–पृथक्त्व में (दो मुहूर्त्त से लेकर नौ मुहूर्त्त के अन्दर किसी भी समय) श्वासोच्छ्वास लेते हैं।

[3—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the Naag Kumars ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! They inhale and exhale in a minimum period of seven *Stok* and a maximum period of *Muhurt-prithaktva* (anything between two to nine *Muhurts*).

[३–प्र. ३] नागकुमाराणं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] हंता, गोयमा ! आहारट्ठी।

[३–प्र. ३] भगवन् ! क्या नागकुमार देव आहारार्थी होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे आहारार्थी होते हैं।

[3—Q. 3] *Bhante* ! Have the Naag Kumars a desire for food (intake) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[३–प्र. ४] नागकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! नागकुमाराणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा–आभोगनिव्वत्तिए य अणाभोगनिव्वत्तिए य। तत्थ णं जे से अणाभोगनिव्वत्तिए से अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जेइ, तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए, से जहन्नेणं चउत्थभत्तस्स, उक्कोसेणं दिवस–पहुत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ। सेसं जहा असुरकुमाराणं जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्मं निज्जरेंति।

[३–प्र. ४] भगवन् ! नागकुमार देवों को कितने काल के अनन्तर आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है ?

[उ.] गौतम ! नागकुमार देवों का आहार दो प्रकार का है–आभोगनिर्वर्तित और अनाभोगनिर्वर्तित। इनमें जो अनाभोगनिर्वर्तित आहार है, वह प्रतिसमय विरहरहित (सतत) होता है; किन्तु आभोगनिर्वर्तित आहार की अभिलाषा जघन्यतः चतुर्थभक्त (एक अहोरात्र) के पश्चात् और उत्कृष्टतः दिवस–पृथक्त्व (दो दिवस से लेकर नौ दिवस तक) के बाद उत्पन्न होती है। शेष "चलित कर्म की निर्जरा करते हैं, किन्तु अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते"; यहाँ तक सारा वर्णन असुरकुमार देवों की तरह समझ लेना चाहिए।

[3—Q. 4] *Bhante* ! After what interval of time Naag Kumars have desire for food (intake).

[Ans.] Gautam ! The intake of Naag Kumars is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake). The involuntary intake continues every moment. (But) the desire for voluntary intake comes after a minimum gap of *Chaturthabhakta* (one day and night) and a maximum gap of *Divas-prithaktva* (anything between two to nine *Muhurts*). After this read the statements mentioned in the discussion about Asur Kumars up to 'they shed the *chalit* (shifted) *karmas* but not the *achalit* (unmoved) *karmas*'.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[४ से ११] एवं सुवण्णकुमाराण वि जाव थणियकुमाराणं ति।

[४ से ११] इसी तरह सुपर्णकुमार देवों से लेकर स्तनितकुमार (शेष सभी भवनपति) देवों तक के भी (स्थिति से लेकर चलित कर्मनिर्जरा तक के) सभी आलापक (पूर्ववत्) कह देने चाहिए।

[4 to 11] In the same way all aforesaid statements (from life-span to shedding of *chalit karmas*) should be read with reference to the remaining abode dwelling gods (*Bhavanavasi*) from Suparna Kumars to Stanit Kumars.

विशेष : नागकुमारों की स्थिति के विषय में स्पष्टीकरण—मूल पाठ में उक्त नागकुमारों की देशोन दो पल्योपम की उत्कृष्ट स्थिति उत्तर दिशा के नागकुमारों की होनी चाहिए। दक्षिण दिशावर्ती नागकुमारों की उत्कृष्ट स्थिति डेढ़ पल्योपम की है।

Note : Clarification about the life-span of Naag Kumars—The maximum life-span of Naag Kumars, slightly less than two *Palyopam*, mentioned in the original text is for the Naag Kumars residing in the north; that of the Naag Kumars residing in the south is one and a half *Palyopam*.

पृथ्वीकाय आदि पाँच स्थावर FIVE IMMOBILES INCLUDING EARTH-BODIED BEINGS

[१२—प्र. १] पुढविक्काइयाणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्साइं।

[१२—प्र. १] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की है।

[12—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the earth-bodied beings (*Prithvikaya jivas*) ?

[Ans.] Gautam ! It is minimum *Antar-muhurt* (less than forty eight minutes) and maximum twenty two thousand years.

[१२—प्र. २] पुढविक्काइया केवइकालस्स आणमंति वा ४ ?

[उ.] गोयमा ! वेमायाए आणमंति वा ४।

[१२—प्र. २] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव कितने काल में श्वास-निःश्वास लेते हैं ?

[उ.] गौतम ! (वे) विमात्रा—विविध या विषम काल में श्वासोच्छ्वास लेते हैं।

[12—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the earth-bodied beings ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! They inhale and exhale in a varied and indeterminate period of time.

[१२–प्र. ३] **पुढविक्काइया आहारट्ठी ?**

[उ.] **हंता, आहारट्ठी।**

[१२–प्र. ३] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव क्या आहार के अभिलाषी होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे आहारार्थी होते हैं।

[**12—Q. 3**] *Bhante* ! Have the earth-bodied beings desire for food (intake) ?

[**Ans.**] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[१२–प्र. ४] **पुढविक्काइयाणं केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?**

[उ.] **गोयमा ! अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जइ।**

[१२–प्र. ४] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों को कितने काल में आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है ?

[उ.] हे गौतम ! (उन्हें) प्रतिसमय निरन्तर आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है।

[**12—Q. 4**] *Bhante* ! After what interval of time the earth-bodied beings have desire for food (intake) ?

[**Ans.**] Gautam ! Their desire for intake rises every moment.

[१२–प्र. ५] **पुढविक्काइया किं आहारं आहारेंति ?**

[उ.] **गोयमा ! दव्वओ जहा नेरइयाणं जाव निव्वाघाएणं छद्दिसिं; वाघायं पडुच्च सिय तिदिसिं, सिय चउद्दिसिं सिय पंचदिसिं। वण्णओ काल–नील–लोहित–हालिद्द–सुक्किलाणि। गंधओ सुब्भिगंध २, रसओ तित्त ५, फासओ कक्खड ८। सेसं तहेव।**

[प्र.] **नाणत्तं कतिभागं आहारेंति ? कइभागं फासादेंति ?**

[उ.] **गोयमा ! असंखिज्जइभागं आहारेंति, अणंतभागं फासादेंति जाव।**

[प्र.] **ते णं तेसिं पोग्गला कीसत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?**

[उ.] **गोयमा ! फासिंदियवेमायत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति। सेसं जहा नेरइयाणं जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्मं निज्जरेंति।**

[१२–प्र. ५] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव क्या (किसका) आहार करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे द्रव्य से अनन्तप्रदेशी द्रव्यों का आहार करते हैं, इत्यादि (आहार–विषयक) सब बातें नैरयिकों के समान जानना चाहिए। यावत् पृथ्वीकायिक जीव व्याघात न हो तो छहों दिशाओं से आहार लेते हैं। व्याघात हो तो कदाचित् तीनों दिशाओं से, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच दिशाओं से आहार लेते हैं। वर्ण की अपेक्षा से काला, नीला, पीला, लाल, हारिद्र (हल्दी जैसा) तथा शुक्ल (श्वेत)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्ण के द्रव्यों का आहार करते हैं। गन्ध की अपेक्षा से सुरभिगन्ध और दुरभिगन्ध, दोनों गन्ध वाले, रस की अपेक्षा से तिक्त आदि पाँचों रस वाले, स्पर्श की अपेक्षा से कर्कश आदि आठों स्पर्श वाले द्रव्यों का आहार करते हैं। शेष सब वर्णन पूर्ववत् ही समझना चाहिए।

यहाँ भेद यह है-

[प्र.] भगवन् ! पृथ्वीकाय के जीव कितने भाग का आहार करते हैं और कितने भाग का स्पर्श-आस्वादन करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे असंख्यातवें भाग का आहार करते हैं और अनन्तवें भाग का स्पर्श-आस्वाद करते हैं। यावत्-

[प्र.] "भगवन् ! उनके द्वारा आहार किये हुए पुद्गल किस रूप में बार-बार परिणत होते हैं ?"

[उ.] गौतम ! स्पर्शनेन्द्रिय के रूप में साता-असातारूप विविध प्रकार से बार-बार परिणत होते हैं। (यावत्) यहाँ से लेकर 'अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते;' यहाँ तक का अवशिष्ट सब वर्णन नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

[12—Q. 5] *Bhante* ! What is it that the earth-bodied beings ingest ?

[Ans.] Gautam ! In terms of entities or substances they ingest substances with infinite space-points, other information (about food intake) should be read as mentioned about infernal beings. (up to) earth-bodied beings have intake from all the six directions in absence of any obstruction. If there is some obstruction they may have intake from three, four or five directions. In terms of appearance (colour) they ingest substances of black, blue, yellow, red, turmeric and white colours. In terms of smell they ingest substances both with pleasant and unpleasant odour. In terms of taste they ingest substances with all the five tastes including bitter. In terms of touch they ingest substances having all eight types of touch including rough. All other information should be read as already stated.

Additional information here is—

[Q.] *Bhante* ! What portion do the earth-bodied beings take in and what portion do they touch (taste) ?

[Ans.] Gautam ! They take in innumerable portion and touch or taste infinite portion.

[Q.] Bhante ! In what form do the matter particles ingested by the earth-bodied beings continue to get transformed ?

[Ans.] They continue to get transformed into the sense organ of touch as pleasant and unpleasant forms. From this point onwards up to 'they

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

do not shed unmoving *karmas*.' All details should be read as that mentioned about infernal beings.

[१३ से १६] एवं जाव वणस्सइकाइयाणं। नवरं ठिती वण्णेयव्वा जा जस्स, उस्सासो वेमायाए।

[१३ से १६] इसी प्रकार अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और वनस्पतिकाय तक के जीवों के विषय में समझना चाहिए। अन्तर केवल इतना है कि जिसकी जितनी स्थिति हो उसकी उतनी स्थिति कह देनी तथा इन सबका उच्छ्वास भी विमात्रा से–विविध प्रकार से–जानना चाहिए (अर्थात्–स्थिति के अनुसार वह नियत नहीं है)।

[13 to 16] The same should be read for water-bodied (*apkaya*), fire-bodied (*tejaskaya*), air-bodied (*vayukaya*) and plant-bodied (*vanaspatikaya*) beings. The only difference is that the body-specific life-span should be mentioned for each. Their respiration is also indeterminate.

विवेचन : पृथ्वीकायिक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति–खर पृथ्वी (कंकड़-पत्थर आदि) की अपेक्षा से २२ हजार वर्ष की है क्योंकि सिद्धान्तानुसार **स्निग्ध पृथ्वी** (काली चिकनी मिट्टी आदि) की १४ हजार वर्ष की, **मनःशिला** (मैनशिल एक उपधातु) पृथ्वी की १६ हजार वर्ष की, **शर्करा पृथ्वी** (बालू आदि) की १८ हजार वर्ष की और **खर पृथ्वी** की २२ हजार वर्ष की उत्कृष्ट स्थिति मानी गई है। **विमात्रा–आहार, विमात्रा–श्वासोच्छ्वास**–पृथ्वीकायिक जीवों का रहन-सहन विचित्र होने से उनके आहार की कोई मात्रा–आहार की एकरूपता नहीं है। इस कारण उनमें श्वास की मात्रा निश्चित नहीं है कि कब कितना लेते हैं। इनका श्वासोच्छ्वास भी विषम रूप है–विमात्र है। **व्याघात**–लोक के अन्त में, जहाँ लोक-अलोक की सीमा मिलती है, वहीं व्याघात होना सम्भव है क्योंकि अलोक में आहार योग्य पुद्गल नहीं होते।

शेष स्थावरों की उत्कृष्ट स्थिति–पृथ्वीकाय के अतिरिक्त शेष स्थावरों की उत्कृष्ट स्थिति क्रमशः अप्काय की ७ हजार वर्ष की, तेजस्काय की ३ दिन की, वायुकाय की ३ हजार वर्ष की और वनस्पतिकाय की १० हजार वर्ष की है। *(वृत्ति, पत्रांक २९)*

Elaboration—Maximum life-span of earth-bodied beings is 22 thousand years, which relates to the *Khar Prithvi* (pebbles, stones etc.). This is according to the established belief that maximum life-span related to *Snigdha Prithvi* (black and other clays) is 14 thousand years, that related to *Manah-shila Prithvi* (minerals like red arsenic) is 16 thousand years, that related to *Sharkara Prithvi* (sand etc.) is 18 thousand years and that related to *Khar Prithvi* is 16 thousand years. *Vimatra-ahaar* and *vimatra-shvasochchhavas*—Due to the unusual living conditions of the earth-bodied beings there are no standards about the quantity of food intake. This the reason that there is not standard breathing period. Here *vimatra* indicates indefinite or indeterminate. *Vyaghat* (obstruction)—Here obstruction means termination of intake for a short period. This is possible only at the edge of the *Lok* or occupied space because beyond that, in *Alok* (unoccupied space), there is total absence of ingestable matter.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Maximum life-span of other immobile beings—The maximum life-span of other immobile beings are—7 thousand years for water-bodied (*apkaya*), 3 days for fire-bodied (*tejaskaya*), 3 thousand years for air-bodied (*vayukaya*) and 10 thousand years for plant-bodied (*vanaspatikaya*) beings. *(Vritti, leaf 29)*

द्वीन्द्रियादि त्रस–चर्चा **TWO-SENSED AND OTHER MOBILE BEINGS**

[१७–१] बेइंदियाणं ठिई भाणियव्वा। ऊसासो वेमायाए।

[१७–२] बेइंदियाणं आहारे पुच्छा। अणाभोगनिव्वत्तिओ तहेव। तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए से णं असंखेज्जसमइए अंतोमुहुत्तिए वेमायाए आहारट्ठे समुप्पज्जइ। सेसं तहेव जाव अणंतभागं आसायंति।

[१७–१] द्वीन्द्रिय जीवों की स्थिति कहनी चाहिए। उनका श्वासोच्छ्वास विमात्रा से (अनियत) है।

[१७–२] (तत्पश्चात्) द्वीन्द्रिय जीवों के आहार के विषय में इस प्रकार पृच्छा करनी चाहिए–

[प्र.] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीवों को कितने काल में आहार की अभिलाषा होती है ?

[उ.] अनाभोगनिर्वर्तित आहार (निरन्तर) समझना चाहिए। आभोगनिर्वर्तित आहार की अभिलाषा विमात्रा से असंख्यात समय वाले अन्तर्मुहूर्त्त में होती है। शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए, यावत् अनन्तवें भाग का आस्वादन करते हैं।

[17—1] Life-span of two-sensed beings (*dvindriya jiva*) should be stated. There breathing is indeterminate.

[17—Q. 2] *Bhante* ! After what interval of time the two-sensed beings have desire for food (intake) ?

[Ans.] Gautam ! Their desire for involuntary intake arises every moment. The desire for voluntary intake rises indeterminately within one *Antar-muhurt* of innumerable *Samayas* (the ultimate fractional unit of time). Further details should be read as aforesaid up to 'taste infinite portion'.

[१७–प्र. ३] बेइंदिया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति ते किं सव्वे आहारेंति ? नो सव्वे आहारेंति ?

[उ.] गोयमा ! बेइंदियाणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा–लोमाहारे पक्खेवाहारे य। जे पोग्गले लोमाहारत्ताए गिण्हंति ते सव्वे अपरिसेसिए आहारेंति। जे पोग्गले पक्खेवाहारत्ताए गिण्हंति तेसिं णं पोग्गलाणं असंखिज्जभागं आहारेंति, अणेगाइं च णं भागसहस्साइं अणासाइज्जमाणाइं अफासाइज्जमाणाइं विद्धंसमागच्छंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[१७–प्र. ३] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीव जिन पुद्गलों को आहाररूप से ग्रहण करते हैं, क्या वे उन सबका आहार कर लेते हैं ? अथवा उन सबका आहार नहीं करते ?

[उ.] गौतम ! द्वीन्द्रिय जीवों का आहार दो प्रकार का है, जैसे कि–**'रोमाहार'** (रोमों द्वारा खींचा जाने वाला आहार) और **'प्रक्षेपाहार'** (कौर, बूँद आदि रूप में मुँह आदि में डालकर किया जाने वाला)। जिन पुद्गलों को वे रोमाहार द्वारा ग्रहण करते हैं, उन सबका पूर्ण रूप से आहार करते हैं। जिन पुद्गलों को प्रक्षेपाहार द्वारा ग्रहण करते हैं, उन पुद्गलों में से असंख्यातवाँ भाग आहार ग्रहण किया जाता है और (शेष) अनेक–सहस्र भाग बिना आस्वाद किए और बिना स्पर्श किये ही नष्ट हो जाते हैं।

[17—Q. 3] *Bhante* ! Of the matter taken by two-sensed beings do they consume it all or do they not consume all of it ?

[Ans.] Gautam ! The intake by two-sensed beings is of two kinds—*Romahar* (intake through pores) and *Prakshepahar* (intake through mouth in the form of morsel or pouring). Matter particles taken through pores is consumed completely. Of the matter particles taken as morsels through mouth only innumerable fraction is consumed and the remaining portion that is many times more gets destroyed without being tasted or touched.

[१७–प्र. ४] एतेसिं णं भंते ! पोग्गलाणं अणासाइज्जमाणाणं अफासाइज्जमाणाणं य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा ४ ?

[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवा पुग्गला अणासाइज्जमाणा, अफासाइज्जमाणा अणंतगुणा।

[१७–प्र. ४] भगवन् ! इन बिना आस्वादन किये हुए और बिना स्पर्श किये हुए पुद्गलों में से कौन–से पुद्गल, किन पुद्गलों से अल्प हैं, [बहुत हैं, अथवा तुल्य हैं, या विशेषाधिक हैं।]

[उ.] गौतम ! आस्वाद में नहीं आए हुए पुद्गल सबसे थोड़े हैं, (जबकि) स्पर्श में नहीं आये हुए पुद्गल उनसे अनन्तगुणा हैं।

[17—Q. 4] *Bhante* ! Of these not tasted and not touched matter particles which are less (or more or equal or much more) than the other ?

[Ans.] Gautam ! The untasted matter particles are minimum wnereas the untouched matter particles are infinite times more.

[१७–प्र. ५] बेइंदिया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गिण्हंति ते णं तेसिं पुग्गला कीस्त्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?

[उ.] गोयमा ! जिब्भिंदिय–फासिंदिय–वेमायत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

[१७–प्र. ६] बेइंदियाणं भंते ! पुव्वाहारिया पुग्गला परिणया ?

[उ.] तहेव जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[१७–प्र. ५] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीव जिन पुद्गलों को आहार रूप में ग्रहण करते हैं, वे पुद्गल उनके किस रूप में बार-बार परिणत होते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे पुद्गल उनके विविधतापूर्वक जिह्वेन्द्रिय रूप में और स्पर्शेन्द्रिय रूप में बार-बार परिणत होते हैं।

[१७–प्र. ६] हे भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीवों को क्या पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए हैं ?

[उ.] ये 'चलित कर्म की निर्जरा करते हैं' यहाँ तक सारा वक्तव्य पूर्ववत् समझना चाहिए।

[17—Q. 5] *Bhante* ! In what form does the matter ingested by the two-sensed beings continue to get transformed ?

[Ans.] It continues to get transformed into the sense organs of taste and touch in a variety of ways.

[17—Q. 6] Did the matter taken by two-sensed beings in the past get transformed ?

[Ans.] These details should be read as already mentioned up to 'they shed shifting *karmas*.'

[१८ से १९–१] तेइंदिय-चउरिंदियाणं णाणत्तं ठितीए जाव णेगाइं च णं भागसहस्साइं अणाघाइज्जमाणाइं अणासाइज्जमाणाइं अफासाइज्जमाणाइं विद्धंसमागच्छंति।

[१८ से १९–१] त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों की स्थिति में विविधता है, (शेष सब वर्णन पूर्ववत् है) यावत् अनेक-सहस्र भाग बिना सूँघे, बिना चखे तथा बिना स्पर्श किये ही नष्ट हो जाते हैं।

[18 to 19—1] The life-spans of three and four-sensed beings are different. All other details should be read as already mentioned up to 'many thousand times more gets destroyed without being smelt, tasted or touched'.

[१८ से १९–प्र. २] एतेसिं णं भंते ! पोग्गलाणं अणाघाइज्जमाणाणं ३, पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवा पोग्गला अणाघाइज्जमाणा, अणासाइज्जमाणा अणंतगुणा, अफासाइज्जमाणा अणंतगुणा।

[१८ से १९–प्र. २] भगवन् ! इन नहीं सूँघे हुए [नहीं चखे हुए और नहीं स्पर्श किये हुए] पुद्गलों में से कौन किससे थोड़ा, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ? ऐसी पृच्छा करनी चाहिए।

[उ.] गौतम ! नहीं सूँघे हुए पुद्गल सबसे थोड़े हैं, उनसे अनन्तगुणे नहीं चखे हुए पुद्गल हैं, और उनसे भी अनन्तगुणे पुद्गल नहीं स्पर्श किये हुए हैं।

[18 to 19—Q. 2] *Bhante* ! Of these not smelt, not tasted and not touched matter particles which are less (or more or equal or much more) than the other ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! The unsmelt matter particles are minimum whereas the untasted matter particles are infinite times more than these and the untouched are still infinite times more.

[१८–३] तेइंदियाणं घाणिंदिय–जिब्भिंदिय–फासिंदियवेमायत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

[१८–३] त्रीन्द्रिय जीवों द्वारा किया हुआ आहार घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय के रूप में बार–बार परिणत होता है।

[18—3] Matter ingested by the three-sensed beings continues to get transformed into the sense organs of smell, taste and touch.

[१९–३] चउरिंदियाणं चक्खिंदिय–घाणिंदिय–जिब्भिंदिय–फासिंदियत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

[१९–३] चतुरिन्द्रिय जीवों द्वारा किया हुआ आहर चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय के रूप में बार–बार परिणत होता है।

[19—3] Matter ingested by the four-sensed beings continues to get transformed into the sense organs of sight, smell, taste and touch.

विवेचन : विकलेन्द्रिय जीवों की स्थिति–जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त की है, उत्कृष्ट द्वीन्द्रिय की बारह वर्ष की, त्रीन्द्रिय की ४९ अहोरात्र की एवं चतुरिन्द्रिय की छह मास की है।

एक अन्तर्मुहूर्त में असंख्यात समय होने से वह असंख्येय भेद वाला होता है, इसलिए द्वीन्द्रिय जीवों को आभोग आहार की अभिलाषा असंख्यात समय वाले अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् बताई है।

Elaboration—The minimum life-span of *vikalendriyas* (two to four-sensed beings) is *Antar-muhurt* (less than fourty eight minutes). The maximum life-span is twelve years for two-sensed beings, forty nine days and nights (*Ahoratra*) for three-sensed beings and six months for four-sensed beings.

One *Antar-muhurt* has infinite *Samayas* or fractions. This has been specified in the statement—'The desire for voluntary intake rises indeterminately within one *Antar-muhurt* of innumerable *Samayas*.'

[२०] पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं ठितिं भणिऊणं ऊसासो वेमायाए। आहारो अणाभोग–निव्वत्तिओ अणुसमयं अविरहिओ आभोगनिव्वत्तिओ जहन्नेणं अंतोमुहुत्तस्स, उक्कोसेणं छट्ठभत्तस्स। सेसं जहा चउरिंदियाणं जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति।

[२०] पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जीवों की स्थिति कहकर उनका उच्छ्वास विमात्रा से कहना चाहिए, उनका अनाभोगनिर्वर्तित आहार प्रतिसमय होता है। आभोगनिर्वर्तित आहार जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त में और उत्कृष्ट दो दिन व्यतीत होने पर होता है। इसके सम्बन्ध में शेष वक्तव्य 'अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते', यहाँ तक चतुरिन्द्रिय जीवों के समान समझना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[20] After stating the life-span of five-sensed animals (*Tiryanchayonik Panchendriya jivas*) their breathing should be read as indeterminate. Their involuntary intake is every moment. Desire for voluntary intake arises after a minimum gap of one *Antar-muhurt* (less than fourty eight minutes) and maximum gap of two days. The remaining details should be read as those already mentioned with regard to four-sensed beings up to 'they do not shed unmoving *karmas*.'

मनुष्य एवं देवादि विषयक चर्चा HUMAN AND DIVINE BEINGS

[२१] एवं मणुस्साण वि। नवरं आभोगनिव्वत्तिए जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं अट्ठमभत्तस्स। सोइंदिय ५ वेमायत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति। सेसं तहेव जाव निज्जरेंति।

[२१] मनुष्यों के सम्बन्ध में भी ऐसा जानना चाहिए; किन्तु इतना विशेष है कि उनका आभोगनिर्वर्तित आहार जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त में, उत्कृष्ट अष्टम भक्त अर्थात् तीन दिन बीतने पर होता है। पंचेन्द्रिय जीवों द्वारा गृहीत आहार श्रोत्रेन्द्रिय [चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय] इन पाँचों इन्द्रियों के रूप में विमात्रा से बार-बार परिणत होता है। शेष सब वर्णन पूर्ववत् समझ लेना चाहिए; यावत् वे 'अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते।'

[21] The same is true for human beings as well. The difference is that their desire for voluntary intake arises after a minimum gap of one *Antar-muhurt* (less than fourty eight minutes) and maximum gap of three days (*Ashtam bhakt*). Matter ingested by five-sensed beings continues to get transformed indeterminately into the five sense organs including that of hearing (sight, smell, taste and touch). The remaining details should be read as those already mentioned up to 'they do not shed unmoving *karmas*.'

[२२] वाणमंतराणं ठिईए नाणत्तं अवसेसं जहा नागकुमाराणं।

[२३] एवं जोइसियाण वि। नवरं उस्सासो जहन्नेणं मुहुत्तपुहत्तस्स, उक्कोसेण वि मुहुत्तपुहत्तस्स। आहारो जहन्नेणं दिवसपुहत्तस्स, उक्कोसेण वि दिवसपुहत्तस्स। सेसं तहेव।

[२२] वाणव्यन्तर देवों की स्थिति में भिन्नता है। (उसके सिवाय) शेष समस्त वर्णन नागकुमार देवों की तरह समझना चाहिए।

[२३] इसी तरह ज्योतिष्क देवों के सम्बन्ध में भी जान लें। इतनी विशेषता है कि उनका उच्छ्वास जघन्य मुहूर्त्तपृथक्त्व और उत्कृष्ट भी मुहूर्त्तपृथक्त्व के बाद होता है। उनका आहार जघन्य दिवसपृथक्त्व से और उत्कृष्ट दिवसपृथक्त्व के पश्चात् होता है। शेष सारा वर्णन पूर्ववत् है।

[22] There is a difference in the life-span of Vanavyantar Devas (Interstitial gods). Besides this all details are same as those of Naag Kumar gods.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[23] Same is true for Jyotishk Devas (Stellar gods). The only difference is that their respiration has a minimum as well as maximum gap of *Muhurt-prithaktva* (2 to 9 *Muhurt*). The remaining details should be read as those already mentioned up to 'they shed shifting *karmas* and do not shed unmoving *karmas*.'

[२४] वेमाणियाणं ठिती भाणियव्वा ओहिया। ऊसासो जहन्नेणं मुहुत्तपुहत्तस्स, उक्कोसेणं तेत्तीसाए पक्खाणं। आहारो आभोगनिव्वत्तिओ जहन्नेणं दिवसपुहत्तस्स, उक्कोसेणं तेत्तीसाए वाससहस्साणं। सेसं तहेव जाव निज्जरेंति।

[२४] वैमानिक देवों की औधिक स्थिति कहनी चाहिए। उनका उच्छ्वास जघन्य मुहूर्त्तपृथक्त्व से और उत्कृष्ट तेतीस पक्ष के पश्चात् होता है। उनका आभोगनिर्वर्तित आहार जघन्य दिवसपृथक्त्व से और उत्कृष्ट तेतीस हजार वर्ष के पश्चात् होता है। वे 'चलित कर्म की निर्जरा करते हैं, अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते', इत्यादि (यहाँ तक) शेष समग्र वर्णन पूर्ववत् ही समझ लें।

[24] The life-span of Vaimanik Devas (celestial vehicle dwelling gods) is *Aughik* (in general, 1 *Palyopam* to 33 *Sagaropam*). Their respiration has a minimum gap of *Muhurt-prithaktva* and maximum gap of 33 fortnights. Desire for voluntary intake arises after a minimum gap of *Divas-prithaktva* (2 to nine days) and a maximum gap of 33 thousand years. The remaining details should be read as those already mentioned up to 'they shed shifting *karmas* and do not shed unmoving *karmas*.'

विवेचन : प्रस्तुत सूत्रों में तिर्यञ्चपंचेन्द्रिय, मनुष्य एवं तीनों निकायों के देवों का समावेश हो जाता है। तिर्यञ्चपंचेन्द्रिय और मनुष्य की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त की, उत्कृष्ट तीन पल्योपम की है। वाणव्यन्तर देवों की स्थिति जघन्य १० हजार वर्ष, उत्कृष्ट एक पल्योपम की है। ज्योतिष्क देवों की स्थिति जघन्य पल्योपम के ८वें भाग की और उत्कृष्ट एक लाख वर्ष अधिक एक पल्योपम की है। वैमानिक देवों की **औधिक** (समस्त वैमानिक देवों की अपेक्षा से सामान्य) स्थिति कही है। औधिक का परिमाण एक पल्योपम से लेकर तेतीस सागरोपम तक है। इसमें जघन्य स्थिति सौधर्म देवलोक की अपेक्षा से और उत्कृष्ट स्थिति अनुत्तरविमानवासी देवों की अपेक्षा से जानना चाहिए।

तिर्यंचों और मनुष्यों के आहार की अवधि ? प्रस्तुत में तिर्यञ्चपंचेन्द्रिय का आहार षष्ठभक्त (दो दिन) बीत जाने पर बतलाया है, वह देवकुरु और उत्तरकुरु क्षेत्र के यौगलिक तिर्यञ्चों की तथा ऐसी ही स्थिति (आयु) वाले भरत-ऐरवत क्षेत्रीय तिर्यंचयौगलिकों की अपेक्षा से समझें। इसी प्रकार मनुष्यों का आहार अष्टमभक्त बीत जाने पर कहा है, वह भी देवकुरु-उत्तरकुरु के यौगलिक मनुष्यों की तथा भरत-ऐरवत क्षेत्र में जब उत्सर्पिणी काल का छठा आरा समाप्ति पर होता है और अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा प्रारम्भ होता है, उस समय के मनुष्यों की अपेक्षा से समझना चाहिए।

वैमानिक देवों के श्वासोच्छ्वास एवं आहार के परिमाण का सिद्धान्त यह है कि जिस वैमानिक देव की जितने सागरोपम की स्थिति हो, उसका श्वासोच्छ्वास उतने ही पक्ष में होता है और आहार उतने ही हजार वर्ष में होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुहूर्त्तपृथक्त्व : जघन्य और उत्कृष्ट–जघन्य मुहूर्त्तपृथक्त्व में दो या तीन मुहूर्त्त और उत्कृष्ट मुहूर्त्तपृथक्त्व में आठ या नौ मुहूर्त्त होते हैं। *(वृत्ति, पत्रांक ३०-३१)*

Elaboration—Aforesaid four aphorisms discuss five sensed animals, human beings and gods of three dimensions. The life-spans of five sensed animals and human beings vary between a minimum of one *Antar-muhurt* and a maximum of three *Palyopam*. The life-spans of Interstitial gods vary between a minimum of ten thousand years and a maximum of one *Palyopam*. The life-spans of Stellar gods vary between a minimum of one-eighth *Palyopam* and a maximum of one hundred thousand years more than one *Palyopam*. The life-spans of Celestial Vehicle dwelling gods is said to be *Aughik* (common for all Vaimanik gods). It varies between a minimum of one *Palyopam* to a maximum of thirty three *Sagaropam*. The minimum relates to the gods of Saudharma Dev Lok and the maximum relates to those of Anuttar Vimaan.

Intake frequency of animals and human beings—The mention of food intake by animals after two days is in context of the twin animals living in Deva-kuru and Uttar-kuru and the twin animals with same life-span living in Bharat and Airavat area. In the same way the mention of food intake by humans after three days is also in context of the twin humans living in Deva-kuru and Uttar-kuru and the humans with same life-span living in Bharat and Airavat area nearing the end of the sixth epoch during the progressive cycle of time (*Utsarpini*) and at the beginning of the first epoch during the regressive cycle of time.

The general rule about the frequency of respiration for Vaimanik Devas is that the gap is the same number of fortnights as the life-span in *Sagaropams*. In the same way the gap in food intake is the same number of thousand years as the life-span in *Sagaropams*.

Muhurt-prithaktva : *Jaghanya* and *Utkrisht*—*Jaghanya* (minimum) *Muhurt-prithaktva* means two to three *Muhurt* and *Utkrisht* (maximum) *Muhurt-prithaktva* means eight to nine *Muhurt*. *(Vritti, leaf 30-31)*

जीवों की आरंभ विषयक चर्चा HARMFUL INTENT OF BEINGS

७. [प्र. ९] जीवा णं भंते ! किं आयारंभा ? परारंभा ? तदुभयारंभा ? अणारंभा ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइया जीवा आयारंभा वि, परारंभा वि, तदुभयारंभा वि, नो अणारंभा। अत्थेगइया जीवा नो आयारंभा, नो परारंभा, नो तदुभयारंभा, अणारंभा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीव आत्मारम्भी हैं, परारम्भी हैं, तदुभयारम्भी हैं अथवा अनारम्भी हैं ?

[उ.] गौतम ! कितने ही जीव आत्मारम्भी भी हैं, परारम्भी भी हैं और उभयारम्भी भी हैं, किन्तु अनारम्भी नहीं हैं। कितने ही जीव आत्मारम्भी नहीं हैं, परारम्भी नहीं हैं और न ही उभयारम्भी हैं, किन्तु अनारम्भी हैं।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Are living beings *atmaarambhi* (those who inflict harm to beings themselves), *paraarambhi* (those who inflict harm to beings through others), *tadubhyaarambhi* (those who inflict harm both ways) or *anaarambhi* (those who are free of harmful intent) ?

[Ans.] Gautam ! Some living beings are *atmaarambhi, paraarambhi* and *tadubhyaarambhi* but not free of harmful intent (*anaarambhi*). Some living beings are not *atmaarambhi*, not *paraarambhi* and not *tadubhyaarambhi* but are free of harmful intent (*anaarambhi*).

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति–अत्थेगइया जीवा आयारंभा वि ? एवं पडिउच्चारेयव्वं।

[उ.] गोयमा ! जीवा दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–संसारसमावन्नगा य असंसारसमावन्नगा य। तत्थ णं जे ते असंसारसमावन्नगा ते णं सिद्धा, सिद्धा णं नो आयारंभा जाव अणारंभा। तत्थ णं जे ते संसारसमावन्नगा ते दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–संजता य, असंजता य। तत्थ णं जे ते संजता ते दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–पमत्तसंजता य, अप्पमत्तसंजता य। तत्थ णं जे ते अप्पमत्तसंजता ते णं नो आयारंभा, नो परारंभा, जाव अणारंभा। तत्थ णं जे ते पमत्तसंजता ते सुभं जोगं पडुच्च नो आयारंभा जाव अणारंभा, असुभं जोगं पडुच्च आयारंभा वि जाव नो अणारंभा। तत्थ णं जे ते असंजता ते अविरतिं पडुच्च आयारंभा वि जाव नो अणारंभा वि जाव नो अणारंभा। तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–अत्थेगइया जीवा जाव अणारंभा।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं कि कितने ही जीव आत्मारम्भी भी हैं ? इत्यादि पूर्वोक्त सभी प्रश्न का पुनः उच्चारण करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! जीव दो प्रकार के होते हैं, जैसे–संसारसमापन्नक और असंसारसमापन्नक। उनमें से जो जीव असंसारसमापन्नक हैं, वे सिद्ध (मुक्त) हैं और सिद्ध भगवान न तो आत्मारम्भी हैं, न परारम्भी हैं और न ही उभयारम्भी हैं, किन्तु अनारम्भी हैं। जो संसारसमापन्नक जीव हैं, वे दो प्रकार के हैं–संयत और असंयत। संयत दो प्रकार के हैं–प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत। उनमें जो अप्रमत्तसंयत हैं, वे न तो आत्मारम्भी हैं, न परारम्भी हैं और न उभयारम्भी हैं, किन्तु अनारम्भी हैं। जो प्रमत्तसंयत हैं वे शुभयोग की अपेक्षा से न आत्मारम्भी हैं, न परारम्भी हैं और न उभयारम्भी हैं, किन्तु अनारम्भी हैं। वे ही अशुभयोग की अपेक्षा से आत्मारम्भी भी हैं, परारम्भी भी हैं और उभयारम्भी भी हैं, किन्तु अनारम्भी नहीं हैं। जो असंयत हैं, वे अविरति की अपेक्षा आत्मारम्भी हैं, परारम्भी हैं, उभयारम्भी भी हैं, किन्तु अनारम्भी नहीं हैं। इस कारण गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि कितने ही जीव आत्मारम्भी हैं, यावत् अनारम्भी भी हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that some living beings inflict harm themselves (*atmaarambhi*) etc. (repeat the preceding answer) ?

[Ans.] Gautam ! Living beings (*jiva*) are of two kinds—*Samsar-samapannak* (worldly living beings) and *Asamsar-samapannak* (non-worldly living beings). Of these the non-worldly beings are *Siddhas* (liberated souls) and the *Siddhas* are neither *atmarambhi*, nor *pararambhi*, or *tadubhayarambhi* but they are free of harmful intent. The worldly beings are of two kinds—*samyat* (disciplined) and *asamyat* (indisciplined). The disciplined are of two kinds—*pramatt-samyat* (in stupor; negligent) and *apramatt-samyat* (not in stupor; alert). Of these the alert-disciplined ones neither cause harm themselves, nor through others, or both ways but they are free of harmful intent. The negligent-disciplined in context of pious associations (*shubh-yoga*) neither cause harm themselves, nor through others, or both ways but they are free of harmful intent; the same in context of impious associations cause harm themselves, through others, as well as both ways but they are not free of harmful intent. The indisciplined in context of non-restraint (*avirati*) cause harm themselves, through others, as well as both ways but they are not free of harmful intent. That is why, Gautam ! It is said that some living beings are *atmaarambhi* etc.

८. [प्र. १] नेरइयाणं भंते ! किं आयारंभा ? परारंभा ? तदुभयारंभा ? अणारंभा ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया आयारंभा वि जाव नो अणारंभा।

[प्र.] से केणट्ठेणं ? एवं वुच्चइ।

[उ.] गोयमा ! अविरतिं पडुच्च से तेणट्ठेणं जाव नो अणारंभा।

[२ से २०] एवं जाव असुरकुमारा वि, जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणिया।

[२१] मणुस्सा जहा जीवा। नवरं सिद्धविरहिता भाणियव्वा।

[२२ से २४] वाणमंतरा जाव वेमाणिया जहा नेरतिया।

८. [प्र. १] भगवन् ! नैरयिक जीव क्या आत्मारम्भी हैं, परारम्भी हैं, उभयारम्भी हैं या अनारम्भी हैं ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक जीव आत्मारम्भी भी हैं, परारम्भी भी हैं और उभयारम्भी भी हैं, किन्तु अनारम्भी नहीं हैं।

[प्र.] भगवन् ! आप ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! अविरति की अपेक्षा से, अविरति होने के कारण नैरयिक जीव आत्मारम्भी, परारम्भी और उभयारम्भी कहे जाते हैं, किन्तु अनारम्भी नहीं।

[२ से २०] इसी प्रकार असुरकुमार देवों के विषय में भी जान लेना चाहिए, यावत् तिर्यञ्चपञ्चेन्द्रिय तक का भी (आलापक) इसी प्रकार कहना चाहिए।

[२१ से २४] मनुष्यों में भी सामान्य जीवों की तरह जान लें। विशेष यह है कि सिद्धों का कथन छोड़कर। वाणव्यन्तर देवों से वैमानिक देवों तक नैरयिकों की तरह कहना चाहिए।

8. [**Q. 1**] *Bhante* ! Are infernal beings *atmaarambhi* (those who inflict harm to beings themselves), *paraarambhi* (those who inflict harm to beings through others), *tadubhyaarambhi* (those who inflict harm both ways) or *anaarambhi* (those who are free of harmful intent) ?

[**Ans.**] Gautam ! Infernal beings cause harm themselves, through others, as well as both ways but they are not free of harmful intent.

[**Q.**] Bhante ! Why do you say that ?

[**Ans.**] In context of non-restraint (*avirati*), the infernal beings, as they are devoid of any restraint, are said to cause harm themselves, through others, as well as both ways but they are not free of harmful intent.

[2 to 20] Same is true for Asur Kumar gods... and so on up to... *Tiryanch Panchendriya* (five-sensed animals).

[21 to 24] The information about ordinary living beings also applies to human beings except for that stated about *Siddhas*. The information about infernal beings also applies to divine beings from Vanavyantar gods to Vaimanik gods.

सलेश्य जीवों में आरंभ प्ररूपणा SINFUL ACTIVITY OF BEINGS IN CONTEXT OF LESHYA

९. [१] सलेसा जहा ओहिया (सु. ७)। [२] किण्हलेस–नीललेस–काउलेसा जहा ओहिया जीवा, नवरं पमत्त–अप्पमत्ता न भाणियव्वा। तेउलेसा पम्हलेसा सुक्कलेसा जहा ओहिया जीवा (सु. ७), नवरं सिद्धा न भाणियव्वा।

९. [१] लेश्या वाले जीवों के विषय में सामान्य (औधिक) जीवों की तरह कहना चाहिए। [२] कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या वाले जीवों के सम्बन्ध में सामान्य जीवों की भाँति ही सब कथन समझना चाहिए; किन्तु इतना विशेष है कि (सामान्य जीवों के आलापक में उक्त) प्रमत्त और अप्रमत्त यहाँ नहीं कहना चाहिए। तेजोलेश्या वाले, पद्मलेश्या वाले और शुक्ललेश्या वाले जीवों के विषय में भी औधिक जीवों की तरह कहना चाहिए; किन्तु इतना विशेष है कि सामान्य जीवों में से सिद्धों के विषय का कथन यहाँ नहीं करना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. [1] Beings with *leshya* (the colour code indicator of complexion or purity of soul) follow what has been stated about ordinary beings. [2] Beings with *krishna, neel* and *kapot leshya* (black, blue and pigeon hue) follow what has been stated about ordinary beings; the only difference is that the statement about *pramatt* and *apramatt* is not applicable here. Beings with *tejo, padma* and *shukla leshya* (red, pink and white hue) follow what has been stated about ordinary beings; the only difference is that the statement about *Siddhas* is not applicable here.

विशेष शब्दों का अर्थ : आरम्भ–ऐसा सावद्य कार्य करना, जिससे किसी जीव को कष्ट पहुँचे या उसके प्राणों का घात हो। **आत्मारम्भी**–जो स्वयं आस्रवद्वार में प्रवृत्त होता है या आत्मा द्वारा स्वयं आरम्भ करता है। **परारम्भी**–दूसरे से आरम्भ कराने वाला या उसे प्रेरित करने वाला। **तदुभयारम्भी (उभयारंभी)**–जो आत्मारम्भ और परारम्भ दोनों करता है। **अनारम्भी**–जो आरम्भ का सर्वथा त्यागी हो; या जो संयत हो, उपयोगपूर्वक प्रतिलेखना आदि प्रवृत्ति करता हो।

TECHNICAL TERMS

Arambh—to indulge in such sinful activity that harms or kills some living being. *Atmarambhi*—one indulging in sinful activity himself. *Pararambhi*—one who orders or inspires others to indulge in sinful activity. *Tadubhayarambhi* or *ubhayarambhi*—who commits sin himself as well as inspires others to do so. *Anarambhi*—one who abstains completely from all sinful activity; who is disciplined and does everything carefully.

भव की अपेक्षा से ज्ञानादिक चर्चा KNOWLEDGE IN CONTEXT OF BIRTH

१०. [प्र. १] इहभविए भंते ! नाणे ? परभविए नाणे ? तदुभयभविए नाणे ?

[उ.] गोयमा ! इहभविए वि नाणे, परभविए वि नाणे, तदुभयभविए वि नाणे। [२] दंसणं पि एवमेव।

१०. [प्र. १] भगवन् ! क्या ज्ञान इहभविक है ? परभविक है ? या तदुभयभविक है ?

[उ.] गौतम ! ज्ञान इहभविक भी है, परभविक भी है और तदुभयभविक भी है। [२] इसी तरह दर्शन भी जानना चाहिए।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Does knowledge (*jnana*) extend to this birth ? Does it extend to the next or other birth ? Or does it extend to both this and other birth ?

[Ans.] Gautam ! Knowledge extends to this birth, it extends to the next or other birth, and it extends to both this and other birth as well. [2] Same is true for *darshan* (perception/faith).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र. ३] इहभविए भंते ! चरित्ते, परभविए चरित्ते, तदुभयभविए चरित्ते ?

[उ.] गोयमा ! इहभविए चरित्ते, नो परभविए चरित्ते, नो तदुभयभविए चरित्ते। [४] एवं तवे, संजमे।

[प्र. ३] भगवन् ! क्या चारित्र इहभविक है, परभविक है या तदुभयभविक है ?

[उ.] गौतम ! चारित्र इहभविक है, वह परभविक नहीं है और न तदुभयभविक है। [४] इसी प्रकार तप और संयम के विषय में भी जानना चाहिए।

[Q. 3] *Bhante* ! Does conduct (*chaaritra*) extend to this birth ? Does it extend to the next or other birth ? Or does it extend to both this and other birth ?

[Ans.] Gautam ! Conduct extends to this birth, it does not extend to the next or other birth, and neither does it extend to both this and other birth as well. **[4]** Same is true for austerities (*tap*) and self-restraint (*samyam*).

विवेचन : ज्ञान और दर्शन दोनों आत्मा के साथ यहाँ-वहाँ सर्वत्र रहते हैं, किन्तु चारित्र, तप और संयम इस जीवन तक ही रहते हैं। ये परलोक में साथ नहीं रहते, क्योंकि चारित्र, तप, संयम आदि की जो जीवन-पर्यन्त प्रतिज्ञा ली जाती है, वह इस जीवन के समाप्त होने पर पूर्ण हो जाती है, मोक्ष में चारित्र का कुछ भी प्रयोजन नहीं है। देवगति प्राप्त होने पर वहाँ संयम आदि सम्भव नहीं है। उभयभविक का समावेश परभविक में ही हो जाता है, तथापि उसे पृथक् कहने का आशय यह है कि ज्ञान और दर्शन परतरभविक अर्थात् अगले भव से भी अगले भव में साथ जा सकते हैं। बहुत बार पढ़ने-सुनने में आता है, दो-तीन वर्ष के बच्चे जिन्हें अक्षर बोध भी नहीं होता, वे संस्कृत-अंग्रेजी आदि भाषाएँ बोलने लगते हैं, संस्कृत के श्लोकों का निर्दोष उच्चारण करते हैं। इसका कारण भी यही है कि पूर्वभव में पढ़ा हुआ ज्ञान उनकी धारणा में स्थिर रहा है।

Elaboration—*Jnana* (knowledge) and *darshan* (perception/faith) always and everywhere remain with the soul. But *chaaritra* (conduct), *tap* (austerities) and *samyam* (self-restraint) are confined to this life only. They do not accompany the soul to the other birth. This is because the life-long vow of observing right conduct, austerities and self-restraint comes to an end with the end of life. There is no significance of conduct in the liberated state. In the divine realm it is not possible to observe self-restraint etc. Although *parabhavik* (other birth) is naturally included in *ubhayabhavik* (both this and other) but here it has been mentioned separately to indicate that *jnana* and *darshan* may accompany the soul even beyond the next birth. Many instances have been reported where a two to three year old infant, who is yet to learn to read and write, starts reciting Sanskrit or English prose and poetry with faultless pronunciation. The explanation for this is that the knowledge

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

he gained during the last birth remained fixed in his memory and resurfaced during this birth.

असंवुड–संवुड की सिद्धता LIBERATION OF SAMVRIT AND ASAMVRIT

११. [प्र. १] असंवुडे णं भंते ! अणगारे किं सिज्झति, बुज्झति, मुच्चति, परिनिव्वाति, सव्वदुक्खाणमंतं करेति ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव नो अंतं करेइ ?

[उ.] गोयमा ! असंवुडे अणगारे आउयवज्जाओ सत्त कम्मपगडीओ सिढिलबंधणबद्धाओ घणिसबंधणबद्धाओ पकरेति, हस्सकालट्ठितीयाओ दीहकालट्ठितीयाओ पकरेति, मंदाणुभागाओ तिव्वाणुभागाओ पकरेति, अप्पपदेसग्गाओ बहुप्पदेसग्गाओ पकरेति, आउगं च णं कम्मं सिय बंधति, सिय नो बंधति, अस्सातावेदणिज्जं च णं कम्मं भुज्जो भुज्जो उवचिणाति, अणादीयं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं संसारकंतारं अणुपरियट्टइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! असंवुडे अणगारे नो सिज्झति जाव णो अंतं करेइ।

११. [प्र. १] भगवन् ! क्या असंवृत अनगार सिद्ध होता है, बुद्ध होता है, मुक्त होता है, निर्वाण प्राप्त करता है तथा समस्त दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! वह किस कारण से सिद्ध नहीं होता, यावत् सब दुःखों का अन्त नहीं करता ?

[उ.] गौतम ! असंवृत अनगार आयुकर्म को छोड़कर शेष शिथिलबन्धन से बद्ध सात कर्मप्रकृतियों को गाढ़बन्ध से बद्ध करता है; अल्पकालीन स्थिति वाली कर्मप्रकृतियों को दीर्घकालिक स्थिति वाली करता है; मन्द अनुभाग वाली प्रकृतियों को तीव्र अनुभाग वाली करता है; अल्पप्रदेश वाली प्रकृतियों को बहुतप्रदेश वाली करता है और आयुकर्म को कदाचित् बाँधता है एवं कदाचित् नहीं बाँधता; असातावेदनीय कर्म का बार-बार उपार्जन करता है; तथा अनादि अनवदग्र–अनन्त, दीर्घमार्ग वाले, चतुर्गति वाले, संसाररूपी अरण्य में बार-बार परिभ्रमण करता है। गौतम ! इस कारण से असंवृत अनगार सिद्ध नहीं होता, यावत् समस्त दुःखों का अन्त नहीं करता।

11. [Q. 1] *Bhante* ! Does an ascetic who has not blocked the inflow of *karmas* (*asamvrit*) get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), freed of cyclic rebirth (*parinivrit*), and end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason that he does not get perfected (*Siddha*), ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! Besides *ayu-karma* (life-span determining *karma*) an *asamvrit* ascetic transforms *karmas* of seven species from those having

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

weak bondage into those having strong bondage; those having short duration into those having long duration; those having low intensity into those having high intensity; and those having less space-points into those having more space-points. He sometimes acquires the bondage of *ayu-karma* and sometimes not. He also continues to acquire *asatavedaniya karma* (*karma* causing pain) and move around in the endless, infinite, extended forest of cycles of rebirth having four genuses. Gautam ! For this reason an *asamvrit* ascetic does not get perfected (*Siddha*), ... and so on up to... end all miseries.

[प्र. २] संवुडे णं भंते ! अणगारे सिज्झति ५ ?

[उ.] हंता, सिज्झति जाव अंतं करेति।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते !

[उ.] गोयमा ! संवुडे अणगारे आउयवज्जाओ सत्त कम्मपगडीओ धणियबंधणबद्धाओ सिढिलबंधणबद्धाओ पकरेति, दीहकालट्ठितीयाओ हस्सकालट्ठितीयाओ पकरेति, तिव्वाणुभागाओ मंदाणुभागाओ पकरेति, बहुपएसग्गओ अप्पपएसग्गओ पकरेति, आउयं च णं कम्मं न बंधति, अस्सायावेयणिज्जं च णं कम्मं नो भुज्जो भुज्जो उवचिणाति, अणाईयं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतं संसारकंतारं वीतीवयति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–संवुडे अणगारे सिज्झति जाव अंतं करेति।

[प्र. २] भगवन् ! क्या संवृत अनगार सिद्ध होता है, यावत् सब दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह सिद्ध हो जाता है, यावत् सब दुःखों का अन्त करता है।

[प्र.] भगवन् ! वह किस कारण से सिद्ध हो जाता है ?

[उ.] गौतम ! संवृत अनगार आयुष्यकर्म को छोड़कर शेष गाढ़बन्धन से बँधी सात कर्मप्रकृतियों को शिथिलबन्धन वाली कर देता है; दीर्घकालिक स्थिति वाली कर्मप्रकृतियों को ह्रस्व (थोड़े) काल की स्थिति वाली कर देता है, तीव्र रस (अनुभाव) वाली प्रकृतियों को मन्द रस वाली कर देता है; बहुतप्रदेश वाली प्रकृतियों को अल्पप्रदेश वाली कर देता है और आयुष्यकर्म को नहीं बाँधता। वह असातावेदनीय कर्म का बार–बार उपचय नहीं करता, (अतएव वह) अनादि–अनन्त दीर्घमार्ग वाले चतुर्गति रूप संसार–अरण्य को पार कर जाता है। इस कारण से, गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि संवृत अनगार सिद्ध हो जाता है, यावत् सब दुःखों का अन्त कर देता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Does an ascetic who has blocked the inflow of *karmas* (*samvrit*) gets perfected (*Siddha*)... and so on up to... ends all miseries ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He gets perfected (*Siddha*)... and so on up to... ends all miseries.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for that ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! Besides *ayu-karma* (life-span determining *karma*) a *samvrit* ascetic transforms *karmas* of seven species from those having strong bondage into those having weak bondage; those having long duration into those having short duration; those having high intensity into those having low intensity; and those having more space-points into those having less space-points. He does not acquire the bondage of *ayu-karma*. He also discontinues to acquire *asatavedaniya karma* (*karma* causing pain) and (thus) crosses the endless, infinite, extended forest of cycles of rebirth having four genuses. Gautam ! For this reason it is said that a *samvrit* ascetic gets perfected (*Siddha*), ... and so on up to... ends all miseries.

विशेष शब्दों की व्याख्या : जिस साधु ने अनगार होकर हिंसादि आस्रवद्वारों को रोका नहीं है वह **असंवृत** है। आस्रवद्वारों का निरोध करके संवर की साधना करने वाला मुनि **संवृत अनगार** है। ये छठे गुणस्थान (प्रमत्तसंयत) से लेकर चौदहवें गुणस्थानवर्ती तक होते हैं। संवृत अनगार दो प्रकार के होते हैं–चरमशरीरी और अचरमशरीरी। जिन्हें दूसरा शरीर धारण नहीं करना पड़ेगा, वे एकभवावतारी चरमशरीर और जिन्हें दूसरा शरीर (सात–आठ भव तक) धारण करना पड़ेगा, वे अचरमशरीरी होते हैं। प्रस्तुत सूत्र चरमशरीरी की अपेक्षा से है। दोनों में अन्तर यह है कि अचरमशरीरी संवृत अनगार उसी भव में मोक्ष भले न जाएँ मगर वे ७–८ भवों में अवश्य मोक्ष जायेंगे ही। इस प्रकार उनकी भव–परम्परा की सीमा ७–८ भवों तक की ही है। अपार्धपुद्गलपरावर्तन की जो परम्परा अन्यत्र कही गई है, वह विराधक की अपेक्षा से समझना चाहिए।

'सिज्झइ' आदि पाँच पदों का अर्थ और क्रम–अन्तिम जन्म प्राप्त करके जो मोक्षगमनयोग्य होता है, वही **सिद्ध** (सिद्धिप्राप्त) होता है; **बुद्ध** तभी कहेंगे जब केवलज्ञान प्राप्त होगा। जो बुद्ध हो जाता है, उसके केवल भवोपग्राही अघातिकर्म शेष रहते हैं, भवोपग्राही कर्म को जब वह प्रतिक्षण छोड़ता है, तब **मुक्त** कहलाता है। भवोपग्राही कर्मों को प्रतिक्षण क्षीण करने वाला वह महापुरुष कर्मपुद्गलों को ज्यों–ज्यों क्षीण करता जाता है, त्यों–त्यों शीतल होता जाता है, इस प्रकार की शीतलता–शांति प्राप्त करना ही **निर्वाणप्राप्त** करना है। वही जीव अपने भव के अन्त समय में जब समस्त कर्मों का सर्वथा क्षय कर चुकता है, तब अपने **समस्त दुःखों का अन्त** करता है। **अनादिकं** (जिसकी आदि न हो), **अनवदग्रम्** (अन्त से रहित–अनन्त), **दीहमद्धं**–जिसका अध्व (मार्ग) या **अद्धा**–काल दीर्घ–लम्बा हो।

TECHNICAL TERMS

Asamvrit—an ascetic who, after renouncing household, does not put a stop to violence and other sources of inflow of *karmas*. *Samvrit*—an ascetic who practices *samvar* by blocking the sources of inflow of *karmas*. These ascetics are at the sixth to fourteenth *Gunasthaan* levels. *Samvrit* ascetics are of two kinds—*charam-shariri* and *acharam-shariri*. Those who do not have to reincarnate again and are in their last physical body are called *charam-shariri* and those who have to further reincarnate for seven to eight births are called *acharam-shariri*. This

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

aphorism is about the *charam-shariris*. The *acharam-shariri* ascetics do not get liberated at the end of the birth under consideration but they are certain to get liberated within seven to eight rebirths. Thus the maximum limit of their reincarnations is seven to eight. The limit of *Apardhapudgalaparavartan* (an extremely long unit of time) stated elsewhere relates to the transgressors.

The meaning and order of *Siddha* and following four terms—One who gets born only for the last time and is destined to get liberated is called *Siddha* (perfected). Only after he attains omniscience (*Keval-jnana*) he is called *buddha*. One who becomes *buddha* is left with only the incarnation sustaining *karmas* (*bhavopagrahi karma*) that are non-vitiating (*aghaati*). When he sheds these incarnation sustaining *karmas* every moment he is called *Mukta*. As he continues to shed these *karmas* he keeps on enhancing his serenity. Acquiring such serenity is to attain *Nirvana*. During the last moments of his life, when he completely destroys all his *karmas*, he ends all his miseries.

Anadikam—without a beginning. *Anavadagram*—wihtout an end or infinite. *Dihamaddham*—one whose path (*adhva*) or life-span (*addha*) is long.

असंयत जीव की देवगति विषयक चर्चा DIVINE BIRTH OF THE INDISCIPLINED

१२. [प्र. १] जीवे णं भंते ! असंजते अविरते अप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मं इतो चुए पेच्चा देवे सिया ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए देवे सिया, अत्थेगइए नो देवे सिया।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव इतो चुए पेच्चा अत्थेगइए देवे सिया, अत्थेगइए नो देवे सिया ?

[उ.] गोयमा ! जे इमे जीवा गामाऽऽगर–नगर–निगम–रायहाणि–खेड–कब्बड–मडंब–दोणमुह–पट्टणाऽऽसम–सन्निवेसेसु अकामतण्हाए अकामछुहाए अकामबंभचेरवासेणं अकामअण्हाणग सेय–जल्ल–मल–पंकपरिदाहेणं अप्पतरो वा भुज्जतरो वा कालं अप्पाणं परिकिलेसंति, अप्पाणं परिकिलेसइत्ता कालमासे कालं किच्चा अन्नतरेसु वाणमंतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति।

१२. [प्र. १] भगवन् ! असंयत, अविरत तथा जिसने पापकर्म का त्याग नहीं किया है, वह जीव इस लोक से च्यव (मर) कर क्या परलोक में देव होता है ?

[उ.] गौतम ! कोई जीव देव होता है और कोई देव नहीं होता।

[प्र.] भगवन् ! यहाँ से च्यवकर परलोक में कोई जीव देव होता है और कोई देव नहीं होता; इसका क्या कारण है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! जो ये जीव ग्राम, आकर (खान), नगर, निगम (व्यापारिक केन्द्र), राजधानी, खेट (खेड़ा), कर्बट (खराब नगर), मडम्ब (चारों ओर ढाई-ढाई कोस तक बस्ती से रहित बस्ती), द्रोणमुख (बन्दरगाह जलपथ-स्थलपथ से युक्त बस्ती), पट्टण (पत्तन-मण्डी, जहाँ देश-देशान्तर से आया हुआ माल उतरता है), आश्रम (तापस आदि का स्थान), सन्निवेश (घोष आदि लोगों का आवास-स्थान) आदि स्थानों में अकाम तृषा (प्यास) से, अकाम क्षुधा से, अकाम ब्रह्मचर्य से, अकाम शीत, आतप तथा डाँस-मच्छरों के काटने के दुःख को सहने से, अकाम अस्नान, पसीना, जल्ल (धूल लिपट जाना), मैल तथा पंक से होने वाले परिदाह से थोड़े समय तक या बहुत समय तक अपने आप को क्लेशित करते हैं; वे अपने आप को (पूर्वोक्त प्रकार से) क्लेशित करके मृत्यु के समय पर मरकर वाणव्यन्तर देवों के किसी देवलोक में देवरूप से उत्पन्न होते हैं।

12. [Q. 1] *Bhante* ! When the indisciplined (*asamyat*), non-abstinent (*avirat*) and he who has neither atoned for nor given up sinful acts passes away from this world, does he reincarnate as a divine being ?

[Ans.] Gautam ! Some soul becomes a god and some does not.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for some being, after passing away from this world, reincarnating as a god and some not ?

[Ans.] Gautam ! These beings living in *gram* (village), *aakar* (settlement near a mine), *nagar* (city), *nigam* (trade center), capital, *khet* (kraal), *karbat* (market), *madamb* (borough), *dronmukh* (hamlet), *pattan* (harbour), *ashram* (hermitage) and *sannivesh* (temporary settlement) suffer pain for a short or a long period without volition due to thirst, hunger, celibacy, cold, heat and insect-bite (mosquitos, wasps etc.) as well as discomfort due to not bathing, sweating, smearing of dust, dirt and slime. Such beings after said sufferance pass away at the time of death and reincarnate as gods in some divine realm of Vanavyantar Devas (interstitial gods).

वाणव्यन्तर देवलोक का स्वरूप DESCRIPTION OF VANAVYANTAR DEV LOK

[प्र. २] केरिसा णं भंते ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए इहं असोगवणे इ वा, सत्तावण्णवणे इ वा, चंपगवणे इ वा, चूतवणे इ वा, तिलगवणे इ वा, लउयवणे इ वा, णिग्गोहवणे इ वा, छत्तोववणे इ वा, असणवणे इ वा, सणवणे इ वा, अयसिवणे इ वा, कुसुंभवणे इ वा, सिद्धत्थवणे इ वा, बंधुजीवगवणे इ वा णिच्चं कुसुमित माइत लवइत थवइय गुलुइत गुच्छित जमलित जुवलित विणमित पणमित सुविभत्त पिंडमंजरिवडेंसगधरे सिरीए अईव अईव उवसोभेमाणे उवसोभेमाणे चिट्ठति, एवामेव तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा जहन्नेणं दसवासहस्सट्ठितीएहिं उक्कोसेणं पलिओवमट्ठितीएहिं बहूहिं *वाणमंतरेहिं देवेहि य देवीहि य आइण्णा*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वितकिण्णा उवत्थडा संथडा फुडा अवगाढगाढा सिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणा चिट्ठंति। एरिसगा णं गोतमा ! तेसिं वाणमंतराणं देवाणं देवलोगा पण्णत्ता। से तेणट्ठेणं गोतमा ! एवं वुच्चति—जीवे णं असंजए जाव देवे सिया।

[प्र. २] भगवन् ! उन वाणव्यन्तर देवों के देवलोक किस प्रकार के होते हैं ?

[उ. २] गौतम ! जैसे इस मनुष्यलोक में नित्य **कुसुमित** (सदा फूला हुआ), **मयूरित** (मौर-पुष्पविशेष वाला), **लवकित** (कोंपलों वाला), फूलों के गुच्छों वाला, लतासमूह वाला, पत्तों के गुच्छों वाला, **यमल** (समान श्रेणी के) वृक्षों वाला, युगल वृक्षों वाला, फल-फूल के भार से नमा हुआ, फल के भार से झुकने की प्रारम्भिक अवस्था वाला, विभिन्न प्रकार की बालों और मंजरियों रूपी मुकुटों को धारण करने वाला अशोकवन, सप्तपर्णवन, चम्पकवन, आम्रवन, तिलक वृक्षों का वन, तुम्बे की लताओं का वन, वटवृक्षों का वन, क्षत्रोघवन, अशनवृक्षों का वन, **सन** (पटसन) वृक्षों का वन, अलसी के पौधों का वन, कुसुम्ब वृक्षों का वन, सफेद सरसों का वन, **दुपहरिया** (बन्धुजीवक) वृक्षों का वन, इत्यादि वन शोभा से अतीव-अतीव उपशोभित होता है; इसी प्रकार वाणव्यन्तर देवों से और उनकी देवियों से **आकीर्ण**—व्याप्त, **व्याकीर्ण**—विशेष व्याप्त, एक-दूसरे पर आच्छादित, परस्पर मिले हुए, हलके प्रकाश वाले, अत्यन्त अवगाढ़ **श्री**—शोभा से अतीव-अतीव सुशोभित रहते हैं। गौतम ! उन वाणव्यन्तर देवों के स्थान-देवलोक इसी प्रकार के हैं। इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि असंयत जीव मरकर यावत् कोई देव होता है और कोई देव नहीं होता।

[Q. 2] *Bhante* ! What is the description of the divine realm belonging to the Vanavyantar Devas ?

[Ans.] Gautam ! Just as in this world of human beings there are forests of Ashoka trees, Saptaparna trees, Champak trees, mango trees, Tilak trees, gourd creepers, banyan trees, Kshatrogh trees, Ashan trees, hessian trees, Alasi plants, Kusumb trees, white mustard trees, Bandhujivak trees and many other trees resplendent and always laden with flowers, buds, leaves, clusters of flowers and bunches of leaves; embraced by creepers like Jasmine and heavy with the flourishing greenery, swaying gracefully in the wind; some stand in a row and others always in pairs; many are bent low due to the load of flowers, fruits and leaves (*vinamit*); and some even touch the ground due to excessive weight; and they appear as if they have plumed crests in the form of beautiful buds and danglers; likewise is the dense, shaded dimly lit and enchantingly beautiful divine realm of the Vanavyantar gods inhabited and crowded by these gods and goddesses. Gautam ! Such is the divine realm of the Vanavyantar gods. For this reason it is said that some of the indisciplined (*asamyat*) after death reincarnate as gods and some do not.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष शब्दों की व्याख्या : असंयत–असाधु या संयमरहित। अविरत–प्राणातिपात आदि पापों से विरतिरूप व्रतरहित। अप्रतिहत–प्रत्याख्यातपापकर्मा–(१) जिसने भूतकालीन पापों को निन्दा गर्हा आदि के द्वारा पाप नष्ट (निराकृत) नहीं किया है तथा जिसने भविष्यकालीन पापों का प्रत्याख्यान–त्याग नहीं किया है। अकाम–कर्मनिर्जरा की अभिलाषा के बिना जो कष्ट सहन आदि किया जाये, उससे होने वाली निर्जरा अकामनिर्जरा है। मोक्षप्राप्ति की कामना–स्वेच्छा या उद्देश्य से ज्ञानपूर्वक जो निर्जरा की जाती है, वह सकामनिर्जरा कहलाती है। अकामनिर्जरा वाले वाणव्यन्तरादि देव होते हैं, जबकि सकामनिर्जरा वाले साधक वैमानिक देवों की उत्तम से उत्तम स्थिति प्राप्त करके मोक्ष की भी आराधना कर सकते हैं। वाणव्यन्तर–वनविशेष में उत्पन्न होने अर्थात् बसने और वहीं क्रीड़ा करने वाले देव।

TECHNICAL TERMS

Asamyat—ignoble or indisciplined. *Avirat*—non-abstinent or one who has not taken vows of abstaining from sinful acts including that of non-killing. *Apratihat-pratyakhyat-paapkarma*—one who has not atoned for past sins by self-criticism and remorse, and not resolved to abstain from sins in future. *Akam*—the natural shedding of *karmas* due to sufferance without an intent of shedding *karmas* is called *akam nirjara*. The shedding of *karmas* done voluntarily with the intent of getting liberated is called *sakam nirjara*. Those who do *akam nirjara* reincarnate as Vanavyantar gods and those who do *sakam nirjara* reincarnate as higher Vaimanik gods and may even proceed on the path of liberation. Vanavyantar—divine beings born, dwelling and enjoying in specific forests.

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति भगवं गोतमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति वंदित्ता नमंसित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

॥ पढमे सए : पढमो उद्देसो समत्तो ॥

हे भगवन् ! 'यह इसी प्रकार है, यह इसी प्रकार है'; ऐसा कहकर भगवान गौतम श्रमण भगवान महावीर को वन्दना करते हैं, नमस्कार करते हैं; वन्दना–नमस्कार करके संयम तथा तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते हैं।

॥ प्रथम शतक : प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

Bhante ! "Indeed that is so. Indeed that is so." With these words ascetic Gautam paid homage and obeisance to Bhagavan Mahavir and resumed his activities enkindling (*bhaavit*) his soul with ascetic-discipline and austerities.

● END OF THE FIRST LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम शतक : द्वितीय उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : SECOND LESSON

दुःख MISERY

१. रायगिहे नगरे समोसरणं। परिसा निग्गता जाव एवं वयासी–

१. राजगृह नगर में (भगवान का) समवसरण हुआ। (उनके दर्शन–वन्दन–श्रवणार्थ) परिषद् निकली। यावत् (श्री गौतम स्वामी) ने इस प्रकार पृच्छा की–

1. In Rajagriha city was held the *samavasaran* (religious assembly) (of Bhagavan Mahavir). People came out... and so on up to... (Gautam Swami) submitted as follows—

जीव के स्वकृत–दुःखवेदन SELF-CREATED SUFFERANCE

२. [प्र. १] जीवे णं भंते ! सयंकडं दुक्खं वेदेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइयं वेदेति, अत्थेगइयं नो वेदेति।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–अत्थेगइयं वेदेति, अत्थेगइयं नो वेदेति ?

[उ.] गोयमा ! उदिण्णं वेदेति, अणुदिण्णं नो वेदेति, से तेणट्ठेणं एवं वुच्चति–अत्थेगइयं वेदेति, अत्थेगइयं नो वेदेति। एवं चउव्वीसदंडएणं जाव वेमाणिए।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीव स्वयंकृत दुःख (कर्म) को भोगता है ?

[उ.] गौतम ! किसी को भोगता है, किसी को नहीं भोगता।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि किसी को भोगता है और किसी को नहीं भोगता ?

[उ.] गौतम ! उदीर्ण (उदय में आये) दुःखहेतुक कर्म को भोगता है, अनुदीर्ण दुःखहेतुक कर्म को नहीं भोगता है, अनुदीर्ण दुःख–कर्म को नहीं भोगता, इसीलिए कहा गया है कि किसी कर्म को भोगता है और किसी कर्म को नहीं भोगता। इसी प्रकार वैमानिक देवों पर्यन्त चौबीस दंडकों के लिए जानना चाहिए।

2. **[Q. 1]** *Bhante* ! Does a *jiva* (living being/soul) suffer misery caused by self-acquired *karmas* ?

[Ans.] He suffers some and does not suffer some misery.

[Q. 2] Bhante ! Why do you say that he suffers some and does not suffer some ?

[Ans.] Gautam ! He suffers the fructified (*udirna*) misery-causing *karmas* and does not suffer the unfructified (*anudirna*) misery-causing *karmas*. As he does not suffer the unfructified (*anudirna*) misery-causing

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

karmas, it is said that he suffers some and does not suffer some. The same is true for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimanik Devas.

३. [प्र. १] जीवा णं भंते ! सयंकडं दुक्खं वेदेंति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइयं वेदेंति, अत्थेगइयं णो वेदेंति।

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! उदिण्णं वेदेंति, नो अणुदिण्णं वेदेंति, से तेणट्ठेणं एवं जाव वेमाणिया।

३. [प्र. १] भगवन् ! क्या (बहुत-से) जीव स्वयंकृत दुःख भोगते हैं ?

[उ.] गौतम ! किसी कर्म (दुःख) को भोगते हैं, किसी को नहीं भोगते।

[प्र. २] भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! उदीर्ण (कर्म) को भोगते हैं, अनुदीर्ण को नहीं भोगते, इस कारण ऐसा कहा गया है। इस प्रकार यावत् नैरयिक से लेकर वैमानिक तक चौबीसों दण्डकों के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर समझ लेना चाहिए।

3. [Q. 1] *Bhante* ! Do (many) *jivas* (living beings/souls) suffer misery caused by self-acquired *karmas* ?

[Ans.] They suffer some and do not suffer some.

[Q. 2] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! They suffer the fructified (*udirna*) misery-causing *karmas* and do not suffer the unfructified (*anudirna*) misery-causing *karmas*. That is why it is said that they suffer some and do not suffer some. The same is true for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) from infernal beings up to Vaimanik Devas.

आयु-वेदन चर्चा LIFE-SPAN

४. [प्र.] जीवे णं भंते ! सयंकडं आउयं वेदेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइयं वेदेति जहा दुक्खेणं दो दंडगा तहा आउएण वि दो दंडगा एगत्तपोहत्तिया; एगत्तेणं जाव वेमाणिया, पुहत्तेण वि तहेव।

४. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव स्वयंकृत आयु को भोगता है ?

[उ.] गौतम ! किसी को भोगता है, किसी को नहीं भोगता। जैसे-दुःख-कर्म के विषय में दो दण्डक कहे हैं, उसी प्रकार आयुष्य (कर्म) के सम्बन्ध में भी एकवचन और बहुवचन वाले दो दण्डक कहने चाहिए। एकवचन से यावत् वैमानिकों तक कहना, इसी प्रकार बहुवचन से भी (वैमानिकों) तक कहना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

4. [Q.] *Bhante* ! Does a *jiva* (living being/soul) experience life-span determined by self-acquired *karmas* ?

[Ans.] He experiences some and does not experiences some. Like the two statements about misery-causing *karmas*, two statements in context of singular number and plural number should be read about life-span determining *karma*. In context of singular it should be read up to Vaimaniks and same should be done in context of plural.

विवेचन : उक्त तीनों सूत्रों का सार यह है कि–प्राणी स्वयं ही स्वकृतकर्म के फलस्वरूप सुख या दुःख भोगता है। आयुष्यकर्म का फल भी एक के बदले दूसरा नहीं भोग सकता। हाँ, जिस साता–असातावेदनीय आदि या आयुष्यकर्म का फल कदाचित् वर्तमान में नहीं दिखाई देता, उसका कारण यह है कि वर्तमान में वे कर्म उदय में नहीं आये हुए (अनुदय–अवस्था में) हैं, जब वे उदयावस्था में आते हैं, तभी फल देते हैं।

Elaboration—The gist of the aforesaid three aphorisms is that a being suffers pleasure or pain due to self-acquired *karmas*. The consequences of even the life-span determining *karma* acquired by one person cannot be suffered by another. It is true that consequences of some pleasure and pain causing or life-span determining *karmas* may not be apparent at the present moment. The reason for this is that these *karmas* have not undergone fruition at present (i.e. they are in a dormant state). *Karmas* provide fruits only when they fructify.

चौबीस दंडक में समानत्व चर्चा [नैरयिक]

SIMILARITIES IN TWENTY FOUR DANDAKS (INFERNAL BEINGS)

५. [प्र. १] नेरइया णं भंते ! सव्वे समाहारा, सव्वे समसरीरा, सव्वे समुस्सास–नीसासा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति–नेरइया नो सव्वे समाहारा, नो सव्वे समसरीरा, नो सव्वे समुस्सास–निस्सासा ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–महासरीरा य अप्पसरीरा य। तत्थ णं जे ते महासरीरा ते बहुतराए पोग्गले आहारेंति, बहुतराए पोग्गले परिणामेंति, बहुतराए पोग्गले उस्ससंति, बहुतराए पोग्गले नीससंति, अभिक्खणं आहारेंति, अभिक्खणं परिणामेंति, अभिक्खणं ऊससंति, अभिक्खणं निस्ससंति। तत्थ णं जे ते अप्पसरीरा ते णं अप्पतराए पोग्गले आहारेंति, अप्पतराए पोग्गले परिणामेंति, अप्पतराए पोग्गले उस्ससंति, अप्पतराए पोग्गले नीससंति, आहच्च आहारेंति, आहच्च परिणामेंति, आहच्च उस्ससंति, आहच्च नीससंति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–नेरइया नो सव्वे समाहारा जाव नो सव्वे समुस्सास–निस्सासा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. [प्र. १] भगवन् ! क्या सभी नारक जीव समान आहार वाले, समान शरीर वाले तथा समान उच्छ्वास-निःश्वास वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं कि सभी नारक जीव समान आहार वाले, समान शरीर वाले तथा समान उच्छ्वास-निःश्वास वाले नहीं हैं ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक जीव दो प्रकार के होते हैं; जैसे कि-महाशरीरी और अल्पशरीरी (छोटे शरीर वाले)। इनमें जो महाशरीर वाले हैं, वे बहुत पुद्गलों का आहार करते हैं, बहुत (आहृत) पुद्गलों का परिणमन करते हैं, बहुत पुद्गलों को उच्छ्वास रूप में ग्रहण करते हैं और बहुत पुद्गलों को निःश्वास रूप से छोड़ते हैं तथा वे बार-बार आहार लेते हैं, बार-बार उसे परिणमाते हैं, तथा बार-बार उच्छ्वास-निःश्वास लेते हैं तथा जो छोटे शरीर वाले नारक हैं, वे थोड़े पुद्गलों का आहार करते हैं, थोड़े-से (आहृत) पुद्गलों का परिणमन करते हैं और थोड़े पुद्गलों को उच्छ्वास रूप से ग्रहण करते हैं तथा थोड़े-से पुद्गलों को निःश्वास रूप से छोड़ते हैं। वे कदाचित् आहार करते हैं, कदाचित् उसे परिणमाते हैं और कदाचित् उच्छ्वास तथा निःश्वास लेते हैं। इसलिए गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक जीव समान आहार वाले, समान शरीर वाले और समान उच्छ्वास-निःश्वास वाले नहीं हैं।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same intake, body (physical dimensions) and respiration ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that all infernal beings do not have the same intake, body (physical dimensions) and respiration ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—*mahashariri* (large bodied) and *alpashariri* (small bodied). Of these the large bodied ones take large number of matter particles, transform large number of matter particles so taken, inhale large number of matter particles and exhale large number of matter particles. They also have frequent intake, frequent transformation, frequent inhalation and frequent exhalation. On the other hand the small bodied ones take small number of matter particles, transform small number of matter particles so taken, inhale small number of matter particles and exhale small number of matter particles. They also have infrequent intake, infrequent transformation, infrequent inhalation and infrequent exhalation. That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same intake, body (physical dimensions) and respiration.

[प्र. २] नेरइया णं भंते ! सव्वे समकम्मा ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–पुव्योववन्नगा य पच्छोववन्नगा य। तत्थ णं जे ते पुव्योववन्नगा ते णं अप्पकम्मतरागा। तत्थ णं जे ते पच्छोववन्नगा ते णं महाकम्मतरागा। से तेणट्ठेणं एवं.....।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सभी नारक समान कर्म वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! नारकी जीव दो प्रकार के होते हैं–(१) पूर्वोपपन्नक (पहले उत्पन्न हुए), और (२) पश्चादुपपन्नक (पीछे उत्पन्न हुए)। इनमें से जो पूर्वोपपन्नक हैं वे अल्पकर्म वाले हैं और जो उनमें पश्चादुपपन्नक हैं, वे महाकर्म वाले हैं, इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक समान कर्म वाले नहीं हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same *karmic* bondage ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later). Of these those born earlier have lesser *karmas* (left with lighter *karmic* bondage) and those born later have more *karmas* (left with heavier *karmic* bondage). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same *karmic* bondage.

[प्र. ३] नेरइया णं भंते ! सव्वे समवण्णा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं तह चेव.....?

[उ.] गोयमा ! जे ते पुव्योववन्नगा ते णं विसुद्धवण्णतरागा तहेव से तेणट्ठेणं एवं.....।

[प्र. ३] भगवन् ! क्या सभी नारक समवर्ण वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! पूर्वोक्त कथनवत् नारक दो प्रकार के होते हैं–(१) पूर्वोपपन्नक, और (२) पश्चादुपपन्नक। इनमें जो पूर्वोपपन्नक हैं, वे विशुद्ध वर्ण वाले हैं, तथा जो पश्चादुपपन्नक हैं, वे अविशुद्ध वर्ण वाले हैं, इसीलिए ऐसा कहा जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Q.** 3] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same colour ?

[**Ans.**] Gautam ! That is not possible.

[**Q.**] *Bhante* ! Why do you say so ?

[**Ans.**] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later). Of these those born earlier have pure colour and those born later have impure colour. That is why, Gautam ! It is said so.

[प्र. ४] नेरइया णं भंते ! सव्वे समलेसा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव नो सव्वे समलेसा ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—पुव्वोववन्नगा य पच्छोववन्नगा य। तत्थ णं जे ते पुव्वोववन्नगा ते णं विसुद्धलेसतरागा, तत्थ णं जे ते पच्छोववन्नगा ते णं अविसुद्धलेसतरागा। से तेणट्ठेणं. एवं.....।

[प्र. ४] भगवन् ! क्या सब नैरयिक समान लेश्या वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से कहा जाता है कि सभी नैरयिक समान लेश्या वाले नहीं हैं ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के होते हैं—(१) पूर्वोपपन्नक, और (२) पश्चादुपपन्नक। इनमें जो पूर्वोपपन्नक हैं, वे विशुद्ध लेश्या वाले और जो पश्चादुपपन्नक हैं, वे अविशुद्ध लेश्या वाले हैं, इस कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक समान लेश्या वाले नहीं हैं।

[**Q.** 4] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same *leshya* (complexion of soul) ?

[**Ans.**] Gautam ! That is not possible.

[**Q.**] *Bhante* ! Why do you say so ?

[**Ans.**] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later). Of these those born earlier have pure *leshya* (complexion of soul) and those born later have impure *leshya* (complexion of soul). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same *leshya* (complexion of soul).

[प्र. ५] नेरइया णं भंते ! सव्वे समवेदणा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–सण्णिभूया य असण्णिभूया य। तत्थ णं जे ते सण्णिभूया ते णं महावेयणतरागा, तत्थ णं जे ते असण्णिभूया ते णं अप्पवेयणतरागा। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं.....।

[प्र. ५] भगवन् ! क्या सब नारक समान वेदना वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के होते हैं, यथा–(१) संज्ञिभूत, और (२) असंज्ञिभूत। इनमें जो संज्ञिभूत हैं, वे महावेदना वाले हैं और जो असंज्ञिभूत हैं, वे (अपेक्षाकृत) अल्प वेदना वाले हैं। इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सब नारक समान वेदना वाले नहीं हैं।

[Q. 5] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same pain (intensity of suffering) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Sanjnibhoot* (having awareness/righteousness), and (2) *Asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness). Of these the *sanjnibhoot* (having awareness/righteousness) suffer great pain and *asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness) suffer little pain. That is why, Gautam ! it is said that all infernal beings do not have the same pain (intensity of suffering).

[प्र. ६] नेरइया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–सम्मद्दिट्ठी मिच्छादिट्ठी सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थ णं जे ते सम्मदिट्ठी तेसि णं चत्तारि किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–१ आरंभिया, २ पारिग्गहिया, ३ मायावत्तिया, ४ अपच्चक्खाणकिरिया। तत्थ णं जे ते मिच्छादिट्ठी तेसि णं पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा–आरंभिया जाव मिच्छादंसणवत्तिया। एवं सम्मामिच्छादिट्ठीणं पि। से तेणट्ठेणं गोयमा !.....

[प्र. ६] भगवन् ! क्या सभी नैरयिक समान क्रिया वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! नारक तीन प्रकार के होते हैं, यथा–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि (मिश्रदृष्टि)। जो सम्यग्दृष्टि हैं, उनके चार क्रियाएँ होती हैं–(१) आरम्भिकी, (२) पारिग्रहिकी, (३) मायाप्रत्यया, और (४) अप्रत्याख्यानक्रिया। जो मिथ्यादृष्टि हैं, उनमें आरम्भिकी से लेकर मिथ्यादर्शनप्रत्यया तक पाँच क्रियाएँ होती हैं। इसी प्रकार सम्यग्–मिथ्यादृष्टि के भी पाँचों क्रियाएँ समझनी चाहिए। इस कारण गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सब नारक समान क्रिया वाले नहीं हैं।

[Q. 6] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) have four activities—(1) *Arambhiki* (act of violence), (2) *Paarigrahiki* (act of possession and hoarding), (3) *Maayapratyayaa* (activity involved in indulgence in deceit), and (4) *Apratyakhyana kriya* (indisciplined action in absence of resolve of abstainment). The *Mithyadrishti* (unrighteous) have five activities from *Arambhiki* to (5) *Mithyadarshanapratyayaa* (activity involved in indulgence in false perception/faith); the same is true for *Samyag-mithyadrishti* (mixed). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same activities.

[प्र. ७] नेरइया णं भंते ! सव्वे समाउया ? सव्वे समोववन्नगा ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया चउव्विहा पण्णत्ता। तं जहा–१. अत्थेगइया समाउया समोववन्नगा, २. अत्थेगइया समाउया विसमोववन्नगा, ३. अत्थेगइया विसमाउया समोववन्नगा, ४. अत्थेगइया विसमाउया विसमोववन्नगा। से तेणट्ठेणं गोयमा !.....

[प्र. ७] भगवन् ! क्या सभी नारक समान आयुष्य वाले हैं और समोपपन्नक–एक साथ उत्पन्न होने वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव चार प्रकार के होते हैं–(१) **समायुष्क समोपपन्नक** समान आयु वाले और एक साथ उत्पन्न हुए, (२) **समायुष्क विषमोपपन्नक** (समान आयु वाले और पहले–पीछे उत्पन्न हुए),

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) **विषमायुष्क समोपपन्नक** (विषम आयु वाले, किन्तु एक साथ उत्पन्न हुए), और (४) **विषमायुष्क-विषमोपपन्नक** (विषम आयु वाले और पहले-पीछे उत्पन्न हुए)। इसी कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक समान आयु वाले और एक साथ उत्पन्न होने वाले नहीं हैं।

[Q. 7] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same life-span and simultaneous genesis ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of four kinds—(1) *Samayushk samopapannak*—with same life-span and simultaneous genesis, (2) *Samayushk vishamopapannak*—with same life-span and staggered genesis, (3) *Vishamayushk samopapannak*—with varied life-span and simultaneous genesis, and (4) *Vishamayushk vishamopapannak*—with varied life-span and staggered genesis. That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same life-span and simultaneous genesis.

असुरकुमारादि की समानत्व चर्चा SIMILARITIES IN ASUR KUMARS AND OTHER GODS

६. [प्र. १] असुरकुमारा णं भंते ! सव्वे समाहारा ? सव्वे समसरीरा ?

[उ.] जहा नेरइया तहा भाणियव्वा। नवरं कम्म-वण्ण-लेसाओ परित्थल्लेयव्वाओ-पुव्वोववन्नगा महाकम्मतरागा, अविसुद्धवण्णतरागा, अविसुद्धलेसतरागा। पच्छोववन्नगा पसत्था। सेसं तहेव। [२] एवं जाव थणियकुमारा।

६. [प्र. १] भगवन् ! क्या सब असुरकुमार समान आहार वाले और समान शरीर वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारों के सम्बन्ध में सब वर्णन नैरयिकों के समान ही समझना चाहिए। विशेषता यह है कि असुरकुमारों के कर्म, वर्ण और लेश्या नैरयिकों से विपरीत अर्थात्-पूर्वोपपन्नक असुरकुमार महाकर्म वाले, अविशुद्ध वर्ण वाले और अशुद्ध लेश्या वाले हैं, जबकि पश्चादुपपन्नक प्रशस्त हैं। शेष सब पहले के समान जानना चाहिए। [२] इसी प्रकार (नागकुमारों से लेकर) यावत् स्तनितकुमारों (तक) समझना चाहिए।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Do all Asur Kumars have the same intake and body (physical dimensions) ?

[Ans.] Gautam ! All the description regarding Asur Kumars should be read as that stated about infernal beings. The only difference is that the *karma*, colour and *leshya* of Asur Kumars are in reverse order than those of infernal beings. In other words the *Purvopapannak* (born earlier) Asur Kumars are with heavy *karmas*, impure colours and impure *leshyas*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

whereas the *Pashchadupapannak* (born later) ones are superior. Remaining details are same. [2] The same is true (for other divine beings from Naag Kumars) up to Stanit Kumars.

पृथ्वीकायादि समानत्व चर्चा **SIMILARITIES IN PRITHVIKAYA ETC.**

७. [१] पुढविक्काइयाणं आहार–कम्म–वण्ण–लेसा जहा नेरइयाणं।

७. [१] पृथ्वीकायिक जीवों का आहार, कर्म, वर्ण और लेश्या नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

7. [1] The details of intake, *karma*, colour and *leshya* of *prithvikayik jivas* (earth-bodied beings) should be read to be the same as those of infernal beings.

[प्र. २] पुढविक्काइया णं भंते सव्वे समवेदणा ?

[उ.] हंता, समवेयणा।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे असण्णी असण्णिभूयं अणिदाए वेयणं वेदेंति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं .....।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सब पृथ्वीकायिक जीव समान वेदना वाले हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे समान वेदना वाले हैं।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! समस्त पृथ्वीकायिक जीव असंज्ञी हैं और असंज्ञीभूत जीव वेदना को **अनिदा**– (अनिर्धारित) रूप से वेदते हैं। इस कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी पृथ्वीकायिक समान वेदना वाले हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all earth-bodied beings have the same pain (intensity of suffering) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the same pain.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! All earth-bodied beings are *asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness). And *asanjnibhoot* beings suffer pain indeterminately. That is why, Gautam ! it is said that all earth-bodied beings have the same pain (intensity of suffering).

[प्र. ३] पुढविक्काइया णं भंते ! समकिरिया ?

[उ.] हंता, समकिरिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे माई मिच्छादिट्ठी, ताणं नियइयाओ पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा–१ आरंभिया जाव ५ मिच्छादंसणवत्तिया। से तेणट्ठेणं समकिरिया। समाउया, समोववन्नगा जहा नेरइया तहा भाणियव्वा।

[प्र. ३] भगवन् ! क्या सभी पृथ्वीकायिक जीव समान क्रिया वाले हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे सभी समान क्रिया वाले हैं।

[प्र.] भगवन् ! आप ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक जीव मायी और मिथ्यादृष्टि हैं। इसलिए उन्हें आरम्भिकी यावत् मिथ्यादर्शनप्रत्यया निश्चित रूप से पाँचों क्रियाएँ लगती हैं। इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी पृथ्वीकायिक जीव समान क्रिया वाले हैं। जैसे नारक जीवों में समायुष्क और समोपपन्नक आदि चार भंग कहे हैं, वैसे ही पृथ्वीकायिक जीवों में भी कहने चाहिए।

[Q. 3] *Bhante* ! Do all earth-bodied beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the same activities.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! All earth-bodied beings are *maayi* (deceitful) and *mithyadrishti* (unrighteous) and therefore as a rule they have all five activities from *arambhiki* (act of violence) to *Mithyadarshanapratyayaa* (activity involved in indulgence in false perception/faith). That is why, Gautam ! it is said that all earth-bodied beings have the same activities. The four classifications of same life-span and simultaneous genesis stated about infernal beings should be repeated here about earth-bodied beings.

८. जहा पुढविक्काइया तहा जाव चउरिंदिया।

८. जिस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवों के आहारादि के सम्बन्ध में निरूपण किया है, उसी प्रकार अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तक के जीवों के सम्बन्ध में समझ लेना चाहिए।

8. The details about intake and other things mentioned about earth-bodied beings are also applicable to beings from *apkaya* (water-bodied beings), *tejaskaya* (fire-bodied beings), *vayukaya* (air-bodied beings), *vanaspatikaya* (plant-bodied beings), *dvindriya* (two-sensed beings), *trindriya* (three-sensed beings) and *chaturindriya* (four-sensed beings).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. [१] पंचिंदियतिरिक्खजोणिया जहा नेरइया। नाणत्तं किरियासु।

९. [१] पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीवों के आहारादि के सम्बन्ध में कथन भी नैरयिकों के समान समझना चाहिए; केवल क्रियाओं में भिन्नता है।

9. [1] The details about intake and other things of five sensed animals (*Panchendriya Tiryanchayonik jivas*) are also similar to those mentioned about infernal beings. The only difference is about activities.

[प्र. २] पंचिंदियतिरिक्खजोणिया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ?

[उ.] गोयमा ! पंचिंदियतिरिक्खजोणिया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थं णं जे ते सम्मद्दिट्ठी ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–अस्संजता य, संजताऽसंजता य। तत्थ णं जे ते संजताऽसंजता तेसि णं तिन्नि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–१ आरंभिया २ परिग्गहिया ३ मायावत्तिया। असंजताणं चत्तारि। मिच्छादिट्ठीणं पंच। सम्मामिच्छादिट्ठीणं पंच।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सभी पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव समान क्रिया वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! पंचेन्द्रियतिर्यंचयोनिक जीव तीन प्रकार के होते हैं, यथा–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि। उनमें जो सम्यग्दृष्टि हैं, वे दो प्रकार के हैं, जैसे कि–असंयत और संयतासंयत। उनमें जो संयतासंयत हैं, उन्हें तीन क्रियाएँ लगती हैं। वे इस प्रकार–आरम्भिकी, पारिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। उनमें जो असंयत हैं, उन्हें अप्रत्याख्यानी क्रिया सहित चार क्रियाएँ लगती हैं। जो मिथ्यादृष्टि तथा सम्यग्–मिथ्यादृष्टि हैं, उन्हें पाँचों क्रियाएँ लगती हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all five sensed animals have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Five sensed animals are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) are of two kinds—*asamyat* (indisciplined) and *samyatasamyat* (disciplined-cum-indisciplined). Of these the *samyatasamyat* have three activities—(1) *Arambhiki*, (2) *Parigrahiki*, and (3) *Maayapratyayaa*. The *asamyat*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

have four activities (including *Apratyakhyana kriya*). The *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed) have all the five activities including *Mithyadarshanapratyayaa*).

मनुष्य–देव समानत्व चर्चा SIMILARITIES IN HUMAN AND DIVINE BEINGS

१०. [१] मणुस्सा जहा नेरइया (सूत्र ५)। णाणत्तं–जे महासरीरा ते आहच्च आहारेंति। जे अप्पसरीरा ते अभिक्खणं आहारेंति ४। सेसं जहा नेरइयाणं जाव वेयणा।

१०. [१] मनुष्यों का आहारादि सम्बन्धित निरूपण नैरयिकों के समान (सूत्र ५ के अनुसार) समझना चाहिए। उनमें अन्तर इतना ही है कि जो महाशरीर वाले हैं, वे बहुत पुद्गलों का आहार करते हैं, और वे कभी–कभी आहार करते हैं, इसके विपरीत जो अल्प शरीर वाले हैं, वे अल्प पुद्गलों का आहार करते है; और बार–बार करते हैं। शेष वेदना पर्यन्त सब वर्णन नारकों के समान समझना चाहिए।

10. [1] The details about intake and other things of human beings (*manushya*) are also similar to those mentioned about infernal beings (aphorism 5). The only difference is that those with large bodies have intake of large number of matter particles and it is infrequent, on the other hand those with small bodies have intake of meager number of matter particles and it is frequent. Remaining description up to pain is the same as that of infernal beings.

[प्र. २] मणुस्सा णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! मणुस्सा तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–सम्मद्दिट्ठी मिच्छादिट्ठी सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थ णं जे ते सम्मद्दिट्ठी ते तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–संजता अस्संजता संजतासंजता य। तत्थ णं जे ते संजता ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–सरागसंजता य वीतरागसंजता य। तत्थ णं जे ते वीतरागसंजता ते णं अकिरिया। तत्थ णं जे ते सरागसंजता ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–पमत्तसंजता य अपमत्तसंजता य। तत्थ णं जे ते अप्पमत्तसंजता तेसि णं एगा मायावत्तिया किरिया कज्जति। तत्थ णं जे ते पमत्तसंजता तेसि णं दो किरियाओ कज्जंति, तं जहा–आरम्भिया य १ मायावत्तिया य २। तत्थ णं जे ते संजतासंजता तेसि णं आइल्लाओ तिन्नि किरियाओ कज्जंति। अस्संजताणं चत्तारि किरियाओ कज्जंति–आरं. ४। मिच्छादिट्ठीणं पंच। सम्मामिच्छादिट्ठीणं पंच ५।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सब मनुष्य समान क्रिया वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नहीं है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! मनुष्य तीन प्रकार के होते हैं, यथा–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि। उनमें जो सम्यग्दृष्टि हैं, वे तीन प्रकार के हैं, यथा–संयत, संयतासंयत और असंयत। उनमें जो संयत हैं, वे दो प्रकार के हैं, यथा–सरागसंयत और वीतरागसंयत। उनमें जो वीतरागसंयत हैं, वे क्रियारहित हैं, तथा जो सरागसंयत हैं, वे भी दो प्रकार के हैं, जैसे–प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत। उनमें जो अप्रमत्तसंयत हैं, उन्हें एक मायाप्रत्यया क्रिया लगती है। उनमें जो प्रमत्तसंयत हैं, उन्हें दो क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी और मायाप्रत्यया। तथा उनमें जो संयतासंयत हैं, उन्हें आदि की तीन क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी, पारिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। असंयतों को चार क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्यया और अप्रत्याख्यानी क्रिया। मिथ्यादृष्टियों को पाँचों क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्यया, अप्रत्याख्यानी क्रिया और मिथ्यादर्शनप्रत्यया। सम्यग्–मिथ्यादृष्टियों को भी ये पाँचों क्रियाएँ लगती हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all human beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Human beings are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) are of three kinds—*samyat* (disciplined), *samyatasamyat* (disciplined-cum-indisciplined) and *asamyat* (indisciplined). Of these the *samyat* are of two kinds—*saragasamyat* (disciplined with attachment) and *vitaragasamyat* (disciplined and detached). The *vitaragasamyat* are devoid of action and the *saragasamyat* are again of two kinds—*pramattasamyat* (accomplished but negligent), and *apramattasamyat* (accomplished and alert). The *apramattasamyat* (accomplished and alert) have only one activity, *maayapratyayaa*. The *pramattasamyat* (accomplished but negligent) have two activities—*arambhiki* and *maayapratyayaa*. The *samyatasamyat* have first three activities—*arambhiki, paarigrahiki* and *maayapratyayaa*. The *asamyat* have four activities—*arambhiki, paarigrahiki, maayapratyayaa* and *apratyakhyana kriya*. The *Mithyadrishti* (unrighteous) have all the five activities—*arambhiki, paarigrahiki, maayapratyayaa, apratyakhyana kriya mithyadarshanapratyayaa*. The *Samyag-mithyadrishti* (mixed) too have all these five activities.

११. वाणमंतर–जोतिस–वेमाणिया जहा असुरकुमारा (सु. ६)। नवरं वेयणाए नाणत्तं–मायिमिच्छादिट्ठीउववन्नगा य अप्पवेदणतरागा, अमायिसम्मद्दिट्ठीउववन्नगा य महावेयणतरागा भाणियव्वा जोतिस–वेमाणिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक के आहारादि के सम्बन्ध में सब वर्णन असुरकुमारों के समान समझना चाहिए। विशेषता यह है कि इनकी वेदना में भिन्नता है। ज्योतिष्क और वैमानिकों में जो मायी-मिथ्यादृष्टि के रूप में उत्पन्न हुए हैं, वे अल्प वेदना वाले हैं, और जो अमायी-सम्यग्दृष्टि के रूप में उत्पन्न हुए हैं, वे महावेदना वाले होते हैं।

11. The details about intake and other things of Vanavyantar (interstitial), Jyotishk (stellar) and Vaimanik (celestial vehicle dwelling) gods are similar to those mentioned about Asur Kumars. The only difference is about their pain. Among Jyotishk and Vaimanik gods those born as deceitful and unrighteous experience less suffering and those born as non-deceitful and righteous experience great suffering.

चौबीस दण्डकों में लेश्या विचार LESHYA IN TWENTY FOUR DANDAKS

१२. [प्र.] सलेसा णं भंते ! नेरइया सव्वे समाहारगा ?

[उ.] ओहियाणं, सलेसाणं, सुक्कलेसाणं, एएसि णं तिण्हं एक्को गमो। कण्हलेस नीललेसाणं पि एक्को गमो, नवरं वेदणाए-मायिमिच्छादिट्ठीउववन्नगा य, अमायिसम्मद्दिट्ठीउववण्णगा य भाणियव्वा। मणुस्सा किरियासु सराग-वीयराग-पमत्तापमत्ता ण भाणियव्वा। काउलेसाण वि एसेव गमो, नवरं नेरइए जहा ओहिए दंडए तहा भाणियव्वा। तेउलेसा पम्हलेसा जस्स अत्थि जहा ओहिओ दंडओ तहा भाणियव्वा, नवरं मणुस्सा सरागा वीयरागा य न भाणियव्वा।

गाहा-दुक्खाऽऽउए उदिण्णे, आहारे, कम्म-वण्ण-लेसा य।
समवेदण समकिरिया समाउए चेव बोद्धव्वा॥१॥

१२. [प्र.] भगवन् ! क्या लेश्या वाले समस्त नैरयिक समान आहार वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! औधिक (सामान्य), सलेश्य एवं शुक्ललेश्या वाले इन तीनों का एक समान पाठ कहना चाहिए। कृष्णलेश्या और नीललेश्या वालों का एक समान पाठ कहना चाहिए, किन्तु उनकी वेदना में इस प्रकार भेद है-मायी-मिथ्यादृष्टि-उपपन्नक और अमायी-सम्यग्दृष्टि-उपपन्नक कहने चाहिए। तथा कृष्णलेश्या और नीललेश्या (के सन्दर्भ) में मनुष्यों के समान सरागसंयत, वीतरागसंयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत भेद नहीं कहना चाहिए। तथा कापोतलेश्या में भी यही पाठ कहना चाहिए। भेद यह है कि कापोतलेश्या वाले नैरयिकों को औधिक दण्डक के समान कहना चाहिए। तेजोलेश्या और पद्मलेश्या वालों को भी औधिक दण्डक के समान कहना चाहिए। विशेषता यह है कि इनमें मनुष्यों के समान सराग और वीतराग का भेद नहीं कहना चाहिए; क्योंकि तेजोलेश्या और पद्मलेश्या वाले सराग ही होते हैं।

गाथार्थ-दुःख (कर्म) और आयुष्य उदीर्ण हो तो वेदते हैं। आहार, कर्म, वर्ण, लेश्या, वेदना, क्रिया और आयुष्य, इन सबकी समानता के सम्बन्ध में पहले कहे अनुसार ही समझना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

12. [Q.] *Bhante* ! Do all the infernal beings with *leshya* (soul complexion) have same intake ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings in general, those with *leshya* and those with *shukla leshya* (white hue) fall in the same category. Those with *krishna leshya* (black hue) and *neel leshya* (blue hue) fall in the same category but there is a difference in their suffering which follows the pattern of *maayi-mithyadrishti upapannak* (born with deceit and unrighteousness) and *amaayi-samyakdrishti upapannak* (born without deceit and with righteousness). And the variations of *saragasamyat, vitaragasamyat, pramattasamyat* and *apramattasamyat* as mentioned with regard to humans are not to be stated here with regard to *krishna leshya* and *neel leshya*. Those with *kapot leshya* (pigeon hue) follow the same pattern (like *krishna leshya*), the only difference is that they follow the pattern of infernal beings in general (*aughik*). Those with *tejoleshya* (fiery or red hue) and *padma leshya* (pink hue) also follow the pattern of infernal beings in general (*aughik*). The only difference is that the variations of *saraga* and *vitaraga* as mentioned with regard to humans are not to be stated here. This is because those with *tejoleshya* and *padma leshya* are *sarag* (with attachment) as a rule.

The verse—Misery and life-span (*karmas*) are experienced as they fructify. As regards the similarity of intake, *karma*, colour, pain, activity and life-span, they should be read as stated earlier.

१३. [प्र.] कति णं भंते ! लेसाओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] **गोयमा ! छल्लेसाओ पण्णत्ताओ। तं जहा–लेसाणं बीओ उद्देसओ भाणियव्वो जाव इड्ढी।**

१३. [प्र.] भगवन् ! लेश्याएँ कितनी कही गई हैं ?

[उ.] गौतम ! लेश्याएँ छह हैं। यथा–कृष्ण, नील, कापोत, तेजस्, पद्म और शुक्ल। यहाँ प्रज्ञापनासूत्र के १७वाँ लेश्यापद का द्वितीय उद्देशक ऋद्धि की वक्तव्यता तक कहना चाहिए।

13. [Q.] Bhante ! How many *leshyas* (complexion of soul) have been stated ?

[Ans.] Gautam ! There are six *leshyas—krishna, neel, kapot, tejas, padma* and *shukla* (black, blue, pigeon or grey, red, pink and white). Here the text from *Prajnapana Sutra*, Second chapter, 17th verse title *Leshya* should be read up to the statement about *Riddhi*.

विवेचन : ५वें सूत्र से ११वें सूत्र तक नारकी से लेकर वैमानिक तक चौबीस दण्डकों के सम्बन्ध में निम्नोक्त दस द्वार–सम्बन्धी प्रश्नोत्तर हैं–(१) सम–आहार, (२) सम–शरीर, (३) सम–उच्छ्‌वास–निःश्वास,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) सम-कर्म, (५) सम-वर्ण, (६) सम-लेश्या, (७) सम-वेदना, (८) सम-क्रिया, (९) समायुष्क, तथा (१०) समोपपन्नक। इन सूत्रों में आई विशेष अवधारणाओं की व्याख्या इस प्रकार है–

छोटा-बड़ा शरीर आपेक्षिक–प्रस्तुत में नैरयिकों का छोटा और बड़ा शरीर अपेक्षा से है। नारकों का छोटे से छोटा शरीर अंगुल के असंख्यातवें भाग जितना है और बड़े से बड़ा ५०० धनुष के बराबर है। ये दोनों प्रकार के शरीर भवधारणीय शरीर की अपेक्षा से हैं। उत्तरवैक्रिय शरीर जघन्य अंगुल के संख्यातवें भाग तक और उत्कृष्ट शरीर एक हजार धनुष का हो सकता है।

नारक : अल्पकर्मी एवं महाकर्मी–जो नारक पहले उत्पन्न हो चुके, उन्होंने नरक का आयुष्य तथा अन्य कर्म बहुत-से भोग लिए हैं, अतएव उनके बहुत-से कर्मों की निर्जरा हो चुकी है, इस कारण वे अल्पकर्मी हैं। जो नारक बाद में उत्पन्न हुए हैं, उन्हें आयु और सात कर्म बहुत भोगने बाकी हैं, इसलिए वे महाकर्मी (बहुत कर्म वाले) हैं।

संज्ञीभूत-असंज्ञीभूत–वृत्तिकार ने संज्ञीभूत के अनेक अर्थ बताए हैं–(१) संज्ञा का अर्थ है–सम्यग्दर्शन; सम्यग्दृष्टि जीव को संज्ञीभूत कहते हैं। अथवा जो पहले असंज्ञी (मिथ्यादृष्टि) था, और अब संज्ञी (सम्यग्दृष्टि) हो गया है, अर्थात्–जो नरक में ही मिथ्यात्व को छोड़कर सम्यग्दृष्टि हुआ है, वह संज्ञी संज्ञीभूत कहलाता है। असंज्ञीभूत का अर्थ मिथ्यादृष्टि है। संज्ञीभूत (सम्यग्दृष्टि) को नरक में जाने पर पूर्वकृत अशुभ कर्मों का विचार करने से घोर पश्चात्ताप होता है–इस प्रकार की मानसिक वेदना के कारण वह महावेदना का अनुभव करता है। असंज्ञीभूत–मिथ्यादृष्टि को स्वकृत कर्मफल के भोग का कोई ज्ञान या विचार तथा पश्चात्ताप नहीं होता, और न ही उसे मानसिक पीड़ा होती है, इस कारण असंज्ञीभूत नैरयिक अल्पवेदना का अनुभव करता है। (२) इसी प्रकार संज्ञीभूत यानी संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव में तीव्र अशुभ परिणाम हो सकते हैं, फलतः वह सातवीं नरक तक जा सकता है। जो जीव आगे की नरकों में जाता है, उसे अधिक वेदना होती है। असंज्ञीभूत (नरक में जाने से पूर्व असंज्ञी) जीव रत्नप्रभा के तीव्र वेदनारहित स्थानों में उत्पन्न होता है, इसलिए उसे अल्पवेदना होती है। (३) इसी प्रकार संज्ञिभूत अर्थात्–पर्याप्त को महावेदना और असंज्ञीभूत अर्थात् अपर्याप्त को अल्पवेदना होती है।

असुरकुमारों का आहार मानसिक होता है। आहार ग्रहण करने का मन होते ही इष्ट, कान्त आदि आहार के पुद्गल आहार के रूप में परिणत हो जाते हैं।

असुरकुमारों का आहार और श्वासोच्छ्वास–एक असुरकुमार एक दिन के अन्तर से आहार करता है, और दूसरा असुरकुमार देव सातिरेक (साधिक) एक हजार वर्ष में एक बार आहार करता है। अतः सातिरेक एक हजार वर्ष में एक बार आहार करने वाले की अपेक्षा एक दिन के अन्तर से आहार करने वाला बार-बार आहार करता है, ऐसा कहा जाता है। यही बात श्वासोच्छ्वास के सम्बन्ध में समझ लेनी चाहिए। सातिरेक एक पक्ष में श्वासोच्छ्वास लेने वाले असुरकुमार की अपेक्षा सात स्तोक में श्वासोच्छ्वास लेने वाला असुरकुमार बार-बार श्वासोच्छ्वास लेता है, ऐसा कहा जाता है।

असुरकुमार के कर्म, वर्ण और लेश्या का कथन नारकों से विपरीत क्यों ?–इस विपरीतता का कारण यह है कि पूर्वोपपन्नक असुरकुमारों का चित्त अतिकन्दर्प और दर्प से युक्त होने से वे नारकों को बहुत त्रास देते हैं। त्रास सहन करने से नारकों के तो कर्मनिर्जरा होती है, किन्तु असुरकुमारों के नये कर्मों का बन्ध होता है। वे अपनी क्रूर भावना एवं विकारादि के कारण अशुद्धता बढ़ाते हैं। उनका पुण्य क्षीण होता जाता है। पापकर्म बढ़ता जाता है, इसलिए वे महाकर्मी होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृथ्वीकायिक आदि जीवों को मायी-मिथ्यादृष्टि कहने का कारण स्पष्ट करते हुए बताया है, इसका एक कारण है-अनन्तानुबंधी कषाय। जिनको अनन्तानुबन्धी कषाय होता है, वे मिथ्यादृष्टि होते हैं। दूसरा अर्थ है-वे मूर्च्छित और उन्मत्त पुरुष की तरह बेसुध होकर कर्मों का फल भोगते हैं। उन्हें यह ज्ञान नहीं होता कि हमें यह पीड़ा कौन दे रहा है और क्यों दे रहा है। किस कर्म के उदय से यह वेदना हो रही है तथा मायाचरण का सेवन करने के कारण ही वे पृथ्वीकाय में आये हैं।

मनुष्यों के आहार की विशेषता-मनुष्य दो प्रकार के होते हैं-महाशरीरी और अल्पशरीरी। महाशरीरी मनुष्य और नारकी दोनों बहुत पुद्गलों का आहार करते हैं, किन्तु दोनों के पुद्गलों में बहुत अन्तर है। महाशरीरी नारकी जिन पुद्गलों का आहार करते हैं, वे निःसार और स्थूल होते हैं, जबकि मनुष्य-विशेषतः देवकुरु-उत्तरकुरु के भोगभूमिज मनुष्य जिन पुद्गलों का आहार करते हैं, वे सारभूत और सूक्ष्म होते हैं। भोगभूमिज मनुष्यों का शरीर तीन गाऊ का होता है और उनका आहार अष्टभक्त-अर्थात्-तीन दिन में एक बार होता है, इस अपेक्षा से महाशरीरी मनुष्यों को कदाचित् आहार करने वाले (एक दृष्टि से अल्पाहारी) कहा गया है। जैसे एक तोला चाँदी से एक तोला सोने में अधिक पुद्गल होते हैं, वैसे ही देवकुरु-उत्तरकुरु के मनुष्यों का आहार दीखने में कम होते हुए भी सारभूत होने से उसमें अल्पशरीरी मनुष्य के आहार की अपेक्षा अधिक पुद्गल होते हैं। इस दृष्टि से उन्हें बहुत पुद्गलों का आहार करने वाला कहा गया है। अल्पशरीरी मनुष्यों का आहार निःसार एवं थोड़े पुद्गलों का होने से उन्हें बार-बार करना पड़ता है।

विशेष शब्दों की व्याख्या : जो संयम का पालन करता है, किन्तु जिसका संज्वलन कषाय क्षीण या उपशान्त नहीं हुआ, वह **सरागसंयत** है। जिसके कषाय का सर्वथा क्षय या उपशम हो गया है, वह **वीतरागसंयत** है।

सयोग केवली क्रियारहित कैसे ?-जो महापुरुष कषायों से सर्वथा मुक्त हो गये हैं, वे कर्मबन्ध की कारणभूत क्रिया से रहित हैं। यद्यपि सयोगी अवस्था में योग की प्रवृत्ति से होने वाली ईर्यापथिक क्रिया उनमें विद्यमान है, तथापि कषायरहित होने से वह क्रिया नहीं के बराबर है, इन क्रियाओं में उनकी गणना नहीं है। अप्रमत्तसंयत में मायाप्रत्यया क्रिया इसलिए होती है कि उसमें अभी कषाय अवशिष्ट है और कषाय के निमित्त से होने वाली क्रिया मायाप्रत्यया कहलाती है। *(क्रियाओं की व्याख्या स्थानांग, भाग १, २/२-३'१ में की जा चुकी है)*

Elaboration—Aphorisms 5 to 11 have question-answers about the following ten sources of *karmas* (*dvar*) related to the twenty four *dandaks* (places of suffering) starting from infernal beings to celestial vehicle dwelling gods—(1) *Sam-ahar* (similarity of intake), (2) *Sam-sharir* (similarity of body), (3) *Sam-uchchhavas-nihshvas* (similarity of inhalation-exhalation), (4) *Sam-karma* (similarity of *karma*), (5) *Sam-varna* (similarity of appearance or colour), (6) *Sam-leshya* (similarity of soul-complexion), (7) *Sam-vedana* (similarity of suffering of pain), (8) *Sam-kriya* (similarity of activities), (9) *Sam-ayushk* (similarity of life-span), (10) *Sam-upapannak* (similarity of genesis). Explanation of some unique concepts from these aphorisms are as follows—

Relative sizes of bodies—The small and large sizes of infernal beings mentioned here are relative. The smallest body of an infernal being is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

equivalent to innumerable fraction of an *Angul* (width of a finger) and the largest is 500 *Dhanush* (cubits). These sizes are in context of incarnation sustaining body (*bhavadharaniya sharira*). The minimum size of secondary transmuted body (*uttar-vaikriya sharira*) can be countable fraction of an *Angul* and the maximum can be 1,000 *Dhanush*.

Infernal beings with light and heavy *karmas*—The infernal beings born earlier have already shed some fraction of the life-span determining *karmas* and other *karmas* through suffering, and thus they are called *alpakarmi* or with light *karmas*. In comparison, those born later have to suffer more life-span determining *karmas* and other seven *karmas* therefore they are called *mahakarmi* or with heavy *karmas*.

***Sanjnibhoot-asnajnibhoot*—**The commentator (*Vritti*) has given various interpretations of *sanjnibhoot*—(1) *Sanjna* means *samyagdarshan* (right perception/faith). Thus a *samyagdrishti* (righteous being) is called *sanjnibhoot*. One who was originally unrighteous (*mithyadrishti*) and has now become righteous is called *sanjnibhoot*. With reference to an infernal being, one that has changed from unrighteous to righteous while still in the infernal world is called *sanjnibhoot*. *Asanjnibhoot* is unrighteous or *mithyadrishti*. When a righteous being is born in the infernal word he recalls the ignoble deeds from the past and gravely repents. He suffers great pain due to this additional mental torture. Unrighteous being has no awareness of the consequences of his own deeds. He neither repents nor suffers any mental torture. Therefore an unrighteous infernal being experiences less pain. (2) In the same way a *sanjnibhoot* or *sanjni* (sentient) five sensed animal with mental awareness is capable of intense evil thoughts and as a consequence he may go up to the seventh hell. The farther the hell the more is the agony. An *asanjni* (non-sentient) being after death reincarnates in those sections of *Ratnaprabha* hell that are devoid of intense pain and thus suffers less pain. In the same way a *sanjni* (fully developed) being suffers great pain and an *asanjni* (underdeveloped) being suffers less pain.

The intake of Asur Kumars is mental. The moment they have a desire for intake the desired and likeable mater particles turn into food.

The intake and respiration of Asur Kumars—The frequency of intake of some Asur Kumar is one day and that of some other Asur Kumar with excessive desire for intake is one thousand years. Therefore, relative to the one who eats once after a thousand years, the one who eats after one

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

day is said to be a frequent eater. The same is true for respiration. Relative to the one who inhales and exhales in a fortnight, the one who inhales and exhales in seven *Stokes* is said to be a frequent breather.

Why the statement about *karma*, colour and *leshya* of Asur Kumars is opposite of that of infernal beings ?—The reason for this contradiction is that as the mentality of Asur Kumars born earlier is extremely lusty and conceited, they torment infernal beings excessively. By enduring pain the infernal beings shed their *karmas* but the Asur Kumars acquire new *karmic* bondage. Their impurity increases due to cruel feelings and other perversions. As they continue to add to their demeritorious *karmas* they are called *maha-karmi* (having excessive and heavy *karmas*).

Explaining the reason for calling earth-bodied and other such beings deceitful and unrighteous it is mentioned that one of the reasons is *anantanubandhi kashaya* (passions that enhance the unending cycles of rebirth). Those with *anantanubandhi kashaya* are unrighteous (*mithyadrishti*). Another meaning is that they experience the fruits of *karmas* in a state of stupor like an unconscious or intoxicated person. They are not aware of who is causing them pain and why; fruition of which *karma* is causing them pain and that they have been born as earth-bodied beings only because of their deceitful activities.

[Ans.] I have stated two types of *karmas—pradesh karma* (*karmas* fused with soul-space-points) and *anubhag karma* (intensity determining *karmas*). Out of these the *pradesh karmas* have to be experienced (as a rule) and the *anubhag karmas* are partly experienced and partly not. The fact that this being will suffer (*vedan*) the fruits of these *karmas* through voluntary and conscious experience (*aabhyupagamik vedan*) and that being will suffer (*vedan*) the fruits of these *karmas* through involuntary and natural experience (*aupakramik vedan*) is known (*jnata*), propagated (*shrut*) and comprehended (*vijnat*) by the *Arhant*. He will face the consequences based on the nature of acquired *karmas* (*yathakarma*) and their parameters (of time, place etc.) (*yathanikaran*) as has been seen by *Bhagavan*. That is why, Gautam ! I say that infernal beings, ... and so on up to... divine beings do not attain liberation without experiencing the *karmic* bondage acquired through sinful deeds.

विवेचन : **प्रदेशकर्म**—जीव के प्रदेशों में ओतप्रोत हुए दूध-पानी की तरह एकमेक हुए कर्मपुद्गल। प्रदेशकर्म निश्चय ही भोगे जाते हैं। विपाक अर्थात् अनुभव न होने पर भी प्रदेशकर्म का भोग अवश्य होता है। उन प्रदेशकर्मों का अनुभव में आने वाला रस **अनुभागकर्म** है। अनुभागकर्म कोई वेदा जाता है और कोई नहीं वेदा जाता। उदाहरणार्थ, जब आत्मा मिथ्यात्व का क्षयोपशम करता है, तब प्रदेश से तो वेदता है, किन्तु अनुभाग (विपाक) से नहीं वेदता। यही बात अन्य कर्मों के विषय में समझनी चाहिए। चारों गति के जीव कृतकर्म को अवश्य भोगते हैं, परन्तु किसी कर्म को विपाक से भोगते हैं और किसी को प्रदेश से भोगते हैं। स्वेच्छापूर्वक, ज्ञानपूर्वक, कर्मफल भोगना **आभ्युपगमिकी** वेदना है। जो कर्म अपना अबाधाकाल पूर्ण होने पर स्वयं ही उदय में आते हैं, अथवा उदीरणा द्वारा उदय में लाये जाते हैं, उन कर्मों का फल भोगना **औपक्रमिकी वेदना** है।

यथाकर्म, यथानिकरण का अर्थ—यथाकर्म यानी जो कर्म जिस रूप में बाँधा है, उसी रूप से और यथानिकरण यानी विपरिणाम के कारणभूत देश, काल आदि कारणों की मर्यादा का उल्लंघन न करके।

Elaboration—*Pradesh karma—karma* particles liberally fused and assimilated with soul-space-points like water and milk. The consequences of these *karmas* have to be inevitably experienced, irrespective of being aware or not. The particles that lend intensity which brings the fructifying *karmas* in the range of awareness are called *anubhag karma* (intensity determining *karmas*). Some of these *anubhag karmas* are experienced and some not. For example, when soul does destruction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *mithyatva mohaniya karma* it experiences the *pradesh karmas* and not the *anubhag karmas*. This is true for other

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

karmas also. Beings of all the four genuses essentially experience the fruits of acquired *karmas*. However, some of these are experienced as *pradesh karmas* and some as *anubhag karmas*. To suffer (*vedan*) the fruits of these *karmas* through voluntary and conscious experience is called *aabhyupagamik vedan*. To suffer (*vedan*) the fruits of these *karmas* involuntarily when they come to fruition naturally at the end of their period of dormancy is called *aupakramik vedan*.

Yathakarma—in the same form or nature as it was acquired. *Yathanikaran*—not circumventing the causal parameters of place, time and status.

पुद्गल स्कन्ध और जीव के सम्बन्ध में शाश्वत प्ररूपणा ETERNALITY OF MATTER AND SOUL

७. [प्र.] एस णं भंते ! पोग्गले अतीतमणंतं सासयं समयं 'भुवि' इति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एस णं पोग्गले अतीतमणंतं सासयं समयं 'भुवि' इति वत्तव्वं सिया।

८. [प्र.] एस णं भंते ! पोग्गले पडुप्पन्नं सासयं समयं 'भवति' इति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेयव्वं।

९. [प्र.] एस णं भंते ! पोग्गले अणागतमणंतं सासयं समयं 'भविस्सति' इति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता, गोयमा ! तं चेव उच्चारेतव्वं।

१०. एवं खंदेण वि तिण्णि आलावगा।

११. एवं जीवेण वि तिण्णि आलावगा भाणितव्वा।

७. [प्र.] भगवन् ! क्या यह पुद्गल परमाणु अतीत, अनन्त, शाश्वतकाल में था—ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यह पुद्गल अतीत, अनन्त, शाश्वतकाल में था, ऐसा कहा जा सकता है।

८. [प्र.] भगवन् ! क्या यह पुद्गल वर्तमान शाश्वत–सदा रहने वाले काल में है, ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! ऐसा कहा जा सकता है।

९. [प्र.] भगवन् ! क्या यह पुद्गल अनन्त और शाश्वत भविष्यकाल में रहेगा, ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! ऐसा कहा जा सकता है।

१०. इसी प्रकार 'स्कन्ध' के साथ भी तीन (त्रिकाल सम्बन्धी) आलापक कहने चाहिए।

११. इसी प्रकार 'जीव' के साथ भी तीन आलापक कहने चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

7. [**Q.**] *Bhante* ! Can it be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) existed in the past since endless eternal time ?

[**Ans.**] Gautam ! It can be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) existed in the past since endless eternal time.

8. [**Q.**] *Bhante* ! Can it be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) exists at present since endless eternal time ?

[**Ans.**] Gautam ! It can be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) exists at present since endless eternal time.

9. [**Q.**] *Bhante* ! Can it be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) will exist in the future for endless eternal time ?

[**Ans.**] Gautam ! It can be said that this ultimate particle of matter (*pudgala paramanu*) will exist in the future for endless eternal time.

10. In the same way three statements (for past, present and future) should be repeated for an aggregate of ultimate particles (*skandh*).

11. In the same way three statements (for past, present and future) should be repeated for soul (*jiva*).

छद्मस्थ मनुष्य की मुक्ति LIBERATION OF A CHHADMASTH

१२. [प्र.] छउमत्थे णं भंते ! मणूसे अतीतमणंतं सासतं समयं केवलेणं संजमेणं, केवलेणं संवरेणं, केवलेणं बंभचेरवासेणं, केवलाहिं पवयणमाताहिं सिज्झिंसु बुज्झिंसु जाव सव्वदुक्खाणमंतं करिंसु ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ तं चेव जाव अंतं करेंसु ?

[उ.] गोयमा ! जे केइ अंतकरा वा अंतिमसरीरिया वा सव्वदुक्खाणमंतं करेंसु वा करेंति वा करिस्संति वा सव्वे ते उप्पन्ननाण–दंसणधरा अरहा जिणे केवली भवित्ता ततो पच्छा सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिनिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंसु वा करेंति वा करिस्संति वा, से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेंसु।

१३. पडुप्पन्ने वि एवं चेव, नवरं 'सिज्झति' भाणियव्वं। १४. अणागते वि एवं चेव, नवरं 'सिज्झिस्संति' भाणियव्वं।

१२. [प्र.] भगवन् ! क्या बीते हुए अनन्त शाश्वतकाल में छद्मस्थ मनुष्य केवल संयम से, केवल संवर से, केवल ब्रह्मचर्यवास से और केवल (अष्ट) प्रवचनमाता (के पालन) से सिद्ध हुआ है, बुद्ध हुआ है, यावत् समस्त दुःखों का अन्त करने वाला हुआ है ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं कि पूर्वोक्त छद्मस्थ मनुष्य ··· समस्त दुःखों का अन्तकर नहीं हुआ ?

[उ.] गौतम ! जो भी कोई मनुष्य कर्मों का अन्त करने वाले, चरमशरीरी हुए हैं, अथवा समस्त दुःखों का जिन्होंने अन्त किया है, जो अन्त करते हैं या करेंगे, वे सब उत्पन्न ज्ञान-दर्शनधारी (केवलज्ञानी-केवलदर्शनी), अर्हन्त, जिन और केवली होकर तत्पश्चात् सिद्ध हुए हैं, बुद्ध हुए हैं, मुक्त हुए हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त हुए हैं और उन्होंने समस्त दुःखों का अन्त किया है, वे ही करते हैं और करेंगे; इसी कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा है कि यावत् समस्त दुःखों का अन्त किया।

१३. वर्तमानकाल में भी इसी प्रकार जानना। विशेष यह है कि 'सिद्ध होते हैं', ऐसा कहना चाहिए।
१४. भविष्यकाल में भी इसी प्रकार जानना। विशेष यह है कि 'सिद्ध होंगे', ऐसा कहना चाहिए।

12. [Q.] *Bhante* ! In the endless eternal past has a *chhadmasth* person (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) been able to get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), ... and so on up to... and end all miseries only by ascetic-discipline (*samyam*), only by blocking inflow of *karmas* (*samvar*), only by absolute celibacy or only by observing eight *pravachan-mata* (five *samitis* or self-regulations and three *guptis* or self-restraints) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so... and so on up to... and did not end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! Whoever has ended all *karmas*, has reincarnated for the last time (*charam-shariri*), or did, do or will end all miseries, they all have first acquired ultimate knowledge and perception to become *Arhant, Jina* or *Kevali* (omniscient) and then got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*) and ended all miseries. Only they do that and only they will do that. That is why, Gautam ! It is said so... and so on up to... did end all miseries.

13. Repeat the same in context of the present time, only change past tense to present tense. **14.** Repeat the same in context of the future time, only change past tense to future tense.

१५. जहा छउमत्थो तहा आहोहिओ वि, तहा परमाहोहिओ वि। तिण्णि तिण्णि आलावगा भाणियव्वा।

१५. जैसा छद्मस्थ के विषय में कहा है, वैसा ही आधोवधिक (अवधिज्ञानी) और परमाधोवधिक (परमावधिज्ञानी) के विषय में जानना चाहिए और उसके तीन-तीन आलापक कहने चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

15. Three statements each, as stated about *chhadmasth* should be repeated for normal *avadhi jnani* (*aadhovadhik*) and ultimate *avadhi jnani* (*paramadhovadhik*). (*Avadhi Jnana* = knowledge acquired through extrasensory perception of the physical dimension, something akin to clairvoyance).

केवली की मुक्ति LIBERATION OF OMNISCIENT

१६. [प्र.] केवली णं भंते ! मणूसे अतीतमणंतं सासयं समयं जाव अंतं करेंसु ?

[उ.] हंता, सिज्झिंसु जाव अंतं करेंसु। एते तिण्णि आलावगा भाणियव्वा छउमत्थस्स जहा, नवरं सिज्झिंसु, सिज्झंति, सिज्झिस्संति।

१६. [प्र.] भगवन् ! बीते हुए अनन्त शाश्वतकाल में केवली मनुष्य ने यावत् सर्व-दुःखों का अन्त किया है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह सिद्ध हुआ, यावत् उसने समस्त दुःखों का अन्त किया है। यहाँ भी छद्मस्थ के समान ये तीन आलापक कहने चाहिए। विशेष यह है कि सिद्ध हुआ, सिद्ध होता है और सिद्ध होगा, इस प्रकार तीन आलापक कहने चाहिए।

16. [Q.] *Bhante* ! In the endless eternal past has a *kevali* person (the omniscient) been able to get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), ... and so on up to... end all miseries. Here also the three statements (for past, present and future) as stated in context of *chhadmasth* should be repeated with change in tense.

१७. [प्र.] से नूणं भंते ! तीतमणंतं सासयं समयं, पडुप्पन्नं वा सासयं समयं, अणागतमणंतं वा सासयं समयं जे केइ अंतकरा वा अंतिमसरीरिया वा सव्वदुक्खाणमंतं करेंसु वा करेंति वा, करिस्संति वा सव्वं ते उप्पन्ननाणदंसणधरा अरहा जिणे केवली भवित्ता तओ पच्छा सिज्झंति जाव अंतं करेस्संति वा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! तीतमणंतं सासतं समयं जाव अंतं करेस्संति वा।

१७. [प्र.] भगवन् ! बीते हुए अनन्त शाश्वतकाल में, वर्तमान शाश्वतकाल में और अनन्त शाश्वत भविष्यकाल में जिन अन्तकरों ने अथवा चरमशरीरी पुरुषों ने समस्त दुःखों का अन्त किया है, करते हैं या करेंगे; क्या वे सब उत्पन्न ज्ञान-दर्शनधारी, अर्हन्त, जिन और केवली होकर तत्पश्चात् सिद्ध, बुद्ध आदि होते हैं, यावत् सब दुःखों का अन्त करेंगे ?

[उ.] हाँ, गौतम ! बीते हुए अनन्त शाश्वतकाल में ···· यावत् सब दुःखों का अन्त करेंगे।

17. *Bhante* ! In the past, present and future endless eternal time those who have ended all *karmas* or have reincarnated for the last time

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*charam-shariri*) and did, do or will end all miseries, did, do or will they all first acquire ultimate knowledge and perception to become *Arhant, Jina* or *Kevali* (omniscient) and then did, do or will get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), ... and so on up to... will end all miseries ?

[Ans.] Yes, Gautam ! In the past, present and future endless eternal time... and so on up to... will end all miseries.

१८. [प्र.] से नूणं भंते ! उप्पन्ननाण–दंसणधरे अरहा जिणे केवली 'अलमत्थु' त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता गोयमा ! उप्पन्ननाण–दंसणधरे अरहा जिणे केवली 'अलमत्थु' त्ति वत्तव्वं सिया।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०

॥ पढमे सए : चउत्थो उद्देओ समत्तो ॥

१८. [प्र.] भगवन् ! वह उत्पन्न ज्ञान–दर्शनधारी, अर्हन्त, जिन और केवली 'अलमस्तु' अर्थात्–पूर्ण है, ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह उत्पन्न ज्ञान–दर्शनधारी, अर्हन्त, जिन और केवली पूर्ण (अलमस्तु) है, ऐसा कहा जा सकता है।

(गौतम) 'हे भगवन् ! यह ऐसा ही है, भगवन् ! ऐसा ही है।'

॥ प्रथम शतक : चतुर्थ उद्देशक समाप्त ॥

18. *Bhante* ! Can it be said that those who have acquired ultimate knowledge and perception to become *Arhant, Jina* or *Kevali* (omniscient) are perfect (*almastu*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It can be said that those who have acquired ultimate knowledge and perception to become *Arhant, Jina* or *Kevali* (omniscient) are perfect (*almastu*).

(Gautam)—"Indeed that is so. Indeed that is so."

● END OF THE FOURTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम शतक : पंचम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : FIFTH LESSON

पृथ्वी PRITHVI (HELL)

नरकावास संख्या NUMBER OF INFERNAL ABODES

१. [प्र.] कति णं भंते ! पुढवीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! सत्त पुढवीओ पण्णत्ताओ। तं जहा—रयणप्पभा जाव तमतमा।

१. [प्र.] भगवन् ! (अधोलोक में) कितनी पृथ्वियाँ हैं ?

[उ.] गौतम ! सात पृथ्वियाँ हैं। वे यथा—रत्नप्रभा से लेकर यावत् तमस्तमःप्रभा तक।

1. [Q.] *Bhante* ! How many hells (*prithvis*) are there (in the lower world) ?

[Ans.] Gautam ! There are seven hells—Ratna-prabha... and so on up to... Tamastamah-prabha.

२. [प्र.] इमी से णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए कति निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तीसं निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता।

गाहा—तीसा य पण्णवीसा पण्णरस दसेव या सयसहस्सा।
तिण्णेगं पंचूणं पंचेव अणुत्तरा निरया॥१॥

२. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में कितने लाख नारकावास (नैरयिकों के रहने के स्थान) हैं ?

[उ.] गौतम ! रत्नप्रभा पृथ्वी में तीस लाख नारकावास हैं।

(गाथा) वे इस प्रकार हैं—प्रथम पृथ्वी (नरकभूमि) में तीस लाख, दूसरी में पच्चीस लाख, तीसरी में पन्द्रह लाख, चौथी में दस लाख, पाँचवीं में तीन लाख, छठी में ५ कम एक लाख और सातवीं में केवल पाँच नारकावास हैं।

2. [Q.] *Bhante* ! How many hundred thousand infernal abodes (*narak-vaas*) are there in this Ratnaprabha *prithvi* ?

[Ans.] Gautam ! There are thirty hundred thousand infernal abodes (*narak-vaas*) in Ratnaprabha *prithvi*.

The verse—In the first hell thirty hundred thousand, in the second twenty five hundred thousand, in the third fifteen hundred thousand, in the fourth ten hundred thousand, in the fifth three hundred thousand, in the sixth five short of one hundred thousand and in the seventh just five infernal abodes are there.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. [प्र.] केवतिया णं भंते ! असुरकुमारावाससतसहस्सा पण्णत्ता ? एवं–

[उ.] चोसट्ठी असुराणं, चउरासीई य होंति नागाणं।
बावत्तरी सुवण्णाणं, वाउकुमाराणं छण्णउती ॥२॥

दीव–दिसा–उदहीणं विज्जुकुमारिंद–थणिय–मग्गीणं।
छण्हं पि जुयलगाणं छावत्तरिमो सतसहस्सा ॥३॥

३. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमारों के कितने लाख आवास हैं ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारों के चौंसठ लाख आवास (रहने के स्थान) हैं। इसी प्रकार नागकुमारों के चौरासी लाख, सुपर्णकुमारों के ७२ लाख, वायुकुमारों के ९६ लाख तथा द्वीपकुमार, दिक्कुमार, उदधिकुमार, विद्युत्कुमार, स्तनितकुमार और अग्निकुमार, इन छह युगलकों (दक्षिणदिशावर्ती और उत्तरदिशावर्ती दोनों के) ७६–७६ लाख आवास हैं। [सब मिलाकर ७,७२,००,००० सात करोड़ बहत्तर लाख आवास हैं]

3. [Q.] *Bhante* ! How many hundred thousand are the abodes of Asur Kumars (a kind of lower gods) ?

[Ans.] Gautam ! There are sixty four hundred thousand abodes of Asur Kumars. In the same way Naag Kumars have eighty four hundred thousand, Suparna Kumars have seventy two hundred thousand, Vayu Kumars have ninety six hundred thousand, and each of the six pairs (southern and northern) of Dveep Kumars, Dikkumars, Udadhi Kumars, Vidyut Kumars, Stanit Kumars and Agni Kumars have seventy four hundred thousand abodes. [This makes a total of seventy seven million two hundred thousand abodes.]

४. [प्र.] केवतिया णं भंते ! पुढविक्काइयावाससतसहस्सा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! असंखेज्जा पुढविक्काइयावाससयसहस्सा पण्णत्ता जाव असंखिज्जा जोइसियविमाणावाससयसहस्सा पण्णत्ता।

४. [प्र.] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों के कितने लाख आवास हैं ?

[उ.] गौतम ! पृथ्वीकायिक जीवों के असंख्यात लाख आवास हैं। इसी प्रकार (पृथ्वीकाय से लेकर) यावत् ज्योतिष्क देवों तक के असंख्यात लाख आवास हैं।

4. [Q.] *Bhante* ! How many hundred thousand are the abodes of earth-bodied beings (*prithvikayik jivas*) ?

[Ans.] Gautam ! Earth-bodied beings (*prithvikayik jivas*) have innumerable hundred thousand abodes. In the same way all beings (from

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

earth-bodied beings) up to Jyotishk Devs (Stellar gods) have innumerable hundred thousand abodes.

५. [प्र.] सोहम्मे णं भंते ! कप्पे कति विमाणावाससतसहस्सा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! बत्तीसं विमाणावाससतसहस्सा पण्णत्ता। एवं–

बत्तीसऽट्ठावीस बारस अट्ठ चउरो सयसहस्सा।
पण्णा चत्तालीसा छच्च सहस्सा सहस्सारे॥४॥

आणय–पाणयकप्पे चत्तारि सताऽऽरण–ऽच्चुए तिण्णि।
सत्त विमाणसताइं चउसु वि एएसु कप्पेसुं॥५॥

एक्कारसुत्तरं हेट्ठिमेसु सत्तुत्तरं च मज्झिमए।
सतमेगं उवरिमए पंचेव अणुत्तरविमाणा॥६॥

५. [प्र.] भगवन् ! सौधर्मकल्प में कितने विमानावास हैं ?

[उ.] गौतम ! वहाँ बत्तीस लाख विमानावास हैं। क्रमशः बत्तीस लाख, अट्ठाईस लाख, बारह लाख, आठ लाख, चार लाख, पचास हजार तथा चालीस हजार विमानावास हैं। सहस्रारकल्प में छह हजार विमानावास हैं। आणत और प्राणत कल्प में चार सौ, आरण और अच्युत में तीन सौ, इस तरह चारों में मिलकर सात सौ विमान हैं। अधस्तन (निचले) ग्रैवेयक त्रिक में एक सौ ग्यारह, मध्यम (बीच के) ग्रैवेयक त्रिक में एक सौ सात और ऊपर के ग्रैवेयक त्रिक में एक सौ विमानावास हैं। अनुत्तर विमानावास पाँच ही हैं।

5. [Q.] *Bhante* ! How many hundred thousand celestial-vehicular abodes (*vimaan vaas*) are there in Saudharma *kalp* (a specific divine realm) ?

[Ans.] Gautam ! In Saudharma *kalp* there are thirty two hundred thousand abodes. In the same way other divine realms have twenty eight hundred thousand (in Ishan *kalp*), twelve hundred thousand (in Sanatkumar *kalp*), eight hundred thousand (in Maahendra *kalp*), four hundred thousand (in Brahmalok *kalp*), fifty thousand (in Lantak *kalp*) and forty thousand (in Mahashukra *kalp*) celestial-vehicular abodes. Sahasrar *kalp* has six thousand celestial-vehicular abodes. Anat and Pranat *kalps* have in all four hundred and Aran and Achyut have in all three hundred making a total of seven hundred celestial-vehicular abodes for this group of four. The lower trio of Graiveyaks has one hundred eleven, middle trio has one hundred seven and the upper trio has one hundred celestial-vehicular abodes. There are only five Anuttar celestial-vehicular abodes.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. पुढवि ट्ठिति १ ओगाहण २ सरीर ३ संघयणमेव ४ संठाणे ५।
लेसा ६ दिट्ठी ७ णाणे ८ जोगुवओगे ९–१० य दस ठाणा ॥१४॥

६. पृथ्वी (नरक भूमि) आदि जीवावासों में (१) स्थिति, (२) अवगाहना, (३) शरीर, (४) संहनन, (५) संस्थान, (६) लेश्या, (७) दृष्टि, (८) ज्ञान, (९) योग, और (१०) उपयोग; इन दस स्थानों (द्वारों) पर विचार करना है।

6. In Hells (*prithvi*) and other abodes of living beings there are ten attributes (*dvar*) worth consideration—(1) *Sthiti* (life-span), (2) *Avagahana* (space occupied or physical dimension), (3) *Sharira* (body), (4) *Samhanan* (body-constitution), (5) *Samsthan* (body structure) (6) *Leshya* (complexion of soul), (7) *Drishti* (perception), (8) *Jnana* (knowledge), (9) *Yoga* (action), and (10) *Upayoga* (cognition).

प्रथम : स्थिति–स्थान द्वार FIRST : STHITI

७. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससतसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि नेरतियाणं केवतिया ठितिठाणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! असंखेज्जा ठितिठाणा पण्णत्ता। तं जहा–जहन्निया ठिती, समयाहिया जहन्निया ठिती, दुसमयाहिया जहन्निया ठिती जाव असंखेज्जसमयाहिया जहन्निया ठिती, तप्पाउग्गुक्कोसिया ठिती।

७. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में एक–एक नारकावास में रहने वाले नारक जीवों के कितने स्थिति–स्थान कहे हैं ? अर्थात् एक–एक नारकावास के नारकों की कितनी आयु है ?

[उ.] गौतम ! उनके असंख्य स्थान हैं। वे इस प्रकार हैं–जघन्य स्थिति दस हजार वर्ष की है, वह एक समय अधिक, दो समय अधिक–इस प्रकार यावत् जघन्य स्थिति असंख्यात समय अधिक है तथा उसके योग्य उत्कृष्ट स्थिति भी। (ये सब मिलकर असंख्यात स्थिति–स्थान होते हैं।)

7. [Q.] *Bhante* ! What are said to be the counts of span of life (*sthiti*) of the infernal beings living in each of the thirty hundred thousand infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* (first hell) ?

[Ans.] Gautam ! They have innumerable counts. They are like this—minimum life-span is 10,000 years, one *Samaya* more than the minimum, two *Samaya* more than the minimum, ... and so on up to... innumerable *Samaya* more than the minimum and a maximum depending on each specific abode. (all these together make innumerable counts of life-span)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससतसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि जहन्नियाए ठितीए वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता, माणोवउत्ता, मायोवउत्ता, लोभोवउत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सव्वे वि ताव होज्जा कोहोवउत्ता १, अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य २, अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य ३, अहवा कोहोवउत्ता य मायोवउत्ते य ४, अहवा कोहोवउत्ता य मायोवउत्ता य ५, अहवा कोहोवउत्ता य लोभोवउत्ते य ६, अहवा कोहोवउत्ता य लोभोवउत्ता य ७। अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य मायोवउत्ते य १, कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य मायोवउत्ता य २, कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य मायोवउत्ते य ३, कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य मायाउवउत्ता य ४। एवं कोह–माण–लोभेण वि चउ ४। एवं कोह–माया–लोभेण वि चउ ४, एवं १२। पच्छा माणेणं मायाए लोभेण य कोहो भइयव्वो, ते कोहं अमुंचता। एवं सत्तावीसं भंगा णेयव्वा।

८. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में से एक–एक नारकावास में जघन्य स्थिति में वर्तमान नारक क्या क्रोधोपयुक्त हैं, मानोपयुक्त हैं, मायोपयुक्त हैं अथवा लोभोपयुक्त हैं ?

[उ.] गौतम ! वे सभी क्रोधोपयुक्त (क्रोधी) होते हैं १, अथवा बहुत से नारक क्रोधोपयुक्त और एक नारक मानोपयुक्त (मानी) होता है २, अथवा बहुत से क्रोधी और बहुत से मानी होते हैं ३, अथवा बहुत से क्रोधी और एक मायी होता है ४, अथवा बहुत से क्रोधी और बहुत से मायी होते हैं ५, अथवा बहुत से क्रोधी और एक लोभी होता है ६, अथवा बहुत से क्रोधी और बहुत से लोभी होते हैं ७। अथवा बहुत से क्रोधी, एक मानी और एक मायी होता है १, बहुत से क्रोधी, एक मानी और बहुत से मायी होते हैं २, बहुत से क्रोधी, बहुत से मानी और एक मायी होता है ३, बहुत से क्रोधी, बहुत से मानी और बहुत से मायी होते हैं ४, इसी तरह क्रोध, मान और लोभ, (यों त्रिकसंयोग) के चार भंग, क्रोध, माया और लोभ, (यों त्रिकसंयोग) के भी चार भंग कहने चाहिए। फिर मान, माया और लोभ के साथ जोड़ने से चतुष्क-संयोगी आठ भंग कहने चाहिए। इसी तरह क्रोध को नहीं छोड़ते हुए (चतुष्कसंयोगी ८ भंग होते हैं) कुल २७ भंग समझ लेने चाहिए।

8. [Q.] *Bhante* ! Do the infernal beings with minimum life-span living in each one of the thirty hundred thousand infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), inclination of conceit (*maanopayukta*), inclination of deceit (*maayopayukta*) and inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! They all have inclination of anger (1) [just one alternative of pure anger without any combination]. Or many have inclination of anger and one has that of conceit (1), or many have inclination of anger and many have that of conceit (2), or many have inclination of anger and one has that of deceit (3), or many have inclination of anger and many have that of deceit (4), or many have inclination of anger and one has that of greed (5), or many have

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

inclination of anger and many have that of greed (6) [six alternatives of a combination of two]. Or many have inclination of anger, one has that of conceit and one has that of deceit (1), or many have inclination of anger, one has that of conceit and many have that of deceit (2), or many have inclination of anger, many have that of conceit and one has that of deceit (3), or many have inclination of anger, many have that of conceit and many have that of deceit (4). In the same way four alternatives each of combinations of three, anger-conceit-greed and anger-deceit-greed, should be repeated [twelve alternatives of a combination of three]. After that eight alternatives of a combination of four (anger, conceit, deceit and greed) should be repeated. Thus inclusive of anger, all these add up to a total of 27 alternatives.

९. [प्र.] **इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि समयाधियाए जहन्नट्ठितीए वट्टमाणा नेरइया किं कोधोवउत्ता, माणोवउत्ता, मायोवउत्ता लोभोवउत्ता ?**

[उ.] **गोयमा ! कोहोवउत्ते य माणोवउत्ते य मायोवउत्ते य लोभोवउत्ते य ४। कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य मायोवउत्ता य लोभोवउत्ता य ८। अहवा कोहोवउत्ते य माणोवउत्ते य १०, अहवा कोहोवउत्ते य माणोवउत्ता य १२, एवं असीति भंगा नेयव्वा एवं जाव संखिज्जसमयाहया ठिई। असंखेज्जसमाहयाए ठिईए तप्पाउग्गुक्कोसियाए ठिईए सत्तावीसं भंगा भाणियव्वा।**

९. [प्र.] इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में से एक-एक नारकावास में एक समय अधिक जघन्य स्थिति में वर्तमान नारक क्या क्रोधोपयुक्त होते हैं, मानोपयुक्त होते हैं, मायोपयुक्त होते हैं अथवा लोभोपयुक्त होते हैं ?

[उ.] गौतम ! उनमें से कोई-कोई क्रोधी, कोई मानी, कोई मायी और कोई लोभी होता है। अथवा बहुत से क्रोधी, मानी, मायी और लोभी होते हैं। अथवा कोई-कोई क्रोधी और मानी होता है, या कोई-कोई क्रोधी और बहुत से मानी होते हैं। [अथवा बहुत से क्रोधी और एक मानी या बहुत से क्रोधी और बहुत से मानी होते हैं।] इत्यादि प्रकार से अस्सी भंग समझने चाहिए। इसी प्रकार यावत् दो समय अधिक जघन्य स्थिति से लेकर संख्येय समयाधिक जघन्य स्थिति वाले नैरयिकों के लिए समझना चाहिए। असंख्येय समयाधिक स्थिति वालों में तथा उसके योग्य उत्कृष्ट स्थिति वाले नारकों में सत्ताईस भंग कहने चाहिए।

9. [Q.] *Bhante* ! Do the infernal beings with one *Samaya* more than minimum life-span living in each one of the thirty hundred thousand infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), inclination of conceit (*maanopayukta*), inclination of deceit (*maayopayukta*) and inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! Some one of them has inclination of anger, some one of them has that of conceit, some one of them has that of deceit and some one of them has that of greed. Or many of them have inclination of anger, many of them have that of conceit, many of them have that of deceit and many of them have that of greed. Or some one of them has inclination of anger and conceit, or some one has that of anger and many have that of conceit. [or many have anger and one has conceit, or many have anger and many have conceit.] This way eighty alternatives should be stated. The same is true for infernal beings with a life-span of two *Samaya* more than the minimum... and so on up to... a life-span of countable *Samaya* more than the minimum. For those with a life-span of innumerable *Samaya* more than the minimum, right up to the maximum only twenty seven alternatives should be stated.

विवेचन : जघन्यादि स्थिति—प्रत्येक नारकावास में रहने वाले नारकों की स्थिति के स्थान भिन्न-भिन्न होने के कारण किसी की जघन्य स्थिति है, किसी की मध्यम और किसी की उत्कृष्ट। इस प्रथम रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रथम प्रतर में नारकों की आयु जघन्य १० हजार वर्ष की और उत्कृष्ट ९० हजार वर्ष की है। जघन्य और उत्कृष्ट के बीच की आयु को मध्यम आयु कहते हैं। मध्यम आयु जघन्य और उत्कृष्ट के समान एक प्रकार की नहीं है। जघन्य आयु से एक समय अधिक की; दो, तीन, चार समय अधिक की यावत् संख्येय और असंख्येय समय अधिक की आयु भी मध्यम कहलाती है। यों मध्यम आयु (स्थिति) के अनेक विकल्प हैं। नारकों के स्थिति स्थान असंख्य हैं। *(भंगों का विस्तृत वर्णन हिन्दी विवेचन भाग १, पृष्ठ २३२ पर देखें)*

Elaboration—*Jaghanya sthiti*—The count of life-span of infernal beings living in each abode is different, thus for some the count is minimum, for some it is medium and for some it is maximum. In the first level of this Ratnaprabha *prithvi* (first hell) the minimum life-span is 10,000 years and the maximum is 90,000 years. The intervening count between minimum and maximum is called medium. Like the maximum and minimum life-span it is not a fixed figure. Starting from one *Samaya* more, two *Samaya* more, countable *Samaya* more... and so on up to... innumerable *Samaya* more, all are included in medium life-span. Thus there are many alternative counts of medium life-span making the total counts of life-span of infernal beings to be innumerable. *(for detailed listing of alternatives refer to Hindi Vivechana, Part-1, p. 232)*

द्वितीय : अवगाहना द्वार **SECOND : AVAGAHANA**

१०. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि नेरइयाणं केवतिया ओगाहणाठाणा पण्णत्ता ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गोयमा ! असंखेज्जा ओगाहणाठाणा पण्णत्ता। तं जहा–जहन्निया ओगाहणा, पदेसाहिया जहन्निया ओगाहणा, दुप्पदेसाहिया जहन्निया ओगाहणा जाव असंखिज्जपदेसाहिया जहन्निया ओगाहणा, तप्पाउग्गुक्कोसिया ओगाहणा।

१०. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी (प्रथम नरकभूमि) के एक-एक नारकावास में रहने वाले नारकों के अवगाहना स्थान कितने हैं ?

[उ.] गौतम ! उनके अवगाहना स्थान असंख्यात हैं। वे इस प्रकार हैं–जघन्य अवगाहना (अंगुल के असंख्यातवें भाग), एक प्रदेशाधिक जघन्य अवगाहना, द्विप्रदेशाधिक जघन्य अवगाहना, यावत् असंख्यात प्रदेशाधिक जघन्य अवगाहना, तथा उसके योग्य उत्कृष्ट अवगाहना (जिस नारकावास के योग्य जो उत्कृष्ट अवगाहना हो)।

10. [Q.] *Bhante* ! What are said to be the counts of *avagahana* (space occupied or physical dimension) of the infernal beings living in each of the thirty hundred thousand infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* (first hell) ?

[Ans.] Gautam ! They have innumerable counts. They are like this—minimum physical dimension (uncountable fraction of *Angul*), one *Pradesh* (space-point) more than the minimum, two *Pradesh* more than the minimum, ... and so on up to... innumerable *Pradesh* more than the minimum and a maximum depending on each specific abode. (all these together make innumerable counts of physical dimension)

११. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि जहन्नियाए ओगाहणाए वट्टमाणा नेरतिया किं कोहोवउत्ता. ?

[उ.] गोयमा ! असीति भंगा भाणियव्वा, जाव संखिज्जपदेसाधिया जहन्निया ओगाहणा। असंखेज्जपदेसाहियाए जहन्नियाए ओगाहणाए वट्टमाणाणं तप्पउग्गुक्कोसियाए ओगाहणाए वट्टमाणाणं नेरइयाणं दोसु वि सत्तावीसं भंगा।

११. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में से एक-एक नारकावास में जघन्य अवगाहना वाले नैरयिक क्या क्रोधोपयुक्त हैं, मानोपयुक्त हैं, मायोपयुक्त हैं अथवा लोभोपयुक्त हैं ?

[उ.] गौतम ! जघन्य अवगाहना वालों में अस्सी भंग कहने चाहिए, यावत् संख्यात प्रदेश अधिक जघन्य अवगाहना वालों के भी अस्सी भंग कहने चाहिए। असंख्यात प्रदेश अधिक जघन्य अवगाहना वाले और उसके योग्य उत्कृष्ट अवगाहना वाले, इन दोनों प्रकार के नारकों में सत्ताईस भंग कहने चाहिए।

11. [Q.] *Bhante* ! Do the infernal beings with minimum physical dimension (*avagahana*) living in each one of the thirty hundred thousand infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*krodhopayukta*), inclination of conceit (*maanopayukta*), inclination of deceit (*maayopayukta*) and inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! Eighty alternatives should be stated for minimum physical dimension (as stated in case of life-span). The same is true for two *Pradesh* more than the minimum... and so on up to... a life-span of countable *Pradesh* more than the minimum. For those with a life-span of innumerable *Pradesh* more than the minimum, right up to the maximum, only twenty seven alternatives should be stated (as stated in connection with life-span).

विवेचन : अवगाहनास्थान–जिस जीव का जितना लम्बा-चौड़ा शरीर होता है, वह उसकी अवगाहना है। जिस क्षेत्र में जो जीव जितने आकाश-प्रदेशों को रोककर रहता है, उतने आधारभूत तद् परिमाण क्षेत्र को भी अवगाहना कहते हैं।

उत्कृष्ट अवगाहना–प्रथम नरक की उत्कृष्ट अवगाहना ७ धनुष, ३ हाथ, ६ अंगुल होती है, इससे आगे के नरकों में अवगाहना दुगुनी-दुगुनी होती है। अर्थात् शर्कराप्रभा में १५ धनुष, २ हाथ, १२ अंगुल की; बालुकाप्रभा में ३१ धनुष, १ हाथ की; पंकप्रभा में ६२ धनुष, २ हाथ की; धूमप्रभा में १२५ धनुष की; तमःप्रभा में २५० धनुष की; तमस्तमःप्रभा में ५०० धनुष की उत्कृष्ट अवगाहना होती है। **जघन्य स्थिति तथा जघन्य अवगाहना के भंगों में अन्तर**–जघन्य स्थिति वाले नारक जब तक जघन्य अवगाहना वाले रहते हैं, तब तक उनकी अवगाहना के ८० भंग ही होते हैं; क्योंकि जघन्य अवगाहना उत्पत्ति के समय ही होती है। जघन्य स्थिति वाले जिन नैरयिकों के २७ भंग कहे हैं, वे जघन्य अवगाहना का उल्लंघन कर चुके हैं, उनकी अवगाहना जघन्य नहीं होती। इसलिए उनमें २७ ही भंग होते हैं।

जघन्य अवगाहना से लेकर संख्यातप्रदेश अधिक की अवगाहना वाले जीव नरक में सदा नहीं मिलते, इसलिए उनमें ८० भंग कहे गये हैं, किन्तु जघन्य अवगाहना से असंख्यातप्रदेश अधिक की अवगाहना वाले जीव, नरक में अधिक ही पाये जाते हैं; इसलिए उनमें २७ ही भंग होते हैं। *(वृत्ति, पत्रांक ७१)*

Elaboration—*Avagahana*—The length and breadth of the body of a being or its physical dimension is called *avagahana*. In other words the space occupied by a being in terms of space-points (*pradesh*) is called *avagahana*.

In the first hell the maximum dimension is 7 *Dhanush* (a linear measure equivalent to four cubits), 3 *Haath* (cubit), 6 *Angul* (breadth of a finger). In the following hells it is doubled for every progressive hell. In Sharkara-prabha (second hell) it is 15 *Dhanush*, 2 *Haath*, 12 *Angul*. In Baluka-prabha (third hell) it is 31 *Dhanush*, 1 *Haath*. In Pankaprabha (fourth hell) it is 62 *Dhanush*, 2 *Haath*. In Dhoom-prabha (fifth hell) it is 125 *Dhanush*. In Tamah-prabha (sixth hell) it is 250 *Dhanush*. In Tamastamah-prabha (seventh hell) it is 500 *Dhanush*. Difference

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

between alternatives of minimum life-span and minimum physical dimension—As long as the infernal beings with minimum life-span are with minimum physical dimension the number of alternatives (of inclinations) for their physical dimension is eighty. This is because minimum physical dimension is at the time of birth. Those infernal beings of minimum life-span for whom twenty seven alternatives have been mentioned have crossed the minimum physical dimension. For this reason they only have twenty seven alternatives.

Infernal beings with minimum physical dimension to countable space-points more than minimum are not always available in hells; therefore eighty alternatives are applicable to them. Infernal beings with physical dimension of innumerable space-points more than the minimum are found in abundance in hells; therefore twenty seven alternatives are applicable to them. *(Vritti, leaf 71)*

तृतीय : शरीर द्वार **THIRD : SHARIRA**

१२. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए जाव एगमेगंसि निरयावासंसि नेरइयाणं कति सरीरया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तिण्णि सरीरया पण्णत्ता। तं जहा—वेउव्विए तेयए कम्मए।

१२. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के एक–एक नारकावास में बसने वाले नारक जीवों के शरीर कितने हैं ?

[उ.] गौतम ! उनके तीन शरीर हैं। यथा–वैक्रिय, तैजस् और कार्मण।

12. [Q.] *Bhante* ! How many are said to be the types of body (*sharira*) of the infernal beings living in each of the (thirty hundred thousand) infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* (first hell) ?

[Ans.] Gautam ! They have three types of bodies—*Vaikriya* (transmutable), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*).

१३. [प्र. १] इमीसे णं भंते ! जाव वेउव्वियसरीरे वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता. ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा। [२] एएणं गमेणं तिण्णि सरीरा भाणियव्वा।

१३. [प्र. १] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रत्येक नारकावास में बसने वाले वैक्रियशरीरी नारक क्या क्रोधोपयुक्त हैं, (मानोपयुक्त हैं, मायोपयुक्त है अथवा लोभोपयुक्त हैं ?)

[उ.] गौतम ! उनके क्रोधोपयुक्त आदि २७ भंग कहने चाहिए। [२] और इस प्रकार शेष दोनों शरीरों (तैजस् और कार्मण) सहित तीनों के सम्बन्ध में यही बात (आलापक) कहनी चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13. **[Q. 1]** *Bhante* ! Do the infernal beings with transmutable body (*vaikriya sharira*) living in each one of the infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), inclination of conceit (*maanopayukta*), inclination of deceit (*maayopayukta*) or inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! Twenty seven alternatives including *krodhopayukta* should be stated for them. **[2]** Same statements should be repeated for the other two types of bodies (fiery and *karmic*).

विवेचन : वैक्रियशरीर–जिस शरीर के प्रभाव से मनचाहा रूप धारण किया जा सकता है, वह वैक्रियशरीर है। इसके दो भेद हैं–भवधारणीय और उत्तरवैक्रिय। नारकों के भवधारणीय वैक्रियशरीर होता है। तैजसशरीर–आहार को पचाकर शरीर के अंगों में यथास्थान पहुँचाने वाला तैजसशरीर है। कार्मणशरीर–राग-द्वेषादि भावों से शुभाशुभ कर्मवर्गणा के पुद्गलों को संचित करने वाला कार्मणशरीर है। *(वृत्ति, पत्रांक ७२)*

Elaboration—*Vaikriya Sharira* (transmutable body)—the body that can be transformed to any desired form. This is of two *types*—*bhavadharaniya* (incarnation sustaining) and *uttar-vaikriya* (secondary transmuted). Infernal beings have incarnation sustaining transmuted body. *Taijas sharira* (fiery body)—body that is responsible for digestion of food and its assimilation with different parts of the body. *Karman sharira* (*karmic* body)—body that acquires and compiles the good and bad *karmic* particles through the force of passions like attachment and aversion. *(Vritti, leaf 72)*

चौथा : संहनन द्वार **FOURTH : SAMHANAN**

१४. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए जाव नेरइयाणं सरीरगा किं संघयणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! छण्हं संघयणाणं असंघयणी, नेवऽट्ठी, नेव छिरा, नेव ण्हारूणि। जे पोग्गला अणिट्ठा अकंता अप्पिया असुभा अमणुण्णा अमणामा ते तेसिं सरीरसंघातत्ताए परिणमंति।

१४. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के प्रत्येक नारकावास में बसने वाले नैरयिकों के शरीरों का कौन–सा संहनन है ?

[उ.] गौतम ! उनका शरीर संहननरहित है, अर्थात् उनमें छह संहननों में से कोई भी संहनन नहीं होता। उनके शरीर में हड्डी, शिरा (नसें) और स्नायु नहीं होती। जो पुद्गल अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अशुभ, अमनोज्ञ और अमनोहर हैं, वे पुद्गल नारकों के शरीर–संघातरूप में परिणत होते हैं।

14. [Q.] *Bhante* ! What is said to be the type of *Samhanan* (body-constitution) of the infernal beings living in each of the infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! Their bodies are devoid of body structure. In other words they do not have any of the six *Samhanan* (body-constitution). Their bodies have no bones, no veins and no sinews. *Anisht* (not desirable), *akaant* (not beautiful), *apriya* (not lovable), *ashubha* (ignoble), *amanojna* (not attractive), *amanohar* (not adorable or whose mere thought is repulsive) matter particles coalesce to constitute the bodies of infernal beings.

१५. [प्र.] इमीसे णं भंते ! जाव छण्हं संघयणाणं असंघयणे वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता० ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा।

१५. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के प्रत्येक नारकावास में रहने वाले और छह संहननों में से जिनके एक भी संहनन नहीं है, वे नैरयिक क्या क्रोधोपयुक्त हैं, यावत् लोभोपयुक्त हैं ?

[उ.] गौतम ! इनके पूर्वोक्त सत्ताईस भंग कहने चाहिए।

15. [Q.] *Bhante* ! Do the infernal beings without any of the six *Samhanan* (body-constitution) living in each one of the infernal abodes in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), ... and so on up to... inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! Twenty seven aforesaid alternatives should be stated for them.

पाँचवाँ : संस्थान द्वार FIFTH : SAMSTHAN

१६. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभा जाव सरीरया किं संठिता पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता तं जहा--भवधारणिज्जा य उत्तरवेउव्विया य। तत्थ णं जे ते भवधारणिज्जा ते हुंडसंठिया पण्णत्ता। तत्थ णं उत्तरवेउव्विया ते वि हुंडसंठिया पण्णत्ता।

१७. [प्र.] इमीसे णं जाव हुंडसंठाणे वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता० ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा।

१६. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभापृथ्वी के नारकावास में रहने वाले नैरयिकों के शरीर किस संस्थान वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! उन नारकों का शरीर दो प्रकार का है, यथा–भवधारणीय और उत्तरवैक्रिय। उनमें जो भवधारणीय शरीर वाले हैं, वे हुण्डक संस्थान वाले होते हैं, और जो शरीर उत्तरवैक्रियरूप हैं, वे भी हुण्डकसंस्थान वाले हैं।

१७. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभापृथ्वी में यावत् हुण्डकसंस्थान में वर्तमान नारक क्या क्रोधोपयुक्त इत्यादि हैं ?

[उ.] गौतम ! इनके भी क्रोधोपयुक्त आदि २७ भंग कहने चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

16. [**Q.**] *Bhante* ! What is said to be the type of *Samsthan* (body structure) of the infernal beings living in this Ratnaprabha *prithvi* ?

[**Ans.**] Gautam ! The bodies of infernal beings living in this Ratnaprabha are of two types—*bhavadharaniya* (incarnation sustaining) and *uttar-vaikriya* (secondary transmuted). Those having *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) have *hundak samsthan* (an anatomical structure having deformities in every part of the body). Those having *uttar-vaikriya sharira* (secondary transmuted body) too have *hundak samsthan.*

17. [**Q.**] *Bhante* ! Do the infernal beings having *hundak samsthan* living in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), ... and so on up to... inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[**Ans.**] Gautam ! For these too twenty seven aforesaid alternatives should be stated.

विवेचन : उत्तरवैक्रिय शरीर–एक नारकी जीव दूसरे जीव को कष्ट देने के लिए जो शरीर बनाता है, वह उत्तरवैक्रिय कहलाता है। उत्तरवैक्रिय शरीर सुन्दर न बनाकर नारक हुण्डकसंस्थान वाला क्यों बनाते हैं ? इसका समाधान यह है कि उनमें शक्ति की मन्दता है तथा देश–काल आदि की प्रतिकूलता है, इस कारण वे शरीर का आकार सुन्दर बनाना चाहते हुए भी नहीं बना पाते, वह बेढंगा ही बनता है। उनका शरीर संहननरहित होता है, इसलिए उन्हें छेदने पर शरीर के पुद्गल अलग हो जाते हैं और पुनः मिल जाते हैं। अस्थियों के विशिष्ट प्रकार के ढाँचे को संहनन कहते हैं। अस्थियाँ केवल औदारिक शरीर में ही होती हैं और नारकों को औदारिक शरीर नहीं होता है। *(वृत्ति, पत्रांक ७२)*

Elaboration—*Uttar-vaikriya sharira*—The body created by one infernal being in order to torture another infernal being is called *uttar-vaikriya sharira* (secondary transmuted body). Why these secondary transmuted bodies are made ugly in *hundak samsthan* and not beautiful ? The answer is that the infernal beings are at low energy levels and the circumstances are also unfavourable. Therefore they fail to make a beautiful body; although they desire to do so, it turns out ugly only. As their bodies are devoid of a body-constitution, on piercing matter particles separate from the body and combine again. Specific body-constitutions built on bones are called *samhanan*. Bones are part of the *audarik sharira* (gross physical body) and infernal beings do not have *audarik sharira*. *(Vritti, leaf 72)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छठा : लेश्या द्वार SIXTH : LESHYA

१८. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइयाणं कति लेसाओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! एक्का काउलेस्सा पण्णत्ता।

१९. [प्र.] इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए जाव काउलेस्साए वट्टमाणा० ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा।

१८. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बसने वाले नैरयिकों में कितनी लेश्याएँ हैं ?

[उ.] गौतम ! उनमें केवल एक कापोतलेश्या है।

१९. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बसने वाले कापोतलेश्या वाले नारक जीव क्या क्रोधोपयुक्त हैं, यावत् लोभोपयुक्त हैं ?

[उ.] गौतम ! इनके भी सत्ताईस भंग कहने चाहिए।

18. [Q.] *Bhante* ! How many *Leshyas* (complexions of soul) the infernal beings living in this Ratnaprabha *prithvi* are said to have ?

[Ans.] Gautam ! They only have one, the *Kapot leshya* (pigeon-like complexion).

19. [Q.] *Bhante* ! Do the infernal beings having *Kapot leshya* (pigeon complexion) living in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), ... and so on up to... inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! For these too twenty seven aforesaid alternatives should be stated.

सातवाँ : दृष्टि द्वार SEVENTH : DRISHTI

२०. [प्र.] इमीसे णं जाव किं सम्मद्दिट्ठी मिच्छद्दिट्ठी सम्मामिच्छद्दिट्ठी ?

[उ.] तिण्णि वि।

२१. [प्र. १] इमीसे णं जाव सम्मद्दंसणे वट्टमाणा नेरइया० ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा। [२] एवं मिच्छदंसणे वि। [३] सम्मामिच्छद्दंसणे असीति भंगा।

२०. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बसने वाले नारक जीव क्या सम्यग्दृष्टि हैं, मिथ्यादृष्टि हैं, या सम्यग्मिथ्यादृष्टि (मिश्रदृष्टि) हैं ?

[उ.] हे गौतम ! वे तीनों प्रकार के हैं।

२१. [प्र. १] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में बसने वाले सम्यग्दृष्टि नारक क्या क्रोधोपयुक्त यावत् लोभोपयुक्त हैं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! इनके क्रोधोपयुक्त आदि सत्ताईस भंग कहने चाहिए। [२] इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि के भी क्रोधोपयुक्त आदि २७ भंग कहने चाहिए। [३] सम्यग्मिथ्यादृष्टि के अस्सी भंग (पूर्ववत्) कहने चाहिए।

20. [Q.] *Bhante* ! Are the infernal beings living in this Ratnaprabha *prithvi samyagdrishti* (having right perception/faith), *mithyadrishti* (having wrong perception/faith) or *samyagmithyadrishti* (having right-wrong or mixed perception/faith) ?

[Ans.] Gautam ! They are of all the three kinds.

21. [Q. 1] *Bhante* ! Do the infernal beings having right perception/faith living in this Ratnaprabha *prithvi* have inclination of anger (*krodhopayukta*), ... and so on up to... inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! For these too twenty seven aforesaid alternatives should be stated. **[2]** In the same way twenty seven aforesaid alternatives should be stated with regard to *mithyadrishti* (having wrong perception/faith). **[3]** Eighty aforesaid alternatives should be stated with regard to *samyagmithyadrishti* (having right-wrong or mixed perception/faith).

आठवाँ : ज्ञान द्वार EIGHT : JNANA

२२. [प्र.] इमीसे णं भंते ! जाव किं णाणी, अण्णाणी ?

[उ.] गोयमा ! णाणी वि, अण्णाणी वि। तिण्णि नाणाणि नियमा, तिण्णि अण्णाणाइं भयणाए।

२३. [प्र. १] इमीसे णं भंते ! जाव आभिणिबोहियणाणे वट्टमाणा० ?

[उ.] सत्तावीसं भंगा। [२] एवं तिण्णि णाणाइं, तिण्णि य अण्णाणाइं भाणियव्वाइं।

२२. [प्र.] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में रहने वाले नारक जीव क्या ज्ञानी हैं, या अज्ञानी हैं ?

[उ.] गौतम ! उनमें ज्ञानी भी हैं, और अज्ञानी भी हैं। जो ज्ञानी हैं, उनमें नियमपूर्वक तीन ज्ञान होते हैं, और जो अज्ञानी हैं, उनमें तीन अज्ञान भजना (विकल्प) से होते हैं।

२३. [प्र. १] भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में रहने वाले आभिनिबोधिक ज्ञानी (मतिज्ञानी) नारकी जीव क्या क्रोधोपयुक्त यावत् लोभोपयुक्त होते हैं ?

[उ.] गौतम ! उन नारकों के क्रोधोपयुक्त आदि २७ भंग कहने चाहिए। [२] इसी प्रकार तीनों ज्ञान वाले तथा तीनों अज्ञान वाले नारकों में क्रोधोपयुक्त आदि २७ भंग कहने चाहिए।

22. [Q.] *Bhante* ! Are the infernal beings living in this Ratnaprabha *prithvi jnani* (having right knowledge) or *ajnani* (having false knowledge) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! There are *jnanis* (having right knowledge) as well as *ajnanis* (having false knowledge) among them. Those with right knowledge have, as a rule, three kinds of right knowledge, and those with false knowledge have three kinds of false knowledge alternatively.

23. [Q. 1] *Bhante* ! Do the infernal beings having *abhinibodhik jnana* (*mati jnana* or sensory knowledge) in this Ratnaprabha *prithvi* (hell) have inclination of anger (*krodhopayukta*), ... and so on up to... inclination of greed (*lobhopayukta*) ?

[Ans.] Gautam ! For these twenty seven aforesaid alternatives should be stated. **[2]** In the same way twenty seven aforesaid alternatives each should be stated with regard to those having three kinds of right knowledge and those having three kinds of false knowledge.

विवेचन : जिनकी दृष्टि (दर्शन) में समभाव है, सम्यक्त्व है, वे **सम्यग्दृष्टि** हैं। वस्तु का विपरीत स्वरूप समझना **मिथ्यादर्शन** है। विपरीत दृष्टि वाला प्राणी **मिथ्यादृष्टि** होता है। जो न पूरी तरह मिथ्यादृष्टि है और न सम्यग्दृष्टि है, वह सम्यग्मिथ्यादृष्टि–**मिश्रदृष्टि** कहलाता है।

तीन ज्ञान और तीन अज्ञान कैसे ?–जो जीव नरक में सम्यक्त्व सहित उत्पन्न होते हैं, उन्हें जन्मकाल के प्रथम समय से लेकर भवप्रत्यय अवधिज्ञान होता है, इसलिए उनमें निश्चित रूप से तीन ज्ञान होते हैं। जो मिथ्यादृष्टि जीव नरक में उत्पन्न होते हैं, वे यहाँ से संज्ञी या असंज्ञी जीवों में से गये हुए होते हैं। उनमें से जो जीव यहाँ से संज्ञी जीवों में से जाकर नरक में उत्पन्न होते हैं, उन्हें जन्मकाल से ही **विभंग** (विपरीत अवधि) ज्ञान होता है। इसलिए उनमें नियमतः तीन अज्ञान होते हैं। जो जीव यहाँ से असंज्ञी जीवों में से जाकर नरक में उत्पन्न होते हैं, उन्हें जन्मकाल में दो अज्ञान (मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान) होते हैं, और एक अन्तर्मुहूर्त व्यतीत हो जाने पर पर्याप्त अवस्था प्राप्त होने पर विभंगज्ञान उत्पन्न होता है, तब उन्हें तीन अज्ञान हो जाते हैं। इसलिए उनमें तीन अज्ञान भजना (विकल्प) से कहे गये हैं। अर्थात्–किसी समय उनमें दो अज्ञान होते हैं, किसी समय तीन अज्ञान। जब दो अज्ञान होते हैं, तब उनमें क्रोधोपयुक्त आदि ८० भंग होते हैं, क्योंकि ये जीव थोड़े से होते हैं। **ज्ञान और अज्ञान**–ज्ञान का अर्थ यहाँ सम्यग्ज्ञान और अज्ञान का अर्थ ज्ञानाभाव नहीं, अपितु मिथ्याज्ञान है। *(वृत्ति, पत्रांक ७२-७३)*

Elaboration—*Samyagdrishti*—one having right perception/faith or righteousness and equanimity. *Mithyadrishti*—to understand a thing wrongly or falsely is *mithya darshan*. One having wrong perception/faith is *mithyadrishti*. *Samyagmithyadrishti*—one having right-wrong or mixed perception/faith; in other words one who is neither completely righteous nor completely unrighteous. He is also called *mishradrishti* (having mixed perception/faith).

Three *jnana* and three *ajnana*—A righteous being born in hell has *bhava pratyayik* (acquired at birth) *avadhi jnana* since the very moment of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] हंता गोयमा ! जीवे णं गब्भगए समाणे जाव दुहियाए भवति।

२१. [प्र.] भगवन् ! गर्भ में रहा हुआ जीव क्या चित्त–लेटा हुआ (उत्तानक) होता है, या करवट वाला होता है, अथवा आम के समान कुबड़ा होता है, या खड़ा होता है, बैठा होता है या पड़ा हुआ (सोता हुआ) होता है; तथा माता जब सो रही हो तो सोया होता है, माता जब जागती हो तो जागता है, माता के सुखी होने पर सुखी होता है, एवं माता के दुःखी होने पर दुःखी होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! गर्भ में रहा हुआ जीव उक्त सभी प्रकार से रहता है। यावत्–जब माता दुःखित हो तो दुःखी होता है।

21. [Q.] *Bhante* ! Does a being lodged in a womb (fetus) lie in supine position ? Does he lie on its sides ? Is it hunchbacked like a mango ? Or does he remain standing, sitting or reclining ? Also, is he asleep when the mother is asleep ? Is he awake when the mother is awake ? Is he happy when the mother is happy ? And is he sad when the mother is sad ?

[Ans.] Yes, Gautam ! A being lodged in a womb (fetus) does all this... and so on up to... he is sad when the mother is sad.

२२. अहे णं पसवणकालसमयंसि सीसेण वा पाएहिं वा आगच्छति सममागच्छइ तिरियमागच्छइ विणिहायमावज्जति। वण्णवज्जाणि य से कम्माइं बद्धाइं पुट्ठाइं निहत्ताइं कडाइं पट्ठविताइं अभिनिविट्ठाइं अभिसमन्नागयाइं उदिण्णाइं, नो उवसंताइं भवंति; तओ भवइ दुरूवे दुव्वण्णे दुग्गंधे दुरसे दुप्फासे अणिट्ठे अंकंते अप्पिए असुभे अमणुण्णे अमणामे हीणस्सरे दीणस्सरे अणिट्ठस्सरे अकंतस्सरे अप्पियस्सरे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असुभस्सरे अमणुण्णस्सरे अमणामस्सरे अणादेज्जवयणे पच्चायाए याऽवि भवति। वण्णवज्झाणि य से कम्माइं नो बद्धाइं, पसत्थं नेतव्वं जाव आदेज्जवयणे पच्चायाए याऽवि भवति।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ पढमे सए : सत्तमो उद्देसो समत्तो ॥

२२. इसके पश्चात् प्रसवकाल में अगर वह गर्भगत जीव मस्तक द्वारा या पैरों द्वारा (गर्भ से) बाहर आये तब तो ठीक तरह आता है, यदि वह टेढ़ा (आड़ा) होकर आये तो मर जाता है। गर्भ से निकलने के पश्चात् उस जीव के कर्म यदि अशुभरूप में बँधे हों–स्पृष्ट हों, निधत्त हों, कृत हों, प्रस्थापित हों, अभिनिविष्ट हों, अभिसमन्वागत हों, उदीर्ण हों और उपशान्त न हों, तो वह जीव कुरूप, कुवर्ण (खराब वर्ण वाला), दुर्गन्ध वाला, कुरस वाला, कुस्पर्श वाला, अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अशुभ, अमनोज्ञ, अमनाम (जिसका स्मरण भी बुरा लगे), हीन स्वर वाला, दीन स्वर वाला, अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अशुभ, अमनोरम एवं अमनाम स्वर वाला; तथा अनादेय वचन वाला होता है, और यदि उस जीव के कर्म अशुभरूप में न बँधे हुए हों, तो उसके उपर्युक्त सब बातें प्रशस्त होती हैं,.... यावत्–वह आदेयवचन वाला होता है।'

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।'

॥ प्रथम शतक : सप्तम उद्देशक समाप्त ॥

22. After that at the time of delivery if that being in the womb comes out from head first or leg first it is the right position but if it comes out sideways, it dies. If his *karmas* are ignobly bound (*baddha*), touched (*sprishtra*), in state of partial intransigence (*nidhatt*), acquired (*krit*), established (*prasthapit*), thoroughly assimilated (*abhinivisht*), are about to fructify (*abhisamanvagat*), fructified (*udirna*) and not pacified (*upashant*) then that being is born with bad form, bad appearance, bad odour, bad taste and bad touch. He is *anisht* (not desirable), *akaant* (not beautiful), *apriya* (not lovable), *ashubha* (ignoble), *amanojna* (not attractive) and *amanama* (not adorable or whose mere thought is repulsive). He is born with a voice that is feeble, meek, *anisht* (not desirable), *akaant* (not beautiful), *apriya* (not lovable), *ashubha* (ignoble), *amanojna* (not attractive) and *amanama* (not adorable or whose mere thought is repulsive). His language is also unpleasant. However if *karmas* are not ignobly bound then all the aforesaid attributes are noble... and so on up to... His language is also pleasant.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

● END OF THE SEVENTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम शतक : अष्टम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : EIGHTH LESSON

बाल BAAL (UNRIGHTEOUS)

बाल, पण्डित आदि का आयुष्यबन्ध LIFE-SPAN BONDAGE OF BAAL, PUNDIT ETC.

रायगिहे समोसरणं ! जाव एवं वयासी–

१. [प्र.] एगंतबाले णं भंते ! मणुस्से किं नेरइयाउयं पकरेति ? तिरिक्खाउयं पकरेति ? मणुस्साउयं पकरेति ? देवाउयं पकरेति ? नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जति ? तिरियाउयं किच्चा तिरिएसु उववज्जइ ? मणुस्साउयं किच्चा मणुस्सेसु उववज्जइ ? देवाउयं किच्चा देवलोगेसु उववज्जति ?

[उ.] गोयमा ! एगंतबाले णं मणुस्से नेरइयाउयं पि पकरेइ, तिरियाउयं पि पकरेइ, मणुयाउयं पि पकरेइ, देवाउयं पि पकरेइ; णेरइयाइयं पि किच्चा नेरइएसु उववज्जति, तिरियाउयं पि किच्चा तिरिएसु उववज्जति, मणुस्साउयं पि किच्चा मणुस्सेसु उववज्जति, देवाउयं पि किच्चा देवेसु उववज्जति।

राजगृह नगर में समवसरण हुआ वहाँ श्री गौतम स्वामी ने इस प्रकार प्रश्न पूछे–

१. [प्र.] भगवन् ! क्या एकान्तबाल–(मिथ्यादृष्टि) मनुष्य, नारक की आयु बाँधता है, तिर्यंच की आयु बाँधता है, मनुष्य की आयु बाँधता है अथवा देव की आयु बाँधता है ? तथा क्या वह नरक की आयु बाँधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है; मनुष्य की आयु बाँधकर मनुष्यों में उत्पन्न होता है अथवा देव की आयु बाँधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! एकान्तबाल मनुष्य नारक की भी आयु बाँधता है, तिर्यंच की भी आयु बाँधता है, मनुष्य की भी आयु बाँधता है और देव की भी आयु बाँधता है; तथा नरकायु बाँधकर नैरयिकों में उत्पन्न होता है, तिर्यंचायु बाँधकर तिर्यंचों में, मनुष्यायु बाँधकर मनुष्यों में और देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है।

At the *Samavasaran* (religious assembly) held in Rajagriha Gautam Swami submitted as follows—

1. [Q.] *Bhante* ! Does a singularly unrighteous or ignorant (*ekanta-baal*) human being acquire bondage of life-span as an infernal being, life-span as an animal, life-span as a human being, or life-span as a divine being ? Also is he born as an infernal being after acquiring life-span as an infernal being, born as an animal after acquiring life-span as an animal, born as a human being after acquiring life-span as a human being, or born as a divine being after acquiring life-span as a divine being ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! A singularly unrighteous or ignorant human being can acquire bondage of life-span as an infernal being, life-span as an animal, life-span as a human being and life-span as a divine being. Then he is born as an infernal being after acquiring life-span as an infernal being, as an animal after acquiring life-span as an animal, as a human being after acquiring life-span as a human being and as a divine being after acquiring life-span as a divine being.

२. [प्र.] एगंतपंडिए णं भंते ! मणुस्से किं नेरइयाउयं पकरेइ ? जाव देवाउयं किच्चा देवलोएसु उववज्जति ?

[उ.] गोयमा ! एगंतपंडिए णं मणुस्से आउयं सिय पकरेति, सिय नो पकरेति। जइ पकरेइ नो नेरइयाउयं पकरेइ, नो तिरियाउयं पकरेइ, नो मणुस्साउयं पकरेइ, देवाउयं पकरेति। नो नेरइयाउयं किच्चा नेरइएसु उववज्जइ, णो तिरि., णो मणुस्सा., देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति ?

[उ.] गोयमा ! एगंतपंडितस्स णं मणुस्सस्स केवलमेव दो गतीओ पन्नायंति, तं जहा--अंतकिरिया चेव, कप्पोववत्तिया चेव। से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति।

२. [प्र.] भगवन् ! एकान्तपण्डित मनुष्य क्या नरकायु बाँधता है ? या यावत् देवायु बाँधता है ? और यावत् देवायु बाँधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?

[उ.] हे गौतम ! एकान्तपण्डित मनुष्य, कदाचित् आयु बाँधता है और कदाचित् आयु नहीं बाँधता। यदि आयु बाँधता है तो देवायु बाँधता है, किन्तु नरकायु, तिर्यंचायु और मनुष्यायु नहीं बाँधता। वह नरकायु नहीं बाँधने से नारकों में उत्पन्न नहीं होता, इसी प्रकार तिर्यंचायु न बाँधने से तिर्यंचों में और मनुष्यायु न बाँधने से मनुष्यों में भी उत्पन्न नहीं होता; किन्तु देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है कि देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! एकान्तपण्डित मनुष्य की केवल दो गतियाँ होती हैं--(१) अन्तक्रिया, और (२) कल्पोपत्तिका (सौधर्मादि कल्पों में उत्पन्न होना)। इस कारण हे गौतम ! एकान्तपण्डित मनुष्य देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है।

2. [Q.] *Bhante* ! Does a singularly righteous or enlightened (*ekanta-pundit*) human being acquire bondage of life-span as an infernal being, ...and so on up to... is he born as a divine being after acquiring life-span as a divine being ?

[Ans.] Gautam ! A singularly righteous human being sometimes acquires bondage of life-span and sometimes not. In case he acquires bondage of life-span it is only as a divine being and never as an infernal

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

being, animal or a human being. As he does not acquire life-span as an infernal being he is not born as an infernal being. In the same way as he does not acquire life-span as an animal he is not born as an animal and as he does not acquire life-span as a human being he is not born as a human being. But he is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being.

[**Q.**] *Bhante* ! What is the reason that he is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being ?

[**Ans.**] Gautam ! A singularly righteous human being is said to be destined for two states—(1) *Antakriya* (ultimate act or liberation), and (2) *Kalpopattika* (birth in higher divine realms like *Saudharma kalp*). Therefore, Gautam ! A singularly righteous human being is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being.

३. [प्र.] बालपंडिते णं भंते ! मणुस्से किं नेरइयाउयं पकरेति जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति ?

[उ.] गोयमा ! नो नेरइयाउयं पकरेति जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! बालपंडिए णं मणुस्से तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा अंतिए एगमवि आरियं धम्मियं सुवयणं सोचा निसम्म देसं उवरमति, देसं नो उवरमइ, देसं पच्चक्खाति, देसं णो पच्चक्खाति; से णं तेणं देसोवरम-देसपच्चक्खाणेणं नो नेरयाउयं पकरेति जाव देवाउयं किच्चा देवेसु उववज्जति। से तेणट्ठेणं जाव देवेसु उववज्जइ।

३. [प्र.] भगवन् ! क्या बालपण्डित मनुष्य नरकायु बाँधता है, यावत्-देवायु बाँधता है ? और यावत्-देवायु बाँधकर देवलोक में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह नरकायु नहीं बाँधता और यावत् (तिर्यंचायु तथा मनुष्यायु नहीं बाँधता), देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है कि बालपण्डित मनुष्य यावत् देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! बालपण्डित मनुष्य तथारूप श्रमण या माहन के पास से एक भी आर्य तथा धार्मिक सुवचन सुनकर, अवधारण करके एकदेश से (आंशिक रूप से) विरत होता है और एकदेश से विरत नहीं होता। एकदेश से प्रत्याख्यान करता है और एकदेश से प्रत्याख्यान नहीं करता। इसलिए हे गौतम ! देश-विरति और देश-प्रत्याख्यान के कारण वह नरकायु, तिर्यंचायु और मनुष्यायु का बन्ध नहीं करता और यावत्-देवायु बाँधकर देवों में उत्पन्न होता है। इसलिए हे गौतम ! पूर्वोक्त कथन किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

3. **[Q.]** *Bhante* ! Does a partially righteous (*baal-pundit*) human being acquire bondage of life-span as an infernal being, ... and so on up to... is he born as a divine being after acquiring life-span as a divine being ?

[Ans.] Gautam ! A partially righteous human being does not acquire bondage of life-span as an infernal being... and so on up to... (not as an animal or a human being) but he is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason that he is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being ?

[Ans.] Gautam ! A partially righteous human being after hearing even one noble and pious word from an ascetic (Shraman or Brahmin) conforming to the description in *Agams* (*tatharupa*) and after due consideration partially abstains (*desh virati*) and partially does not. He partially restrains (*desh pratyakhyan*) and partially does not. Therefore, Gautam ! Due to partial abstainment and partial renunciation he does not acquire life-span as an infernal being, animal or a human being... and so on up to... is born as a divine being after acquiring life-span as a divine being. That is why there is the aforesaid statement, Gautam !

विवेचन : मिथ्यादृष्टि और अविरत को **एकान्तबाल**, महाव्रतधारी मुनि को **पण्डित** और वह देशविरत श्रमणोपासक **बालपण्डित** कहलाता है।

एकान्तबाल मनुष्य के चारों गतियों का आयुष्यबन्ध–एकान्तबालत्व समान होते हुए भी एक ही गति का आयुष्यबन्ध न होकर चारों गतियों का आयुबन्ध होता है। इसका कारण एकान्तबाल जीवों का प्रकृतिवैविध्य है। कई एकान्तबाल जीव महारम्भ, महापरिग्रही, पापाचारी होते हैं, वे नरकायु या तिर्यंचायु का बन्ध करते हैं। कई एकान्तबाल जीव अल्पकषायी, अकामनिर्जरा, बालतप आदि से युक्त होते हैं। वे मनुष्यायु या देवायु का बन्ध करते हैं।

एकान्तपण्डित की दो गतियाँ–जिनके सम्यक्त्वसप्तक (अनन्तानुबन्धी चार कषाय और मोहनीयत्रिक इन सात प्रकृतियों) का क्षय हो गया है तथा जो तद्भवमोक्षगामी हैं, वे आयुष्यबन्ध नहीं करते। यदि इन सात प्रकृतियों के क्षय से पूर्व उनके आयुष्यबन्ध हो गया हो तो सिर्फ एक वैमानिक देवायु का बन्ध करते हैं। इसी कारण एकान्तपण्डित मनुष्य की क्रमशः दो गतियाँ कही हैं–अन्तक्रिया (मोक्षगति) अथवा कल्पोपपत्तिका। *(वृत्ति, पत्रांक ९०-९१)*

Elaboration—An unrighteous and non-abstaining person is called *ekanta-baal*. An ascetic observing five great vows (*mahavrat*) is called *pundit*. A partially abstaining *Shramanopasak* (a layman observing twelve vows including five *anuvrats*) is called *baal-pundit*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Life-span bondage of an ekanta-baal—Although singular unrighteousness is a single category, individuals of this category have bondage of life-span determining *karmas* for varied genuses and not a single one. The reason for this is the varied nature of such beings. Some singularly unrighteous persons are extremely violent, covetous and sinful. They acquire bondage of life-span as infernal beings or animals. Some singularly unrighteous persons are with mild passions and they undergo involuntary shedding of *karmas* as well as indulge in ignorant austerities. They acquire bondage of life-span as divine beings or humans.

Two destinies of ekanta-pundit—Those who have shed *Samyaktvasaptak* (seven modes of righteousness) or the seven species of *karmas* including four *anantanubandhi kashaya* (passions that enhance the unending cycles of rebirth) and three *Mohaniya* (deluding) *karmas*, and are destined to liberate at the end of the present birth, do not acquire bondage of life-span. If they have acquired life-span bondage prior to the shedding of the said seven species of *karmas*, it is only the life-span as Vaimanik gods. Therefore only two destinies for *ekanta-pundit* have been mentioned—*Antakriya* (ultimate act or liberation) and *Kalpopattika* (birth in higher divine realms like *Saudharma kalp*). *(Vritti, leaves 90-91)*

मृगघातकादि को लगने वाली क्रिया INVOLVEMENT IN ACTIVITIES

४. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा १ दहंसि वा २ उदगंसि वा ३ दवियंसि वा ४ वलयंसि वा ५ नूमंसि वा ६ गहणंसि वा ७ गहणविदुग्गंसि वा ८ पव्वतंसि वा ९ पव्वतविदुग्गंसि वा १० वणंसि , वा ११ वणविदुग्गंसि वा १२ मियवित्तीए मियसंकप्पे मियपणिहाणे मियवहाए गंता 'एते मिए' त्ति काउं अन्नयरस्स मियस्स वहाए कूडपासं उद्दाइ; ततो णं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे कच्छंसि वा १२ जाव कूडपासं उद्दाइ तावं च णं से पुरिसे सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति 'सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए ?'

[उ.] गोयमा ! जे भविए उद्दवणयाए, णो बंधणयाए, णो मारणयाए तावं च णं से पुरिसे काइयाए अहिगरणियाए पादोसियाए तीहिं किरियाहिं पुट्ठे। जे भविए उद्दवणयाए वि बंधणयाए वि, णो मारणयाए तावं च णं से पुरिसे काइयाए अहिगरणियाए पाओसियाए पारियावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे। जे भविए उद्दवणयाए वि बंधणयाए वि मारणयाए वि तावं च णं से पुरिसे काइयाए जाव पाणातिवातकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे। से तेणट्ठेणं जाव पंचकिरिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. [प्र.] भगवन् ! मृगों से आजीविका चलाने वाला, मृगों का शिकारी, मृगों के शिकार में तल्लीन कोई पुरुष मृगवध के लिए निकला हुआ **कच्छ** (नदी के पानी से घिरे हुए झाड़ियों वाले स्थान) में, द्रह में, जलाशय में, घास आदि में, समूह में, **वलय** (गोलाकार नदी आदि के पानी से टेढ़े-मेढ़े स्थान) में, अन्धकारयुक्त प्रदेश में, **गहन** (वृक्ष, लता आदि झुण्ड से सघन वन) में, पर्वत के एक भागवर्त्ती वन में, पर्वत पर पर्वतीय दुर्गम प्रदेश में, वन में, बहुत से वृक्षों से दुर्गम वन में 'ये मृग हैं' ऐसा सोचकर किसी मृग को मारने के लिए कूटपाश रचे (गड्ढा बनाकर जाल फैलाए) तो हे भगवन् ! उस पुरुष को कितनी क्रियाएँ लगती हैं ?

[उ.] हे गौतम ! वह पुरुष कच्छ में, यावत्--जाल फैलाए तो कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि 'वह पुरुष कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला और कदाचित् पाँच क्रियाओं वाला होता है ?'

[उ.] गौतम ! जब तक पुरुष जाल को धारण करता है, और मृगों को बाँधता नहीं है तथा मृगों को मारता नहीं है, तब तक वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी और प्राद्वेषिकी, इन तीन क्रियाओं वाला होता है। जब तक वह जाल को धारण किये हुए है और मृगों को बाँधता है किन्तु मारता नहीं; तब तक वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी, प्राद्वेषिकी और पारितापनिकी, इन चार क्रियाओं वाला होता है। जब वह पुरुष जाल को धारण किये हुए है, मृगों को बाँधता है और मारता है, तब वह कायिकी, आधिकरणिकी, प्राद्वेषिकी, पारितापनिकी और प्राणातिपातिकी, इन पाँचों क्रियाओं वाला होता है। इस कारण हे गौतम ! वह पुरुष कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला और कदाचित् पाँचों क्रियाओं वाला कहा जाता है।

4. [**Q.**] *Bhante* ! A person earning his livelihood from deer (or other animals), a hunter committed to deer hunting sets out for a hunt in a bush on an island, in a river (*kachchha*), in a lake, in a pond, in thick grass, at river bend, in a dark area, in a dense forest, in a jungle on a mountain, in a difficult terrain on a mountain, in an impassable forest and with an idea that 'there are deer' he sets a trap to kill a deer. In such case, *Bhante* ! in how many activities (*kriya*) is he involved ?

[**Ans.**] Gautam ! When that person sets out for a hunt... and so on up to... sets a trap to kill a deer he is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

[**Q.**] *Bhante* ! Why is it said that he is involved in may be three activities, may be four or may be five activities ?

[**Ans.**] Gautam ! So long as he holds the net, does not trap deer and does not kill deer he is involved in three activities—*kaayiki* (physical activity), *aadhikaraniki* (activity of collecting instruments of violence)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

and *praadveshiki* (activity of harbouring aversion). So long as he holds the net, entraps deer but does not kill deer he is involved in four activities—*kaayiki, aadhikaraniki, praadveshiki* and *paaritapaniki* (activity of inflicting pain). When he holds the net, entraps deer and also kills the deer he is involved in five activities—*kaayiki, aadhikaraniki, praadveshiki, paaritapaniki* and *pranatipatiki* (activity of killing a living being). That is why it is said that he is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

५. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा जाव वणविदुग्गंसि वा तणाइं ऊसविय ऊसविय अगणिकायं निसिरइ तावं च णं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! सिय तिकिरिए सिय चउकिरिए सिय पंचकिरिए।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जे भविए उस्सवणयाए तिहिं; उस्सवणयाए वि निसिरणयाए वि, नो दहणयाए चउहिं; जे भविए उस्सवणयाए वि निसिरणयाए वि दहणयाए वि तावं च णं से पुरिसे काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे। से तेणट्ठेणं गोयमा !

५. [प्र.] भगवन् ! कच्छ में यावत्–**वनविदुर्ग**–(अनेक वृक्षों के कारण दुर्गम वन) में कोई पुरुष घास के तिनके इकट्ठे करके और उनमें अग्नि डाले तो वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह पुरुष कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला और कदाचित् पाँच क्रियाओं वाला होता है।

[प्र.] भगवान् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जब तक वह पुरुष तिनके इकट्ठे करता है, तब तक वह तीन क्रियाओं वाला होता है। जब वह तिनके इकट्ठे कर लेता है, और उनमें अग्नि डालता है, किन्तु जलाता नहीं है, तब तक वह चार क्रियाओं वाला होता है। जब वह तिनके इकट्ठे करता है, उनमें आग डालता है और जलाता है, तब वह पुरुष कायिकी आदि पाँचों क्रियाओं वाला होता है। इसलिए हे गौतम ! वह (पूर्वोक्त) पुरुष कदाचित् तीन क्रियाओं वाला, कदाचित् चार क्रियाओं वाला एवं कदाचित् पाँचों क्रियाओं वाला कहा जाता है।

5. [Q.] *Bhante* ! A person going in a bush on an island in a river (*kachchha*)... and so on up to... in an impassable forest collects dry grass and puts fire in the heap. In such case, *Bhante* ! in how many activities (*kriya*) is he involved ?

[Ans.] Gautam ! He is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Q.] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! As long as he collects dry grass he is involved in three activities. When he collects dry grass, puts fire into the heap but does not inflame it he is involved in four activities. When he collects dry grass, puts fire into the heap and also inflames, it he is involved in five activities including *kaayiki*. That is why it is said that he is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

६. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा जाव वणविदुग्गंसि वा मियवित्तीए मियसंकप्पे मियपणिहाणे मियवहाए गंता 'एए मिये' त्ति काउं अन्नयरस मियस्स वहाए उसुं निसिरइ, ततो णं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जे भविए निसिरणयाए नो विद्धंसणयाए नो मारणयाए वि तावं च णं पुरिसे तिहिं; जे भविए निसिरणयाए वि विद्धंसणयाए वि, नो मारणयाए चउहिं; जे भविए निसिरणयाए वि विद्धंसणयाए वि मारणयाए वि तावं च णं से पुरिसे जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे। से तेणट्ठेणं गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंचकिरिए।

६. [प्र.] भगवन् ! मृगों से आजीविका चलाने वाला, मृगों का शिकार करने के लिए कृत-संकल्प, मृगों के शिकार में तन्मय, मृगवध के लिए कच्छ में यावत् वनविदुर्ग में जाकर 'ये मृग हैं' ऐसा सोचकर किसी एक मृग को मारने के लिए बाण फेंकता है, तो वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है (अर्थात् उसे कितनी क्रिया लगती हैं ?)

[उ.] हे गौतम ! वह पुरुष कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जब तक वह पुरुष बाण फेंकता है, परन्तु मृग को बेधता नहीं है तथा मृग को मारता नहीं है, तब तक वह पुरुष तीन क्रिया वाला है। जब वह बाण फेंकता है और मृग को बेधता है, पर मृग को मारता नहीं है, तब तक वह चार क्रिया वाला है, जब वह बाण फेंकता है, मृग को बेधता है और मारता है; तब वह पुरुष पाँच क्रिया वाला है। हे गौतम ! इस कारण ऐसा कहा जाता है कि 'कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है।'

6. [Q.] *Bhante* ! A person earning his livelihood from deer (or other animals), a hunter committed to deer hunting sets out for a hunt in a bush on an island, in a river (*kachchha*)... and so on up to... in an impassable forest and with an idea that 'here is a deer' he launches an

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मृगघातक की क्रियाएँ





Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-३

Illustration No. 3

मृगघातक को कितनी क्रियाएँ

(१) कोई मृगों का शिकार करने वाला जंगल में मृगों को फँसाने के लिए नदी अथवा सरोवर के पास वाले गड्ढे में जाल बिछाकर झाड़ियों, उन्हें फँसाने की ताक में वृक्षों की ओट में छुपकर खड़ा रहता है। तब तक उसे कायिकी, आधिकरणिकी और प्राद्वेषिकी ये तीन क्रियाएँ लगती हैं।

(२) जब वह शिकारी मृगों को जाल में फँसाकर बाँध लेता है, परन्तु मारता नहीं है, तब तक उसे तीन क्रियाएँ प्रथम तथा चौथी पारितापनिकी--ये चार क्रियाएँ लगती हैं।

(३) जब वह निर्दयता पूर्वक मृग आदि का वध करने लगता है, तब उक्त चारों क्रियाएँ तथा प्राणातिपातिकी। ये पाँचों क्रिया वाला होता है।

यही उदाहरण प्रत्येक सावद्य क्रिया प्रवृत्ति के सम्बन्ध में समझना चाहिए।

-शतक १, उ. ८, सूत्र ४

DEER-HUNTER'S INVOLVEMENT IN ACTIVITIES

(1) A deer-hunter sets a trap to kill a deer in a bush near a river or a lake and stands hiding behind trees. So long as he waits he is involved in three activities—**kaayiki** (physical activity), **aadhikaraniki** (activity of collecting instruments of violence) and **praadveshiki** (activity of harbouring aversion).

(2) So long as he entraps deer but does not kill it he is involved in four activities—the aforesaid three and **paaritapaniki** (activity of inflicting pain).

(3) When he also kills the deer cruelly he is involved in five activities—the aforesaid four and **pranatipatiki** (activity of killing a living being). Such person is involved in all the five activities.

This example holds good for all sinful activities.

—Shatak 1, lesson 8, Sutra 4

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

arrow to kill a deer. In such case, *Bhante* ! in how many activities (*kriya*) is he involved ?

[Ans.] Gautam ! He is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

[Q.] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! As long as he launches the arrow but neither hits the deer nor kills it he is involved in three activities. When he launches the arrow and hits the deer but does not kill it he is involved in four activities. When he launches the arrow, hits the deer and also kills it he is involved in five activities. That is why it is said that he is involved in may be three activities, may be four or may be five activities.

७. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! कच्छंसि वा जाव अन्नयरस्स मियस्स वहाए आयतकण्णायतं उसुं आयामेत्ता चिट्ठिज्जा, अन्ने य से पुरिसे मग्गतो आगम्म सयपाणिणा असिणा सीसं छिंदेज्जा, से य उसू ताए चेव पुव्वायामणयाए तं मियं विंधेज्जा, से णं भंते ! पुरिसे किं मियवेरेणं पुट्ठे ? पुरिसवेरेणं पुट्ठे !

[उ.] गोयमा ! जे मियं मारेति से मियवेरेणं पुट्ठे, जे पुरिसं मारेइ से पुरिसवेरेणं पुट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव से पुरिसवेरेणं पुट्ठे ?

[उ.] से नूणं गोयमा ! कज्जमाणे कडे, संधिज्जमाणे संधिते, निव्वतिज्जमाणे निव्वत्तिए, निसिरिज्जमाणे निसट्ठे त्ति वत्तव्वं सिया ?

हंता, भगवं ! कज्जमाणे कडे जाव निसट्ठे त्ति वत्तव्वं सिया। से तेणट्ठेणं गोयमा ! जे मियं मारेति से मियवेरेणं पुट्ठे जे पुरिसं मारेइ से पुरिसवेरेणं पुट्ठे। अंतो छण्हं मासाणं मरइ। काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे।

बाहिं छण्हं मासाणं मरति। काइयाए जाव पारितावणियाए चउहिं किरियाहिं पुट्ठे।

७. [प्र.] भगवन् ! कोई पुरुष, कच्छ में यावत् किसी मृग का वध करने के लिए कान तक ताने (लम्बे किये) हुए बाण को प्रयत्नपूर्वक खींचकर खड़ा हो और दूसरा कोई पुरुष पीछे से आकर उस खड़े हुए पुरुष का मस्तक अपने हाथ से तलवार द्वारा काट डाले। वह बाण पहले के खिंचाव से उछलकर उस मृग को बींध डाले, तो हे भगवन् ! वह पुरुष मृग के वैर से स्पृष्ट है या (उक्त) पुरुष के वैर से स्पृष्ट है ?

[उ.] गौतम ! जो पुरुष मृग को मारता है, वह मृग के वैर से स्पृष्ट है और जो पुरुष, पुरुष को मारता है, वह पुरुष के वैर से स्पृष्ट है।

[प्र.] भगवन् ! आप ऐसा किस कारण से कहते हैं कि यावत् वह पुरुष, पुरुष के वैर से स्पृष्ट है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] हे गौतम ! यह तो निश्चित है कि 'जो किया जा रहा है, वह किया हुआ' कहलाता है; 'जो साधा (धनुष पर बाण चढ़ाना) जा रहा है, वह साधा हुआ', 'जो मोड़ा जा रहा है, वह मुड़ा हुआ' और 'जो फेंका जा रहा है, वह फेंका हुआ' कहलाता है।

(गौतम) हाँ, भगवन् ! जो किया जा रहा है, वह किया हुआ कहलाता है, और यावत्–जो फेंका जा रहा है, वह फेंका हुआ कहलाता है।

(भगवान्–) इसलिए हे गौतम ! 'इसी कारण से जो मृग को मारता है, वह मृग के वैर से स्पृष्ट और जो पुरुष को मारता है, वह पुरुष के वैर से स्पृष्ट कहलाता है। यदि मरने वाला छह मास के अन्दर मरे, तो मारने वाला कायिकी आदि यावत् पाँचों क्रियाओं से स्पृष्ट कहलाता है और यदि मरने वाला छह मास के पश्चात् मरे तो मारने वाला पुरुष कायिकी यावत् पारितापनिकी इन चार क्रियाओं से स्पृष्ट कहलाता है।

7. [Q.] *Bhante* ! A person sets out for a hunt in a bush on an island in a river (*kachchha*)... and so on up to... in an impassable forest and he *stands drawing an arrow (set on his bow) up to his ear and suddenly* another person comes behind him and beheads him with a sword. The already drawn arrow gets launched and pierces the deer. In such case, *Bhante* ! is that person touched by animosity for the deer or that of the other person ?

[Ans.] Gautam ! The person who kills the deer is touched by animosity for the deer and the other person who kills this person is touched by animosity for that person.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that the person who kills... and so on up to... is touched by animosity for that person ?

[Ans.] Gautam ! Is it not a fact that what is 'being done' is called 'done', what is 'being aimed' is called 'aimed', what is 'being bent' is called 'bent' and what is 'being launched' is called 'launched' ?

(Gautam) Yes, *Bhante* ! What is 'being done' is called 'done', ... and so on up to... what is 'being launched' is called 'launched'.

(*Bhagavan*) Therefore, Gautam ! The person who kills the deer is touched by animosity for the deer and the other person who kills this person is touched by animosity for the person. If the victim dies within six months the killer is said to be touched by all the five activities including *kaayiki*. On the other hand if the victim dies after six months the killer is said to be touched by four activities—*kaayiki*... and so on up to... *paaritapaniki*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! पुरिसं सत्तीए समभिधंसेज्जा, सयपाणिणा वा से असिणा सीसं छिंदेज्जा, ततो णं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! जावं च णं से पुरिसे तं पुरिसं सत्तीए समभिधंसेइ सयपाणिणा वा से असिणा सीसं छिंदइ तावं च णं से पुरिसे काइयाए, अहिगरणियाए, जाव पाणातिवायकिरियाए पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे, आसन्नवहएण य अणवकंखणवत्तिएणं पुरिसवेरेणं पुट्ठे।

८. [प्र.] भगवन् ! कोई पुरुष किसी पुरुष को बरछी (या भाले) से मारे अथवा अपने हाथ से तलवार द्वारा उस पुरुष का मस्तक काट डाले, तो वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! जब वह पुरुष उसे बरछी द्वारा मारता है, अथवा अपने हाथ से तलवार द्वारा उस पुरुष का मस्तक काटता है, तब वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी यावत् प्राणातिपातिकी इन पाँचों क्रियाओं से स्पृष्ट होता है और वह आसन्नवधक (तुरन्त मरने वाला) एवं दूसरे के प्राणों की परवाह न करने वाला पुरुष, पुरुष-वैर से स्पृष्ट होता है।

8. [Q.] *Bhante* ! If a person kills another person by a lance or beheads him with a sword then in how many activities (*kriya*) that person is involved ?

[Ans.] Gautam ! When that person kills another person by a lance or beheads him with a sword then he is involved in five activities—*kaayiki, aadhikaraniki, ...* and so on up to... *pranatipatiki*. And that spontaneous killer who is careless of the life of others is touched by animosity for man.

विवेचन : षट्मास की अवधि क्यों ? जिस पुरुष के प्रहार से मृगादि प्राणी छह मास के भीतर मर जाये तो उसके मरण में वह प्रहार निमित्त माना जाता है। इसलिए मारने वाले को पाँचों क्रियाएँ लगती हैं, किन्तु वह मृगादि प्राणी छह महीने के बाद मरता है तो उसके मरण में वह प्रहार निमित्त नहीं माना जाता, इसलिए उसे प्राणातिपातिकी के अतिरिक्त शेष चार क्रियाएँ ही लगती हैं। यह कथन व्यवहारनय की दृष्टि से है, अन्यथा उस प्रहार के निमित्त से जब कभी भी मरण हो, उसे पाँचों क्रियाएँ लगती हैं। *(वृत्ति ९३-९४)*

पंचक्रियाएँ—(१) **कायिकी**—काया द्वारा होने वाला सावद्य व्यापार, (२) **आधिकरणिकी**—हिंसा के साधन-शस्त्रादि जुटाना, (३) **प्राद्वेषिकी**—तीव्र द्वेषभाव से लगने वाली क्रिया, (४) **पारितापनिकी**—किसी जीव को पीड़ा पहुँचाना, और (५) **प्राणातिपातिकी**—जिस जीव को मारने का संकल्प किया था, उसे मार डालना।

Elaboration—Six month period—When a deer or other living being dies within six months of hitting by a person, that attack is believed to be the cause of death. Therefore there is said to be an involvement of all the five activities. However, if the victim dies after six months, that attack is not considered to be the cause of death. Therefore it is said to be an involvement of four activities leaving aside the act of killing. This statement is from *vyavahar naya* (empirical or conventional standpoint)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

otherwise no matter when the victim dies there is an involvement of all the five activities. *(Vritti, leaves 93-94)*

Five activities—(1) *kaayiki*—physical activity or sinful act performed by body. (2) *aadhikaraniki*—activity of collecting instruments of violence, (3) *praadveshiki*—activity of harbouring intense aversion, (4) *paaritapaniki*—activity of inflicting pain on some living being, and (5) *pranatipatiki*—activity of killing the chosen living being.

दो योद्धाओं में जय-पराजय का कारण CAUSE OF VICTORY AND DEFEAT

९. [प्र.] दो भंते ! पुरिसा सरिसया सरित्तया सरिव्वया सरिसभंडमत्तोवगरणा अन्नमन्नेणं सद्धिं संगामं संगामेंति, तत्थ णं एगे पुरिसे पराइणइ एगे पुरिसे पराइज्जइ, से कहमेयं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! सवीरिए पराइणइ, अवीरिए पराइज्जति।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव पराइज्जति ?

[उ.] गोयमा ! जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं नो बद्धाइं नो पुट्ठाइं जाव नो अभिसमन्नागताइं, नो उदिण्णाइं, उवसंताइं भवंति से णं पुरिसे परायिणति; जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं बद्धाइं जाव उदिण्णाइं, कम्माइं नो उवसंताइं भवंति से णं पुरिसे परायिज्जति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ सवीरिए पराजिणइ, अवीरिए पराइज्जति !

९. [प्र.] भगवन् ! एक सरीखे, एक सरीखी चमड़ी वाले, समान वयस्क, समान द्रव्य और उपकरण (शस्त्रादि साधन) वाले कोई दो पुरुष परस्पर एक-दूसरे के साथ संग्राम करें, तो उनमें से एक पुरुष जीतता है और एक पुरुष हारता है; भगवन् ! ऐसा क्यों होता है ?

[उ.] हे गौतम ! जो पुरुष सवीर्य (वीर्यवान् = आत्म-शक्तिसम्पन्न, मनोबली) होता है, वह जीतता है और जो वीर्यहीन (संकल्प व साहसहीन) होता है, वह हारता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है यावत्-वीर्यहीन हारता है ?

[उ.] गौतम ! जिसने वीर्य-विघातक कर्म नहीं बाँधे हैं, नहीं स्पर्श किये हैं यावत् प्राप्त नहीं किये हैं और उसके वे कर्म उदय में नहीं आये हैं परन्तु उपशान्त हैं, वह पुरुष जीतता है। जिसने वीर्य विघातक कर्म बाँधे हैं, स्पर्श किये हैं, यावत् उसके वे कर्म उदय में आये हैं, परन्तु उपशान्त नहीं हैं, वह पुरुष पराजित होता है। अतएव हे गौतम ! इस कारण ऐसा कहा जाता है कि सवीर्य पुरुष विजयी होता है और वीर्यहीन पुरुष पराजित होता है।

9. [Q.] *Bhante* ! When two individuals, wholly alike with similar skin, same age and equipped with similar things and devices (weapons), fight each other, one of them wins and the other loses. *Bhante* ! Why does it happen like that ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! One who is *savirya* (with potency, resolve and valour) wins and one who is *viryaheen* (without potency, resolve and valour) loses.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for this... and so on up to... *viryaheen* loses.

[Ans.] Gautam ! A person who has not bound (*baddha*), touched (*sprishtra*), ... and so on up to... is not about to fructify (*abhisamanvagat*) the potency impeding *karmas* (*virya-vighatak karma*) and his said *karmas* have not fructified (*udirna*) but are in the subdued (*upashant*) state, such person wins. A person who has bound (*baddha*), touched (*sprishtra*), ... and so on up to... is about to fructify (*abhisamanvagat*) the potency impeding *karmas* (*virya-vighatak karma*) and his said *karmas* have fructified (*udirna*) and are not in the pacified (*upashant*) state, such person loses. That is why, Gautam ! It is said that one who is *savirya* (with potency, resolve and valour) wins and one who is *viryaheen* (without potency, resolve and valour) loses.

सवीर्यत्व–अवीर्यत्व की प्ररूपणा ABOUT POTENCY

१०. [प्र.] जीवा णं भंते ! किं सवीरिया ? अवीरिया ?

[उ.] गोयमा ! सवीरिया वि, अवीरिया वि।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जीवा दुविहा पण्णत्ता; तं जहा–संसारसमावन्नगा या, असंसारसमावन्नगा य। तत्थ णं जे ते असंसारसमावन्नगा ते णं सिद्धा, सिद्धा णं अवीरिया। तत्थ णं जे ते संसारसमावन्नगा ते दुविहा पन्नत्ता; तं जहा–सेलेसिपडिवन्नगा य, असेलेसिपडिवन्नगा य। तत्थ णं जे ते सेलेसिपडिवन्नगा ते णं लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं अवीरिया। तत्थ णं जे ते असेलेसिपडिवन्नगा ते णं लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं सवीरिया वि अवीरिया वि। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति जीवा दुविहा पण्णत्ता; तं जहा–सवीरिया वि अवीरिया वि।

१०. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव सवीर्य हैं अथवा अवीर्य हैं ?

[उ.] गौतम ! जीव सवीर्य भी हैं, अवीर्य भी हैं।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! जीव दो प्रकार के हैं–संसारसमापन्नक (संसारी) और असंसारसमापन्नक (सिद्ध)। इनमें जो जीव असंसारसमापन्नक हैं, वे सिद्ध जीव हैं, वे अवीर्य (करणवीर्य से रहित) हैं। इनमें जो जीव संसारसमापन्नक हैं, वे दो प्रकार के हैं, यथा–शैलेशीप्रतिपन्न और अशैलेशीप्रतिपन्न। इनमें जो शैलेशीप्रतिपन्न हैं, वे लब्धिवीर्य की अपेक्षा सवीर्य हैं और करणवीर्य की अपेक्षा अवीर्य हैं। जो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अशैलेशीप्रतिपन्न हैं वे लब्धिवीर्य की अपेक्षा सवीर्य हैं, किन्तु करणवीर्य की अपेक्षा सवीर्य भी हैं और अवीर्य भी हैं।

10. [Q.] *Bhante* ! Are souls (*jiva*) with potency (*savirya*) or without potency (*avirya*) ?

[Ans.] Gautam ! Souls (*jiva*) are with potency (*savirya*) as well as without potency (*avirya*).

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that ?

[Ans.] Gautam ! Souls (*jiva*) are of two kinds—*Samsar-samapannak* (worldly souls) and *Asamsar-samapannak* (non-worldly souls). Of these the non-worldly souls are *Siddhas* (liberated souls) and the *Siddhas* are *avirya* (without active potency). The worldly souls are of two kinds—*Shaileshipratipanna* (who has attained rock-like steady state) and *Ashaileshipratipanna* (who has not attained rock-like steady state). Of these the *Shaileshipratipanna* ones are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency or intent) and *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency or indulgence). And the *Ashaileshipratipanna* ones are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *savirya* as well as *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency).

११. [प्र. १] नेरइया णं भंते ! किं सवीरिया ? अवीरिया ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं सवीरिया वि अवीरिया वि।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जेसि णं नेरइयाणं अत्थि उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे ते णं नेरइया लद्धिवीरिएण वि सवीरिया, करणवीरिएण वि सवीरिया, जेसि णं नेरइयाणं नत्थि उट्ठाणे जाव परक्कमे ते णं नेरइया लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं अवीरिया। से तेणट्ठेणं।

[२] जहा नेरइया एवं जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणिया।

[३] मणुस्सा जहा ओहिया जीवा। नवरं सिद्धवज्जा भाणियव्वा।

[४] वाणमन्तर–जोइस–वेमाणिया जहा नेरिया। सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ पढमे सए : अट्ठमो उद्देसो समत्तो ॥

११. [प्र. १] भगवन् ! क्या नारक जीव सवीर्य हैं या अवीर्य ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव लब्धिवीर्य (आत्म–शक्ति की उपलब्धि) की अपेक्षा सवीर्य हैं और करणवीर्य (प्रवृत्ति) की अपेक्षा सवीर्य भी हैं और अवीर्य भी हैं।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! जिन नैरयिकों में उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार पराक्रम है, वे नारक लब्धिवीर्य और करणवीर्य, दोनों से सवीर्य हैं, और जो नारक उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार पराक्रम से रहित हैं, वे लब्धिवीर्य से सवीर्य हैं, किन्तु करणवीर्य से अवीर्य हैं। इसलिए हे गौतम ! इस कारण से पूर्वोक्त कथन किया गया है।

[२] जिस प्रकार नैरयिकों के विषय में कथन किया है, उसी प्रकार पंचेन्द्रिय-तिर्यंचयोनिक तक के जीवों के लिए समझना चाहिए।

[३] मनुष्य के विषय में सामान्य जीवों के समान समझना चाहिए, विशेषता यह है कि सिद्धों को छोड़ देना चाहिए।

[४] वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के विषय में नैरयिकों के समान कथन समझना चाहिए। हे भगवन् ! 'यह इसी प्रकार है, यह इसी प्रकार है', यों कहकर श्री गौतम स्वामी संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

11. [Q. 1] *Bhante* ! Are infernal beings (*naarak jiva*) with potency (*savirya*) or without potency (*avirya*) ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *savirya* as well as *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency).

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that ?

[Ans.] Gautam ! The infernal beings endowed with inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*), and self-exertion (*purushakar-parakram*) are *savirya* both in terms of *labdhivirya* (dormant potency) as well as *karan-virya* (active potency). And the infernal beings devoid of inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*), and self-exertion (*purushakar-parakram*) are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency). That is the cause of the aforesaid statement, Gautam !

[2] As has been said about infernal beings so should also be read for beings up to five-sensed animals.

[3] As has been said about living beings in general so should also be read for human beings, the only difference is that *Siddhas* should be omitted.

[4] As has been said about infernal beings so should also be read for Vanavyantar, Jyotishk and Vaimanik gods.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन : अन्तराय कर्म के क्षय व क्षयोपशम तथा शरीर नाम कर्म के उदय से 'वीर्य' (शक्ति) उत्पन्न होता है। **अनन्तवीर्य सिद्ध अवीर्य कैसे ?** सिद्धों में सकरणवीर्य क्रियात्मकता के अभाव की अपेक्षा से उन्हें अवीर्य कहा है; क्योंकि सिद्ध कृतकृत्य हैं, उन्हें किसी प्रकार का पुरुषार्थ करना शेष नहीं है। अकरणवीर्य (लब्धिवीर्य) की अपेक्षा से सिद्ध सवीर्य (अनन्तवीर्य) हैं ही। शैलेशी का अर्थ है–सर्वसंवररूपचारित्र में समर्थ (प्रभु)। उसकी यह अवस्था, अथवा शैलेश–मेरु पर्वत, उसकी तरह निष्कम्प–स्थिर अवस्था।

॥ प्रथम शतक : अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Potency (*virya*) manifests as a consequence of destruction (*kshaya*) and destruction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *antaraya karma* (power hindering *karma*) and fruition of *sharira naam karma* (body-type determining *karma*). Why *Siddhas* having infinite potency (*anant-virya*) are said to be without potency (*avirya*) ? In context of absence of any activity or active potency (*sakaran virya*) *Siddhas* have been called without potency. As *Siddhas* are perfect souls who have attained liberation they are beyond any need of endeavour. In context of dormant potency (*akaran virya*) *Siddhas*, indeed, have potency (*savirya*) and they are endowed with infinite potency (*anant virya*). *Shaileshi* means the state in which there is absolute blockage of inflow of *karmas* (*sarva samvar*) or the conduct of a completely detached individual (*vitaraga*). *Shailesh* also means Meru mountain; state of absolute stillness or complete absence of wavering is called *shaileshi avastha.*

● **END OF THE EIGHTH LESSON OF THE FIRST SHATAK** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐卐

प्रथम शतक : नवम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : NINTH LESSON

गुरुक GURUK (HEAVY)

जीवों के गुरुत्व–लघुत्वादि की प्ररूपणा HEAVINESS AND LIGHTNESS OF SOULS

१. [प्र.] कहं णं भंते ! जीवा गरुयत्तं हव्वमागच्छंति ?

[उ.] गोयमा १ पाणातिवातेणं मुसावादेणं अदिण्णा० मेहुण० परिग्ग० कोह० माण० माया० लोभ० पेज्ज० दोस० कलह० अब्भक्खाण० पेसुन्न० रति–अरति० परपरिवाय० मायामोस० मिच्छादंसणसल्लेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवा गरुयत्तं हव्वमागच्छंति।

१. [प्र.] भगवन् ! जीव किस प्रकार शीघ्र गुरुत्व को प्राप्त होते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्राणातिपात से, मृषावाद से, अदत्तादान से, मैथुन से, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेय (राग), द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, रति–अरति, परपरिवाद (परनिन्दा), मायामृषा और मिथ्यादर्शनशल्य से; हे गौतम ! (इन अठारह ही पापस्थानों का सेवन करने से) जीव शीघ्र गुरुत्व को प्राप्त होते हैं।

1. [Q.] *Bhante* ! How do souls soon attain heaviness ?

[Ans.] Gautam ! Through *pranatipat* (harming or destruction of life), through *mrishavad* (falsity), through *adattadan* (taking without being given; act of stealing), through *maithun* (indulgence in sexual activities), through *parigraha* (act of possession of things with attachment), through *krodh* (anger), through *maan* (conceit), through *maaya* (deceit), through *lobha* (greed), through *raag* (attachment inspired by love, deceit and greed), through *dvesh* (aversion inspired by suppressed anger and conceit), through *kalah* (dispute), through *abhyakhyan* (blaming falsely), through *paishunya* (inculpating someone), through *paraparivad* (slandering), through *rati-arati* (inclination towards indiscipline and against discipline), through *maayamrisha* (betraying or telling a lie deceptively) and *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness). Gautam ! Thus (by indulging in these eighteen causes of sin) souls soon attain heaviness.

२. [प्र.] कहं णं भंते ! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति ?

[उ.] गोयमा ! पाणातिवातवेरमणेणं जाव मिच्छादंसणसल्लवेरमणेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. [प्र.] भगवन् ! जीव किस प्रकार शीघ्र लघुत्व को प्राप्त करते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्राणातिपात से विरत होने से यावत् मिथ्यादर्शनशल्य से विरत होने से जीव शीघ्र लघुत्व को प्राप्त होते हैं।

2. [Q.] *Bhante* ! How do souls soon attain lightness ?

[Ans.] Gautam ! Through abstaining from *pranatipat* (harming or destruction of life), ... and so on up to... *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness). Gautam ! Thus (by abstaining from indulgence in these eighteen causes of sin) souls soon attain lightness.

३. एवं आउलीकरेंति, एवं परित्तीकरेंति। एवं दीहीकरेंति, एवं हस्सीकरेंति, एवं अणुपरियट्टंति, एवं वीतीवयंति। पसत्था चत्तारि। अप्पसत्था चत्तारि।

३. इसी प्रकार जीव प्राणातिपात आदि पापों का सेवन करने से संसार को आकुल करते हैं–भव भ्रमण करते हैं, दीर्घकालीन करते हैं, और बार-बार भव–भ्रमण करते हैं, तथा प्राणातिपात आदि पापों से निवृत्त होने से जीव संसार को परिमित करते हैं, ह्रस्व–अल्पकालीन (छोटा) करते हैं, और संसार को लाँघ जाते हैं। उनमें से चार (लघुत्व, संसार का परित्तीकरण, ह्रस्वीकरण एवं व्यतिक्रमण) प्रशस्त हैं, और चार (गुरुत्व, संसार का वृद्धीकरण, दीर्घीकरण एवं पुनः-पुनः भव–भ्रमण) अप्रशस्त हैं।

3. Also (through indulgence in sins like killing) souls expand, lengthen and continue to repeat the cycles of rebirth. And (through abstaining from indulgence in sins like killing) souls limit, shorten and terminate the cycles of rebirth. Of the aforesaid, four (lightness, limitation, shortening and termination) are noble and four (heaviness, expansion, lengthening and continuation) are ignoble.

पदार्थों के गुरुत्व–लघुत्व आदि की प्ररूपणा HEAVINESS AND LIGHTNESS OF SUBSTANCES

४. [प्र.] सत्तमे णं भंते ! ओवासंतरे किं गरुए, लहुए, गरुयलहुए, अगरुयलहुए ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुए, नो लहुए, नो गरुयलहुए, अगरुयलहुए।

४. [प्र.] भगवन् ! क्या सातवाँ अवकाशान्तर गुरु है, वह लघु है, या गुरु-लघु है, अथवा अगुरु-लघु है ?

[उ.] गौतम ! वह गुरु नहीं है, लघु नहीं, गुरु-लघु नहीं है, किन्तु अगुरु-लघु है।

4. [Q.] *Bhante* ! Is the seventh intervening space (*avakashantar*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (neither heavy nor light) ?

[Ans.] Gautam ! It is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), nor *guru-laghu* (heavy-light) but *aguru-laghu* (neither heavy nor light).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. [प्र. १] सत्तमे णं भंते ! तणुवाते किं गरुए, लहुए गरुयलहुए, अगरुयलहुए ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुए, नो लहुए, गरुयलहुए, नो अगरुयलहुए। [२] एवं सत्तमे घणवाए, सत्तमे घणोदही, सत्तमा पुढवी। [३] ओवासंतराइं सव्वाइं जहा सत्तमे ओवासंतरे (सु. ४)। [४] [सेसा] जहा तणुवाए। एवं--ओवास वाय घणउदहि पुढवी दीवा य सागरा वासा।

५. [प्र. १] भगवन् ! सप्तम तनुवात क्या गुरु है, लघु है या गुरु-लघु है अथवा अगुरु-लघु है ?

[उ.] गौतम ! वह गुरु नहीं है, लघु नहीं है, किन्तु गुरु-लघु है, अगुरु-लघु नहीं है। [२] इसी प्रकार सप्तम घनवात, सप्तम घनोदधि और सप्तम पृथ्वी के विषय में भी जानना चाहिए। [३] जैसा सातवें अवकाशान्तर के विषय में कहा है, वैसा ही सभी अवकाशान्तरों के विषय में समझना चाहिए। [४] तनुवात के विषय में जैसा कहा है, वैसा ही सभी घनवात, घनोदधि, पृथ्वी, द्वीप, समुद्र और क्षेत्रों के विषय में भी जानना चाहिए।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Is the seventh ring of rarefied air (*tanuvaat*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! It is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) and not *aguru-laghu* (non-heavy-light). **[2]** The same is true for the seventh ring of dense air (*ghanavaat*), the seventh ring of frozen water (*ghanodadhi*) and the seventh hell (*prithvi*). **[3]** As has been said about seventh intervening space should also be read for all the intervening spaces. **[4]** As has been said about ring of rarefied air should also be read for all the rings of dense air, frozen water, hells continents (*dveep*), seas (*samudra*), and sub-continental areas (*kshetra*).

६. [प्र. १] नेरइया णं भंते ! किं गरुया जाव अगरुयलहुया ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुया, नो लहुया, गरुयलहुया वि, अगरुयलहुया वि।

६. [प्र. १] भगवन् ! नारक जीव गुरु हैं, लघु हैं, गुरु-लघु हैं या अगुरु-लघु हैं ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव गुरु नहीं है, लघु नहीं, किन्तु गुरु-लघु हैं और अगुरु-लघु भी हैं।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Are the infernal beings (*naarak jivas*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! They are neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) as well as *aguru-laghu* (non-heavy-light).

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गोयमा ! वेउव्विय–तेयाइं पडुच्च नो गरुया, नो लहुया, गरुयलहुया, नो अगरुयलहुया, जीवं च कम्मणं च पडुच्च नो गरुया, नो लहुया, नो गरुयलहुया, अगरुयलहुया। से तेणट्ठेणं.। [३] एवं जाव वेमाणिया। नवरं णाणत्तं जाणियव्वं सरीरेहिं।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! वैक्रिय और तैजसशरीर की अपेक्षा नारक जीव गुरु नहीं हैं, लघु नहीं हैं, अगुरु–लघु भी नहीं हैं; किन्तु गुरु–लघु हैं। किन्तु जीव और कार्मणशरीर की अपेक्षा नारक जीव गुरु नहीं हैं, लघु भी नहीं हैं, गुरु–लघु भी नहीं हैं, किन्तु अगुरु–लघु हैं। इस कारण हे गौतम ! पूर्वोक्त कथन किया गया है। [३] इसी प्रकार वैमानिकों (अन्तिम दण्डक) तक जानना चाहिए, किन्तु विशेष यह है कि शरीरों में भिन्नता कहना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

३४. तत्पश्चात् वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक श्रमण भगवान महावीर के श्रीमुख से धर्मकथा सुनकर एवं हृदय में अवधारण करके हर्षित हुआ, सन्तुष्ट हुआ, यावत् उसका हृदय हर्ष से विकसित हो गया। फिर खड़े होकर और श्रमण भगवान महावीर को दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा करके स्कन्दक परिव्राजक ने कहा–'भगवन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन पर मैं श्रद्धा प्रतीति एवं रुचि करता हूँ, भगवन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन को स्वीकार करता हूँ। हे भगवन् ! यह (निर्ग्रन्थ प्रवचन) इसी प्रकार है, यह तथ्य है, यह सत्य है, यह सन्देहरहित है, भगवन् ! यह मुझे इष्ट है, विशेष इष्ट है, इष्ट–प्रतीष्ट है। हे भगवन् ! जैसा आप फरमाते हैं, वैसा ही है।' यों कहकर स्कन्दक परिव्राजक ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमस्कार किया। ऐसा करके उसने उत्तर–पूर्व दिशा के ईशानकोण में जाकर त्रिदण्ड, कुण्डिका, यावत् गेरुए वस्त्र आदि परिव्राजक के उपकरण एकान्त में छोड़ दिये। फिर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास आकर भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार करके इस प्रकार बोला–

भगवन् ! जरा (वृद्धावस्था) और मृत्यु रूपी अग्नि से यह लोक (संसार) आदीप्त–प्रदीप्त (जल रहा है, विशेष जल रहा है) है, जैसे किसी गृहस्थ के घर में आग लग गई हो और वह घर जल रहा हो, तब वह उस जलते घर में से बहुमूल्य और अल्पभार वाले सामान को सबसे पहले बाहर निकालता है और उसे लेकर एकान्त में ले जाकर यह सोचता है–'बाहर निकाला हुआ यह सामान भविष्य में आगे–पीछे मेरे लिए हितरूप, सुखरूप, क्षेमकुशलरूप, कल्याणरूप एवं साथ चलने वाला होगा।' इसी तरह हे भगवन् ! मेरा आत्मा भी एक भाण्ड (समान) रूप है। यह मुझे इष्ट, कान्त, प्रिय, सुन्दर, मनोज्ञ, मनोरम, स्थिरता देने वाला, विश्वासपात्र, सम्मत, अनुमत, बहुमत और रत्नों (या आभूषणों) के पिटारे के समान है। इसलिए इसे ठंड न लगे, गर्मी न लगे, यह भूख–प्यास से पीड़ित न हो, इसे चोर, सिंह और सर्प हानि न पहुँचायें,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसे डांस और मच्छर न सताएँ, तथा वात, पित्त, कफ, सन्निपात आदि से होने वाले विविध रोग और आतंक (प्राणघातक रोग) परीषह और उपसर्ग इसे स्पर्श न करें, इस प्रकार मैं इनसे इसकी बराबर रक्षा करता हूँ। पूर्वोक्त विघ्नों से रहित किया हुआ मेरा आत्मा मुझे परलोक में हितरूप, सुखरूप, कुशलरूप, कल्याणरूप और अनुगामीरूप होगा। इसलिए भगवन् ! मैं आपके पास स्वयं प्रव्रजित होना, मुण्डित होना चाहता हूँ। मेरी इच्छा है कि आप स्वयं मुझे प्रव्रजित करें (मुनि वेश दें), मुण्डित (केश लुंचन) करें, आप स्वयं मुझे प्रतिलेखनादि क्रियाएँ सिखाएँ, सूत्र और अर्थ पढ़ाएँ। मैं चाहता हूँ कि आप मुझे ज्ञानादि आचार, गोचर (भिक्षाचरी), विनय, विनय का फल, चरण (व्रतादि) और **करण** (पिण्ड-विशुद्धि) आदि तथा संयमयात्रा और संयमयात्रा के निर्वाहक आहारादि की मात्रा के ग्रहणरूप धर्म को बताएँ।

34. Listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan became happy, contented... and so on up to... his heart bloomed with bliss. He got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise and said—"*Bhagavan* ! I have faith (*shraddha*), trust (*pratiti*) and interest (*ruchi*) in the *Nirgranth*-sermon. *Bhante* ! I am ready to embrace the *Nirgranth*-sermon. *Bhante* ! It is as you say. *Bhante* ! It is the ultimate reality. *Bhante* ! It is the ultimate truth. *Bhante* ! It is beyond any doubt. *Bhante* ! It is desirable to me. *Bhante* ! It is extremely desirable to me. *Bhante* ! Indeed, it is desirable, extremely desirable to me. *Bhante* ! It is exactly as you have stated." Saying thus Skandak *Parivrajak* paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir. Doing that he went in the north-east direction (*Ishan Kone*) and discarded his *Parivrajak* paraphernalia including *Tridand* (trident), *Kundi* (bowl)... and so on up to... saffron coloured dress. He then returned near Shraman Bhagavan Mahavir, went around him three times... and so on up to... paid homage and said as follows—

"*Bhante* ! This world is ablaze. *Bhante* ! This world is being consumed by fire. *Bhante* ! This world is ablaze and is being consumed by the fire of old age and death. In a situation when his house is on fire a householder chooses the most valuable and least cumbersome objects and carrying them to a solitary place he thinks—'Sooner or later in the future these rescued objects (from fire) will be the cause of great help, happiness, support and welfare as they will go along with me.' In the same way, *Bhante* ! My soul is like a bowl (object) that I very much adore, desire, love and covet. For me it is stabilizing, confidence boosting, assented (*sammat*), approved (*anumat*), sanctioned (*bahumat*) and is like a casket of jewels. Therefore I continue to protect it in such a way that no harm is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

caused to it by heat, cold, hunger, thirst, thief, snake, lion, wasp, mosquito and ailments caused by disturbed wind, bile and phlegm, as well as terrors, torments and afflictions. Free from the said troubles my soul will, in future, be the source of great help, happiness, support and welfare as also it will go along with me (to my next birth). Therefore, Beloved of gods ! I want to get initiated (*pravrajit*) by you in person. I desire to be tonsured (*mundit*) by you. I wish to be a student (*shaikshapit*) of you. I aspire to be taught (*shikshapit*) by you. I beseech you to personally initiate me in ascetic-conduct (*aachaar*), alms seeking (*gochar*), ascetic-modesty (*vinaya*), fruits of ascetic-modesty (*vainayik*), austerities including vows (*charan*), purity of alms including food (*karan*), practice of ascetic-discipline (*yatra*), quantity of food required in ascetic discipline (*matra*) as well as the desired ascetic behaviour covering all these."

३५. तए णं समणे भगवं महावीरे खंदयं कच्चायणसगोत्तं सयमेव पव्वावेइ जाव धम्ममाइक्खइ–एवं देवाणुप्पिया ! गंतव्वं, एवं चिट्ठियव्वं, एवं निसीइयव्वं, एवं तुयट्टियव्वं, एवं भुंजियव्वं, एवं भासियव्वं एवं उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेणं संजमियव्वं, अस्सिं च णं अट्ठे णो किंचि वि पमाइयव्वं।

३५. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने स्वयं कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक को प्रव्रजित किया, यावत् स्वयमेव धर्म की शिक्षा दी कि–हे देवानुप्रिय ! इस प्रकार (यतना) से चलना चाहिए, इस तरह से खड़ा रहना चाहिए, इस तरह से बैठना चाहिए, इस तरह से सोना चाहिए, इस तरह से खाना चाहिए, इस तरह से बोलना चाहिए, इस प्रकार से उठकर सावधानीपूर्वक प्राण, भूत, जीव और सत्त्व के प्रति संयमपूर्वक बर्ताव करना चाहिए। इस विषय में जरा भी प्रमाद नहीं करना चाहिए।

35. Then Shraman Bhagavan Mahavir himself initiated... and so on up to... personally directed *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan in religious conduct—"O Beloved of gods ! You should move this way, stand this way, sit this way, recline this way, eat this way, speak this way, get up this way and behave this way with all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*) and entities (*sattva*) ensuring great care and restraint. There should be no negligence (*pramad*) in this."

३६. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स इमं एयारूवं धम्मियं उवएसं सम्मं संपडिवज्जति, तमाणाए तह गच्छइ, तह चिट्ठइ, तह निसीयइ, तह तुयट्टइ, तह भुंजइ, तह भासइ, तह उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेणं संजमइ, अस्सिं च णं अट्ठे णो पमायइ।

३६. तब कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक मुनि ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पूर्वोक्त धार्मिक उपदेश को भलीभाँति स्वीकार किया और भगवान की आज्ञा के अनुसार ही चलना, खड़े रहना, बैठना,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सोना, खाना, बोलना आदि क्रियाएँ करने लगे; तथा तदनुसार ही प्राणों, भूतों, जीवों और सत्त्वों के प्रति संयमपूर्वक बर्ताव करने लगे। इस विषय में वे जरा-सा भी प्रमाद नहीं करते थे।

36. Then *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan duly accepted and embraced the aforesaid directions given by Shraman Bhagavan Mahavir and started moving, standing, sitting, reclining, eating, speaking and doing other activities accordingly. He also started behaving accordingly with all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*) and entities (*sattva*) with great care and restraint. He was never negligent in this.

३७. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते अणगारे जाए इरियासमिए भासासमिए एसणासमिए आयाणभंडमत्तनिक्खेवणासमिए उच्चार-पासवण-खेल-जल्लसिंघाण परिट्ठावणियासमिए मणसमिए वयसमिए कायसमिए मणगुत्ते वयगुत्ते कायगुत्ते गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभचारी चाई लज्जू धण्णे खंतिखमे जिइंदिए सोहिए अणियाणे अप्पुस्सुए अबहिल्लेस्से सुसामण्णरए दंते इणमेव णिग्गंथं पावयणं पुरओ काउं विहरइ।

३७. अब वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक अनगार बन गए। वे अब ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदानभाण्डमात्रनिक्षेपणासमिति, उच्चार-प्रस्रवण-खेल-जल्ल-सिंघाण-परिष्ठापनिका-समिति, एवं मनःसमिति, वचनसमिति और कायसमिति, इन आठों समितियों का सम्यक् रूप से सावधानीपूर्वक पालन करने लगे। मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति से गुप्त रहने लगे, अर्थात्-मन, वचन और काया को वश में रखने लगे। वे सबको वश में रखने वाले, इन्द्रियों को वश में रखने वाले, गुप्तब्रह्मचारी (ब्रह्मचर्य को सुरक्षित रखने वाले) त्यागी, लज्जावान् (संयमी = सरल), धन्य (पुण्यवान् या धर्मधनवान्), क्षमावान्, जितेन्द्रिय, व्रतों आदि के शोधक (शुद्धिपूर्वक आचरणकर्ता), निदान (नियाणा) न करने वाले, आकांक्षारहित, उतावलरहित, संयम से बाहर चित्त न रखने वाले, श्रेष्ठ साधुव्रतों में लीन, कषायों व इन्द्रियों का दमन करने वाले स्कन्दक मुनि इसी निर्ग्रन्थ प्रवचन को सम्मुख रखकर सब क्रियाएँ करने लगे।

37. Now, *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan became a homeless ascetic. He now duly practiced properly and with care the eight regulations (*samiti*) including careful movement (*irya samiti*), careful speech (*bhasha samiti*), careful alms-seeking (*eshana samiti*), careful upkeep of ascetic-equipment including bowls (*adan-bhand-matra-nikshepana samiti*), careful disposal of excreta (*uchchar-prasravan-khel-jalla-singhan-parishthapanika samiti*) [*ucchara-prasravan* = stool and urine; *khel* = phlegm coming out of mouth and nose; and *jalla-singhan* = dirt of the ear and nose], careful thought (*manah samiti*), careful speech (*vachan samiti*), careful action (*kaya samiti*). He also practiced the three restraints (*guptis*) including restraint of mind (*manogupti*), restraint of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

speech (*vachan gupti*) and restraint of body (*kayagupti*). He exercised complete control over self (*gupta*), complete control over sense organs (*guptindriya*) and complete control over libido (*gupta brahmachari*). He became a renouncer (*tyagi*), disciplined and modest (*lajjavan*), pious and religious (*dhanya*), forgiver (*kshamavan*), victor over senses (*jitendriya*), steadfast observer of vows (*shodhak*), devoid of expectation (*anidan*), non-ambitious (*akanksharahit*), non-hasty, mentally not drifting away from ascetic-discipline, immersed in lofty ascetic practices and subjugator of passions and sense organs. Such ascetic Skandak indulged in all activities keeping in mind the aforesaid *Nirgranth* sermon.

स्कन्दक द्वारा तपश्चरण AUSTERITIES OF SKANDAK

३८. तए णं समणे भगवं महावीरे कयंगलाओ नयरीओ छत्तपलासाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।

३९. तए णं से खंदए अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ, अहिज्जित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ, नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

३८. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर स्वामी कृतंगला नगरी के छत्रपलाशक उद्यान से निकले और बाहर (अन्य) जनपदों (देशों) में विचरण करने लगे।

३९. इसके बाद स्कन्दक अनगार ने श्रमण भगवान महावीर के तथारूप स्थविरों से सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया। अध्ययन पूर्ण करके श्रमण भगवान महावीर के पास आकर वन्दना–नमस्कार करके इस प्रकार बोले–'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मैं मासिकी भिक्षुप्रतिमा अंगीकार करके विचरना चाहता हूँ।'

(भगवान–) देवानुप्रिय ! जैसे तुम्हें सुख हो, वैसा करो। शुभ कार्य में विलम्ब न करो।

38. After that Shraman Bhagavan Mahavir left Chhatrapalashak garden in Kritangala city and resumed his itinerant way in other inhabited areas (states).

39. Ascetic Skandak then studied eleven *Angas* including *Samayik* under senior ascetics (*sthavir*) of Shraman Bhagavan Mahavir's order. Concluding his studies he approached Bhagavan Mahavir and after paying him homage and obeisance said—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice *Bhikshu Pratima* of one month duration.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*Bhagavan* said—) "Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed."

४०. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे हट्ठे जाव नमंसित्ता मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

४१. तए णं से खंदए अणगारे मासियं भिक्खुपडिमं अहासुत्तं अहाकप्पं अहामग्गं अहातच्चं अहासम्मं काएण फासेति पालेति सोहेति तीरेति पूरेति किट्टेति अणुपालेइ आणाए आराहेइ, काएण फासित्ता जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं जाव नमंसित्ता एवं वयासी—इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे दोमासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह। तं चेव।

४०. तत्पश्चात् स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त करके हर्षित हुए यावत् भगवान महावीर को नमस्कार करके मासिक भिक्षुप्रतिमा अंगीकार करके विचरण करने लगे।

४१. इसके बाद स्कन्दक अनगार के सूत्र (विधि) के अनुसार, कल्प (मर्यादा) के अनुसार, मार्ग (पद्धति) के अनुसार, यथातत्त्व (स्वरूप के अनुसार) और सम्यक् प्रकार (समभाव) से स्वीकृत मासिक भिक्षुप्रतिमा का काया से स्पर्श किया, पालन किया, उसे शोधित किया, पार लगाया, पूर्ण किया, उसका कीर्तन (गुणगान) किया, अनुपालन किया और आज्ञापूर्वक आराधन किया। उक्त प्रतिमा का काया से भली प्रकार स्पर्श करके यावत् उसका आज्ञापूर्वक आराधन करके जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ आए और श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार बोले- 'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मैं द्विमासिकी भिक्षुप्रतिमा स्वीकार करके विचरण करना चाहता हूँ।'

भगवान ने कहा-'देवानुप्रिय ! तुम्हें जिस प्रकार सुख हो, वैसा ही करो। किन्तु विलम्ब मत करो।'

40. Ascetic Skandak was pleased to get permission from Shraman Bhagavan Mahavir... and so on up to... after paying homage and obeisance to Bhagavan Mahavir he embraced and commenced practice of *Bhikshu Pratima* of one month duration.

41. Thereafter ascetic Skandak embraced the month-long *Bhikshu Pratima* according to the scriptures (*yathasutra*), code of praxis (*yathakalp*), prescribed procedure (*yathamarg*) and perfectly following fundamentals (*yathatattva*), with equanimity (*samata*) and touching with the body (actually not just conceptually) sincerely observed (*palit*), purified (*shodhit*; for transgressions), completed (*purit*; for breaking fast), sang in praise of (*kirtit*) concluded (*anupalit*) and successfully performed (*aradhit*) as per the sanction. Thus after touching with the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

body... and so on up to... successfully performing (*aradhit*) as per the sanction, he returned to Shraman Bhagavan Mahavir and, after paying him homage and obeisance, submitted—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice *Bhikshu Pratima* of two month duration.

Bhagavan said—"Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed." And then ascetic Skandak embraced and commenced practice of *Bhikshu Pratima* of two month duration... and so on up to... successfully performed (*aradhit*) as per the sanction.

४२. एवं तेमासियं चाउम्मासियं पंच-छ-सत्तमा०। पढमं सत्तराइंदियं, दोच्चं सत्तराइंदियं, तच्चं सत्तराइंदियं, अहो राइंदियं, एगराइयं।

४३. तए णं से खंदए अणगारे एगराइयं भिक्खुपडिमं अहासुत्तं जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं जाव नमंसित्ता एवं वयासी-इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं०।

४२. इसी प्रकार त्रैमासिकी, चातुर्मासिकी, पंचमासिकी, षट्मासिकी एवं सप्तमासिकी भिक्षुप्रतिमा की यथावत् आराधना की। तत्पश्चात् प्रथम सप्तरात्रि-दिवस की, द्वितीय सप्तरात्रि दिवस की एवं तृतीय सप्तरात्रि-दिवस की, फिर एक अहोरात्रि की तथा एकरात्रि की, इस तरह बारह भिक्षुप्रतिमाओं का सूत्रानुसार यावत् आज्ञापूर्वक सम्यक् आराधन किया।

४३. स्कन्दक अनगार अन्तिम एकरात्रि की भिक्षुप्रतिमा का यथासूत्र यावत् आज्ञापूर्वक सम्यक् आराधन करने के पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के निकट आये। वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार बोले-'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मैं 'गुणरत्नसंवत्सर' नामक तपश्चरण अंगीकार करके विचरण करना चाहता हूँ।'

भगवान ने फरमाया-'तुम्हें जैसा सुख हो, वैसा करो; धर्मकार्य में विलम्ब न करो।'

42. In the same way he successfully performed (*aradhit*), as per the sanction, *Bhikshu Pratimas* of three, four, five, six and seven month duration. After that he embraced and commenced practice of first *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima*, Second *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima*, Third *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima, Ahoratriki Pratima* (to be practiced for twenty four hours), and *Ek-ratriki Pratima* (to be practiced for one night) (completing all the twelve *Bhikshu Pratimas*)... and so on up to... successfully performed (*aradhit*) as per the sanction.

43. After successfully performing (*aradhit*), as per the sanction, the last *Ek-ratriki Pratima*, ascetic Skandak approached Shraman

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance *said*—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice the *Gunaratna-samvatsar* penance.

(*Bhagavan*—) "Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed."

विवेचन : भिक्षुप्रतिमा की आराधना विधि–निर्ग्रन्थ मुनियों के अभिग्रह (प्रतिज्ञा) विशेष को भिक्षुप्रतिमा कहते हैं। ये प्रतिमाएँ बारह होती हैं, जिनकी अवधि का उल्लेख मूल पाठ में किया है। *(भिक्षु प्रतिमाओं का विस्तृत वर्णन सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र, पृष्ठ ३८४ पर देखें)*

Elaboration—*Bhikshu Pratima*—Austerities to be performed by ascetics after taking some specific resolves are called *Bhikshu Pratima*. These are twelve in number and specific duration of each of them is mentioned in the text. *(For detailed description of Bhikshu Pratimas refer to Illustrated Antakriddasha Sutra, p. 384)*

४४. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे जाव नमंसित्ता गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ। तं जहा–पढमं मासं चउत्थं चउत्थेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेण य। एवं दोच्चं मासं छट्ठं छट्ठेणं अणिक्खित्तेणं० दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेण य। एवं तच्चं मासं अट्ठमं अट्ठमेणं, चउत्थं मासं दसमं दसमेणं, पंचमं मासं बारसमं बारसमेणं, छट्ठं मासं चोद्दसमं चोद्दसमेणं सत्तमं मासं सोलसमं, सोलसमेणं अट्ठमं मासं अट्ठारसमं अट्ठारसमेणं, नवमं मासं वीसइमं वीसइमेणं, दसमं मासं बावीसइमं बावीसइमेणं, एक्कारसमं मासं चउव्वीसइमं चउव्वीसइमेणं, बारसमं मासं छव्वीसइमं छव्वीसइमेणं, तेरसमं मासं अट्ठावीसइमं अट्ठावीसइमेणं, चोद्दसमं मासं तीसइमं तीसइमेणं, पन्नरसमं मासं बत्तीसइमं बत्तीसइमेणं, सोलसमं मासं चोत्तीसइमं चोत्तीसइमेणं, अनिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेणं।

४४. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त होने पर स्कन्दक अनगार गुणरत्नसंवत्सर नामक तपश्चरण स्वीकार करके विचरण करने लगे। जैसे कि–(गुणरत्नसंवत्सर तप की विधि) पहले महीने में निरन्तर उपवास (चतुर्थभक्त तपःकर्म) करना, दिन में सूर्य के सम्मुख दृष्टि रखकर आतापनाभूमि में उत्कुटुक आसन से बैठकर सूर्य की आतापना लेना और रात्रि में अपावृत (निर्वस्त्र) होकर वीरासन से बैठना एवं शीत सहन करना। इसी तरह निरन्तर बेले-बेले पारणा करना। दिन में उत्कुटुक आसन से बैठकर सूर्य के सम्मुख मुख रखकर आतापनाभूमि में सूर्य की आतापना लेना, रात्रि में अपावृत होकर वीरासन से बैठकर शीत सहन करना। इसी प्रकार तीसरे मास में उपर्युक्त विधि के अनुसार निरन्तर तेले-तेले पारणा करना। इसी विधि के अनुसार चौथे मास में निरन्तर चौले-चौले पारणा करना। पाँचवें मास में पचौले-पचौले (पाँच-पाँच उपवास से) पारणा करना। छठे मास में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निरन्तर छह-छह उपवास करना। सातवें मास में निरन्तर सात-सात उपवास करना। आठवें मास में निरन्तर आठ-आठ उपवास करना। नौवें मास में निरन्तर नौ-नौ उपवास करना। दसवें मास में निरन्तर दस-दस उपवास करना। ग्यारहवें मास में निरन्तर ग्यारह-ग्यारह उपवास करना। बारहवें मास में निरन्तर बारह-बारह उपवास करना। तेरहवें मास में निरन्तर तेरह-तेरह उपवास करना। चौदहवें मास में निरन्तर चौदह-चौदह उपवास करना। पन्द्रहवें मास में निरन्तर पन्द्रह-पन्द्रह उपवास करना और सोलहवें मास में निरन्तर सोलह-सोलह उपवास करना। इन सभी में दिन में उत्कुटुक आसन में बैठकर सूर्य के सम्मुख मुख करके आतापनाभूमि में आतापना लेना, रात्रि के समय वस्त्ररहित होकर वीरासन से बैठकर शीत सहन करना।

44. After getting permission from Shraman Bhagavan Mahavir ascetic Skandak commenced the practice of the *Gunaratna-samvatsar* penance. This was as follows (procedure of the *Gunaratna-samvatsar* penance)—To fast on alternate days (*i.e.* to miss four meals of a day, break the fast on second day and again miss four meals on the third day, and so on) during the first month. Also to sit naked in *Utkatuk* posture facing the sun enduring heat during the day and to sit in *Virasan* posture enduring cold during the night. To fast for two days followed by a break (*i.e.* to miss six meals, break the fast on following day and again miss six meals, and so on) during the second month. The practice also includes sitting naked in *Utkatuk* posture facing the sun enduring heat during the day and sitting in *Virasan* posture enduring cold during the night. To do a series of three day fasts (missing eight meals) followed by a break with other rules remaining the same during the third month. With the other conditions remaining the same, to do a series of four day fasts (missing ten meals) followed by a break during the fourth month, five day fasts (missing twelve meals) during the fifth month, six day fasts (missing fourteen meals) during sixth month, seven day fasts (missing sixteen meals) during the seventh month, eight day fasts (missing eighteen meals) during the eighth month, nine day fasts (missing twenty meals) during the ninth month, ten day fasts (missing twenty two meals) during the tenth month, eleven day fasts (missing twenty four meals) during the eleventh month, twelve day fasts (missing twenty six meals) during the twelfth month, thirteen day fasts (missing twenty eight meals) during the thirteenth month, fourteen day fasts (missing thirty meals) during the fourteenth month, fifteen day fasts (missing thirty two meals) during the fifteenth month and sixteen day fasts (missing thirty four meals) during the sixteenth month. All through, the practice also includes sitting naked in *Utkatuk* posture

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

facing the sun enduring heat during the day and sitting in *Virasan* posture enduring cold during the night.

४५. तए णं से खंदए अणगारे गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं अहासुत्तं अहाकप्पं जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता बहूहिं चउत्थ–छट्ठऽट्ठम–दसम–दुवालसेहिं मासऽद्धमासखमणेहिं विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

४५. तदनन्तर स्कन्दक अनगार ने गुणरत्नसंवत्सर नामक तपश्चरण की सूत्रानुसार, कल्पानुसार विधिपूर्वक आराधना की। इसके पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के पास आये। उन्हें वन्दना–नमस्कार किया। इसके पश्चात् अनेक उपवास, बेला, तेला, चौला, पचौला, मासखमण (मासिक उपवास), अर्द्धमासखमण इत्यादि विविध प्रकार के तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरण करने लगे।

45. After successfully performing (*aradhit*), as per the sanction, the *Gunaratna-samvatsar* penance ascetic Skandak approached Shraman Bhagavan Mahavir and paid homage and obeisance. He then resumed his activities enkindling (*bhaavit*) his soul with a variety of austerities including fasting for one, two, three, four and five days, one month and one fortnight.

४६. तए णं से खंदए अणगारे तेणं ओरालेणं, विपुलेणं पयत्तेणं पग्गहिएणं कल्लाणेणं सिवेणं धण्णेणं मंगल्लेणं सस्सिरीएणं उदग्गेणं उदत्तेणं उदारेणं महाणुभागेणं तवोक्कम्मेणं सुक्के लुक्खे निम्मंसे अट्ठिचम्मावणद्धे किडिकिडियाभूए किसे धमणिसंतए जाए यावि होत्था, जीवंजीवेण गच्छइ, जीवंजीवेणं चिट्ठइ, भासं भासित्ता वि गिलाइ, भासं भासमाणे गिलाइ, भासं भासिस्सामीति गिलाइ; से जहा नामए कट्ठसगडिया इ वा पत्तसगडिया इ वा पत्त–तिलभंडगसगडिया इ वा एरंडकट्ठसगडिया इ वा इंगालसगडिया इ वा उण्हे दिण्णा सुक्का समाणी ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, एवामेव खंदए वि अणगारे ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, उवचिए तवेणं, अवचिए मंस–सोणिएणं, हुयासणे विव भासरासिपडिच्छन्ने, तवेणं तेएणं तवतेयसिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

४६. इसके पश्चात् वे स्कन्दक अनगार पूर्वोक्त प्रकार के उदार (फलाशरहित), विपुल (दीर्घकालीन), प्रदत्त (गुरु द्वारा अनुज्ञात), प्रगृहीत (बहुमानपूर्वक आचरित), कल्याणरूप, शिवरूप (उपद्रवरहित), धन्यरूप, मंगलरूप (अनिष्ट का उपशमन करने वाला), श्रीयुक्त (शोभास्पद), उत्तम, उदग्र (उत्तरोत्तर वृद्धियुक्त), उदात्त (उत्तम भावयुक्त), सुन्दर, उदार और महाप्रभावशाली तप से शुष्क हो गए, रूक्ष हो गए, माँसरहित हो गए, उनका शरीर केवल हड्डी और चमड़ी से ढका हुआ रह गया। चलते समय हड्डियाँ खड़–खड़ करने लगीं, वे कृश–दुर्बल हो गए, उनकी नाड़ियाँ सामने दिखाई देने लगीं, अब वे केवल अपने आत्म–बल से चलते थे, खड़े रहते थे, तथा वे इतने दुर्बल हो गए थे कि भाषा बोलने के बाद, भाषा बोलते–बोलते भी और भाषा बोलूँगा, इस विचार से भी ग्लानि (थकावट)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को प्राप्त होते थे (उन्हें बोलने में भी कष्ट होता था)। जैसे कोई सूखी लकड़ियों से भरी हुई गाड़ी हो, पत्तों से भरी हुई गाड़ी हो, पत्ते, तिल और अन्य सूखे सामान से भरी हुई गाड़ी हो, एरण्ड की लकड़ियों से भरी हुई गाड़ी हो, या कोयले से भरी हुई गाड़ी हो, सभी गाड़ियाँ (गाड़ियों में भरी सामग्री) धूप में अच्छी तरह सुखाई हुई हों और फिर जब चलती हैं तो खड़-खड़ आवाज करती हुई चलती हैं और आवाज करती हुई खड़ी रहती हैं, इसी प्रकार जब स्कन्दक अनगार चलते थे, खड़े रहते थे, तब खड़-खड़ आवाज होती थी। यद्यपि वे शरीर से दुर्बल हो गए थे, तथापि वे तप से पुष्ट थे। उनका माँस और रक्त क्षीण (अत्यन्त कम) हो गये थे, किन्तु राख के ढेर में दबी हुई अग्नि की तरह (बाहर से निस्तेज दिखने पर भी) वे तप और तेज से तथा तप-तेज की शोभा से अतीव सुशोभित हो रहे थे।

46. Then, as a consequence of the said austerities that were free of expectations (*udaar*), extended (*vipul*), consented by the guru (*pradatt*), and observed with great devotion (*pragrihit*); that promised beatitude (*kalyan rupa*), security (*shiva rupa*), bliss (*dhanya rupa*), well-being (*mangal rupa*), and nobility (*shriyukta*); that were lofty (*uttam*), progressively enhancing (*udagra*), ideal (*udaatt*), beautiful, generous, highly efficacious and severe; that ascetic Skandak became dehydrated, haggard and devoid of flesh. His body was reduced to a mere skeleton covered with skin. When he walked his bones rattled. He was famished and weak, so much so that his veins became prominent and visible. It was through shear will power that he moved and stood. He was so emaciated that after speaking, or while speaking or even the thought of speaking exhausted him. When ascetic Skandak walked or just remained standing his body produced a rattling sound just like a cart filled with dry wood, dry leaves, sesame seeds or other dry things, twigs of Erand, or coal and further dried in sun, that rattles whether it is moving or stationary. Although he was weak in body, he was strong in austerities. Though his flesh ar d blood were almost reduced to nothingness, he still appeared exceptionally graceful due to his austerities and spiritual glow as well as the radiance of penance.

विवेचन : गुणरत्नसंवत्सर तप की संपूर्ण आराधना में १६ महीने लगते हैं। जिनमें से ४०७ दिन तपस्या के और ७३ दिन पारणे के होते हैं। शेष सब विधि मूलपाठ में है। *(विशेष वर्णन व चित्र देखें, सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र, पृष्ठ ३५६)*

Elaboration—The complete practice of *Gunaratna-samvatsar* penance involves sixteen months. This includes 407 days of fasting and 73 days of eating. The procedure has already been mentioned in the text. *(For more details and illustration see Illustrated Antakriddasha Sutra, p. 356)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७. तेणं कालेणं तेण समएणं रायगिहे नगरे जाव समोसरणं जाव परिसा पडिगया।

४७. उस काल उस समय में श्रमण भगवान महावीर स्वामी राजगृह नगर में पधारे। समवसरण की रचना हुई। यावत् जनता भगवान का धर्मोपदेश सुनकर वापस लौट गई।

47. During that period of time there was a city called Rajagriha... and so on up to... *Bhagavan* gave his sermon. People dispersed.

४८. तए णं तस्स खंदयस्स अणगारस्स अण्णया कयाइ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि धम्म जागरियं जागरमाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए जाव समुप्पज्जित्था–'एवं खलु अहं इमेणं एयारूवेणं ओरालेणं जाव (सु. ४६) किसे धमणिसंतए जाते जीवंजीवेणं गच्छामि, जीवंजीवेणं चिट्ठामि, जाव गिलामि, जाव (सु. ४६) एवामेव अहं पि ससद्दं गच्छामि, ससद्दं चिट्ठामि, तं अत्थि ता मे उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे तं जावता मे अत्थि उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे जाव य मे धम्मोवदेसए समणे भगवं महावीरे जिणे सुहत्थी विहरइ तावता मे सेयं कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए फुल्लुप्पल–कमल–कोमलुम्मिल्लियम्मि अहपंडुरे पभाए रत्तासोयप्पकासकिंसुय–सुयमुह–गुंजऽद्धरागसरिसे कमलागरसंडबोहए उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते समणं भगवं महावीरं वंदित्ता नमंसित्ता जाव पज्जुवासित्ता, समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाणि आरोवेत्ता, समणा य समणीओ य खामेत्ता, तहारूवेहिं थेरेहिं कडाऽईहिं सद्धिं विपुलं पव्वयं सणियं सणियं दुरूहित्ता, मेघघणसन्निगासं देवसन्निवातं पुढवीसिलापट्टयं पडिलेहित्ता, दब्भसंथारयं संथरित्ता, दब्भसंथारोवगयस्स संलेहणाझूसणाझूसियस्स भत्त पाणपडियाइक्खियस्स पाओवगयस्स कालं अणवकंखमाणस्स विहरित्तए त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव जलंते जेणेव समणे भगवं महावीरे जाव पज्जुवासइ।

४८. तदनन्तर किसी एक दिन रात्रि के पिछले पहर में धर्म–जागरणा करते हुए स्कन्दक अनगार के मन में इस प्रकार का अध्यवसाय, चिन्तन यावत् संकल्प उत्पन्न हुआ कि मैं इस (पूर्वोक्त) प्रकार के उदार यावत् महाप्रभावशाली तप द्वारा शुष्क, रूक्ष यावत् कृश हो गया हूँ। यावत् मेरा शारीरिक बल क्षीण हो गया, मैं केवल आत्म-बल से चलता हूँ और खड़ा रहता हूँ। यहाँ तक कि बोलने के बाद, बोलते समय और बोलने से पूर्व भी मुझे ग्लानि–खिन्नता होती है यावत् पूर्वोक्त गाड़ियों की तरह चलते और खड़े रहते हुए मेरी हड्डियों से खड़–खड़ आवाज होती है। अतः जब तक मुझमें उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार, पराक्रम है, जब तक मेरे धर्माचार्य, धर्मोपदेशक, तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर गन्धहस्ती की तरह विचरण कर रहे हैं, तब तक मेरे लिए श्रेयस्कर है कि इस रात्रि के व्यतीत हो जाने पर कल प्रातःकाल कोमल उत्पलकमलों को विकसित करने वाले, क्रमशः निर्मल प्रभायुक्त अशोक के समान प्रकाशमान, टेसू के फूल, तोते की चोंच, गुंजा के अर्द्ध–भाग जैसे लाल, कमलवनों को विकसित करने वाले, सहस्ररश्मि, तथा तेज से जाज्वल्यमान दिनकर सूर्य के उदय होने पर मैं श्रमण भगवान महावीर को वन्दना–नमस्कार यावत् पर्युपासना करके श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त करके,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वयमेव पंचमहाव्रतों का आरोपण करके, श्रमण-श्रमणियों के साथ क्षमापना करके कृतादि (प्रतिलेखना आदि धर्मक्रियाओं में कुशल व समर्थ) तथारूप स्थविर साधुओं के साथ विपुलगिरि पर शनैः-शनैः चढ़कर, मेघसमूह के समान काले, देवों के अवतरणस्थानरूप पृथ्वीशिलापट्ट की प्रतिलेखना करके, उस पर डाभ (दर्भ) का संथारा (संस्तारक) बिछाकर, उस दर्भ संस्तारक पर बैठकर आत्मा को संलेखना तप द्वारा कर्मों को नष्ट करके, आहार-पानी का सर्वथा त्याग (प्रत्याख्यान) करके पादपोपगमन संथारा करके, मृत्यु की आकांक्षा न करता हुआ विचरण करूँ।

इस प्रकार का विचार किया और रात्रि व्यतीत होने पर प्रातःकाल यावत् जाज्वल्यमान सूर्य के उदय होने पर स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर स्वामी की सेवा में आकर उन्हें वन्दना-नमस्कार करके यावत् पर्युपासना करने लगे।

48. Then one night, around last quarter, while doing religious studies ascetic Skandak had an inspiration (*adhyavasaya*), thought (*chintan*)... and so on up to... resolve (*sankalp*) that as a consequence of the said austerities that were free of expectations (*udaar*)... and so on up to... severe; I have become dehydrated... and so on up to... It is through shear will power that I move and stand. So much so that after speaking, or while speaking or even the thought of speaking exhausts me... and so on up to... When I walk or remain standing my bones rattle just like aforesaid carts. Therefore, as long as I am endowed with capacity to rise (*utthaan*) and act (*karma*), with strength (*bal*), potency (*virya*), and with the will of self-exertion (*purushakar-parakram*); as long as my spiritual teacher and guide Tirthankar Shraman Bhagavan Mahavir moves about like a king elephant; it would be good for me that tomorrow; when the night ends and the dawn breaks, when the blue and other lotuses bloom beautifully, when the sun rises with its crimson glow like *Ashoka* and *Palash* flowers, a parrot's beak, and red-half of *Gunja* seed, causing the multitude of lotuses to blossom and attains brilliance with its thousand rays; I should pay homage and obeisance... and so on up to... worship Shraman Bhagavan Mahavir. After that I should seek permission from Bhagavan Mahavir, embrace the five great vows on my own, seek pardon from male and female ascetics (*Shraman* and *Shramani*), and slowly ascend Vipula mountain in the company of *tatharupa* (conforming to *Agams*) accomplished (in various ascetic rituals and codes) senior ascetics (*sthavirs*). After that I should seek, inspect and clean a cloud-like black rock suited for descent of gods and make a bed of hay (*darbh*). I should then destroy all the *karmas* through the ultimate vow (*Samlekhana*), give up all food intake, recline on the said bed, take the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

vow of *Padapopagaman Santhara* (tree like end) and spend my time without desiring for death.

With this resolve, when the night ended and the dawn broke, ... and so on up to... with the brilliant sun, ascetic Skandak came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance... and so on up to... commenced worship.

४९. 'खंदया !' इ समणे भगवं महावीरे खंदयं अणगारं एवं वयासी–से नूणं तव खंदया ! पुव्वरत्तावरत्त काल समयंसि जाव (सु. ४८) जागरमाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव (सु. १७) समुपज्जित्था–'एवं खलु अहं इमेणं एयारूवेणं ओरालेणं विपुलेणं तं चेव जाव (सु. ४८) कालं अणवकंखमाणस्स विहरित्तए त्ति कट्टु' एवं संपेहेसि, संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए जाव जलंते जेणेव मम अंतिए तेणेव हव्वमागए। से नूणं खंदया ! अट्ठे समट्ठे ?

हंता, अत्थि।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

४९. 'हे स्कन्दक !' इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान महावीर ने स्कन्दक अनगार से इस प्रकार कहा– स्कन्दक ! रात्रि के पिछले पहर में धर्म जागरणा करते हुए तुम्हें इस प्रकार का अध्यवसाय यावत् संकल्प उत्पन्न हुआ कि "इस उदार यावत् महाप्रभावशाली तपश्चरण से मेरा शरीर अब कृश हो गया है, यावत् अब मैं संलेखना–संथारा करके मृत्यु की आकांक्षा न करके पादपोपगमन अनशन करूँ।" ऐसा विचार करके प्रातःकाल सूर्योदय होने पर तुम मेरे पास आए हो। हे स्कन्दक ! क्या यह सत्य है ?"

स्कन्दक अनगार ने कहा–हाँ, भगवन् ! यह सत्य है।

भगवान ने कहा–हे देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हें सुख हो, वैसा करो; इस कार्य में विलम्ब मत करो।

49. "O Skandak !" Addressing thus, Shraman Bhagavan Mahavir said to ascetic Skandak—"Skandak ! Around the last quarter of the night, while doing religious studies you had an inspiration (*adhyavasaya*), ... and so on up to... resolve (*sankalp*), 'as a consequence of the said austerities, which were free of expectations (*udaar*)... and so on up to... severe, I have become dehydrated... and so on up to... take the ultimate vow (*Samlekhana*) and the vow of *Padapopagaman Santhara* (tree like end).' With this resolve you have come to me at dawn. O Skandak ! Is it correct ?"

Ascetic Skandak said—Yes, *Bhagavan* ! It is so.

Bhagavan said—"Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed."

५०. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे हट्ठतुट्ठ० जाव हयहियए उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ जाव नमंसित्ता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सयमेव पंच महव्वयाइं आरुहेइ, आरुहित्ता समणे य समणीओ य खामेइ, तहारूवेहिं थेरेहिं कडाऽऽईहिं सद्धिं विपुलं पव्वयं सणियं सणियं दुरूहेइ, दुरूहित्ता मेघघणसन्निगासं देवसन्निवायं पुढविसिलावट्टयं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता उच्चारपासवणभूमि पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता दब्भसंथारयं संथरेइ, संथेरित्ता पुरत्थाभिमुहे संपलियंकनिसण्णे करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी–

नमोऽत्थु णं अरहंताणं भगवंताणं जाव संपत्ताणं, नमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव संपाविउकामस्स, वंदामि णं भगवंतं तत्थगयं इहगयं, पासउ मे भयवं तत्थगए इहगयं ति कट्टु वंदइ नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–"पुव्विं पि मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सव्वे पाणातिवाए पच्चक्खाए जावज्जीवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले पच्चक्खाए जावज्जीवाए, इयाणिं वि य णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामि जावज्जीवाए जाव मिच्छादंसणसल्लं पच्चक्खामि। एवं सव्वं असणं पाणं खाइमं साइमं चउव्विहं पि आहारं पच्चक्खामि जावज्जीवाए। जं पि य इमं सरीरं इट्ठं कंतं पियं जाव फुसंतु त्ति कट्टु एयं पि णं चरिमेहिं उस्सास–नीसासेहिं वोसिरामि" त्ति कट्टु संलेहणा–झूसणाझूसिए भत्त–पाणपडियाइक्खिए पाओवगए कालं अणवकंखमाणे विहरइ।

५०. तदनन्तर स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त हो जाने पर अत्यन्त हर्षित, संतुष्ट यावत् प्रफुल्ल हृदय हुए। फिर खड़े होकर श्रमण भगवान महावीर को तीन बार दाहिनी ओर से प्रारम्भ कर प्रदक्षिणा की और वन्दना–नमस्कार करके स्वयमेव पाँच महाव्रतों का आरोपण किया। फिर श्रमण–श्रमणियों से क्षमायाचना की और तथारूप योग्य कृतादि स्थविरों के साथ शनैः–शनैः विपुलाचल पर चढ़े। वहाँ मेघ–समूह के समान काले, देवों के उतरने योग्य स्थानरूप एक पृथ्वीशिलापट्ट की प्रतिलेखना की तथा उच्चार–प्रस्रवणादि परिष्ठापनभूमि की प्रतिलेखना की। ऐसा करके उस पृथ्वीशिलापट्ट पर डाभ का संथारा बिछाकर, पूर्व दिशा की ओर मुख करके, पर्यंकासन से बैठकर, दसों नख सहित दोनों हाथों को मिलाकर मस्तक पर रखकर, दोनों हाथ जोड़कर इस प्रकार बोले–

अरिहन्त भगवन्तों को, यावत् जो मोक्ष को प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें नमस्कार हो तथा अविचल शाश्वत सिद्ध स्थान को प्राप्त करने की इच्छा वाले श्रमण भगवान महावीर स्वामी को नमस्कार हो। (अर्थात् 'नमोत्थुणं' के पाठ का दो बार उच्चारण किया।) तत्पश्चात् कहा–'वहाँ रहे हुए भगवान महावीर स्वामी को यहाँ रहा हुआ मैं वन्दना करता हूँ। वहाँ विराजमान श्रमण भगवान महावीर स्वामी यहाँ पर रहे हुए मुझको देखें।' ऐसा कहकर भगवान को वन्दना–नमस्कार किया। वन्दना–नमस्कार करके वे इस प्रकार बोले–'मैंने पहले भी श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास यावज्जीवन के लिए सर्व प्राणातिपात का त्याग किया था, यावत् मिथ्यादर्शनशल्य तक अठारह ही पापों का त्याग किया था। इस समय भी श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास यावज्जीवन के लिए सर्व प्राणातिपात से लेकर मिथ्यादर्शनशल्य तक अठारह ही पापों का त्याग करता हूँ और यावज्जीवन के लिए अशन, पान, खादिम और स्वादिम, इन चारों प्रकार के आहार का त्याग करता हूँ। तथा यह मेरा शरीर, जोकि मुझे इष्ट, कान्त, प्रिय है, यावत् जिसकी मैंने बाधा–पीड़ा, रोग, आतंक, परीषह और उपसर्ग आदि से रक्षा की है, ऐसे शरीर का भी अन्तिम श्वासोच्छ्वास तक व्युत्सर्ग (ममत्व–विसर्जन) करता हूँ, यों कहकर संलेखना संथारा करके, भक्त–पान का सर्वथा त्याग करके पादपोपगमन अनशन करके मृत्यु की आकांक्षा न करते हुए विचरण करने लगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

50. On getting permission from Bhagavan Mahavir, ascetic Skandak was extremely pleased, contented... and so on up to... exhilarated with bliss. He got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir clockwise three times and after paying homage and obeisance he reaffirmed the five great vows on his own. He then sought pardon from male and female ascetics (*Shraman* and *Shramani*), and slowly ascended Vipula mountain in the company of *tatharupa* (conforming to *Agams*) accomplished (in various ascetic rituals and codes) senior ascetics (*sthavir*). Reaching there he found, inspected and cleaned (*pratilekhana*) a cloud-like black rock suited for descent of gods. He also found, inspected and cleaned a suitable spot for disposal of excreta. He then made a bed of hay (*darbh*) on that slab of rock, sat down in *Paryank* posture facing east, joined his ten fingers and palms, touched them to his forehead and uttered—

I bow and convey my reverence to the worthy ones (*Arhantanam*), the supreme ones (*bhagavantanam*)... and so on up to... who have attained the state of ultimate perfection. I bow and pay homage to Shraman Bhagavan Mahavir... and so on up to... who is the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*siddha gai* or *siddha gati*). (In other words he recited the *Namotthunam* panegyric twice.) He then added—"From this place I bow to Shraman Bhagavan Mahavir who is seated there. Seated there, may he see me here." With these words he paid homage and obeisance to *Bhagavan* and added—"Earlier too I had renounced for life the eighteen sinful acts including all harm to living beings... and so on up to... thorn of unrighteousness. At this moment as well I renounce for life the eighteen sinful acts including all harm to living beings... and so on up to... thorn of unrighteousness. Also, I abandon for life four kinds of intake including staple food, liquids, general food and savoury food (*ashan, paan, khadya* and *svadya*). Also I dissociate my self, till my least breath, from this body of mine; the body that is desirable (*isht*), fond (*kaant*), lovable (*priya*) to me... and so on up to... and which I protected from pain, disease, fear, afflictions, torments etc. With these words he took the ultimate vow (*Samlekhana*), gave up all food intake, took the vow of *Padapopagaman Santhara* (tree like end) and spent his time without desiring for death.

५१. तए णं से खंदए अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारसस्स अंगाइं अहिज्जित्ता बहुपडिपुण्णाइं दुवालसवासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसित्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते आणुपुव्वीए कालगए।

५१. इसके पश्चात् स्कन्दक अनगार, श्रमण भगवान महावीर स्वामी के तथारूप स्थविरों के पास ग्यारह अंगों का अध्ययन, पूरे बारह वर्ष तक श्रमण-पर्याय का पालन करके, एक मास की संलेखना से अपनी आत्मा को संलिखित (सेवित = युक्त) करके साठ भक्त का त्यागरूप अनशन करके, आलोचना और प्रतिक्रमण करके समाधि प्राप्त करके क्रमशः कालधर्म को प्राप्त हुए।

51. After that, having concluded his study of eleven *Angas* under senior ascetic disciples (*sthavirs*) of Shraman Bhagavan Mahavir, having completed twelve year span of ascetic life, having enriched his soul with month long final fasting (*samlekhana*), having performed fast by missing sixty meals and doing self-appraisal (*pratikraman*) and critical review (*alochana*), ascetic Skandak attained the transcendental state (*samadhi*) and passed away.

५२. तए णं ते थेरा भगवंतो खंदयं अणगारं कालगयं जाणित्ता परिनिव्वाणवत्तियं काउस्सग्गं करेंति, करित्ता, पत्त-चीवराणि गिण्हंति, गिण्हित्ता विपुलाओ पव्वयाओ सणियं २ पच्चोसक्कंति, पच्चोसक्कित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी खंदए नामं अणगारे पगइभद्दए पगतिविणीए पगतिउवसंते पगति-पयणुकोह-माण-माया-लोभे मिउ-मद्दवसंपन्ने अल्लीणे भद्दए विणीए। से णं देवाणुप्पिएहिं अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाणि आरोवित्ता समणे य समणीओ य खामेत्ता, अम्हेहिं सद्धिं विपुलं पव्वयं तं चेव निरवसेसं जाव (सु. ५०) अहाणुपुव्वीए कालगए। इमे य से आयारभंडए।

५२. तत्पश्चात् उन स्थविर भगवन्तों ने स्कन्दक अनगार को कालधर्म प्राप्त हुआ जानकर उनके परिनिर्वाण (समाधिमरण) सम्बन्धी कायोत्सर्ग किया। फिर उनके पात्र, वस्त्र आदि उपकरणों को लेकर वे विपुलगिरि से शनैः-शनैः नीचे उतरे। उतरकर जहाँ श्रमण भगवान महावीर स्वामी विराजमान थे, वहाँ आए। भगवान को वन्दना-नमस्कार कर उन स्थविर मुनियों ने इस प्रकार कहा-हे भगवन् ! आप देवानुप्रिय के शिष्य स्कन्दक अनगार, जोकि प्रकृति से भद्र, प्रकृति के विनीत, स्वभाव से उपशान्त, अल्पक्रोध-मान-माया-लोभ वाले, कोमलता और नम्रता से युक्त, इन्द्रियों को वश में करने वाले, भद्र और विनीत थे, वे आपकी आज्ञा लेकर स्वयमेव पंचमहाव्रतों का आरोपण करके, साधु-साध्वियों से क्षमापना करके, हमारे साथ विपुलगिरि पर गये थे, यावत् वे पादपोपगमन संथारा करके कालधर्म को प्राप्त हो गए हैं। ये उनके धर्मोपकरण हैं।

52. When the senior ascetics accompanying ascetic Skandak realized that he was dead, they performed the ritual meditation prescribed to be done on meditational death (*parinirvana*). They picked up his equipment (the things like broom, wooden pots etc.) and slowly came down from the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

mountain. Then they came where Shraman Bhagavan Mahavir was seated. After paying homage, those senior ascetics submitted—"*Bhante* ! Your disciple ascetic Skandak was by nature noble, humble and serene; had only traces of anger, conceit, deceit and greed; was soft and polite; had subdued his sense organs and was gentle and modest. Getting your permission, taking five great vows on his own, and seeking forgiveness from all the ascetics he had gone to the Vipul mountain with us... and so on up to... Following the prescribed procedure he took the ultimate vow and consequently met his end. These are his ascetic-equipment."

स्कन्दक की गति विषय में कथन **ABOUT REBIRTH OF SKANDAK**

५३. [प्र.] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी खंदए नामं अणगारे कालमासे कालं किच्चा कहिं गए, कहिं उववण्णे ?

[उ.] 'गोयमा !' इ समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी—एवं खलु गोयमा ! मम अंतेवासी खंदए नामं अणगारे पगतिभद्दए जाव से णं मए अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाइं आरोवित्ता तं चेव सव्वं अविसेसियं नेयव्वं जाव (सु. ५०—५१) आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा अच्चुए कप्पे देवत्ताए उववण्णे। तत्थ णं एगइयाणं देवाणं बावीसं सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। तत्थ णं खंदयस्स वि देवस्स बावीसं सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता।

५३. [प्र.] तत्पश्चात् भगवान गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दना-नमस्कार करके पूछा-'भगवन् ! आपके शिष्य स्कन्दक अनगार कालधर्म को प्राप्त करके कहाँ गए और कहाँ उत्पन्न हुए ?'

[उ.] श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने फरमाया-'हे गौतम ! मेरा शिष्य स्कन्दक अनगार, प्रकृतिभद्र यावत् विनीत मेरी आज्ञा प्राप्त करके, स्वयमेव पंचमहाव्रतों का आरोपण करके, यावत् संल्लेखना-संथारा करके समाधि को प्राप्त होकर काल करके अच्युतकल्प (देवलोक) में देवरूप में उत्पन्न हुआ है। वहाँ कतिपय देवों की स्थिति बाईस सागरोपम की है। तदनुसार स्कन्दक देव की स्थिति भी बाईस सागरोपम की है।'

53. [Q.] Gautam Swami asked Shraman Bhagavan Mahavir after offering due homage and obeisance—"*Bhante* ! After his death where has your disciple ascetic Skandak has gone and where has he taken birth ?"

[Ans.] Shraman Bhagavan Mahavir replied, "Gautam ! My disciple ascetic Skandak was by nature noble... and so on up to... modest. Getting my permission, taking five great vows on his own... and so on up to... took the ultimate vow, met his end and has reincarnated as a divine being in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Achyut Kalp (a divine dimension). There some of the gods have a life-span of twenty two *Sagaropam* (a metaphoric unit of time). Skandak Dev too has the life-span of twenty two *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

५४. [प्र.] से णं भंते ! खंदए देवे ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइखएणं अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छिहिति ? कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिति बुज्झिहिति मुच्चिहिति परिनिव्वाहिति सव्वदुक्खाणमंतं करेहिति। खंदओ सम्मत्तो।

॥ बितीय सए : पढमो उद्देसो समत्तो॥

५४. [प्र.] तत्पश्चात् गौतम स्वामी ने पूछा–'भगवन् ! स्कन्दक देव वहाँ की आयु का क्षय, भव का और स्थिति का क्षय करके उस देवलोक से कहाँ जाएँगे और कहाँ उत्पन्न होंगे ?'

[उ.] गौतम ! स्कन्दक देव वहाँ की आयु, भव और स्थिति का क्षय होने पर महाविदेह-वर्ष (क्षेत्र) में जन्म लेकर सिद्ध होंगे, बुद्ध होंगे, मुक्त होंगे, परिनिर्वाण को प्राप्त करेंगे और सभी दुःखों का अन्त करेंगे। श्री स्कन्दक का जीवन-वृत्त पूर्ण हुआ।

54. [Q.] Gautam Swami again asked, "*Bhagavan* ! After completing the age, state and life there, where will Skandak Dev go from that divine realm and where will he be born ?"

[Ans.] "Gautam ! After concluding the age, state and life there, Skandak Dev will be born as a human being in the Mahavideh area and achieving purity, enlightenment, and freedom he will attain *Nirvana* and terminate all his miseries." This concludes the story of life of Shri Skandak.

विशेष शब्दार्थ–आउक्खएणं = आयुष्यकर्म के दलिकों की निर्जरा होने से, भवक्खएणं = देवभव के कारणभूत गत्यादि (नाम) कर्मों की निर्जरा होने से, ठिइक्खएणं = आयुष्यकर्म भोग लेने से स्थिति का क्षय होने के कारण।

॥ द्वितीय शतक : प्रथम उद्देशक समाप्त॥

TECHNICAL TERMS

Aaukkhayenam—on shedding of the particles of *ayushya karma* (life-span determining *karmas*); concluding the age. **Bhavakkhayenam**—on shedding of the particles of *naam-karma* responsible for the divine state; concluding the state. **Thi-ikkhayenam**—end of life due to conclusion of life-span determining *karmas*; concluding the life.

● **END OF THE FIRST LESSON OF THE SECOND SHATAK** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : द्वितीय उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : SECOND LESSON

समुद्घात SAMUDGHAT

समुद्घात : तत्सम्बन्धी विश्लेषण SAMUDGHAT : AN ANALYSIS

१. [प्र.] कइणं भंते ! समुग्घाया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सत्त समुग्घाया पण्णत्ता, तं जहा—वेदणासमुग्घाए। एवं समुग्घायपदं छाउमत्थियसमुग्घायवज्जं भाणियव्वं जाव वेमाणियाणं कसायसमुग्घाया अप्पाबहुयं।

[प्र.] अणगारस्स णं भंते ! भावियप्पणो केवलीसमुग्घाए जाव सासयमणागयद्धं चिट्ठंति ?

[उ.] समुग्घाय पदं णेयव्वं।

॥ बितीय सए : बितीयो उद्देसो समत्तो॥

१. [प्र.] भगवन् ! समुद्घात कितने हैं ?

[उ.] गौतम ! समुद्घात सात हैं। जैसे–(१) वेदना–समुद्घात, (२) कषाय–समुद्घात, (३) मारणान्तिक–समुद्घात, (४) वैक्रिय–समुद्घात, (५) तैजस्–समुद्घात, (६) आहारक–समुद्घात, और (७) केवलि–समुद्घात। यहाँ प्रज्ञापनासूत्र का छत्तीसवाँ समुद्घात पद कहना चाहिए, किन्तु उसमें प्रतिपादित छद्मस्थ समुद्घात का वर्णन यहाँ नहीं कहना चाहिए और इस प्रकार यावत् वैमानिक तक जानना चाहिए, तथा कषाय–समुद्घात और अल्पबहुत्व कहना चाहिए।

[प्र.] हे भगवन् ! भावितात्मा अनगार के क्या केवली–समुद्घात यावत् समग्र भविष्यकालपर्यन्त शाश्वत रहता है ?

[उ.] हे गौतम ! यहाँ भी उपर्युक्त कथनानुसार समुद्घात पद जान लेना चाहिए।

1. [Q.] *Bhante* ! How many *Samudghats* are there ?

कट्टु अन्नमन्नस्स अंतिए एयमट्ठं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता जेणेव सयाइं सयाइं गिहाइं तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउय–मंगल–पायच्छित्ता, सुद्धप्पावेसाइं मंगल्लाइं वत्थाइं पवराइं परिहिया, अप्पमहग्घा–भरणालंकियसरीरा सएहिं सएहिं गेहेहिंतो पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता, एगयओ मेलायंति। मेलायित्ता पायविहारचारेणं तुंगियाए नगरीए मज्झं मज्झेणं निग्गच्छंति, निग्गच्छित्ता जेणेव पुप्फवतीए चेतिए तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता थेरे भगवंत पंचविहेणं अभिगमेणं अभिगच्छंति, तं जहा १. सचित्ताणं दव्वाणं विउसरणयाए, २. अचित्ताणं दव्वाणं अविओसरणताए, ३. एगसाडिएणं उत्तरासंगकरणेणं, ४. चक्खुप्फासे अंजलिप्पग्गहेणं, ५. मणसो एगत्तीकरणेणं, जेणेव थेरा भगवंतो तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता तिक्खुत्तो आयाहिण–पयाहिणं करेंति, करित्ता जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासेंति। तं जहा–काइ० वाइ० माण०। तत्थ काइयाए–संकुचियपाणि–पाए सुस्सूसमाणे णमंसमाणे अभिमुहे विणएण पंडलिउडे पजलिउडे पज्जुवासंति। (२) वाइयाए–जं जं भगवं वागरेति 'एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते ! अवितहमेयं भंते ! असंदिद्धमेयं भंते ! इच्छियमेयं भंते ! पडिच्छियमेयं भंते ! इच्छियपडिच्छियमेयं भंते ! वायाए अपडिकूलेमाणा विणएणं पज्जुवासंति। (३) माणसियाए–संवेगं जणयंता तिव्वधम्माणुरागरत्ता विगह–विसोत्तियपरिवज्जियमई अन्नत्थ कत्थइ मणं अकुव्वमाणा विणएणं पज्जुवासंति।'

१४. जब यह बात तुंगिका नगरी के श्रमणोपासकों को ज्ञात हुई तो वे अत्यन्त हर्षित और सन्तुष्ट हुए, परस्पर एक-दूसरे को बुलाकर इस प्रकार कहने लगे-हे देवानुप्रियो ! (सुना है कि) भगवान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वनाथ के शिष्यानुशिष्य स्थविर भगवन्त, जो जातिसम्पन्न आदि अनेक विशेषणों से युक्त हैं, यहाँ पधारे हैं और यथाप्रतिरूप अवग्रह ग्रहण करके संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विहरण करते हैं।

हे देवानुप्रियो ! तथारूप स्थविर भगवन्तों के नाम-गोत्र को सुनने का भी महाफल होता है, तब फिर उनके सामने जाना, वन्दन-नमस्कार करना, उनका कुशल-मंगल (सुख-साता) पूछना और उनकी पर्युपासना (सेवा) करना, यावत् .... उनसे प्रश्न पूछकर अर्थ-ग्रहण करना, इत्यादि बातों के कल्याण रूप फल का तो कहना ही क्या ? अतः हे देवानुप्रियो ! हम सब उन स्थविर भगवन्तों के पास चलें और उन्हें वन्दन-नमस्कार करें, यावत् उनकी पर्युपासना करें। ऐसा करना अपने लिए इस भव में, तथा परभव में हितरूप होगा; यावत् परम्परा से (परलोक में कल्याण का) अनुगामी होगा।''

इस प्रकार बातचीत करके उन्होंने उस बात को एक-दूसरे के सामने स्वीकार किया। स्वीकार करके वे सब श्रमणोपासक अपने-अपने घर गये। घर जाकर स्नान किया, फिर **बलिकर्म** (कौए, कुत्ते, गाय आदि को अन्नादि दिया, तथा स्नान से सम्बन्धित तिलक आदि कार्य) किया। (तदनन्तर दुःस्वप्न आदि के फल नाश के लिए) कौतुक और मंगल-रूप प्रायश्चित्त किया। फिर शुद्ध (स्वच्छ), तथा धर्मसभा आदि में प्रवेश करने योग्य (अथवा सज्जनों के पहनने योग्य) एवं श्रेष्ठ वस्त्र पहने। थोड़े-से (या कम वजन वाले) किन्तु बहुमूल्य आभूषणों से शरीर को विभूषित किया। फिर वे अपने-अपने घरों से निकले और एक जगह मिले।

तत्पश्चात् वे सम्मिलित होकर पैदल चलते हुए तुंगिका नगरी के बीचोंबीच होकर निकले और जहाँ पुष्पवतिक चैत्य था, वहाँ आये। (वहाँ) स्थविर भगवन्तों (को दूर से देखते ही) के पास पाँच प्रकार के अभिगम करके गये। वे (पाँच अभिगम) इस प्रकार हैं-(१) (अपने पास रहे हुए) सचित्त द्रव्यों (फूल, ताम्बूल आदि) का त्याग करना, (२) अचित्त द्रव्य वस्त्र आदि को संकुचित करना अथवा मर्यादित करना, (३) एकशाटिक उत्तरासंग करना (एक पट के बिना सिले हुए वस्त्र-दुपट्टे को यतनार्थ मुख पर रखना), (४) स्थविर-भगवन्तों को देखते ही दोनों हाथ जोड़ना, तथा (५) मन को एकाग्र करना।

इस प्रकार पाँच प्रकार का अभिगम करके वे श्रमणोपासक स्थविर भगवन्तों के निकट पहुँचे। निकट आकर उन्होंने दाहिनी ओर से तीन बार उनकी प्रदक्षिणा की, वन्दन-नमस्कार किया यावत् कायिक, वाचिक और मानसिक, इन तीनों प्रकार से उनकी पर्युपासना करने लगे। [(१) वे हाथ-पैरों को सिकोड़कर शुश्रूषा करते हुए, नमस्कार करते हुए, उनके सम्मुख विनय से हाथ जोड़कर काया से पर्युपासना करते हैं। (२) जो-जो बातें स्थविर भगवान फरमा रहे थे, उसे सुनकर-'भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यही तथ्य है, यही सत्य है, भगवन् ! यही इष्ट और विशेष इष्ट है', इस प्रकार वाणी से अनुकूल होकर विनयपूर्वक पर्युपासना करते हैं तथा (३) मन से (हृदय से) संवेगभाव उत्पन्न करते हुए तीव्र धर्मानुराग में रंगे हुए विग्रह (कलह) और प्रतिकूलता (विरोध) से रहित बुद्धि वाले होकर, मन को अन्यत्र कहीं न लगाते हुए विनयपूर्वक उपासना करते हैं।]

14. When the *Shramanopasaks* of Tungika city came to know of this they were very pleased and contented. They called one another and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

deliberated—"Beloved of gods ! A *Sthavir Bhagavant* (senior ascetic) of the lineage of Bhagavan Parshva Naath, who is endowed with many virtues including *Jatisampanna*, has arrived here and seeking a suitable place and permission, he spends his time enkindling his soul with ascetic-discipline and austerities.

"O Beloved of gods ! What to say of being able to go near him, pay homage to him, bow to him, inquire about his well being, worship him, ... and so on up to... ask questions to him and listen to his discourse when mere hearing of his name and lineage is highly meritorious ? Therefore, O Beloved of gods ! Let us all go to the *Sthavir Bhagavant* and pay homage to him... and so on up to... worship him. This act of obeisance will prove to be beneficial... and so on up to... means of continued beatitude for us in this, next and following births."

Thus they (*sharamanopasaks*) said to one another and had a consensus. Once agreed upon, all the *shramanopasaks* returned to their respective homes. Reaching there, they took their bath and performed propitiatory rites (*Bali-karma*; this includes applying auspicious mark on forehead and giving grains and other eatables to crows, cows and dogs). They also performed conciliatory and auspicious rituals (*Kautuk-mangal*; done in order to ward of ill effects of bad dreams etc.). After that they put on clean and excellent ceremonial dresses suited for formal congregations (or suitable for noble persons) and embellished themselves with light but costly ornaments. After all this they came out of their homes and gathered at one place.

Having assembled at one place, they walked together through Tungika city and arrived at Pushpavatik Chaitya. There (seeing Sthavir *Bhagavants)* they observed the five codes of courtesy meant for a religious assembly (*abhigam*) and approached Sthavir Bhagavants. The five codes being—(1) to discard things infested with living organisms (*sachit*; such as flowers, beetle-leaves etc.), (2) to carefully retain things free of living organisms (*achit*), (3) to place a one-piece shawl (*uttariya*) on shoulders, (4) to join palms the instant the senior ascetics are seen, and (5) to focus attention.

Concluding the five *abhigams* those *shramanopasaks* came near the senior ascetics. After this they went around the senior ascetics three times, paid homage and obeisance... and so on up to... commenced their threefold worship—physical, vocal and mental. [(1) Physical worship—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

With a desire to listen to religious sermon they faced *Bhagavant*, bowed to him and sat down at proper place drawing in and folding their limbs and humbly joining their palms. (2) Vocal worship—When senior ascetics uttered something they responded by saying in compliance—"*Bhante* ! It is, indeed, so. *Bhagavan* ! So is the reality and so is the truth. *Bhante* ! Your word is what we need and what we accept." (3) Mental worship—Filling their mind with intense and sincere feeling of renouncing the mundane, freeing their mind of any contradictions, antagonism and distraction, they devoted themselves keenly to the pursuance of the path of liberation.]

१५. तए णं ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं तीसे य महतिमहालयाए परिसाए चाउज्जामं धम्मं परिकहेंति, जहा केसिसामिस्स जाव समणोवासियत्ताए आणाए आराहगे भवंति जाव धम्मो कहिओ।

१५. तत्पश्चात् उन स्थविर भगवन्तों ने उन श्रमणोपासकों तथा उस महती परिषद् को केशीश्रमण की तरह चातुर्याम-धर्म का उपदेश दिया। यावत्.... वे श्रमणोपासक अपनी श्रमणोपासकता द्वारा (उन स्थविर भगवन्तों की) आज्ञा के आराधक हुए। यावत् धर्मकथा पूर्ण हुई।

15. Then those illustrious senior ascetics, as Keshi Shraman had done in the past, gave their sermon of four dimensional religion (*Chaturyam Dharma*) to those *shramanopasaks* and the large congregation... and so on up to... those *shramanopasaks* became followers of the tenets of those senior ascetics through their devotion for the ascetic order... and so on up to... The sermon was concluded.

श्रमणोपासकों के प्रश्न : स्थविरों के उत्तर

QUESTIONS BY SHRAMANOPASAKS : ANSWERS BY STHAVIRS

१६. तए णं ते समणोवासया थेराणं भगवंताणं अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव हयहियया तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिणं करेंति, जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासंति, पज्जुवासित्ता एवं वयासी–

[प्र.] संजमे णं भंते ! किंफले ? तवे णं भंते ! किंफले ?

[उ.] तए णं ते थेरा भगवंतो ते समणोवासए एवं वयासी–संजमे णं अज्जो ! अणण्हयफले, तवे वोदाणफले।

१६. तदनन्तर वे श्रमणोपासक स्थविर भगवन्तों से धर्मोपदेश सुनकर एवं हृदयंगम करके बड़े हर्षित और सन्तुष्ट हुए, उनका हृदय खिल उठा और उन्होंने स्थविर भगवन्तों की दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा की। तीन प्रकार की उपासना द्वारा उनकी पर्युपासना की और फिर इस प्रकार पूछा–

[प्र.] भगवन् ! संयम का क्या फल है ? भगवन् ! तप का क्या फल है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] स्थविर भगवन्तों ने उन श्रमणोपासकों को इस प्रकार उत्तर दिया–'हे आर्यो ! संयम का फल अनास्रवता (संवरसम्पन्नता) है। तप का फल व्यवदान (कर्मों को विशेष रूप से काटना आत्मा को शुद्ध करना) है।'

16. Listening to and understanding the religious discourse given by *Sthavir Bhagavants*, those *shramanopasaks* became pleased, contented... and so on up to... their hearts bloomed with bliss. They went around *Sthavir Bhagavants* three times clockwise. They performed their threefold worship and then said—

[Q.] *Bhante* ! What is the outcome of restraint (*samyam*) ? *Bhante* ! What is the outcome of austerities (*tap*) ?

[Ans.] The *Sthavir Bhagavants* replied as follows—O noble ones ! The outcome of restraint (*samyam*) is blockage of inflow of *karmas* (*anashravata*). The outcome of austerities (*tap*) is purification of soul by extensive shedding of *karmas* (*vyavadaan*).

१७. [प्र. १] तए णं ते समणोवासया थेरे भगवंते एवं वयासी–जइ णं भंते ! संजमे अणण्हयफले, तवे वोदाणफले किंपत्तियं णं भंते ! देवा देवलोएसु उववज्जंति ?

१७. [प्र. १] (उत्तर सुनकर) श्रमणोपासकों ने स्थविर भगवन्तों से (पुनः) इस प्रकार पूछा–'भगवन् ! यदि संयम का फल अनास्रवता है और तप का फल व्यवदान है तो देव देवलोकों में किस कारण से उत्पन्न होते हैं ?'

17. **[Q. 1]** (At this) the *shramanopasak* further asked—"*Bhante* ! If The outcome of restraint (*samyam*) is blockage of inflow of *karmas* (*anashravata*) and the outcome of austerities (*tap*) is purification of soul by extensive shedding of *karmas* (*vyavadaan*) then why gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) ?

[उ. २] तत्थ णं कालियपुत्ते नामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–पुव्वतवेणं अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

[उ. ३] तत्थ णं मेहिले नाम थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–पुव्वसंजमेणं अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

[उ. ४] तत्थ णं आणंदरक्खिए णामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–कम्मियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति।

[उ. ५] तत्थ णं कासवे णामं थेरे ते समणोवासए एवं वयासी–संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति। पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति। सच्चे णं एस अट्ठे, नो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ. २] (श्रमणोपासकों का प्रश्न सुनकर) उन स्थविरों में से कालिकपुत्र नामक स्थविर ने श्रमणोपासकों से यों कहा–'आर्यो ! पूर्वतप के कारण देव देवलोक में उत्पन्न होते हैं।'

[उ. ३] उनमें से मेहिल (मेधिल) नाम के स्थविर ने इस प्रकार कहा–'आर्यो ! पूर्व–संयम के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।'

[उ. ४] फिर उनमें से आनन्दरक्षित नामक स्थविर ने इस प्रकार कहा–'आर्यो ! कर्मिता (कर्मों की विद्यमानता या कर्म शेष रहने) के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।'

[उ. ५] उनमें से काश्यप नामक स्थविर ने यों कहा–'आर्यो ! संगिता–(रागभाव = आसक्ति) के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार हे आर्यो ! (वास्तव में) **पूर्व** (रागभावयुक्त) **तप** से, **पूर्व** (सराग) **संयम** से, **कर्मिता** (कर्मक्षय न होने से या कर्मों के रहने) से, तथा **संगिता** (द्रव्यासक्ति) से, देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। यह बात (अर्थ) सत्य है। इसलिए कही है, हमने अपना आत्मभाव (अपना अहंभाव या अभिप्राय) बताने की दृष्टि से नहीं कही है।'

[Ans. 2] (On hearing this question from the *shramanopasaks*) Sthavir Kalik-putra said to the *shramanopasak*—"Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to past austerities (*purva-tap*)."

[Ans. 3] Sthavir Mehil (Medhil) said—"Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to past restraints (*purva-samyam*)."

[Ans. 4] Sthavir Anandarakshit said—"Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to residual *karmas* from the past (*karmita*)."

[Ans. 5] Sthavir Kashyap said—"Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to feeling of attachment or craving (*sangita*). Thus, Noble ones ! (In fact) gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to past (attachment-infested) austerities (*purva-tap*), past (attachment-infested) restraints (*purva-samyam*), residual *karmas* from the past (*karmita*) and feeling of attachment or craving (*sangita*). We state this because this is the truth and not because this is what we want to say (out of ego or personal prejudice)."

१८. तए णं ते समणोवासया थेरेहिं भगवंतेहिं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरिया समाणा हट्ठतुट्ठा थेरे भगवंते वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता पसिणाइं पुच्छंति, पुच्छित्ता अट्ठाइं उवादियंति, उवादिएत्त उट्ठाए उट्ठेंति, उट्ठित्ता थेरे भगवंते तिक्खुत्तो वंदंति णमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता थेराणं भगवंताणं अंतियाओ पुप्फवतियाओ चेइयाओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया।

१८. तत्पश्चात् वे श्रमणोपासक, स्थविर भगवन्तों द्वारा प्रदत्त उत्तरों को सुनकर हर्षित एवं सन्तुष्ट हुए और स्थविर भगवन्तों को वन्दना नमस्कार करके अन्य प्रश्न भी पूछने लगे। प्रश्न पूछकर फिर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्थविर भगवन्तों द्वारा दिये गये उत्तरों (अर्थों) को ग्रहण करते हैं। तत्पश्चात् वे वहाँ से उठते हैं और तीन बार वन्दना-नमस्कार करते हैं। फिर वे उन स्थविर भगवन्तों के पास से और उस पुष्पवतिक चैत्य से निकलकर जिस दिशा से आये थे, उसी दिशा में वापस (अपने-अपने स्थान पर) लौट गये।

18. Listening to and understanding the religious discourse given by *Sthavir Bhagavants*, those *shramanopasaks* became pleased and contented. After paying homage and obeisance to *Sthavir Bhagavants* they started asking other questions. After asking questions they listened to and understood the answers. They then got up and paid homage and obeisance three times. At last they took leave of the *Sthavir Bhagavants*, came out of the Pushpavatik *chaitya* and proceeded in the direction they had come from (to their respective abodes).

१९. तए णं ते थेरा अन्नया कयाइं तुंगियाओ पुप्फवतियाओ, चेइयाओ पडिनिग्गच्छंति, बहिया जणवयविहारं विहरंति।

१९. इधर वे स्थविर भगवन्त भी किसी एक दिन तुंगिका नगरी के उस पुष्पवतिक चैत्य से निकले और बाहर (अन्य) जनपदों में विचरण करने लगे।

19. The *Sthavir Bhagavants* too left the Pushpavatik *chaitya* and Tungika city one day, and resumed their itinerant way in other inhabited areas (*janapad*).

राजगृह में गौतम स्वामी का भिक्षाचर्यार्थ पर्यटन **ALMS-SEEKING BY GAUTAM SWAMI IN RAJAGRIHA**

२०. तेणं कालेणं तेणं समए णं रायगिहे नामं नगरे जाव परिसा पडिगया।

२०. उस काल, उस समय में राजगृह नामक नगर था। वहाँ भगवान महावीर स्वामी पधारे। परिषद् (वन्दना करने गई) यावत् (धर्मोपदेश सुनकर) परिषद् वापस लौट गई।

20. During that period of time there was a city called Rajagriha. Description (as before). Bhagavan Mahavir arrived there. People came out. *Bhagavan gave his sermon. People dispersed.*

२१. तेणं कालेणं तेणं समए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूती नामं अणगारे जाव संखित्तविउलतेयलेस्से छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे जाव विहरति।

२१. उस काल, उस समय में श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ अन्तेवासी (शिष्य) इन्द्रभूति नामक अनगार थे। यावत् वे विपुल तेजोलेश्या को अपने शरीर में संक्षिप्त करके रखते थे। वे निरन्तर छट्ठ-छट्ठ के तपश्चरण से तथा संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरते थे।

21. During that period of time the senior disciple of Bhagavan Mahavir was one Indrabhuti Anagar... and so on up to... He had

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

tempered the *vipul tejoleshya* (great radiant energy or fire power) he was endowed with. He spent his time enkindling (*bhaavit*) his soul by observing a series of two day fasts (missing six meals), ascetic-discipline (restraints) and austerities.

२२. तए णं से भगवं गोयमे छट्ठक्खमणपारणगंसि पढमाए पोरिसीए सज्झायं करेइ, बीयाए पोरिसीए झाणं झियायइ, तइयाए पोरिसीए अतुरियमचवलमसंभंते मुहपोत्तियं पडिलेहेति, पडिलेहित्ता भायणाइं वत्थाइं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता भायणाइं पमज्जइ, पमज्जित्ता भायणाइं उग्गाहेति, उग्गहित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, २ एवं वयासी–इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए छट्ठक्खमणपारणगंसि रायगिहे नगरे उच्च–नीय–मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

२२. इसके पश्चात् छट्ठ के पारणे के दिन भगवान इन्द्रभूति गौतम स्वामी ने प्रथम प्रहर में स्वाध्याय किया; द्वितीय प्रहर में ध्यान किया; तृतीय प्रहर में शारीरिक शीघ्रतारहित, मानसिक चपलतारहित, आकुलता से रहित होकर मुखवस्त्रिका की प्रतिलेखना की; फिर पात्रों और वस्त्रों की प्रतिलेखना की; तदनन्तर पात्रों का प्रमार्जन किया और फिर उन पात्रों को लेकर जहाँ श्रमण भगवान महावीर स्वामी विराजमान थे, वहाँ आये। वहाँ आकर भगवान को वन्दन–नमस्कार कर इस प्रकार निवेदन किया–'भगवन् ! आज मेरे छट्ठ तप के पारणे का दिन है। अतः आपसे आज्ञा प्राप्त होने पर मैं राजगृह नगर में उच्च, नीच और मध्यम कुलों के गृह–समुदाय में भिक्षाचर्या की विधि के अनुसार, भिक्षाटन करना चाहता हूँ।'

भगवान ने कहा–'हे देवानुप्रिय ! जिस प्रकार तुम्हें सुख हो, वैसे करो; किन्तु विलम्ब मत करो।'

22. Then on the day of breaking his two-day fast Bhagavan Indrabhuti Gautam Swami did studies during the first quarter of the day and meditation during the second quarter of the day. During the third quarter he inspected (*pratilekhana*) his *mukh-vastrika* (a handkerchief-like piece of cloth used to cover mouth; also a specially designed mouth-cover) followed by inspection of pots and clothes. He then cleaned the pots and carrying them came where Bhagavan Mahavir was seated. After paying homage and obeisance he submitted—"*Bhante* ! Today is the day of breaking my two day fast (*shashthakhaman tap*). Therefore, seeking your permission I wish to go to Rajagriha city and visit low, medium and high caste families to collect alms following the prescribed procedure."

Bhagavan said—"Beloved of gods ! Do as you please without any delay."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. तए णं भगवं गोयमे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ गुणसिलाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्त अतुरियमचवलमसंभंते जुगंतरपलोयणाए दिट्ठीए पुरतो रियं सोहेमाणे जेणेव रायगिहे नगरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता रायगिहे नगरे उच्च-नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियं अडति।

२३. इसके बाद भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर के पास से तथा गुणशील चैत्य से निकले। फिर शीघ्रता, चपलता (चंचलता) और संभ्रम (आकुलता) से रहित होकर, युगान्तर-युग-गाड़ी का जुआ। (चलते समय अपने शरीर का भाग तथा दृष्टिगोचर होने वाले मार्ग का भाग; इन दोनों के बीच का अन्तर युगान्तर कहलाता है।) प्रमाण दूर तक की भूमि को देखते हुए, अपनी दृष्टि से आगे-आगे के गमन मार्ग पर ईयासमितिपूर्वक चलते हुए जहाँ राजगृह नगर था, वहाँ आये। वहाँ ऊँच, नीच और मध्यम कुलों के गृह-समुदाय में विधिपूर्वक भिक्षाचरी करने के लिए पर्यटन करने लगे।

23. After this Bhagavan Gautam Swami took leave of Bhagavan Mahavir and left Gunashila *Chaitya*. He moved without any haste, hurry and eagerness. While walking on the path, he carefully observed the ground to a distance measuring one yoke (*yugantar*) and followed the code of care of movement (*irya samiti*). Walking thus he came to Rajagriha city and started visiting the houses of low, medium and high caste families to collect alms following the prescribed procedure."

स्थविरों के विषय में जिज्ञासा CURIOSITY ABOUT STHAVIRS

२४. तए णं से भगवं गोयमे रायगिहे नगरे जाव (सु. २३) अडमाणे बहुजणसद्दं निसामेइ-"एवं खलु देवाणुप्पिया ! तुंगियाए नगरीए बहिया पुप्फवतीए चेतिए पासावच्चिज्जा थेरा भगवंतो समणोवासएहिं इमाइं एतारूवाइं वागरणाइं पुच्छिया-संजमे णं भंते ! किंफले, तवे णं भंते ! किंफले ? तए णं ते थेरा भगवंता ते समणोवासए एवं वयासी-संजमे णं अज्जो ! अणण्हयफले, तवेणं वोदाणफले तं चेव जाव (सु. १७) पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति, सच्चे णं एसमट्ठे, णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए" से कहमेयं मन्ने एवं ?

२४. उस समय राजगृह नगर में भिक्षाटन करते हुए भगवान गौतम ने बहुत से लोगों के मुख से ऐसे शब्द सुने-"हे देवानुप्रिय ! तुंगिका नगरी के बाहर पुष्पवतिक नामक उद्यान में भगवान पार्श्वनाथ की परम्परा के स्थविर भगवन्त पधारे थे, उनसे श्रमण भगवान महावीर के श्रमणोपासकों ने इस प्रकार के प्रश्न पूछे थे कि 'भगवन् ! संयम का क्या फल है, तप का क्या फल है ?' तब उन स्थविर भगवन्तों ने श्रमणोपासकों से इस प्रकार कहा था-"आर्यो ! संयम का फल अनास्रवता (संवर) है, और तप का फल व्यवदान (कर्मों का क्षय) है।" यह सारा वर्णन पहले (सू. १७) की तरह कहना चाहिए, यावत्-'हे आर्यो ! पूर्वतप से, पूर्वसंयम से, कर्मिता-(कर्म शेष रहने से) और संगिता-(रागभाव या असक्ति) से देवता देवलोक में उत्पन्न होते हैं। यह बात सत्य है, इसलिए हमने कही है, हमने अपने अहंभाववश यह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बात नहीं कही है। तो मैं (गौतम) यह (इस जनसमूह की) बात कैसे मान लूँ? (गौतम स्वामी के मन में शंका उठी।)

24. While moving about in Rajagriha city seeking alms, Bhagavan Gautam heard many people talking—"Beloved of gods ! *Sthavir Bhagavants* (senior ascetics) of the lineage of Bhagavan Parshva Naath, had come to Pushpavatik garden outside Tungika city. Some *shramanopasaks* of Shraman Bhagavan Mahavir's order had asked such questions to them—'*Bhante* ! What is the outcome of restraint (*samyam*) ? *Bhante* ! What is the outcome of austerities (*tap*) ?' Then the *Sthavir Bhagavants* replied as follows—'O noble ones ! The outcome of restraint (*samyam*) is *anashravata* and that of austerities (*tap*) is *vyavadaan*. Aphorism 17 should be repeated here up to 'Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *purva-tap, purva-samyam, karmita* and *sangita*. We state this because this is the truth and not out of ego." Now why should I (Gautam Swami) believe this statement (by these people) ? (This doubt plagued Gautam Swami.)

२५. [१] तए णं से समणे भगवं गोयमे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे जायसड्ढे जाव समुप्पन्नकोतुहल्ले अहपज्जत्तं समुदाणं गेण्हति, २ रायगिहातो नगरातो पडिनिक्खमति, अतुरियं जाव सोहेमाणे जेणेव गुणसिलाए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, सम. भ. महावीरस्स अदूरसामंते गमणागमणाए पडिक्कमति, एसणमणेसणं आलोएति, भत्तपाणं पडिदंसेति, २ समणं भगवं महावीरं जाव एवं वयासि–

"एवं खलु भंते ! अहं तुब्भेहिं अब्भणुण्णाते समाणे रायगिहे नगरे उच्च–नीच–मज्झिमाणि कुलाणि घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडमाणे बहुजणसद्दं निसामेमि "एवं खलु देवाणुप्पिया ! तुंगियाए नगरीए बहिया पुप्फवईए चेइए पासावच्चिज्जा थेरा भगवंतो समणोवासएहिं इमाइं एतारूवाइं पुच्छिता–'संजमे णं भंते ! किंफले ? तवे किंफले ? तं. चेव जाव (सु. १७) सच्च णं एसमट्ठे, णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।"

२५. [१] इसके पश्चात् श्रमण भगवान गौतम ने लोगों के मुख से यह बात सुनी तो उन्हें श्रद्धा–जिज्ञासा उत्पन्न हुई, और उस बात के लिए उनके मन में कुतूहल भी जगा। अतः भिक्षाविधिपूर्वक भिक्षा लेकर वे राजगृहनगर से बाहर निकले और मध्यम गति से ईर्यासमितिपूर्वक चलते हुए गुणशीलक चैत्य में जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उनके पास आये। फिर उनके निकट उपस्थित होकर गमनागमन सम्बन्धी प्रतिक्रमण किया, भिक्षाचर्या में लगे हुए एषणादोषों की आलोचना की, फिर लाया हुआ आहार–पानी भगवान को दिखाया। तत्पश्चात् श्री गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी से इस प्रकार निवेदन किया–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"भगवन् ! मैं आपसे आज्ञा प्राप्त करके राजगृहनगर में उच्च, नीच और मध्यम कुलों में भिक्षाचर्या की विधिपूर्वक भिक्षाटन कर रहा था, उस समय बहुत से लोगों के मुख से इस प्रकार की बातें सुनीं कि तुंगिका नगरी के बाहर पुष्पवतिक नामक उद्यान में पार्श्वापत्यीय स्थविर भगवन्त पधारे थे, उनसे वहाँ के श्रमणोपासकों ने इस प्रकार के प्रश्न पूछे थे कि 'भगवन् ! संयम का क्या फल है ? और तप का क्या फल है ?' यह सारा वर्णन पहले (सू. १७) की तरह जानना चाहिए; यावत् यह बात सत्य है, इसलिए कही है, किन्तु हमने अहं (आत्म) भाव के वश होकर नहीं कही।"

25. [1] When Bhagavan Gautam heard people talking thus an interest... and so on up to... curiosity got triggered and surfaced in his mind. Thereafter collecting required alms following the prescribed procedure, he left Rajagriha city, moved with medium pace taking proper care and came where Shraman Bhagavan Mahavir was seated in Gunashila *Chaitya*. After critical review (*pratikraman*) of his movement for alms collection and censure of the faults committed during alms-collection (*alochana*), he showed the food to *Bhagavan*. Having done that Shri Gautam Swami submitted to Shraman Bhagavan Mahavir as follows—

"Bhante ! Seeking your permission I went to Rajagriha city and, following the prescribed procedure, was collecting alms from low, medium and high caste families. At that time I heard many people talking that *Sthavir Bhagavants* (senior ascetics) of the lineage of Bhagavan Parshva Naath, had come to Pushpavatik garden outside Tungika city. There some *shramanopasaks* had asked such questions to them—*'Bhante* ! What is the outcome of restraint (*samyam*) ? *Bhante* ! What is the outcome of austerities (*tap*) ?' Aphorism 17 should be repeated here up to—We state this because this is the truth and not out of ego."

[प्र. २] "तं पभू णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एतारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अप्पभू ? समिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासगाणं इमाइं एतारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु असमिया ? आउज्जिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अणाउज्जिया ? पलिउज्जिया णं भंते ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरित्तए ? उदाहु अपलिउज्जिया ? पुव्वतवेणं अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वसंजमेणं. कम्मियाए., संगियाए., पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मिए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति। सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए ?"

[प्र. २] (यों कहकर गौतम स्वामी ने पूछा–) "भगवन् ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों के प्रश्नों के इस प्रकार के उत्तर देने में समर्थ हैं अथवा असमर्थ हैं ? भगवन् ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को ऐसा उत्तर देने में सम्यक् रूप से ज्ञान-सम्पन्न हैं, अथवा असम्पन्न या अनभ्यस्त हैं ? (और) हे भगवन् ! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को ऐसा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तर देने में उपयोग वाले हैं या नहीं हैं? भगवन्! क्या वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को ऐसा उत्तर देने में परिज्ञानी (विशिष्ट ज्ञानवान्) हैं, अथवा नहीं हैं कि आर्यो; पूर्वतप से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, तथा पूर्वसंयम से, कर्मिता से और संगिता के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। यह बात सत्य है, इसलिए हम कहते हैं, किन्तु अपने अहंभाववश नहीं कहते हैं?''

[Q. 2] (Stating thus Gautam Swami asked—) "*Bhante* ! Are those *Sthavir Bhagavants* capable or incapable of giving such answers to those *shramanopasaks* ? *Bhante* ! Are those *Sthavir Bhagavants* genuinely qualified or unqualified to give such answers to those *shramanopasaks* ? And, *Bhante* ! Are those *Sthavir Bhagavants* experienced (inclined) or inexperienced to give such answers to those *shramanopasaks* ? *Bhante* ! Do those *Sthavir Bhagavants* have special qualification or ordinary qualification to give such answers to those *shramanopasaks* that—'Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *purva-tap, purva-samyam, karmita* and *sangita*. We state this because this is the truth and not out of ego.' "

[उ. ३] पभू णं गोयमा ! ते थेरा भगवंतो तेसिं समणोवासयाणं इमाइं एयारूवाइं वागरणाइं वागरेत्तए, णो चेव णं अप्पभू, तह चेव नेयव्वं अविसेसियं जाव पभू समिया आउज्जिया पलिउज्जिया जाव सच्चे णं एसमट्ठे णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।

[उ. ३] हे गौतम ! वे स्थविर भगवन्त उन श्रमणोपासकों को इस प्रकार के उत्तर देने में समर्थ हैं, असमर्थ नहीं; (शेष-सब पूर्ववत् जानना) यावत् वे सम्यक् रूप से सम्पन्न (समित) हैं; असम्पन्न नहीं; वे उपयोग वाले हैं, अनुपयोग वाले नहीं; वे विशिष्ट ज्ञानी हैं, सामान्य ज्ञानी नहीं। यह बात सत्य है, इसलिए उन स्थविरों ने कही है, किन्तु अपने अहंभाव के वश होकर नहीं कही।

[Q. 3] Gautam ! Those *Sthavir Bhagavants* are capable and not incapable of giving such answers to those *shramanopasaks*. (other points as aforesaid)... and so on up to... genuinely qualified and not unqualified, experienced (inclined) and not inexperienced, and have special qualification and not ordinary qualification. They have stated this because this is the truth and not out of their ego.

[४] अहं पि णं गोयमा ! एवमाइक्खामि भासेमि पण्णवेमि परूवेमि-पुव्वतवेणं देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वसंजमेणं देवा देवलोएसु उववज्जंति, कम्मियाए देवा देवलोएसु उववज्जंति, संगियाए देवा देवलोएसु उववज्जंति, पुव्वतवेणं पुव्वसंजमेणं कम्मियाए संगियाए अज्जो ! देवा देवलोएसु उववज्जंति; सच्चे णं एसमट्ठे, णो चेव णं आयभाववत्तव्वयाए।

[४] हे गौतम ! मैं भी इसी प्रकार कहता हूँ, भाषण करता हूँ, बताता हूँ और प्ररूपणा करता हूँ कि पूर्वतप के कारण से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं, पूर्वसंयम के कारण देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मिता से देव देवलोकों में उत्पन्न होते हैं तथा संगिता के कारण देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। (निष्कर्ष यह है कि) आर्यो ! पूर्वतप से, पूर्वसंयम से, कर्मिता और संगिता से देवता देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। यही बात सत्य है; इसलिए उन्होंने कही है, किन्तु अपनी अहंता प्रदर्शित करने के लिए नहीं कही।

[Q. 4] Gautam ! I too say, assert, elaborate and propagate that Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *purva-tap*, Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *purva-samyam*, Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *karmita* and Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *sangita*. (The conclusion is that) 'Noble ones ! Gods (*Devs*) are born in divine realms (*Dev-loks*) due to *purva-tap, purva-samyam, karmita* and *sangita*. They have stated this because this is the truth and not in order to demonstrate their ego.'

पर्युपासना का फल OUTCOME OF WORSHIP

२६. [प्र. १] तहारूवं णं भंते ! समणं वा माहणं वा पज्जुवासमाणस्स किंफला पज्जुवासणा ?

[उ.] गोयमा ! सवणफला।

२६. [प्र. १] भगवन् ! तथारूप–(जैसा वेश है, तदनुरूप गुणों वाले) श्रमण या माहन की पर्युपासना करने वाले मनुष्य को उसकी पर्युपासना का क्या फल मिलता है ?

[उ. १] गौतम ! उसकी पर्युपासना का फल है–श्रवण। सत्–शास्त्र श्रवणरूप फल मिलता है।

26. [Q. 1] *Bhante* ! What is the fruit of *paryupasana* (worship) of a *tatharupa Shraman-mahan* (Jain ascetic as described in the scriptures; having virtues as per the garb) done by a layman ?

[Ans.] "Long lived one ! The fruit of his worship is *shravan* (listening to the sermon or scriptures).

[प्र. २] से णं भंते ! सवणे किंफले ?

[उ.] णाणफले।

[प्र. २] भगवन् ! उस श्रवण का क्या फल होता है ?

[उ.] गौतम ! श्रवण का फल ज्ञान है।

[Q. 2] *Bhante* ! What is the fruit of *shravan* ?

[Ans.] The fruit of *shravan* is *jnana* (acquisition of knowledge).

[प्र. ३] से णं भंते ! नाणे किंफले ?

[उ.] विण्णाणफले।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र. ३] भगवन् ! उस ज्ञान का क्या फल है ?

[उ.] गौतम ! ज्ञान का फल विज्ञान (हेय और उपादेय का विवेक) की प्राप्ति है।

[Q. 3] *Bhante* ! What is the fruit of *jnana* ?

[Ans.] The fruit of *jnana* is *vijnana* (capacity to discern between acceptable and rejectable).

[प्र. ४] से णं भंते ! विण्णाणे किंफले ?

[उ.] पच्चक्खाणफले।

[प्र. ४] भगवन् ! उस विज्ञान का क्या फल है ?

[उ.] गौतम ! विज्ञान का फल प्रत्याख्यान है।

[Q. 4] *Bhante* ! What is the fruit of *vijnana* ?

[Ans.] The fruit of *vijnana* is *pratyakhyan* (to renounce sinful activity).

[प्र. ५] से णं भंते ! पच्चक्खाणे किंफले ?

[उ.] संजमफले।

[प्र. ५] भगवन् ! प्रत्याख्यान का क्या फल है ?

[उ.] गौतम ! प्रत्याख्यान का फल संयम है।

[Q. 5] *Bhante* ! What is the fruit of *pratyakhyan* ?

[Ans.] The fruit of *pratyakhyan* is *samyam* (discipline or restraint).

[प्र. ६] से णं भंते ! संजमे किंफले ?

[उ.] अणण्हयफले।

[प्र. ६] भगवन् ! संयम का क्या फल है ?

[उ.] गौतम ! संयम का फल अनास्रवत्व (नवीन कर्मों का निरोध) है।

[Q. 6] *Bhante* ! What is the fruit of *samyam* ?

[Ans.] The fruit of *samyam* is *anasrava* (blockage of inflow of *karmas*).

[७] एवं अणण्हए तवफले। तवे वोदाणफले। वोदाणे अकिरियाफले।

[७] इसी तरह अनास्रवत्व का फल तप है, तप का फल व्यवदान (कर्मनिर्जरा) है और व्यवदान का फल अक्रिया (प्रवृत्ति का निरोध) है।

[7] In the same way the fruit of *anasrava* is *tap* (austerities), that of *tap* is *vyavadaan* (shedding of *karmas*) and that of *vyavadaan* is *akriya* (complete cessation of all activity and inclination of mind, speech and body).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र. ८] से णं भंते ! अकिरिया किंफला ?

[उ.] सिद्धिपज्जवसाणफला पण्णत्ता गोयमा !

गाहा–सवणे णाणे य विण्णाणे पच्चक्खाणे य संजमे।
अणण्हये तवे चेव वोदाणे अकिरिया सिद्धी॥१॥

[प्र. ८] भगवन् ! उस अक्रिया का क्या फल है ?

[८] गौतम ! अक्रिया का अन्तिम फल सिद्धि है। (अर्थात्–प्रवृत्ति निरोध होने पर अन्त में मुक्ति प्राप्त होती है।)

(गाथा का अर्थ)–(१) (पर्युपासना का प्रथम फल) श्रवण, (२) (श्रवण का फल) ज्ञान, (३) (ज्ञान का फल) विज्ञान, (४) (विज्ञान का फल) प्रत्याख्यान, (५) (प्रत्याख्यान का फल) संयम, (६) (संयम का फल) अनास्रवत्व, (७) (अनास्रवत्व का फल) तप, (८) (तप का फल) व्यवदान, (९) (व्यवदान का फल) अक्रिया, और (१०) (अक्रिया का फल) सिद्धि है।

[Q. 8] *Bhante* ! What is the fruit of *akriya* ?

[Ans.] Gautam ! The ultimate fruit of *akriya* is *Siddhi* (liberation). (In other words complete cessation of inclination and indulgence in all activity ultimately leads to liberation.)

Verse—(1) (The first fruit of *paryupasana* is) *shravan* (listening to the sermon or scriptures), (2) (fruit of *shravan*) *jnana* (acquisition of knowledge), (3) (fruit of *jnana*) *vijnana* (capacity to discern), (4) (fruit of *vijnana*) *pratyakhyan* (renunciation), (5) (fruit of *pratyakhyan*) *samyam* (ascetic-discipline), (6) (fruit of *samyam*) *anasrava* (blockage of inflow of *karmas*), (7) (fruit of *anasrava*) *tap* (austerities), (8) (fruit of *tap*) *vyavadaan* (shedding of *karmas*), (9) (fruit of *vyavadaan*) *akriya* (cessation of activity), and (10) (fruit of *akriya*) *Siddhi* (liberation).

राजगृह का गर्म जल स्रोत HOT WATER STREAMS OF RAJAGRIHA

२७. [प्र.] अण्णउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति भासेंति पण्णवेंति, परूवेंति–एवं खलु रायगिहस्स नगरस्स बहिया वेभारस्स पव्वयस्स अहे एत्थ णं महं हरए अप्पे (अघे) पण्णत्ते, अणेगाइं, जोयणाइं–आयाम–विक्खंभेणं नाणादुमसंड–मंडिउद्देसे सस्सिरीए जाव पडिरूवे। तत्थ णं बहवे ओराला बलाहया संसेयंति सम्मुच्छंति वासंति तव्वतिरित्ते य णं सया समियं उसिणे उसिणे आउकाए अभिनिस्सवइ। से कहमेयं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! जं णं ते अण्णउत्थिया एयमाइक्खंति जाव जे ते एवं परूवेंति मिच्छं ते एवमाइक्खंति जाव सव्वं नेयव्वं। अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि भासेमि पन्नवेमि परूवेमि–एवं खलु रायगिहस्स नगरस्स बहिया वेभारस्स पव्वयस्स अदूरसामंते एत्थ णं महातवोवतीरप्पभवे नामं पासवणे पण्णत्ते; पंच

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धणुसयाणि आयाम–विक्खंभेणं नाणादुमसंडमंडिउद्देसे सस्सिरीए पासादीए दरिसणिज्जे अभिरूवे पडिरूवे। तत्थ णं बहवे उसिणजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताए वक्कमंति विउक्कमंति चयंति उववज्जंति तव्वतिरित्ते वि य णं सया समितं उसिणे उसिणे आउयाए अभिनिस्सवति–एस णं गोयमा ! महातवोवतीरप्पभवे पासवणे, एस णं गोयमा ! महातवोवतीरप्पभवस्स पासवणस्स अट्ठे पण्णत्ते।

सेवं भंते ! २ त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति।

॥ बितीए सए : पंचमो उद्देसो समत्तो ॥

२७. [**प्र.**] भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं, भाषण करते हैं, बतलाते हैं और प्ररूपणा करते हैं कि 'राजगृह नगर के बाहर वैभारगिरि के नीचे एक महान् (बड़ा) पानी का ह्रद (कुण्ड) है। उसकी लम्बाई–चौड़ाई अनेक योजन है। उसका अगला भाग अनेक प्रकार के वृक्ष समूह से सुशोभित है, वह सुन्दर है, यावत् दर्शकों की आँखों को सन्तुष्ट करने वाला है। उस ह्रद में अनेक उदार मेघ **संस्वेदित** (उत्पन्न) होते, गिरते हैं, बरसते हैं। इसके अतिरिक्त (कुण्ड भर जाने के उपरान्त) उसमें से सदा परिमित (सीमित) गर्म–गर्म जल (अप्काय) झरता रहता है।' भगवन् ! (अन्यतीर्थिकों का) इस प्रकार का कथन कैसा है ? क्या यह (कथन) सत्य है ?

[उ.] हे गौतम ! अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते हैं, भाषण करते हैं, बतलाते हैं और प्ररूपणा करते हैं कि राजगृह नगर के बाहर यावत् गर्म–गर्म जल झरता रहता है, यह सब (पूर्वोक्त वर्णन) वे मिथ्या कहते हैं; किन्तु हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ और प्ररूपणा करता हूँ कि राजगृह नगर के बाहर वैभारगिरि के निकटवर्ती एक महातपोपतीर–प्रभव नामक झरना (प्रस्रवण) है। वह लम्बाई–चौड़ाई में पाँच–सौ धनुष है। उसके आगे का भाग अनेक प्रकार के वृक्ष–समूह से सुशोभित है, सुन्दर है, प्रसन्नताजनक है, दर्शनीय है, रमणीय है और दर्शकों के नेत्रों को सन्तुष्ट करने वाला है। उस झरने में बहुत से उष्णयोनिक जीव और पुद्गल जल के रूप में उत्पन्न होते हैं, नष्ट होते हैं, च्यवते (च्युत होते) हैं और उपचय (वृद्धि) को प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त उस झरने में से सदा परिमित गर्म–गर्म जल (अप्काय) झरता रहता है। हे गौतम ! यह महातपोपतीर–प्रभव नामक झरना है, हे गौतम ! यही महातपोपतीरप्रभव नामक झरने का अर्थ (रहस्य) है।[1]

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यों कहकर भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमस्कार करते हैं।

॥ द्वितीय शतक : पंचम उद्देशक समाप्त ॥

---

१. वर्तमान में भी यह गर्म पानी का कुण्ड राजगृह में वैभरिगिरि के निकट प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। वास्तव में यह पर्वत में से झर–झर कर झरने के रूप में ही आकर इस कुण्ड में गिरता है। कुण्ड स्वाभाविक नहीं है, यह तो सरकार द्वारा बना दिया गया है। बहुत से यात्री या पर्यटक आकर धर्मबुद्धि से इसमें नहाते हैं, कई चर्मरोगों को मिटाने के लिए इसमें स्नान करते हैं। इटली के आरमिआ के निकट भी एक ऐसा झरना है, जिसमें सर्दियों में गर्म पानी होता है और गर्मियों में बर्फ जैसा ठण्डा पानी रहता है। *(देखें–संसार के १,५०० अद्भुत आश्चर्य, भाग २, पृष्ठ १५९)–सं.*

(शेष अगले पृष्ठ पर)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

27. **[Q.]** *Bhante* ! People of other faiths (*anyatirthik*) say, assert, elaborate and propagate that outside the city of Rajagriha at the foot of Vaibhar hill there is a large reservoir of water. Its length and width is many *Yojans*. Its front is covered with bunches of a variety of trees, it looks beautiful... and so on up to... pleasing to the eyes of onlookers. Numerous large clouds are formed there, they glide down and cause rain there. When the reservoir is full there is a limited but steady flow of warm water from it. *Bhante* ! Is it so ? Is it true ?

[Ans.] Gautam ! What the *anyatirthiks* say, assert, elaborate and propagate that outside the city of Rajagriha... and so on up to... there is a limited but steady flow of warm water from it, all that (the aforesaid statement) is wrong. However, here is what I say and propagate—that outside the city of Rajagriha near Vaibhar hill there is a spring (*prasravan*) named Mahatapopatir-prabhav. It is 500 *Dhanush* (a linear measure equivalent to four cubits) long and wide. Its front is covered with bunches of a variety of trees, it looks beautiful, delightful, attractive, charming and pleasing to the eyes of onlookers. Numerous living organisms, capable of being born in hot conditions (*ushna-yonik*), and matter particles are continuously created in the form of water in that spring. They also continue to undergo the processes of destruction, transformation and assimilation. Besides this there is a limited but steady flow of warm water from it. Gautam ! This is Mahatapopatir-prabhav spring. Gautam ! This is the information about Mahatapopatir-prabhav spring.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

● END OF THE FIFTH LESSON OF THE SECOND SHATAK ●

(पिछले पृष्ठ का शेष)

□ उष्ण योनिक जीव गर्म वातावरण में भी पनपते हैं। २५० अंश सेंटीग्रेट तक गर्म ताप में भी जीवित रहते हैं। *(देखें–भगवई भाग १, पृष्ठ २८०, आचार्य महाप्रज्ञ : लुइ टामस का उद्धरण)*

1. These warm water springs (hot springs) can still be seen in Rajagriha near Vaibhar hills. There are springs in the mountain that stream down to a man-made pool. Many tourists and pilgrims come here to take a dip inspired by their religious sentiments as also for curing their skin ailments. There are other such springs in the world including the famous springs of Aramia in Italy where natural warm water in winter and natural cold water in summers is available. *(see—1,500 Wonders of the World, Part-2. p 159)*

□ *Ushna-yonik* living beings thrive in hot conditions as well. They remain alive in temperatures up to 250 degrees Centigrade. *(Bhagavai by Acharya Mahaprajna; Part-1, p. 280; quoted reference by Louis Thomas)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : छठा उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : SIXTH LESSON

भाषा BHASHA (SPEECH)

भाषा का स्वरूप FORM OF SPEECH

१. [प्र.] से णूणं भंते ! "मन्नामी" ति ओहारिणी भासा ?

[उ.] एवं भासापदं भाणियव्वं।

॥ बितीय सए : छट्ठो उद्देसो समत्तो ॥

१. [प्र.] भगवन् ! मैं मनन करता हूँ, क्या यह अवधारिणी भाषा है ?

[उ.] गौतम ! उपर्युक्त प्रश्न के उत्तर में प्रज्ञापनासूत्र के ग्यारहवें भाषापद का समग्र वर्णन जान लेना चाहिए।

1. **[Q.]** *Bhante* ! 'I contemplate.' Is that a meaningful speech (*avadharini bhasha*) (In other words, is that utterance the carrier of thoughts or language ?)

[Ans.] Gautam ! For the answer of this question the eleventh chapter, Bhashapad, of *Prajnapana Sutra* should be repeated here.

विवेचन : जिस भाषा के द्वारा अर्थ का अवबोध-ज्ञान होता है, वह अवधारिणी भाषा है। (वृत्ति.) प्रज्ञापनासूत्र के ११वें भाषापद में अनेक द्वारों से भाषा का वर्णन किया है। यथा-(१) **भाषा के ४ भेद हैं**-सत्या, मृषा, सत्या-मृषा (मिश्र) और असत्याऽमृषा (व्यवहारभाषा)। (२) **भाषा का आदि (मूल) कारण**-जीव है। (३) **भाषा की उत्पत्ति**-(औदारिक, वैक्रिय तथा आहारक) शरीर से होती है। (४) **भाषा का संस्थान**-वज्र के आकार का है। (५) **भाषा के पुद्गल**-लोक के अन्त तक जाते हैं। (६) **भाषारूप में ग्रहण किये जाने वाले पुद्गल**-अनन्तानन्तप्रदेशी स्कन्ध पुद्गल, असंख्यात आकाशप्रदेशों को अवगाहित पुद्गल; एक समय, दो समय यावत् दस समय संख्यात और असंख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल, पाँच वर्ण, दो गंध, पाँच रस और आठ स्पर्शों में से चार स्पर्श (स्निग्ध, रूक्ष, ठण्डा, गर्म) वाले पुद्गल, तथा नियमतः छह दिशा के पुद्गल भाषा के रूप में गृहीत होते हैं। (७) **सान्तर-निरन्तर**-भाषावर्गणा के पुद्गल निरन्तर गृहीत होते हैं, किन्तु सान्तर त्यागे (छोड़े) जाते हैं। सान्तर का अर्थ यह नहीं कि बीच में रुक-रुककर त्यागे जाते हैं, अपितु सान्तर का वास्तविक अर्थ यह है कि प्रथम समय में गृहीत भाषा-पुद्गल दूसरे समय में, तथा दूसरे समय में गृहीत तीसरे समय में त्यागे जाते हैं, इत्यादि। प्रथम समय में सिर्फ ग्रहण होता है, और अन्तिम समय में सिर्फ त्याग होता है; बीच के समयों में निरन्तर दोनों क्रियाएँ होती रहती हैं। यही सान्तर-निरन्तर का तात्पर्य है। (८) **भाषा की स्थिति**-जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट असंख्येय समय की। (९) **भाषा का अन्तर (व्यवधान)**-जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल का है। (१०) **भाषा के पुद्गलों का ग्रहण और त्याग**-ग्रहण काययोग से और त्याग वचनयोग से। **ग्रहणकाल**-जघन्य एक समय, उत्कृष्ट असंख्येय समय, **त्यागकाल**-जघन्य दो समय, उत्कृष्ट असंख्येय सामयिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर्मुहूर्त्त। (११) किस योग से, किस निमित्त से, कौन-सी भाषा–ज्ञानावरणीय एवं दर्शनावरणीय कर्म के क्षयोपशम से और मोहनीयकर्म के उदय से, वचनयोग से असत्या और सत्यामृषा–भाषा बोली जाती है, तथा ज्ञानावरणीय एवं दर्शनावरणीय के क्षयोपशम से सत्य और असत्यामृषा–भाषा बोली जाती है, तथा ज्ञानावरणीय एवं दर्शनावरणीय के क्षयोपशम से सत्या और असत्याऽऽमृषा (व्यवहार) भाषा वचनयोग से बोली जाती है। (१२) भाषक–अभाषक–अपर्याप्त–जीव, एकेन्द्रिय, सिद्ध भगवान और शैलेशीप्रतिपन्न जीव अभाषक होते हैं। शेष सब जीव भाषक होते हैं। (१३) अल्पबहुत्व–सबसे थोड़े सत्य भाषा बोलने वाले, उनसे असंख्यातगुने मिश्र भाषा बोलने वाले, उनसे असंख्यातगुना असत्य भाषा बोलने वाले, उनसे असंख्यातगुने व्यवहार भाषा बोलने वाले हैं तथा उनसे अनन्तगुने अभाषक जीव हैं। *(पण्णवणासुत्तं मूलपाठ, पृष्ठ २१४-२१५)*

॥ द्वितीय शतक : छठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The speech or sound that conveys some meaning is called *avadharini bhasha* (language)—*Vritti*. In the eleventh chapter, Bhashapad, of *Prajnapana Sutra* speech has been described with the help of many attributes (*dvar*)—(1) There are four kinds of *speech*—*satyaa* (speaking truth), *mrisha* (speaking a lie), *satyaa-mrisha* (speaking truth and lie mixed) and *asatyaa-amrisha bhasha* (speaking neither truth nor lie; customary speech). (2) The fundamental cause of speech is *jiva* (living being or soul). (3) Origin of speech is from body (*audarik* or gross physical body, *vaikriya* or transmuted body and *aharak* or telemigratory body). (4) The structure of speech resembles the shape of *Vajra* (the weapon of Indra; thunder-bolt). (5) The speech-particles (*bhasha pudgal*) go up to the edge of *Lok* (occupied space; universe). (6) *Pudgals* (matter particles) accepted as speech are—aggregates of infinite ultimate-particles (*anantanant pradeshi skandh pudgal*); matter particles occupying innumerable space-points (*asankhyat akash-pradesh avagahit pudgal*); matter particles having life of one *Samaya* (ultimate fractional unit of time), two *Samayas*... and so on up to... ten *Samayas*, countable *Samayas* and innumerable *Samayas*; matter particles having five colours, two odours, five tastes and four (smooth, rough, cold and hot) out of eight touches and, as a rule, matter particles from six directions. (7) Continuous and with a break—The matter particles of the speech class (*bhasha vargana*) are received continuously (*nirantar*) and emitted with a gap (*saantar*). Here 'gap' does not mean silence, it means shift of sequence, in other words the particles received during the first *Samaya* (ultimate fractional unit of time) are emitted during the second *Samaya*, those received during the second *Samaya* are emitted during the third *Samaya* and so on. During the first *Samaya* there is only

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

reception and during the last *Samaya* there is only emission, and in between, both activities continue. This is the meaning of *saantar* and *nirantar*. (8) Duration of speech—The minimum duration is one *Samaya* (ultimate fractional unit of time) and maximum is innumerable *Samayas*. (9) Pause in speech—Minimum pause is for one *Antarmuhurt* and maximum is infinite time. (10) Reception and emitting—The reception of speech-particles is through association of body (*kayayoga*) and emitting is through speech association (*vachan-yoga*). (11) Association, instrumental cause and speech—*Asatyaa* and *satyaa-mrisha bhasha* is spoken due to destruction-cum-pacification of *jnanavaraniya karmas* (knowledge veiling *karmas*) and *darshanavaraniya karmas* (perception veiling *karmas*), fruition of *mohaniya karmas* (deluding *karmas*) and speech-association (*vachan yoga*). *Satyaa* and *asatyaa-mrisha bhasha* is spoken due to destruction-cum-pacification of *jnanavaraniya karmas* (knowledge veiling *karmas*) and *darshanavaraniya karmas* (perception veiling *karmas*). *Satyaa* and *asatyaa-amrisha bhasha* is spoken due to destruction-cum-pacification of *jnanavaraniya karmas* (knowledge veiling *karmas*) and *darshanavaraniya karmas* (perception veiling *karmas*), and speech-association (*vachan yoga*). (12) Speaker and non-speaker—Under developed living beings, one-sensed beings, *Siddhas* and humans in mountain-like state of stillness (*shaileshi pratipanna*) are non-speakers (*abhashak*). All the remaining beings are speakers (*bhashak*). (13) Comparative numbers (*alpa-bahutva*)—Those speaking truth (*satya*) are minimum in number. Innumerable times more than these are those (living beings) speaking mixed speech (*mishra bhasha*). Innumerable times more than these are those speaking untruth (*asatya* or *mrisha*). And innumerable times more than these are those speaking customary speech. *(Pannavanasuttam, original text, pp. 214-215)*

● END OF THE SIXTH LESSON OF THE SECOND SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : सप्तम उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : SEVENTH LESSON

देव DEV (DIVINE BEINGS OR GODS)

देवों के प्रकार KINDS OF GODS

१. [प्र.] कइ णं भंते ! देवा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चउव्विहा देवा पण्णत्ता, तं जहा—भवणवइ—वाणमंतर—जोइस—वेमाणिया।

१. [प्र.] भगवन् ! देव कितने प्रकार के होते हैं ?

[उ.] गौतम ! देव चार प्रकार के होते हैं। जैसे—भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक।

1. [Q.] *Bhante* ! Of how many kinds are *Devas* (divine beings or gods) ?

[Ans.] Gautam ! *Devas* are of four kinds—*Bhavan-pati* (abode-dwelling), *Vanavyantar* (interstitial), *Jyotishk* (stellar) and *Vaimanik* (celestial-vehicular).

२. [प्र.] कहि णं भंते ! भवणवासीणं देवाणं ठाणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवी जहा ठाणपदे देवाणं वत्तव्वया सा भाणियव्वा। उववादेणं लोयस्स असंखेज्जइभागे। एवं सव्वं भाणियव्वं जाव (पण्णवणासुत्तं, सु. १७७)

सिद्धगंडिया समत्ता "कप्पाण पतिट्ठाणं बाहल्लुच्चत्तमेव संठाणं। जीवाभिगमे जो वेमाणियुद्देसो भाणियव्वो सव्वो।

॥ बितीय सए : सत्तमो उद्देसो समत्तो ॥

२. [प्र.] भगवन् ! भवनवासी देवों के स्थान कहाँ पर हैं ?

[उ.] गौतम ! भवनवासी देवों के स्थान इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे हैं; इत्यादि देवों की सारी वक्तव्यता प्रज्ञापनासूत्र के दूसरे स्थान-पद में कहे अनुसार कहनी चाहिए। किन्तु विशेषता इतनी है कि यहाँ भवनवासियों के भवन कहने चाहिए। उनका उपपात लोक के असंख्यातवें भाग में होता है। यह समग्र वर्णन सिद्धगण्डिका पर्यन्त पूरा कहना चाहिए। कल्पों का प्रतिष्ठान (आधार) उनकी मोटाई, ऊँचाई और संस्थान आदि का सारा वर्णन जीवाभिगमसूत्र प्रतिपत्ति ४ के वैमानिक उद्देशक पर्यन्त कहना चाहिए।

2. [Q.] *Bhante* ! Where are the areas inhabited by *Bhavan-vaasi Devs* (abode-dwelling gods) ?

[Ans.] Gautam ! The areas inhabited by *Bhavan-vaasi Devs* (abode-dwelling gods) are below this Ratnaprabha *prithvi* (hell); other details

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

about gods should be quoted from the second chapter, Sthan-pad, of *Prajnapana Sutra*. The difference being that here abodes of the *Bhavan-vaasi Devs* (abode-dwelling gods) should be mentioned; and also that their instantaneous birth (*upapat*) occurs only in innumerable fraction of *Lok* (occupied space; universe). All these details should be repeated in full up to *Siddhagandika*. The location (*pratishthan*) of divine realms (*kalps*), their depth, height and structure as well as other related information should be quoted from the Pratipatti-4 of *Jivabhigam Sutra* up to the lesson titled Vaimanik.

विवेचन : देवों के स्थान आदि–प्रज्ञापनासूत्र के दूसरे स्थानपद में भवनवासियों का स्थान इस प्रकार बताया है–रत्नप्रभा पृथ्वी की मोटाई एक लाख अस्सी हजार योजन है। उसमें से एक हजार योजन ऊपर और एक हजार योजन नीचे छोड़कर बीच में १ लाख ७८ हजार योजन में भवनपति देवों के भवन हैं। **उपपात**–भवनपतियों का उपपात लोक के असंख्यातवें भाग में होता है। मारणान्तिक समुद्घात की अपेक्षा और स्थान की अपेक्षा वे लोक के असंख्येय भाग में ही रहते हैं, क्योंकि उनके ७ करोड़ ७२ लाख भवन लोक के असंख्येय भाग में ही हैं। इसी तरह असुरकुमार आदि के विषय में तथा वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक, सभी देवों के स्थानों का कथन करना चाहिए, यावत् सिद्ध भगवान के स्थानों का वर्णन करने वाले 'सिद्धगण्डिका' नामक प्रकरण तक कहना चाहिए। *(प्रज्ञापनासूत्र, द्वितीय स्थानपद; पृष्ठ ९४–१३०)*

वैमानिक–प्रतिष्ठान आदि–जीवाभिगमसूत्र के वैमानिक उद्देशक में कथित वर्णन संक्षेप में इस प्रकार है–(१) **प्रतिष्ठान**–सौधर्म और ईशान कल्प में विमान की पृथ्वी : घनोदधि के आधार पर टिकी हुई है। इससे आगे के तीन घनोदधि और वात पर प्रतिष्ठित हैं। उससे आगे के सभी ऊपर के विमान आकाश के आधार पर प्रतिष्ठित हैं। (२) **बाहल्य** (मोटाई) और **उच्चत्व**–सौधर्म और ईशान कल्प में विमानों की मोटाई २,७०० योजन और ऊँचाई ५०० योजन है। सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प में मोटाई २,६०० योजन और ऊँचाई ६०० योजन है। ब्रह्मलोक और लान्तक में मोटाई २,५०० योजन, ऊँचाई ७०० योजन है। महाशुक्र और सहस्रार कल्प में मोटाई २,४०० योजन, ऊँचाई ८०० योजन है। आनत, प्राणत, आरण और अच्युत देवलोकों में मोटाई २,३०० योजन, ऊँचाई ९०० योजन है। नवग्रैवेयक के विमानों की मोटाई २,२०० योजन और ऊँचाई १,००० योजन है। पंच अनुत्तर विमानों की मोटाई २,१०० योजन और ऊँचाई १,१०० योजन है। (३) **संस्थान**–दो प्रकार के (१) आवलिकाप्रविष्ट, और (२) आवलिकाबाह्य। वैमानिक देव आवलिकाप्रविष्ट (पंक्तिबद्ध) तीनों संस्थानों वाले हैं–वृत्त (गोल), त्र्यंस (त्रिकोण) और चतुरस्र (चतुष्कोण); आवलिकाबाह्य नाना प्रकार के संस्थानों वाले हैं। इसी तरह विमानों के प्रमाण, रंग, कान्ति, गन्ध आदि का सब वर्णन जीवाभिगमसूत्र से जान लेना चाहिए। *(जीवाभिगमसूत्र, प्रतिपत्ति ४, विमान–उद्देशक २, सू. २०९–२१२)*

॥ द्वितीय शतक : सप्तम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Areas inhabited by gods—In the second chapter, Sthan-pad, of *Prajnapana Sutra* the areas inhabited by *Bhavan-vaasi Devs* (abode-dwelling gods) is described as follows—The depth of Ratnaprabha *prithvi* is one hundred eighty thousand *Yojans*. Leaving one thousand

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Yojans from top as well as bottom there are abodes of *Bhavan-vaasi Devs* in the remaining 1,78,000 *Yojans*. *Upapat* (instantaneous birth)—The instantaneous birth (*upapat*) of *Bhavan-vaasi Devs* occurs only in innumerable fraction of *Lok*. In context of *Maranantik Samudghat* (bursting forth of some soul-space-points just before death) and area of habitation they live only in innumerable fraction of *Lok*; this is because their seventy seven million two hundred thousand abodes are confined only to innumerable fraction of *Lok*. In the same way details about *Asur Kumars, Vanavyantar* (interstitial), *Jyotishk* (stellar) and *Vaimanik* (celestial-vehicular) should be repeated up to the *Siddhagandika* section that describes the areas where *Siddhas* (liberated souls) dwell. *(Prajnapana Sutra, second chapter, Sthan-pad, pp. 94-130)*

Vaimanik locations (*pratishthan*) and other information given in the *Vaimanik* lesson of *Jivabhigam Sutra* is briefly as follows—(1) *Pratishthan* (base or location)—In Saudharma and Ishan *kalps* (divine realms) the base of the celestial vehicles (*vimaans*) rests on *Ghanodadhi* (dense water). Three higher kalps rest on *Ghanodadhi* and *Ghanavaat* (dense water and dense air). All *kalps* beyond that rest on space. (2) *Bahalya* (thickness or depth) and *uchchatva* (height)—In Saudharma and Ishan *kalps* the thickness of *vimaans* is 2,700 *Yojans* and the height is 500 *Yojans*. In Sanatkumar and Maahendra *kalps* the thickness is 2,600 *Yojans* and the height is 600 *Yojans*. In Brahmalok and Lantak *kalps* the thickness is 2,500 *Yojans* and the height is 700 *Yojans*. In Mahashukra and Sahasrar *kalps* the thickness is 2,400 *Yojans* and the height is 800 *Yojans*. In Anat, Pranat, Aran and Achyut *kalps* the thickness is 2,300 *Yojans* and the height is 900 *Yojans*. In the nine Graiveyak *vimaans* the thickness is 2,200 *Yojans* and the height is 1,000 *Yojans*. In the five Anuttar Vimaans the thickness is 2,100 *Yojans* and the height is 1,100 *Yojans*. (3) Structure (*samsthan*)—are of two kinds—(a) *avalika pravisht* (in a row), and (b) *avalika bahya* (random). The *Vaimanik* abodes in a row (*avalika pravisht*) are round, triangular and quadrangular in shape. Those spread at random (*avalika bahya*) are in various shapes. In the same way the dimensions, colours, hues, odours and other properties of *vimaans* should be read from *Jivabhigam Sutra*. *(Jivabhigam, Pratipatti-4, Uddeshak-2 Vimaan, aphorisms 209-212)*

● END OF THE SEVENTH LESSON OF THE SECOND SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : अष्टम उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : EIGHTH LESSON

सभा SABHA (ASSEMBLY)

चमरेन्द्र की सुधर्मा सभा SUDHARMA SABHA OF CHAMARENDRA

१. [प्र.] कहि णं णं भंते ! चमरस्स असुररण्णो सभा सुहम्मा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं तिरियमसंखेज्जे दीव–समुद्दे वीईवइत्ता अरुणवरस्स दीवस्स बाहिरिल्लातो वेइयंतातो अरुणोदयं समुद्दं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता एत्थ णं चमरस्स असुररण्णो तिगिंछिकूडे नामं उप्पायपव्वते पण्णत्ते, सत्तरसएक्कवीसे जोयणसते उड्ढं उच्चत्तेणं, चत्तारितीसे जोयणसते कोसं च उव्वेहेणं; गोत्थुभस्स आवासपव्वयस्स पमाणेणं नेयव्वं, नवरं उवरिल्लं पमाणे मज्झे भाणियव्वं [मूले दसबावीसे जोयणसते विक्खंभेणं, मज्झे चत्तारि चउवीसे जोयणसते विक्खंभेणं, उवरिं सत्ततेवीसे जोयणसते विक्खंभेणं; मूले तिण्णि जोयणसहस्साइं दोण्णि य बत्तीसुत्तरे जोयणसए किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं, मज्झे एगं जोयणसहस्सं तिण्णि य इगयाले जोयणसए किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं उवरिं दोण्णि य जोयणसहस्साइं दोण्णि य छलसीए जोयणसए किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणं]; जाव मूले वित्थडे, मज्झे संखित्ते, उप्पिं विसाले। मज्झे वरवइरविग्गहिए महामउंद संठाणसंठिए सव्वरयणामए अच्छे जाव पडिरूवे।

से णं एगाए पउमवरवेइयाए एगेणं वणसंडेण य सव्वतो समंता संपरिक्खित्ते। पउमवरवेइयाए वणसंडस्स य वण्णओ।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स उप्पायपव्वयस्स उप्पिं बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते। वण्णओ। तस्स णं बहुसमरमणिज्जस्स भूमिभागस्स बहुमज्झदेसभागे। एत्थ णं महं एगे पासायवडिंसए पण्णत्ते। अट्ठाइज्जाइं जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, पणवीसं जोयणसयं विक्खंभेणं। पासायवण्णओ। उल्लोयभूमिवण्णओ। अट्ठ जोयणाइं मणिपेढिया। चमरस्स सीहासणं सपरिवारं भाणियव्वं।

तस्स णं तिगिंछिकूडस्स दाहिणेणं छक्कोडिसए पणपन्नं च कोडीओ पणतीसं च सतसहस्साइं पण्णासं च सहस्साइं अरुणोदए समुद्दे तिरियं वीइवइत्ता, अहे य रयणप्पभाए पुढवीए चत्तालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहित्ता एत्थ णं चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो चमरचंचा नामं रायहाणी पण्णत्ता। एगं जोयणसतसहस्सं आयाम–विक्खंभेणं जंबुद्दीवपमाणा। पागारो दिवड्ढं जोयणसयं उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले पन्नासं जोयणाइं विक्खंभेणं, उवरिं अद्धतेरसजोयणा कविसीसगा अद्धजोयणआयामं कोसं विक्खंभेणं देसूणं अद्धजोयणं उड्ढं उच्चत्तेणं एगमेगाए बाहाए पंच पंच दारसया, अड्ढाइज्जाइं जोयणसयाइं–[२५०] उड्ढं उच्चत्तेणं, अद्धं–[१२५] विक्खंभेणं ओवारियलेणं सोलस जोयणसहस्साइं आयामविक्खंभेणं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पन्नासं जोयणसहस्साहं पंच य सत्ताणउए जोयणसए किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं, सव्वप्पमाणं वेमाणियप्पमाणस्स अद्धं नेयव्वं। सभा सुहम्मा उत्तरपुरत्थिमेणं, जिणघरं, ततो उववायसभा हरओ अभिसेय. अलंकारो जहा विजयस्स।

उववाओ संकप्पो अभिसेय विभूसणा य ववसाओ।
अच्चणियं सुहगमो वि य चमर परिवार इड्ढत्तं॥१॥

॥ बितीए सए : अट्ठमो उद्देसो समत्तो ॥

१. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमारों के इन्द्र और उनके राजा चमर की सुधर्मा-सभा कहाँ पर है ?

[उ.] गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मध्य में स्थित मन्दर (मेरु) पर्वत से दक्षिण दिशा में तिरछे असंख्य द्वीपों और समुद्रों को लाँघने के बाद अरुणवर द्वीप आता है। उस द्वीप की वेदिका के बाहरी किनारे से आगे बढ़ने पर अरुणोदय नामक समुद्र आता है। इस अरुणोदय समुद्र में बयालीस लाख योजन जाने के बाद उस स्थान में असुरकुमारों के इन्द्र, असुरकुमारों के राजा चमर का तिगिंच्छकूट नामक उत्पात पर्वत है। उसकी ऊँचाई १,७२१ योजन है। उसका उद्वेध-(जमीन में गहराई) ४३० योजन और एक कोस है। इस पर्वत का नाप गोस्तुभ नामक आवासपर्वत के नाप की तरह है। विशेष बात यह है कि गोस्तुभ पर्वत के ऊपर के भाग का जो नाप है, वह नाप यहाँ बीच के भाग का है। (अर्थात्-तिगिंच्छकूट पर्वत का विष्कम्भ (चौड़ाई) मूल में १,०२२ योजन है, मध्य में ४२४ योजन है और ऊपर का विष्कम्भ ७२३ योजन है। उसका बीच का परिक्षेप (घेरा) मूल में ३,२३२ योजन से कुछ विशेषोन है, मध्य में १,३४१ योजन तथा कुछ विशेषोन है और ऊपर का परिक्षेप २,२८६ योजन तथा कुछ विशेषाधिक है।) वह मूल में विस्तृत है, मध्य में संकीर्ण (सँकड़ा) है और ऊपर फिर विस्तृत है। उसके बीच का भाग उत्तम वज्र जैसा है, बड़े मुकुन्द के संस्थान का-सा आकार है। पर्वत पूरा रत्नमय है, सुन्दर यावत् प्रतिरूप है। वह पर्वत एक पद्मवरवेदिका से और एक वनखण्ड से चारों ओर से घिरा हुआ है। (यहाँ वेदिका और वनखण्ड का वर्णन करना चाहिए।)

उस तिगिंच्छकूट नामक उत्पात पर्वत का ऊपरी भू-भाग बहुत ही सम (प्रायः सम) एवं रमणीय है। उस प्रायः सम एवं रमणीय ऊपरी भूमिभाग के ठीक बीचोंबीच एक महान् प्रासादावतंसक (श्रेष्ठ महल) है। उसकी ऊँचाई २५० योजन है और उसका विष्कम्भ (चौड़ाई) १२५ योजन है। (यहाँ उस प्रासाद का वर्णन करना चाहिए; तथा प्रासाद के सबसे ऊपर की भूमि [अट्टालिका] का वर्णन करना चाहिए।) आठ योजन की मणिपीठिका है। (यहाँ चमरेन्द्र के सिंहासन का सपरिवार वर्णन करना चाहिए।)

उस तिगिंच्छकूट के दक्षिण की ओर अरुणोदय समुद्र में छह सौ पचपन करोड़, पैंतीस लाख, पचास हजार योजन तिरछा जाने के बाद नीचे रत्नप्रभापृथ्वी का ४० हजार योजन भाग अवगाहन करने के पश्चात् यहाँ असुरकुमारों के इन्द्र-राजा चमर की चमरचंचा नाम की राजधानी है। उस राजधानी का आयाम और विष्कम्भ (लम्बाई-चौड़ाई) एक लाख योजन है। वह राजधानी जम्बू द्वीप जितनी है। उसका प्राकार (कोट) १५० योजन ऊँचा है। उसके मूल का विष्कम्भ ५० योजन है। उसके ऊपरी भाग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का विष्कम्भ साढ़े, तेरह योजन है। उसके कंगूरों की लम्बाई आधा योजन और विष्कम्भ एक कोस है। कपिशीर्षकों की ऊँचाई आधे योजन से कुछ कम है। उसकी एक-एक भुजा में पाँच-पाँच सौ दरवाजे हैं। उसकी ऊँचाई २५० योजन है। ऊपरी तल की लम्बाई-चौड़ाई सोलह हजार योजन है। उसका घेरा ५०,५९७ योजन से कुछ विशेषोन है। यहाँ समग्र प्रमाण वैमानिक के प्रमाण से आधा समझना चाहिए। उत्तर-पूर्व में सुधर्मासभा, जिनगृह, उसके पश्चात् उपपातसभा, ह्रद, अभिषेकसभा और अलंकारसभा; यह सारा वर्णन विजय की तरह कहना चाहिए। (यह सब भी सौधर्म-वैमानिकों से आधे-आधे प्रमाण वाले हैं।)

(गाथार्थ--) उपपात (तत्काल उत्पन्न देव का), संकल्प, अभिषेक, विभूषण, व्यवसाय, अर्चनिका और सिद्धायतन-सम्बन्धी कथन, तथा चमरेन्द्र का परिवार और उसकी ऋद्धिसम्पन्नता; (आदि का वर्णन यहाँ समझ लेना चाहिए।)

1. [Q.] *Bhante* ! Where is the Sudharma Sabha (Sudharma assembly) of Chamarendra, the Indra (king or overlord) of Asur Kumar gods ?

[Ans.] Gautam ! In the south of the Mandar (Meru) mountain, located at the center of the continent called Jambu Dveep, on obliquely crossing innumerable islands and seas there is the island called Arunavar Dveep. Beyond outer *vedika* (plateau) of this island is Arunodaya sea. Crossing 4.2 million *Yojans* in that Arunodaya, sea comes Tingichchha koot, the Utpat Parvat of Chamar Asurendra, the king of Asur Kumar gods. Its height is 1,721 *Yojans*. Its depth inside the ground (*udvedh*) is 430 *Yojans* and 1 *Kosa*. Its dimensions are same as those of Gostubha mountain. The difference being that its middle measures same as the top of Gostubha mountain. (The Tingichchha koot mountain is 1,022 *Yojan* wide at its base, 424 *Yojans* in the middle and 723 *Yojans* at the top. Its circumference or *parikshep* is a little less than 3,232 *Yojan* at its base, a little less than 1,341 *Yojans* in the middle and a little more than 2,286 *Yojans* at the top.) It is wide at the base, narrow in the middle and wide at the top. Its middle is like a good quality diamond and its shape is like a huge *Mukund* (a drum-like musical instrument). The whole mountain is gem-strewn, beautiful... and so on up to... picturesque. This mountain is surrounded by a *Padmavar vedika* (a lotus like plateau) and a forest strip (*vanakhand*). (*vedika* and *vanakhand* should be described here).

The top of the said Tingichchha mountain is perfectly level and beautiful. At the exact center of that perfectly level and beautiful plateau at the top there is a great grand palace (*prasadavatamsak* or the crown of palaces). Its height is 250 *Yojans* and width 125 *Yojans* (here

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

that palace should be described along with its spire). It has a gem studded platform of eight *Yojans* (here the throne and the family of Chamarendra should be described).

To the south of that Tingichchha *koot*, as one covers 65,53,55,000 *Yojans* obliquely in the Arunodaya sea and going down 40,000 *Yojans* from the surface within Ratnaprabha *prithvi*, there is Chamarchancha, the capital city of Chamarendra, the king of Asur Kumar gods. The length and breadth of that capital city is one hundred thousand *Yojans*. It is as big as Jambu dveep. Its fortress is 150 *Yojans* in height. Its spread is 50 *Yojans* at the base and 13.5 *Yojans* at the top. The height of its cornices is half a *Yojan* and their length and breadth is one *Kosa*. The height of its *kapishirshaks* (an indentation or hole in the wall of a fortification resembling head of a monkey) is a little less than half a *Yojan*. Each of its sides has five hundred gates having a height of 250 *Yojans*. The length and breadth of the roof-top is sixteen thousand *Yojans*. Its circumference is a little less than 50,597 *Yojans*. All the measures stated here are half those of *Vaimanik* (capital city). In the north-eastern side are *Sudharma Sabha* and *Jinagriha* (temple of *Jina*) followed by *Upapat Sabha* (hall of birth), lake, *Abhishek Sabha* (hall of anointing) and *Alankar Sabha* (hall of embellishment); all this description is similar to that of Vijaya.

Verse—Instantaneous birth (*upapat*), desire (*sankalp*), anointing (*abhishek*), embellishment (*vibhushan*), recitation (*vyavasaya*), prayer (*archanika*), temple of *Siddhas* (*siddhayatan*) and Chamar's family and his opulence. (All these should be described here.)

विवेचन : शब्दों के विशेषार्थ–तिरछालोक में जाने के लिए इस पर्वत पर आकर चमर उत्पतन करता–उड़ता है, इससे इसका नाम उत्पात पर्वत पड़ा है। **मुकुन्द** = वज्र के आकार का मुकुन्द एक प्रकार का वाद्य विशेष है। **प्रासादावतंसक**–वह प्रासादों में सर्वोपरि सर्वश्रेष्ठ प्रासाद बादलों की तरह ऊँचा और अपनी चमक-दमक के कारण हँसता हुआ–सा प्रतीत होता है। उस पर हाथी, घोड़े, बैल आदि के चित्र हैं। **चमरेन्द्र का सिंहासन**–यह प्रासाद के बीच में है। इस सिंहासन के पश्चिमोत्तर में, उत्तर में तथा उत्तर-पूर्व में चमरेन्द्र के ६४ हजार सामानिक देवों के ६४ हजार भद्रासन हैं। पूर्व में पाँच पटरानियों के ५ भद्रासन सपरिवार हैं। दक्षिण-पूर्व में आभ्यन्तर परिषद् के २४ हजार देवों के २४ हजार, दक्षिण में मध्यम परिषद् के २८ हजार देवों के २८ हजार और दक्षिण-पश्चिम में बाह्य परिषद् के ३२ हजार देवों के ३२ हजार भद्रासन हैं। पश्चिम में ७ सेनाधिपतियों के सात और चारों दिशाओं में आत्मरक्षक देवों के ६४-६४ हजार भद्रासन हैं।

चमरेन्द्रसभा वर्णन–(१) **उपपातसभा** में तत्काल उत्पन्न हुए इन्द्र को यह संकल्प उत्पन्न होता है कि मुझे पहले क्या और पीछे क्या कार्य करना है? मेरा जीताचार क्या है?, (२) **अभिषेकसभा** फिर सामानिक देवों द्वारा बड़ी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऋद्धि से अभिषेकसभा में अभिषेक होता है। (३) **अलंकारसभा** में उसे वस्त्राभूषणों से अलंकृत किया जाता है। (४) **व्यवसायसभा** में पुस्तक का वाचन किया जाता है। (५) सिद्धायतन में सिद्ध भगवान के गुणों का स्मरण तथा भाववन्दन-पूजन किया जाता है। फिर सामानिक देव आदि परिवार सहित **सुधर्मासभा** (चमरेन्द्र की) में आते हैं। *(जीवाभिगम ५२१-६३२)*

॥ द्वितीय शतक : अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Utpat Parvat*—in order to travel to the transverse world (*Tiryak Lok*) Chamarendra uses the top of this mountain for his take-off (*utpatan*), hence the name. ***Mukund***—a musical instrument of the shape of thunder-bolt (*Vajra*). ***Prasadavatamsak***—This best among palaces is lofty and reaches sky. It appears charming due to its grandeur and radiance. It has frescoes of elephants, horses, bulls and other motifs. **The throne of *Chamarendra***—It is at the center of the palace. To the north-west, north and north-east of this throne are placed 64,000 thrones of the 64,000 *Samanik* gods (of equal status) of Chamarendra. In the east are the five thrones of the five chief queens and seats of their families (retinue). To the south-east are the thrones of 24 thousand gods of the inner assembly, to the south those of 28 thousand gods of the central assembly and to the south-west those of the 32 thousand gods of the outer assembly. To the west are the seven thrones of the seven commanders. In each of the four directions there are 64 thousand thrones of the guard-gods (*Atmarakshak Devs*).

Passage through assemblies—(1) *Upapat-sabha* (hall of birth)—Where the gods take instantaneous birth. The moment one is born he has the awareness of what he has to do and in what order, and what is his divine conduct. (2) *Abhishek-sabha* (hall of anointing)—Gods of equal status anoint him in this hall with great fan-fare. (3) *Alankar-sabha* (hall of embellishment)—He is embellished with grand dresses and ornaments. (4) *Vyavasaya-sabha* (hall of recitation)—Here scriptures are recited. (5) *Siddhayatan* (temple of *Siddhas*)—Here virtues of *Siddhas* are chanted and their worship is done. (6) *Sudharma-sabha* (the main assembly hall)—Finally he comes to this assembly with his divine family (retinue). *(Jivabhigam, 521-632)*

● END OF THE EIGHTH LESSON OF THE SECOND SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : नवम उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : NINTH LESSON

द्वीप (समयक्षेत्र) DVEEP OR SAMAYAKSHETRA (CONTINENTS OR THE SPHERE OF TIME)

समयक्षेत्र–सम्बन्धी प्ररूपणा SAMAYAKSHETRA (THE SPHERE OF TIME)

१. [प्र.] किमिदं भंते ! 'समयखेत्ते' त्ति पवुच्चति ?

[उ.] गोयमा ! अड्ढाइज्जा दीवा दो य समुद्दा–एस णं एवतिए 'समयखेत्ते' त्ति पवुच्चति। 'तत्थ णं अयं जंबुद्दीवे सव्वदीव–समुद्दाणं सव्वब्भंतरए' (जीवाजीवाभि. सू. १२४, पत्र १७७) एवं जीवाभिगमवत्तव्वया नेयव्वा जाव अब्भिंतरं पुक्खरद्धं जोइसविहूणं।

॥ बितीए सए : नवमो उद्देसो समत्तो ॥

१. [प्र.] भगवन् ! समय क्षेत्र किसे कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! अढाई द्वीप और दो समुद्र इतना यह प्रदेश 'समयक्षेत्र' है। इनमें जम्बूद्वीप नामक द्वीप समस्त द्वीपों और समुद्रों के बीचोंबीच है। इस प्रकार जीवाभिगमसूत्र में कहा हुआ सारा वर्णन यहाँ यावत् आभ्यन्तर पुष्करार्द्ध तक कहना चाहिए; किन्तु ज्योतिष्कों का वर्णन छोड़ देना चाहिए।

1. [Q.] *Bhante* ! What is called *Samayakshetra* or Sphere of Time ?

[Ans.] Gautam ! The area covering Adhai Dveep (two and a half continents) and two oceans is called *Samayakshetra* or Sphere of Time. Of these, the continent called Jambu Dveep is at the center of all continents and oceans. In the same way all description from *Jivabhigam Sutra* should be quoted here up to inner Pushkarardh but excluding the description of Jyotishks.

विवेचन : समयक्षेत्र का स्वरूप–समय अर्थात् काल, सूर्य की गति से पहचाना जाने वाला दिवस–मासादि रूप काल समयक्षेत्र–मनुष्यक्षेत्र में ही है, इससे आगे नहीं है; क्योंकि इससे आगे के सूर्य चर (गतिमान) नहीं हैं, अचर हैं। जीवाभिगमसूत्र में मनुष्यक्षेत्र सम्बन्धी एक गाथा है–

अरिहंत–समय–बायर–विज्जू–थणिया बलाहगा अगणी।
आगर–णिहि–णई–उवराग–णिग्गमे वुड्ढिवयणं च॥

अर्थात्–मानुषोत्तर पर्वत तक मनुष्यक्षेत्र कहलाता है। जहाँ तक अरिहंत, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, प्रतिवासुदेव, साधु–साध्वी, श्रावक–श्राविका और मनुष्य हैं, वहाँ तक मनुष्यलोक कहलाता है। जहाँ तक समय, आवलिका आदि काल है, स्थूल अग्नि है, आकर, निधि, नदी, उपराग (चन्द्र–सूर्यग्रहण) है, चन्द्र, सूर्य, तारों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का उत्तरायण और दक्षिणायन है तथा रात्रि-दिन का बढ़ना-घटना इत्यादि है, वहाँ तक समयक्षेत्र-मनुष्यक्षेत्र है। *(जीवाभिगमसूत्र, क. आ. ७९२-८०३)*

॥ द्वितीय शतक : नवम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Samayakshetra*—*Samaya* means time. The time recognized through the movement of the sun, in the units of day, month etc. is confined to the *Manushyakshetra* (area inhabited by humans) and not beyond that. This is because the suns beyond that lack movement (*char*), they are stationary (*achar*). *Jivabhigam Sutra* has a verse briefly describing *Manushyakshetra*—

The area up to Manushottar mountain is called *Manushyakshetra*. The area within which *Arihant, Chakravarti, Baladev, Vasudev, Prativasudev, sadhu-sadhvi* (male and female ascetics) and *shravak-shravika* (layman and woman) exist is called *Manushyakshetra*. The area within which *Samaya* (ultimate fractional unit of time), *Avalika* and other units of time (*kaal*); gross fire (*sthula agni*), mines (*aakar*), treasures (*nidhi*), rivers, solar and lunar eclipses (*uparaag*), the moon, the sun, stars, summer and winter solstice (*uttarayan* and *dakshinayan*), lengthening and shortening of day and night and other such phenomena prevail is called *Samayakshetra* or *Manushyakshetra*. *(Jivabhigam Sutra, K. A. 792-803)*

● END OF THE NINTH LESSON OF THE SECOND SHATAK ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय शतक : दशम उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : TENTH LESSON

अस्तिकाय ASTIKAYA (CONGLAMORATIVE ENTITY)

पंच अस्तिकाय FIVE ASTIKAYAS

१. [प्र.] कति णं भंते ! अत्थिकाया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! पंच अत्थिकाया पण्णत्ता, तं जहा–धम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए जीवत्थिकाए पोग्गलत्थिकाए।

१. [प्र.] भगवन् ! अस्तिकाय कितने हैं ?

[उ.] गौतम ! अस्तिकाय (प्रदेशों का समूह अथवा तीनों काल में विद्यमान द्रव्य) पाँच हैं। जैसे–(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) जीवास्तिकाय, और (५) पुद्गलास्तिकाय।

1. [Q.] *Bhante* ! How many *Astikayas* are there ?

[Ans.] Gautam ! There are five *Astikayas* (conglamorative entities or ontological categories)—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) *Jivastikaya* (soul entity), and (5) *Pudgalastikaya* (matter entity).

२. [प्र.] धम्मत्थिकाए णं भंते ! कतिवण्णे कतिगंधे कतिफासे ?

[उ.] गोयमा ! अवण्णे अगंधे अरसे अफासे अरूवी अजीवे सासये अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ गुणओ। दव्वओ णं धम्मत्थिकाए एगे दव्वे। खेत्तओ णं लोगप्पमाणमेत्ते। कालतो न कदाइ न आसि, न कयाइ नत्थि, जाव निच्चे। भावओ अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ गमणगुणे।

२. [प्र.] भगवन् ! धर्मास्तिकाय में कितने वर्ण, कितने गन्ध, कितने रस और कितने स्पर्श हैं ?

[उ.] गौतम ! धर्मास्तिकाय वर्णरहित, गन्धरहित, रसरहित और स्पर्शरहित है, अर्थात्–धर्मास्तिकाय अरूपी है, शाश्वत है, अवस्थित है, लोक (प्रमाण) द्रव्य है। संक्षेप में धर्मास्तिकाय पाँच प्रकार का है–द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से, भाव से और गुण से। धर्मास्तिकाय द्रव्य की अपेक्षा एक द्रव्य है, क्षेत्र से लोकप्रमाण है, काल की अपेक्षा कभी नहीं था, ऐसा नहीं; कभी नहीं है, ऐसा नहीं; और कभी नहीं रहेगा, ऐसा भी नहीं; किन्तु वह था, है और रहेगा, यावत् वह नित्य है। भाव की अपेक्षा वर्णरहित, गन्धरहित, रसरहित और स्पर्शरहित है। गुण की अपेक्षा गतिगुण वाला (गतिपरिणत जीवों और पुद्गलों के गमन में सहायक) है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2. **[Q.]** *Bhante* ! How many colours, odours, tastes and touches *Dharmastikaya* (motion entity) has ?

[Ans.] Gautam ! *Dharmastikaya* (motion entity) is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), as also *arupi* (formless), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *Lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—*dravya* (entity), *kshetra* (space or area), *kaal* (time), *bhaava* (state) and *guna* (properties). In context of *Dravya* (entity) *Dharmastikaya* is one entity. In context of *Kshetra* (space or area) it pervades the whole *Lok*. In context of *Kaal* (time) it is not that it never existed, it is not that it does not exist, it is not that it will never exist; it existed in the past, it exists in the present and it will continue to exist in the future; therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). In context of *Bhaava* (state) it is devoid of colour, smell, taste and touch. In context of *Guna* (properties) it has the property of motion (it moves and helps beings and matter move).

३. अधम्मत्थिकाए वि एवं चेव। गुणओ ठाणगुणे।

४. आगासत्थिकाए वि एवं चेव। नवरं खेत्तओ णं आगासत्थिकाए लोया लोयप्पमाणमेत्ते अणंते चेव जाव (सु. २) गुणओ अवगाहणागुणे।

३. जिस तरह धर्मास्तिकाय का कथन है, उसी तरह अधर्मास्तिकाय के विषय में भी कहना चाहिए; किन्तु इतना अन्तर है कि अधर्मास्तिकाय गुण की अपेक्षा स्थिति गुण वाला (जीवों-पुद्गलों की स्थिति में सहायक) है।

४. आकाशस्तिकाय के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए, किन्तु इतना अन्तर है कि क्षेत्र की अपेक्षा आकाशास्तिकाय लोकालोक-प्रमाण (अनन्त) है और गुण की अपेक्षा अवगाहना गुण वाला है।

3. The aforesaid statement about *Dharmastikaya* (motion entity) should be repeated for *Adharmastikaya* (inertia entity) too, the only difference being that in context of *Guna* (properties) it has the property of inertia (it rests and helps beings and matter to come to rest).

4. The aforesaid statement should also be repeated for *Akashastikaya* (space entity), the only difference being that in context of *kshetra* (space or area) it pervades the whole *Lok* (occupied space; universe) and *Alok*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*i.e.* it is infinite) and in context of *Guna* (properties) it has the property of *avagahana* (occupation). In other words it provides space-occupation.

५. [प्र.] जीवत्थिकाए णं भंते ! कतिवण्णे कतिगंधे कतिरसे कतिफासे ?

[उ.] गोयमा ! अवण्णे जाव (सु. २) अरूवी जीवे सासते अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविहे पण्णत्ते; तं जहा–दव्वओ जाव गुणओ। दव्वओ णं जीवत्थिकाए अणंताइं जीवदव्वाइं। खेत्तओ लोगप्पमाणमेत्ते। कालओ न कयाइ न आसि जाव (सु. २) निच्चे। भावओ पुण अवण्णे अगंधे अरसे अफासे। गुणओ उवओगगुणे।

५. [प्र.] भगवन् ! जीवास्तिकाय में कितने वर्ण, कितने गन्ध, कितने रस और कितने स्पर्श हैं ?

[उ.] गौतम ! जीवास्तिकाय वर्ण–गन्ध–रस–स्पर्शरहित है वह अरूपी है, जीव (आत्म) है, शाश्वत है, अवस्थित (और प्रदेशों की अपेक्षा) लोकद्रव्य (–लोकाकाश के बराबर) है। संक्षेप में, द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और गुण की अपेक्षा जीवास्तिकाय के पाँच प्रकार हैं। द्रव्य की अपेक्षा–अनन्त जीवद्रव्यरूप है। क्षेत्र की अपेक्षा–लोक–प्रमाण है। (सम्पूर्ण लोक में व्याप्त है) काल की अपेक्षा–वह कभी नहीं था, ऐसा नहीं, यावत् वह नित्य है। भाव की अपेक्षा–जीवास्तिकाय में वर्ण नहीं, गन्ध नहीं, रस नहीं और स्पर्श नहीं है। गुण की अपेक्षा उपयोग गुण वाला है।

5. [Q.] *Bhante* ! How many colours, odours, tastes and touches *Jivastikaya* (soul entity) has ?

[Ans.] Gautam ! *Jivastikaya* (soul entity) is an entity (*dravya*) that is *varna rahit* (devoid of appearance or colour), *gandh rahit* (devoid of smell), *rasa rahit* (devoid of taste), *sparsh rahit* (devoid of touch), as also *arupi* (formless), *jiva* (with life or soul), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *Lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of—*dravya* (entity), *kshetra* (space or area), *kaal* (time), *bhaava* (state) and *guna* (properties). In context of *Dravya* (entity) *Jivastikaya* (soul entity) is infinite entities. In context of *Kshetra* (space or area) it pervades the whole *Lok* (occupied space; universe). In context of *Kaal* (time) it is not that it never existed... and so on up to... it is *nitya* (perpetual). In context of *Bhaava* (state) it is devoid of colour, smell, taste and touch. In context of *Guna* (properties) it has the property of *upayog* (intent or sentience).

६. [प्र.] पोग्गलत्थिकाए णं भंते ! कतिवण्णे कतिगंधे कतिरसे कतिफासे ?

[उ.] गोयमा ! पंचवण्णे पंचरसे दुगंधे अट्ठफासे रूवी अजीवे सासए अवट्ठिए लोगदव्वे। से समासओ पंचविहे पण्णत्ते; तं जहा–दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ गुणओ। दव्वओ णं पोग्गलत्थिकाए अणंताइं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दव्वाइं। खेत्तओ लोगप्पमाणमेत्ते। कालओ न कयाइ न आसि जाव (सु. २) निच्चे। भावओ वण्णमंते गंध. रस. फासमंते। गुणओ गहणगुणे।

६. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय में कितने वर्ण, कितने गन्ध, कितने रस और कितने स्पर्श हैं ?

[उ.] गौतम ! पुद्गलास्तिकाय में पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गन्ध और आठ स्पर्श हैं। वह रूपी है, अजीव है, शाश्वत और अवस्थित लोकद्रव्य है। संक्षेप में उसके पाँच प्रकार हैं, यथा–द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से, भाव से और गुण से। द्रव्य की अपेक्षा–अनन्त द्रव्यरूप है, क्षेत्र की अपेक्षा–लोक प्रमाण है, काल की अपेक्षा–वह कभी नहीं था ऐसा नहीं, यावत् नित्य है। भाव की अपेक्षा–वह वर्ण वाला, गन्ध वाला, रस वाला और स्पर्श वाला है। गुण की अपेक्षा–वह ग्रहण गुण वाला है।

6. [Q.] *Bhante* ! How many colours, odours, tastes and touches *Pudgalastikaya* (matter entity) has ?

[Ans.] Gautam ! *Pudgalastikaya* (matter entity) is an entity (*dravya*) that has five *varnas* (colours), five *rasas* (tastes), two *gandh* (two smells), eight *sparsh* (touches), as also it is *rupi* (with form), *ajiva* (lifeless), *shashvat* (eternal), *avasthit* (indestructible) and integral part of *Lok* (occupied space or universe). Briefly speaking, it has five attributes in context of *dravya* (entity), *kshetra* (space or area), *kaal* (time), *bhaava* (state) and *guna* (properties). In context of *Dravya* (entity) *Pudgalastikaya* (matter entity) is infinite entities. In context of *Kshetra* (space or area) it pervades the whole *Lok* (occupied space; universe). In other words, it is confined to *Lok*. In context of *Kaal* (time) it is not that it never existed... and so on up to... it is *nitya* (perpetual). In context of *Bhaava* (state) it is endowed with colour, smell, taste and touch. In context of *Guna* (properties) it has the property of *grahan* (being acquirable). (In other words it is acquired by bodies including gross physical body and sense organs. This also means it has the property of combining and separating or integrating and disintegrating.)

धर्मास्तिकायादि के स्वरूप का निश्चय CONFIRMING THE FORM OF DHARMASTIKAYA

७. [प्र. १] एगे भंते ! धम्मत्थिकायपदेसे 'धम्मत्थिकाए' त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या धर्मास्तिकाय के एक प्रदेश को 'धर्मास्तिकाय' कहा जा सकता है ?

[उ.] गौतम ! धर्मास्तिकाय के एक प्रदेश को धर्मास्तिकाय नहीं कहा जा सकता।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Can one section (*pradesh*) of *Dharmastikaya* (motion entity) be called *Dharmastikaya* ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] No, Gautam ! One section (*pradesh*) of *Dharmastikaya* (motion entity) cannot be called *Dharmastikaya*.

[प्र. २] एवं दोण्णि तिण्णि चत्तारि पंच छ सत्त अट्ठ नव दस संखेज्जा असंखेज्जा भंते ! धम्मत्थिकायप्पदेसा 'धम्मत्थिकाए' त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र . २] भगवन् ! क्या धर्मास्तिकाय के दो प्रदेशों, तीन प्रदेशों, चार प्रदेशों, पाँच प्रदेशों, छह प्रदेशों, सात प्रदेशों, आठ प्रदेशों, नौ प्रदेशों, दस प्रदेशों, संख्यात प्रदेशों तथा असंख्येय प्रदेशों को 'धर्मास्तिकाय' कहा जा सकता है ?

[उ.] गौतम ! यह बात भी सम्भव नहीं है।

[Q. 2] *Bhante* ! Can two, three, four, five, six, seven, eight, nine, ten, countable and innumerable sections (*pradeshas*) of *Dharmastikaya* (motion entity) be called *Dharmastikaya* ?

[Ans.] No, Gautam ! That too is not possible.

[प्र. ३] एगपदेसूणे वि य णं भंते ! धम्मत्थिकाए 'धम्मत्थिकाए' त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र. ३] भगवन् ! एक प्रदेश से कम धर्मास्तिकाय को क्या 'धर्मास्तिकाय' कहा जा सकता है ?

[उ.] गौतम ! एक प्रदेश कम धर्मास्तिकाय को भी धर्मास्तिकाय नहीं कहा जा सकता।

[Q. 3] *Bhante* ! Can less than one section (*pradesh*) of *Dharmastikaya* (motion entity) be called *Dharmastikaya* ?

[Ans.] No, Gautam ! Less than one section (*pradesh*) of *Dharmastikaya* (motion entity) can also not be called *Dharmastikaya*.

[प्र. ४] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'एगे धम्मत्थिकायपदेसे नो धम्मत्थिकाए त्ति वत्तव्वं सिया जाव (सु. ७) एगपदेसूणे वि य णं धम्मत्थिकाए नो धम्मत्थिकाए त्ति वत्तव्वं सिया ?'

[उ.] से नूणं गोयमा ! खंडे चक्के ? सगले चक्के ?

भगवं ! नो खंडे चक्के ? सगले चक्के ?

एवं छत्ते चम्मे दंडे दूसे आउहे मोयए। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'एगे धम्मत्थिकायपदेसे नो धम्मत्थिकाए त्ति वत्तव्वं सिया जाव एगपदेसूणे वि य णं धम्मत्थिकाए नो धम्मत्थिकाए त्ति वत्तव्वं सिया।'

[प्र. ४] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि धर्मास्तिकाय के एकप्रदेश को यावत् एकप्रदेश कम हो, वहाँ तक उसे धर्मास्तिकाय नहीं कहा जा सकता ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! क्या चक्र का खण्ड (भाग या टुकड़ा) चक्र कहलाता है, या सम्पूर्ण चक्र, चक्र कहलाता है ?

(गौतम–) भगवन् ! चक्र का खण्ड चक्र नहीं कहलाता, किन्तु सम्पूर्ण चक्र, चक्र कहलाता है।

(भगवान–) इसी प्रकार छत्र, चर्म, दण्ड, वस्त्र, शस्त्र और मोदक के विषय में भी जानना चाहिए। अर्थात्–समग्र हों, तभी छत्र आदि कहे जाते हैं, इनके खण्ड को छत्र आदि नहीं कहा जाता। इसी कारण से, हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि धर्मास्तिकाय के एक प्रदेश को, यावत् जब तक उसमें एक प्रदेश भी कम हो, तब तक उसे धर्मास्तिकाय नहीं कहा जा सकता।

[Q. 4] *Bhante* ! Why is it said that one section (*pradesh*)... and so on up to... less than one section of *Dharmastikaya* (motion entity) cannot be called *Dharmastikaya* ?

[Ans.] Gautam ! Can a part (*khand*) of a wheel be called a wheel or the whole wheel is called a wheel ?

(Gautam—) A part (*khand*) of a wheel is not called a wheel only the whole wheel is called a wheel.

(*Bhagavan*—) The same holds good for *chhatra* (umbrella), cushion (*charma*), staff (*dand*), apparel (*vastra*), weapon (*shastra*) and *modak* (a spherical sweet); meaning that only the whole is called by that name and not any part thereof. That is why, Gautam ! It is said that one section (*pradesh*)... and so on up to... less than one section of *Dharmastikaya* (motion entity) cannot be called *Dharmastikaya*.

८. [प्र. १] से किं खाइए णं भंते ! 'धम्मत्थिकाए' त्ति वत्तव्वं सिया।

[उ.] गोयमा ! असंखेज्जा धम्मत्थिकायपदेसा ते सव्वे कसिणा पडिपुण्णा निरवसेसा एगग्गहण–गहिया, एस णं गोयमा ! 'धम्मत्थिकाए' त्ति वत्तव्वं सिया। [२] एवं अहम्मत्थिकाए वि। [३] आगासत्थिकाय–जीवत्थिकाय–पोग्गलत्थिकाया वि एवं चेव। नवरं पदेसा अणंता भाणियव्वा। सेसं तं चेव।

८. [प्र. १] भगवन् ! तब फिर धर्मास्तिकाय किसे कहा जा सकता है ?

[उ.] हे गौतम ! धर्मास्तिकाय में असंख्यात प्रदेश हैं, जब वे सब कृत्स्न (पूरे), परिपूर्ण, निरवशेष (एक भी बाकी न रहे) तथा एकग्रहणगृहीत अर्थात्–एक शब्द से कहने योग्य हो जायें, तब उस (असंख्येयप्रदेशात्मक सम्पूर्ण द्रव्य) को 'धर्मास्तिकाय' कहा जा सकता है। [२] इसी प्रकार 'अधर्मास्तिकाय' के विषय में जानना चाहिए। [३] इसी तरह आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय के विषय में भी जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि इन तीनों द्रव्यों के अनन्त प्रदेश कहना चाहिए। बाकी सारा वर्णन पूर्ववत् समझना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

8. [Q. 1] *Bhante* ! Then what is called *Dharmastikaya* ?

[Ans.] *Dharmastikaya* (motion entity) has innumerable sections (*pradesh*). When all of them, the sum-total, leaving none out, as the whole can be included in one expression then it (the whole entity inclusive of innumerable sections) can be called *Dharmastikaya* (motion entity). [2] The same is true for *Adharmastikaya* (inertia entity). [3] The same also holds good for *Akashastikaya* (space entity), *Jivastikaya* (soul entity) and *Pudgalastikaya* (matter entity); difference being that these three entities have infinite sections, rest of the details are as aforesaid.

विवेचन : प्रस्तुत में जो यह बताया गया है कि जब तक एक भी प्रदेश कम हो, तब तक वे धर्मास्तिकाय आदि नहीं कहे जा सकते, किन्तु जब सभी प्रदेश परिपूर्ण हों, तभी वे धर्मास्तिकाय आदि कहे जा सकते हैं। अर्थात् जब वस्तु पूरी हो, तभी वह वस्तु कहलाती है, अधूरी वस्तु, वस्तु नहीं कहलाती; यह निश्चयनय का मन्तव्य है। व्यवहारनय की दृष्टि से तो थोड़ी-सी अधूरी या विकृत वस्तु को भी उसी नाम से पुकारा जाता है। जैसे-मोदक के टुकड़े या घड़े के एक भाग को भी मोदक या घड़ा ही कहा जाता है। जीवास्तिकाय के अनन्तप्रदेशों का कथन समस्त जीवों की अपेक्षा से समझना चाहिए। एक जीवद्रव्य के प्रदेश असंख्यात ही होते हैं। एक पुद्गल के संख्यात, असंख्यात अथवा अनन्तप्रदेश होते हैं। समस्त पुद्गलास्तिकाय के मिलकर अनन्त (अनन्तानन्त) प्रदेश होते हैं। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय के असंख्य प्रदेश हैं। *(वृत्ति, पत्रांक १४९)*

Elaboration—Even one section short cannot be called *Dharmastikaya* (motion entity) or any other entity, only the whole can be called that. In other words only the whole is called by a particular name and not any part thereof. This proclamation is from the noumenal or transcendental viewpoint (*Nischaya naya*). However, from the phenomenal or conventional viewpoint (*Vyavahara naya*) a part of thing or a distorted thing is also called by the name of the whole. For example a piece of a cake is called cake and piece of a pitcher is called pitcher. The statement about infinite sections of *Jivastikaya* (soul entity) is in context of all living beings. A single soul has infinite space-points. One particle of matter may have countable, innumerable and infinite sections (ultimate particles). All inclusive *Pudgalastikaya* (matter entity) has infinite times infinite sections. *Dharmastikaya* (motion entity) and *Adharmastikaya* (inertia entity) have innumerable sections. *(Vritti, leaf 149)*

उत्थानादियुक्त जीव द्वार **SOUL AND ITS ATTRIBUTES**

९. [प्र. १] जीवे णं भंते ! स-उट्ठाणे स-कम्मे स-बले स-वीरिए स-पुरिसक्कारपरक्कमे आयभावेणं जीवभावं उवदंसेतीति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जीवे णं स-उट्ठाणे जाव उवदंसेतीति वत्तव्वं सिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. [प्र. १] भगवन् ! उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम वाला जीव आत्मभाव (अपने उत्थानादि क्रियाओं) से जीवभाव (चैतन्य) को प्रकट करता है; क्या ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम से युक्त जीव आत्मभाव से जीवभाव को प्रकट करता है, ऐसा कहा जा सकता है।

9. [Q. 1] *Bhante* ! Can it be stated that a soul (*jiva*) endowed with inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*) and self-exertion (*purushakar-parakram*) asserts its state of life (*jiva bhaava* or *chetana*) through self-expression (*atma-bhaava* or the intrinsic capacity of aforesaid activities) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It can be stated that a soul (*jiva*) endowed with inclination to rise (*utthaan*), ... and so on up to... asserts its state of life (*jiva bhaava* or *chetana*) through self-expression (*atma-bhaava* or the aforesaid activities).

[प्र. २] से केणट्ठेणं जाव वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! जीवे णं अणंताणं आभिणिबोहियनाणपज्जवाणं एवं सुयनाणपज्जवाणं ओहिनाणपज्जवाणं मणपज्जवनाणपज्जवाणं केवलनाणपज्जवाणं मइअण्णाणपज्जवाणं सुयअण्णाणपज्जवाणं विभंगनाणपज्जवाणं चक्खुदंसणपज्जवाणं अचक्खुदंसणपज्जवाणं ओहिदंसणपज्जवाणं केवलदंसणपज्जवाणं उवओगं गच्छइ। उवओगलक्खणे णं जीवे। से तेणट्ठेणं एवं वुच्चइ-गोयमा ! जीवे णं सउट्ठाणे जाव वत्तव्वं सिया।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा है कि तथारूप जीव आत्मभाव से जीवभाव को प्रदर्शित करता है, ऐसा कहा जा सकता है ?

[उ.] गौतम ! जीव आभिनिबोधिकज्ञान के अनन्त पर्यायों, श्रुतज्ञान के अनन्त पर्यायों, अवधिज्ञान के अनन्त पर्यायों, मनःपर्यवज्ञान के अनन्त पर्यायों एवं केवलज्ञान के अनन्त पर्यायों के तथा मति-अज्ञान, श्रुत-अज्ञान, विभंग (अवधि) अज्ञान के अनन्त पर्यायों के एवं चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन के अनन्त पर्यायों के उपयोग को प्राप्त करता है, क्योंकि जीव का लक्षण उपयोग है। इसी कारण से, हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम वाला जीव, आत्मभाव से जीवभाव (चैतन्य स्वरूप) को प्रकट करता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that 'it can be stated that a soul (*jiva*) endowed with inclination to rise... and so on up to... asserts its state of life through self-expression' ?

[Ans.] Gautam ! A soul acquires the intent of application of infinite modes (*paryayas*) of *Abhinibodhik jnana* or *Mati-jnana* (sensory

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

knowledge or to know the apparent form of things appearing before the soul by means of five sense organs and the mind), infinite modes (*paryayas*) of *Shrut-jnana* (scriptural knowledge), infinite modes (*paryayas*) of *Avadhi-jnana* (knowledge acquired through extrasensory perception of the physical dimension; something akin to clairvoyance), infinite modes (*paryayas*) of *Manahparyav jnana* (extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of other beings, something akin to telepathy); infinite modes of *Mati-ajnana* (ignorance related to sensory knowledge), *Shrut-ajnana* (ignorance of scriptural knowledge), *Vibhang-jnana* or *Avadhi-ajnana* (ignorance related to *Avadhi-jnana* or pervert *Avadhi-jnana*); and infinite modes of *Chakshu-darshan* (visual perception), *Achakshu-darshan* (non-visual perception), *Avadhi-darshan* (extrasensory perception) and *Keval-darshan* (all enveloping perception). This is because the unique attribute of *jiva* (soul) is *upayog* (intent or sentience). That is why, Gautam ! It is said that 'it can be stated that a soul (*jiva*) endowed with inclination to rise... and so on up to... asserts its state of life through self-expression'.

आकाशास्तिकाय के भेद-प्रभेद CATEGORIES OF AKASHASTIKAYA

१०. [प्र.] कइविहे णं भंते ! आगासे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! दुविहे आगासे पण्णत्ते, तं जहा—लोयागासे य अलोयागासे य।

१०. [प्र.] भगवन् ! आकाश कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! आकाश दो प्रकार का है, यथा—लोकाकाश और अलोकाकाश।

10. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *akash* (space) ?

[Ans.] Gautam ! *Akash* (space) is of two types—*Lokakash* (occupied space; universe) and *Alokakash* (unoccupied space; space beyond).

११. [प्र.] लोयागासे णं भंते ! किं जीवा ? जीवदेसा, जीवपदेसा, अजीवा, अजीवदेसा, अजीवपएसा ?

[उ.] गोयमा ! जीवा वि जीवदेसा वि जीवपदेसा वि, अजीवा वि अजीवदेसा वि अजीवपदेसा वि। जे जीवा ते नियमा एगिंदिया बेइंदिया तेइंदिया चउरिंदिया पंचेंदिया अणिंदिया। जे जीवदेसा ते नियमा एगिंदियदेसा जाव अणिंदियदेसा। जे जीवपदेसा ते नियमा एगिंदियपदेसा जाव अणिंदियपदेसा।

जे अजीवा ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—रूवी य अरूवी य। जे रूवी ते चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—खंधा खंधदेसा खंदपदेसा, परमाणु पोग्गला। जे अरूवी ते पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा—धम्मत्थिकाए, नोधम्मत्थिकायस्स देसे, धम्मत्थिकायस्स पदेसा, अधम्मत्थिकाए, नोअधम्मत्थिकायस्स देसे, अधम्मत्थिकायस्स पदेसा, अद्धासमए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. [प्र.] भगवन् ! क्या लोकाकाश में जीव हैं? जीव के देश हैं? जीव के प्रदेश हैं? क्या अजीव हैं? अजीव के देश हैं? अजीव के प्रदेश हैं?

[उ.] गौतम ! लोकाकाश में जीव भी हैं, जीव के देश भी हैं, जीव के प्रदेश भी हैं; अजीव भी हैं, अजीव के देश भी हैं और अजीव के प्रदेश भी हैं। जो जीव हैं, वे नियमतः (निश्चित रूप से) एकेन्द्रिय हैं, द्वीन्द्रिय हैं, त्रीन्द्रिय हैं, चतुरिन्द्रिय हैं, पंचेन्द्रिय हैं और अनिन्द्रिय हैं।

जो जीव के देश हैं, वे नियमतः एकेन्द्रिय के देश हैं, यावत् अनिन्द्रिय के देश हैं। जो जीव के प्रदेश हैं, वे नियमतः एकेन्द्रिय के प्रदेश हैं, यावत् अनिन्द्रिय के प्रदेश हैं। जो अजीव हैं, वे दो प्रकार के हैं। यथा–रूपी और अरूपी। जो रूपी हैं, उनके चार भेद हैं। यथा–स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश और परमाणुपुद्गल। जो अरूपी हैं, उनके पाँच भेद हैं, वे इस प्रकार हैं–धर्मास्तिकाय, नोधर्मास्तिकाय का देश, धर्मास्तिकाय के प्रदेश, अधर्मास्तिकाय, नोअधर्मास्तिकाय का देश, अधर्मास्तिकाय के प्रदेश और अद्धासमय।

11. [Q.] *Bhante* ! Are there souls (*jivas*) in *Lokakash* (occupied space) ? And also *deshas* (sections) of souls, and *pradeshas* (soul-space-points) of souls. Are there non-souls or matter (*ajivas*) in *Lokakash* (occupied space) ? And also *deshas* (sections) of matter and *pradeshas* (*paramanu*) of matter ?

[Ans.] Gautam ! There are souls (*jivas*) in *Lokakash* (occupied space), *deshas* (sections; divisions; parts) of souls and *pradeshas* (soul-space-points) of souls. Also there are non-souls or matter (*ajivas*) in *Lokakash* (occupied space), *deshas* (sections) of matter and *pradeshas* (*paramanu* or ultimate-particle) of matter. As a rule the *jivas* are one-sensed (*ekendriya*), two-sensed (*dvindriya*), three-sensed (*trindriya*), four-sensed (*chaturindriya*), five-sensed (*panchendriya*), as well as devoid of senses or sense organs (*anindriya*).

As a rule the sections (*deshas*) of *jivas* are *deshas* of one-sensed (*ekendriya*)... and so on up to... devoid of senses or sense organs (*anindriya*). As a rule the *pradeshas* of *jivas* are *pradeshas* of one-sensed (*ekendriya*)... and so on up to... devoid of senses or sense organs (*anindriya*). The *ajivas* (matter) are of two types—with form (*rupi*) and formless (*arupi*). The *rupis* are of four types—*skandh* (aggregate of matter), *skandh-desh* (part of an aggregate), *skandh-pradesh* (smaller part of an aggregate) and *paramanupudgal* (ultimate particle of matter). The *arupis* are of five types—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), there is no desh of *Dharmastikaya*; (2) *pradeshas* of *Dharmastikaya*; (3) *Adharmastikaya* (inertia entity), there is no *desh* of *Adharmastikaya* (inertia entity); (4) *pradeshas* of *Adharmastikaya* (inertia entity); and (5) *Addha-samaya* (time).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. [प्र.] अलोयगासे णं भंते ! किं जीवा ? पुच्छा तह चेव (सु. ११)।

[उ.] गोयमा ! नो जीवा जाव नो अजीवप्पएसा। एगे अजीवदव्वदेसे अगुरुयलहुए अणंतेहिं अगुरुयलहुयगुणेहिं संजुत्ते सव्वागासे अणंतभागूणे।

१२. [प्र.] भगवन् ! क्या अलोकाकाश में जीव हैं, यावत् अजीवप्रदेश हैं ? इत्यादि पूर्ववत् पृच्छा।

[उ.] गौतम ! अलोकाकाश में न जीव हैं, यावत् न ही अजीवप्रदेश हैं। वह एक अजीवद्रव्य देश है, अगुरु-लघु है तथा अनन्त अगुरु-लघु गुणों से संयुक्त है; (क्योंकि लोकाकाश सर्वाकाश का अनन्तवाँ भाग है, अतः) वह अनन्त भाग कम सर्वाकाशरूप है।

12. [Q.] *Bhante* ! Are there souls (*jivas*) in *Alokakash* (unoccupied space) ?... and so on up to... and *pradeshas* (*paramanu*) of matter ? (as aforesaid)

[Ans.] Gautam ! There are no souls (*jivas*) in *Alokakash* (unoccupied space) ?... and so on up to... and no *pradeshas* (*paramanu*) of matter ? It is a *desha* (section) of non-soul entity, it is *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) and endowed with infinite *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) attributes and it is infinite parts less than the whole space (this is because *Lokakash* or occupied space is an infinite fraction of the whole space).

विवेचन : देश, प्रदेश—प्रस्तुत प्रसंग में **देश** का अर्थ है—जीव या अजीव के बुद्धिकल्पित दो, तीन आदि विभाग; तथा **प्रदेश** का अर्थ है—जीवदेश या अजीवदेश के बुद्धिकल्पित ऐसे सूक्ष्मतम विभाग, जिनके फिर दो विभाग न हो सकें। **स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश, परमाणुपुद्गल**—परमाणुओं का समूह **'स्कन्ध'** कहलाता है। स्कन्ध के दो, तीन आदि भागों को **स्कन्धदेश** कहते हैं, तथा स्कन्ध के ऐसे सूक्ष्म अंश, जिनके स्कन्ध रूप में फिर विभाग न हो सकें, उन्हें **स्कन्धप्रदेश** कहते हैं, **'परमाणु'** ऐसे सूक्ष्मतम अंशों को कहते हैं, जो स्कन्धभाव को प्राप्त नहीं हुए—किसी से मिले हुए नहीं—स्वतंत्र हैं। **अद्धा—समय**—अर्थात् आवलिका मुहूर्त्त आदि काल है।

Elaboration—*Desh* and *pradesh*—Here *desh* means imaginary sections of soul or matter, may be two, three or more. *Pradesh* means such imaginary micro-sections of the said sections of soul or matter that cannot be further divided. *Skandh, skandh-desh, skandh-pradesh* and *paramanupudgal*—*Skandh* is aggregate of ultimate particles of matter. *Skandh-desh* are two, three or more larger parts of an aggregate of matter. *Skandh-pradesh* are minute parts of the said larger parts which cannot be further divided without loosing their identity as aggregates. *Paramanupudgal* are the ultimate particles of matter that have not become aggregates and exist independently. *Addha-samaya* is time and it includes various units of time, such as *Avalika, Muhurt* etc.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्मास्तिकाय आदि का प्रमाण DIMENSIONS OF DHARMASTIKAYA AND OTHERS

१३. [प्र. १] धम्मत्थिकाए णं भंते ! के महालए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! लोए लोयमेत्ते लोयप्पमाणे लोयफुडे लोयं चेव फुसित्ताणं चिट्ठइ।

१३. [प्र. १] भगवन् ! धर्मास्तिकाय कितना बड़ा है ?

३७. तए णं से ईसाणे देविंदे देवराया तेसिं ईसाणकप्पवासीणं बहूणं वेमाणियाणं देवाण य देवीण य अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म आसुरुत्ते जाव मिसिमिसेमाणे तत्थेव सयणिज्जवरगए तिवलियं भिउडिं निडाले साहट्टु बलिचंचं रायहाणिं अहे सपक्खिं सपडिदिसिं समभिलोएइ, तए णं सा बलिचंचा रायहाणी ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा अहे सपक्खिं सपडिदिसिं समभिलोइया समाणी तेणं दिव्वप्पभावेणं इंगालब्भूया मुम्मुरब्भूया छारिब्भूया तत्तकवेल्लकब्भूया तत्ता समजोइब्भूया जाया यावि होत्था।

३७. उस समय ईशानकल्प के देवेन्द्र देवराज उन ईशानकल्पवासी बहुत-से वैमानिक देवों और देवियों से यह बात सुनकर और मन में विचारकर शीघ्र ही क्रोध से आगबबूला हो उठा, यावत् क्रोधाग्नि से तिलमिलाता हुआ, वहीं देवशय्या स्थित हुए ईशानेन्द्र ने ललाट पर तीन रेखाएँ डालकर एवं भ्रकुटि तानकर (भौंहें चढ़ाकर) बलिचंचा राजधानी को, नीचे ठीक सामने, **सपक्ष**-(चारों दिशाओं से बराबर सम्मुख) और **सप्रतिदिक्** (चारों विदिशाओं से भी एकदम सम्मुख) होकर एकटक दृष्टि से देखा। इस प्रकार कुपित दृष्टि से बलिचंचा राजधानी को देखने से वह (राजधानी) उस दिव्य प्रभाव से जलते हुए अंगारों के समान, अग्नि-कणों के समान, तपी हुई राख के समान, तपतपाती बालू जैसी या तपे हुए गर्म तवे या तप्त कड़ाही सरीखी और साक्षात् अग्नि की राशि जैसी हो गई, जलने लगी।

37. On hearing this from those numerous *Vaimanik* gods and goddesses from Ishan Kalp, and thinking about it, Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) was soon enraged... and so on up to... gnashing their teeth in anger. While still on his divine bed Ishanendra frowned, making three lines appear on his forehead. He then focused, from four cardinal direction (*sapaksh*) and four intermediate directions (*sapratidik*), and fixed his gaze down upon the capital city Balichancha. Due to his divine power of that angry gaze, the capital city Balichancha started burning and it looked like burning coal, sparks of fire, seething ash, scorching sand, red hot plate and pan, and a burning pyre.

३८. तए णं ते बलिचंचारायहाणिवत्थव्वया बहवे असुरकुमार देवा य देवीओ य तं बलिचंचं रायहाणिं इंगालब्भूयं जाव समजोतिब्भूयं पासंति, पासित्ता भीया तत्था तीसया उव्विग्गा संजायभया सव्वओ समंता आधावेंति परिधावेंति, अन्नमन्नस्स कायं समतुरंगेमाणा चिट्ठंति।

३८. जब बलिचंचा राजधानी में रहने वाले बहुत-से असुरकुमार देवों और देवियों ने उस बलिचंचा राजधानी को अंगारों सरीखी यावत् साक्षात् अग्नि की लपटों जैसी देखी तो वे उसे देखकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अत्यन्त भयभीत हुए, भयत्रस्त (व्याकुल) होकर काँपने लगे, उनका आनन्दरस सूख गया। वे उद्विग्न हो गये और भय के मारे चारों ओर इधर-उधर भाग-दौड़ करने लगे। (इस भगदड़ में) वे एक-दूसरे के शरीर से चिपटने लगे अथवा एक-दूसरे के शरीर की ओट में छिपने लगे।

38. When numerous *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha saw that capital city Balichancha looked like burning coal... and so on up to... a burning pyre. They were afraid, terrified and trembled. The stream of their happiness dried up. They were agitated and ran around in fear. In this confusion they tried to hide behind one another.

असुरों द्वारा क्षमायाचना **ASURS SEEK FORGIVENESS**

३९. तए णं ते बलिचंचारायहाणिवत्थव्वया बहवे असुरकुमारा देवा य देवीओ य ईसाणं देविंदं देवरायं परिकुवियं जाणित्ता ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो तं दिव्वं देविड्ढिं दिव्वं देवज्जुतिं दिव्वं देवाणुभागं दिव्वं तेयलेस्सं असहमाणा सव्वे सपक्खिं सपडिदिसिं ठिच्चा करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धावेंति, एवं वयासी-अहो णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागता, तं दिट्ठा णं देवाणुप्पियाणं दिव्वा देविड्ढी जाव लद्धा पत्ता अभिसमन्नागया। तं खामेमो णं देवाणुप्पिया ! खमंतु णं देवाणुप्पिया ! खंतुमरिहंति णं देवाणुप्पिया ! णाइ भुज्जो एवं करणयाए त्ति कट्टु एयमट्ठं सम्मं विणयेणं भुज्जो भुज्जो खामेंति।

३९. (ऐसी दुःस्थिति होने पर) तब बलिचंचा-राजधानी के बहुत-से असुरकुमार देवों और देवियों ने यह जानकर कि देवेन्द्र देवराज ईशान के परिकुपित होने से (हमारी राजधानी इस प्रकार आग-सी तप्त हो गई है); वे सब असुरकुमार देवगण, ईशानेन्द्र की उस दिव्य देव-ऋद्धि, दिव्य देव-द्युति, दिव्य देव-प्रभाव और दिव्य तेजोलेश्या को सहन न कर पाते हुए देवेन्द्र देवराज ईशान के चारों दिशाओं में और चारों विदिशाओं में ठीक सामने खड़े होकर (ऊपर की ओर मुख करके) मस्तक पर अंजलि करके ईशानेन्द्र को जय-विजय शब्दों (के उच्चारणपूर्वक) से बधाने लगे-अभिनन्दन करने लगे। अभिनन्दन करके वे इस प्रकार बोले-'अहो ! (धन्य है !) आप देवानुप्रिय ने दिव्य देव-ऋद्धि उपलब्ध की है, प्राप्त की है और अभिमुख कर ली है ! हमने आपके द्वारा उपलब्ध, प्राप्त और अभिसमन्वागत दिव्य देव-ऋद्धि को, यावत् देव-प्रभाव को प्रत्यक्ष देख लिया है। अतः हे देवानुप्रिय ! (अपने अपराध के लिए) हम आपसे क्षमा माँगते हैं। आप देवानुप्रिय हमें क्षमा करें। आप देवानुप्रिय हमें क्षमा करने योग्य हैं। (भविष्य में) फिर कभी इस प्रकार नहीं करेंगे।' इस प्रकार निवेदन करके उन्होंने ईशानेन्द्र से अपने अपराध के लिए विनयपूर्वक अच्छी तरह बार-बार क्षमा माँगी।

39. (In this wretched state) Those numerous *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha became aware that all this (burning of their capital city) was due to the rage of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). Not being able to tolerate the divine opulence, radiance, influence and fire-power of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Devs (gods), all those *Asur Kumar* gods and goddesses stood facing Ishanendra from all directions around him (facing up) and touching their forehead with joined palms they greeted Ishanendra with hails of victory. After greetings they submitted--"Blessed you are, O Beloved of gods ! You have acquired, attained and experienced divine opulence. We have witnessed in person the divine opulence... and so on up to... influence acquired, attained and experienced by you. Therefore, O Beloved of gods ! We beg your pardon (for the mistake we committed). Beloved of gods ! Please forgive us. Beloved of gods ! You are capable of forgiving us. We will never repeat this behaviour." With this submission they properly and humbly sought forgiveness from Ishanendra again and again.

४०. तते णं ईसाणे देविंदे देवराया तेहिं बलिचंचारायहाणीवत्थव्वएहिं बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहि य एयमट्ठं सम्मं विणएणं भुज्जो भुज्जो खामिए समाणे तं दिव्वं देविड्ढिं जाव तेयलेस्सं पडिसाहरइ।

तप्पभितिं च णं गोयमा ! ते बलिचंचारायहाणिवत्थव्वया बहवे असुरकुमारा देवा य देवीओ य ईसाणं देविंदं देवरायं आढंति जाव पज्जुवासंति, ईसाणस्स य देविंदस्स देवरण्णो आणा--उववाय--वय--निद्देसे चिट्ठंति।

४०. अब जब बलिचंचा-राजधानी-निवासी उन बहुत-से असुरकुमार देवों और देवियों ने देवेन्द्र देवराज ईशान से अपने अपराध के लिए सम्यक् विनयपूर्वक बार-बार क्षमायाचना कर ली, तब ईशानेन्द्र ने उस दिव्य देव-ऋद्धि यावत् छोड़ी हुई तेजोलेश्या को वापस खींच (समेट) ली।

हे गौतम ! तब से बलिचंचा-राजधानी-निवासी वे बहुत-से असुरकुमार देव और देवीवृन्द देवेन्द्र देवराज ईशान का आदर करते हैं यावत् उसकी पर्युपासना (सेवा) करते हैं। (और तभी से वे) देवेन्द्र देवराज ईशान की आज्ञा और सेवा में, तथा आदेश (अनुशासनात्मक) और निर्देश (कर्त्तव्य का सूचन) में रहते हैं।

40. Now when those *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha properly and humbly sought forgiveness from Ishanendra again and again, Ishanendra withdrew that divine opulence... and so on up to... fire-power.

Gautam ! Since then those *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha respect... and so on up to... worship Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). And since then they obey him, serve him and are under his order and command.

४१. एवं खलु गोयमा ! ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा सा दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागया।

४१. हे गौतम ! देवेन्द्र देवराज ईशान ने वह दिव्य देव-ऋद्धि यावत् इस प्रकार लब्ध और अभिसमन्वागत की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

41. Gautam ! This is how Ishanendra, the Indra (overlord) of *Devs* (gods) acquired and manifested that divine opulence... and so on up to... influence.

विवेचन : तामली तापस की यह घटना १८वें तीर्थंकर भगवान अरनाथ के शासनकाल की हो सकती है। क्योंकि तामली तापस ने ६० हजार वर्ष तक तपस्या की है। तो उसकी सम्पूर्ण आयु कम से कम ७५ हजार वर्ष की तो होगी ही। भगवान अरनाथ के समय मध्यम आयु ८४ हजार वर्ष की मानी जाती है, जो भगवान की सकल आयु थी। *—सम्पादक*

Elaboration—This incident of Tamali Tapas may be from the period of influence of the eighteenth Tirthankar Bhagavan Ar Naath. This is because Tamali Tapas is said to have done penance for sixty thousand years. This means that his total life-span must have been at least seventy thousand years. During the period of Bhagavan Ar Naath the average life-span is said to be eighty four thousand years, which is equal to his own life-span.

ईशानेन्द्र की स्थिति LIFE-SPAN OF ISHANENDRA

४२. [प्र.] ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो केवतियं कालं ठिइ पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सातिरेगाइं दो सागरोवमाइं ठिइ पण्णत्ता।

४२. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! ईशानेन्द्र की स्थिति दो सागरोपम से कुछ अधिक की है।

42. [Q.] *Bhante* ! What is the life-span (*sthiti*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! The life-span (*sthiti*) of Ishanendra is slightly more than two *Sagaropam* (a conceptual unit of time).

४३. [प्र.] ईसाणे णं भंते ! देविंदे देवराया ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव कहिं गच्छिहिति ? कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिति जाव अंतं काहिति।

४३. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान देव आयुष्य पूर्ण होने पर उस देवलोक से च्युत होकर कहाँ जायेगा ? कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! वह (देवलोक से च्यवकर) महाविदेह वर्ष (क्षेत्र) में जन्म लेकर सिद्ध होगा यावत् समस्त दुःखों का अन्त करेगा।

43. [Q.] *Bhante* ! Completing the life-span of the dimension of gods and descending from that abode of gods, where will Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) go ? Where will he be born ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! Descending from the dimension of gods, he will be born in the Mahavideh area and finally become a *Siddha* (liberated soul)... and so on up to... end all miseries."

शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के विमानों की ऊँचाई **HEIGHT OF CELESTIAL VEHICLES**

४४. [प्र. १] सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो विमाणेहिंतो ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो विमाणा ईसिं उच्चयरा चेव ईसिं उन्नयतरा चेव ? ईसाणस्स वा देविंदस्स देवरण्णो विमाणेहिंतो सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो विमाणा ईसिं नीययरा चेव ईसिं निण्णयरा चेव ?

[उ.] हंता, गोयमा ! सक्कस्स तं चेव सव्वं नेयव्वं।

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए करतले सिया देसे उच्चे देसे उन्नये, देसे णीए देसे निण्णे, से तेणट्ठेणं।

४४. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के विमानों से देवेन्द्र देवराज ईशान के विमान कुछ (थोड़े-से) उच्चतर (ऊँचे) हैं, कुछ उन्नततर (श्रेष्ठ) हैं ? अथवा देवेन्द्र देवराज ईशान के विमानों से देवेन्द्र देवराज शक्र के विमान कुछ नीचे हैं, कुछ निम्नतर हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यह इसी प्रकार है। अर्थात्-देवेन्द्र देवराज शक्र के विमानों से देवेन्द्र देवराज ईशान के विमान कुछ ऊँचे हैं, कुछ उन्नततर हैं तथा देवेन्द्र देवराज ईशान के विमानों से देवेन्द्र देवराज शक्र के विमान कुछ नीचे हैं, कुछ निम्नतर हैं।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे किसी हथेली का एक भाग कुछ ऊँचा और उन्नततर होता है, तथा एक भाग कुछ नीचा और निम्नतर होता है, इसी तरह शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के विमानों के सम्बन्ध में समझना चाहिए। इसी कारण से पूर्वोक्त रूप से कहा जाता है।

44. [Q. 1] *Bhante* ! Are the celestial vehicles (*vimaans*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly higher and better than those of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ? Or are the celestial vehicles (*vimaans*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly lower and inferior than those of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so. That means the celestial vehicles (*vimaans*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) are slightly higher and better than those of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). And the celestial vehicles (*vimaans*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly lower and inferior than those of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said to be so ?

[Ans.] Gautam ! Just as certain part of a palm is slightly higher and better and another part is slightly lower and inferior, so should be taken for the celestial vehicles of Shakrendra and Ishanendra. That is why it is said to be so.

दोनों इन्द्रों का शिष्टाचार **COURTESY OF THE TWO INDRAS**

४५. [प्र. १] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

४५. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के पास प्रकट होने (जाने) में समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! शक्रेन्द्र ईशानेन्द्र के पास आने में समर्थ है।

45. [Q. 1] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of appearing before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Shakrendra is capable of appearing before Ishanendra.

[प्र. २] से णं भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

[उ.] गोयमा ! आढायमाणे पभू, नो अणाढायमाणे पभू।

[प्र. २] भगवन् ! (जब शक्रेन्द्र, ईशानेन्द्र के पास जाता है तो) क्या वह आदर करता हुआ आता है, या अनादर करता हुआ आता है ?

[उ.] हे गौतम ! वह उसका (ईशानेन्द्र का) आदर करता हुआ आता है, किन्तु अनादर करता हुआ नहीं।

[Q. 2] *Bhante* ! (When Shakrendra comes to Ishanendra) Does he come showing respect ? Or does he come showing disrespect ?

[Ans.] Gautam ! He comes showing respect and not disrespect (to Ishanendra).

४६. [प्र. १] पभू णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र. २] से भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

[उ.] गोयमा ! आढायमाणे वि पभू, अणाढायमाणे वि पभू।

४६. [प्र. १] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान, क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के पास जाने में समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! शक्रेन्द्र के पास जाने में समर्थ है।

[प्र. २] भगवन् ! (जब ईशानेन्द्र, शक्रेन्द्र के पास जाता है तो), क्या वह आदर करता हुआ जाता है, या अनादर करता हुआ जाता है ?

[उ.] गौतम ! (जब ईशानेन्द्र, शक्रेन्द्र के पास जाता है, तब) वह आदर करता हुआ भी जा सकता है, और अनादर करता हुआ भी जा सकता है। (क्योंकि उसका स्थान ऊँचा है)

46. [Q. 1] *Bhante* ! Is Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of appearing before Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Ishanendra is capable of appearing before Shakrendra.

[Q. 2] *Bhante* ! (When Ishanendra comes to Shakrendra) Does he come showing respect ? Or does he come showing disrespect ?

[Ans.] Gautam ! (When Ishanendra comes to Shakrendra) He may come showing respect and he may also come showing disrespect. (because his status is higher).

४७. [प्र.] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणं देविंदं देवरायं सपक्खिं सपडिदिसिं समभिलोएत्तए ?

[उ.] जहा पादुब्भवणा तहा दो वि आलावगा नेयव्वा।

४७. [प्र.] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के समक्ष (चारों दिशाओं में) तथा सप्रतिदिश (चारों कोनों में = सब ओर) देखने में समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! जिस तरह से प्रादुर्भूत होने (जाने) के सम्बन्ध में दो आलापक कहे हैं, उसी तरह से देखने के सम्बन्ध में भी दो आलापक कहने चाहिए।

47. [Q.] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of looking in all the cardinal and intermediate directions before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! Here the two statements about 'appearing' should be repeated about 'looking'.

४८. [प्र.] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा सद्धिं आलावं वा संलावं वा करेत्तए ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] हंता, पभू। जहा पादुब्भणा।

४९. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं किच्चाइं करणिज्जाइं समुप्पज्जंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] गोयमा ! ताहे चेव णं से सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवति, ईसाणे णं देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवइ—'इति भो ! सक्का ! देवराया ! दाहिणड्ढलोगाहिवती !' 'इति भो ! ईसाणा ! देविंदा ! देवराया ! उत्तरड्ढलोगाहिवती !' 'इति भो' त्ति ते अन्नमन्नस्स किच्चाइं करणिज्जाइं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

४८. [प्र.] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के साथ वार्तालाप करने में समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वार्त्तालाप करने में समर्थ है। जिस तरह पास जाने के सम्बन्ध में दो आलापक कहे हैं, (उसी तरह यहाँ जानें)।

४९. [प्र. १] भगवन् ! उन देवेन्द्र देवराज शक्र और देवेन्द्र देवराज ईशान के बीच में परस्पर कोई कृत्य करणीय करने योग्य कार्य समुत्पन्न होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! समुत्पन्न होते हैं ?

[प्र. २] भगवन् ! जब इन दोनों के कोई कृत्य (प्रयोजन) या करणीय (विचार) होते हैं, तब वे कैसे व्यवहार (कार्य) करते हैं ?

[उ.] गौतम ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र को कार्य होता है, तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज ईशान के समीप प्रकट होता है और जब देवेन्द्र देवराज ईशान को कार्य होता है, तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज शक्र के निकट जाता है। उनके परस्पर सम्बोधित करने का तरीका यह है—'हे दक्षिणार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र देवराज शक्र !' (शक्रेन्द्र पुकारता है—) हे उत्तरार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र देवराज ईशान !' (यहाँ), दोनों ओर से 'इति भो—इति भो !' (अजी ! ऐसी बात है) (इस प्रकार के शब्दों से परस्पर) सम्बोधित करके वे एक-दूसरे के कृत्यों (प्रयोजनों) और करणीयों (विचारों) को अनुभव करते समझते हैं।

48. [Q.] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of conversation with Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! Here the two statements about 'appearing' should be repeated about 'conversation'.

49. [Q. 1] *Bhante* ! Does an occasion or need to come together arise between Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Yes, Gautam ! It does.

[Q. 2] *Bhante* ! When there is such an occasion how do they behave towards each other ?

[Ans.] When Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has some need then he appears before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods), in person. When Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has some need then he appears before Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods), in person. They address each other as follows—(Ishanendra says—) "O Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and the sovereign of the southern half of *Lok* ! How do you do ?" and (Shakrendra says—) "O Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and the sovereign of the southern half of *Lok* ! How do you do ?" Addressing thus they communicate and exchange views about their needs and activities.

५०. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं विवादा समुप्पज्जंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] गोयमा ! ताहे चेव णं ते सक्कीसाणा देविंदं देवरायाणो सणंकुमारं देविंदे देवरायं मणसी करेंति। तए णं से सणंकुमारे देविंदे देवराया तेहिं सक्कीसाणेहिं देविंदेहिं देवराईहिं मणसीकए समाणे खिप्पामेव सक्कीसाणामं देविंदाणं अंतियं पादुब्भवति। जं से वदइ तस्स आणा—उववाय—वयण—निद्देसे चिट्ठंति।

५०. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र शक्र और देवेन्द्र देवराज ईशान, इन दोनों में विवाद भी समुत्पन्न होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (इन दोनों इन्द्रों के बीच विवाद भी समुत्पन्न) होता है। (दोनों की सीमाएँ लगी हुई हैं तथा अन्य विषय भी हो सकते हैं)

[प्र. २] (भगवन् ! परस्पर विवाद उत्पन्न होने पर) वे क्या करते हैं ?

[उ.] गौतम ! जब शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र में परस्पर विवाद उत्पन्न हो जाता है, तब वे दोनों, देवेन्द्र देवराज सनत्कुमारेन्द्र का मन में स्मरण करते हैं। (मानसिक सम्पर्क करते हैं) देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र द्वारा स्मरण करने पर (आसन प्रकम्पित होता है, तब) शीघ्र ही सनत्कुमारेन्द्र देवराज, शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के निकट प्रकट होता है। वह जो भी कहता है, (उसे ये दोनों इन्द्र मान्य करते हैं।) ये दोनों इन्द्र उसकी आज्ञा, सेवा, आदेश और निर्देश में रहते हैं।

50. [Q. 1] *Bhante* ! Do Shakrendra and Ishanendra have dispute with each other ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Yes, Gautam ! They (Shakrendra and Ishanendra) do (have dispute with each other). (They have common borders. There may be other points of dispute too.)

[Q. 2] *Bhante* ! What do they do ? (when such dispute arises)

[Ans.] Gautam ! When Shakrendra and Ishanendra have a dispute with each other, they think of Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) (establishing telepathic contact). When Shakrendra and Ishanendra think of him (his throne trembles and) Sanatkumarendra soon appears before them. Whatever he advises and commands (they accept). In fact these two *Indras* obey him, serve him and are under his command and direction.

विशेष–'आढायमाणे–अणाढायमाणे'–इन दोनों शब्दों का तात्पर्य–यह भी है कि शक्रेन्द्र की अपेक्षा ईशानेन्द्र का दर्जा ऊँचा है, इसलिए शक्रेन्द्र, ईशानेन्द्र के पास तभी जा सकता है जबकि ईशानेन्द्र शक्रेन्द्र को आदरपूर्वक बुलाए। अगर आदरपूर्वक न बुलाये तो वह ईशानेन्द्र के पास नहीं जाता, किन्तु ईशानेन्द्र शक्रेन्द्र के पास बिना बुलाए भी जा सकता है, क्योंकि उसका दर्जा ऊँचा है। *(भगवतीसूत्र, प्रमेयचन्द्रिका टीका, हिन्दी–गुर्जर भावानुवादयुक्त, भाग ३, पृष्ठ २८६)*

Elaboration—Adhayamane-anadhayamane—This phrase also indicates that the status of Ishanendra is higher than that of Shakrendra. As such Shakrendra can visit Ishanendra only when Ishanendra calls Shakrendra with due respect; if not he cannot go to Ishanendra. But Ishanendra, enjoying higher status, can visit Shakrendra without being called. *(Bhagavati Sutra, Prameyachandrika Tika with Hindi-Gujarati translation, part-3, p. 286)*

सनत्कुमारेन्द्र की भवसिद्धिकता LIBERATION-WORTHINESS OF SANATKUMARENDRA

५१. [प्र.] सणंकुमारे णं भंते ! देविंदे देवराया किं (१) भवसिद्धिए, अभवसिद्धिए ? (२) सम्मद्दिट्ठी, मिच्छद्दिट्ठी ? (३) परित्तसंसारए, अणंतसंसारए ? (४) सुलभबोहिए, दुल्लभबोहिए ? (५) आराहए, विराहए ? (६) चरिमे अचरिमे ?

[उ.] गोयमा ! सणंकुमारे णं देविंदे देवराया भवसिद्धिए नो अभवसिद्धिए एवं सम्मद्दिट्ठी, परित्तसंसारए, सुलभबोहिए आराहण, चरिमे, पसत्थं नेयव्वं।

५१. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार क्या (१) भवसिद्धिक (भविष्य में सिद्धि प्राप्त करने योग्य) है या अभवसिद्धिक है ? (२) सम्यग्दृष्टि है या मिथ्यादृष्टि है ? (३) परित्त (परिमित) संसारी है या अनन्त (अपरिमित) संसारी ? (४) सुलभबोधि है या दुर्लभबोधि ? (५) आराधक है अथवा विराधक ? (६) चरम (जिसका यही अन्तिम भव हो) है अथवा अचरम ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार, भवसिद्धिक है, अभवसिद्धिक नहीं; इसी तरह वह सम्यग्दृष्टि है, परित्तसंसारी है, सुलभबोधि है, आराधक है, चरम है। (अर्थात्–इस सम्बन्ध में सभी) प्रशस्त पद ग्रहण करने चाहिए।

51. [Q.] *Bhante* ! Is Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods)—(1) worthy or unworthy of being liberated in future (*bhavasiddhik* or *abhavasiddhik*) ? (2) righteous or unrighteous (*samyagdrishti* or *mithyadrishti*) ? (3) with limited or unlimited cycles of rebirth (*parattasamsari* or *anant-samsari*) ? (4) capable of enlightenment with ease or difficulty (*sulabh-bodhi* or *durlabh-bodhi*) ? (5) devout or heretic (*aradhak* or *viradhak*) ? (6) in his final birth or not (*charam* or *acharam*) ?

[Ans.] Gautam ! Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) is worthy and not unworthy of being liberated in future (*bhavasiddhik* and not *abhavasiddhik*). In the same way he is righteous (*samyagdrishti*), with limited cycles of rebirth (*parattasamsari*), capable of enlightenment with ease (*sulabh-bodhi*), devout (*aradhak*) and in his final birth (*charam*). In other words only noble statements are valid.

५२. [प्र.] से केणट्ठेणं भंते ?

[उ.] गोयमा ! सणंकुमारे देविंदे देवराया बहूणं समणाणं बहूणं समणीणं बहूणं सावगाणं बहूणं साविगाणं हियकामए सुहकामए पत्थकामए आणुकंपिए निस्सेयसिए हिय–सुह–निस्सेसकामए, से तेणट्ठेणं गोयमा ! सणंकुमारे णं भवसिद्धिए जाव नो अचरिमे।

५२. [प्र.] भगवन् ! किस कारण से (ऐसा कहा जाता है) ?

[उ.] गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार बहुत–से श्रमणों, बहुत–सी श्रमणियों, बहुत–से श्रावकों और बहुत–सी श्राविकाओं का हितकामी (हितैषी), सुखकामी (सुखेच्छु), पथ्यकामी (पथ्याभिलाषी अथवा कष्टों से बचाने का इच्छुक) आनुकम्पिक (कृपा व अनुकम्पा करने वाला), निःश्रेयसिक (निःश्रेयस = कल्याण या मोक्ष का इच्छुक) है। वह उनका हित, सुख और निःश्रेयस चाहने वाला है। इसी कारण, गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र भवसिद्धिक है, यावत् (चरम है, किन्तु) अचरम नहीं।

52. [Q.] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) wishes well (*hit-kaami*) of numerous *Shramans*, numerous *Shramanis*, numerous *Shravaks* and numerous *Shravikas*. He wishes them bliss (*sukh-kaami*) and comforts (*pathya-kaami*). Is compassionate

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*aanukampik*) towards them and wishes them beatitude or salvation (*nihshreyasik*). He wishes well (*hit-kaami*)... and so on up to... beatitude or salvation (*nihshreyasik*) for them.

That is why, Gautam ! Sanatkumarendra is worthy... and so on up to... in his final birth.

विवेचन : यहाँ भवसिद्धिक से चरम तक के छह पद परस्पर सम्बन्धित हैं। वृत्तिकार आचार्यों का कथन है– भव्य जीव सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टि दोनों प्रकार का होता है। सम्यग्दृष्टि जीव परीत संसारी व अनन्त संसारी दोनों हो सकता है। परीत संसारी जीव सुलभबोधि और दुर्लभबोधि दोनों हो सकता है। आराधक जीव चरम और अचरम दोनों प्रकार का हो सकता है। *(रायपसेणिय वृत्ति मलयगिरि; भगवई, भाग २, पृष्ठ ३६)*

Elaboration—Here the five terms, from *bhavasiddhik* to *charam* are inter-linked. The *Acharyas* who wrote *Vritti* state that a being worthy of liberation in future (*bhavasiddhik*) can be both, righteous as well as unrighteous (*samyagdrishti* as well as *mithyadrishti*). The *samyagdrishti* can be both, with limited as well as unlimited cycles of rebirth (*parittasamsari* as well as *anant-samsari*). The *parittasamsari* can be both, capable of enlightenment with ease as well as difficulty (*sulabh-bodhi* as well as *durlabh-bodhi*). The *sulabh-bodhi* can be both, devout as well as heretic (*aradhak* as well as *viradhak*). The *aradhak* can be both, in his final birth as well as not (*charam* as well as *acharam*). *(Rayapaseniya Vritti by Malayagiri; Bhagavai, part-2, p. 36)*

५३. [प्र.] सणंकुमारस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सत्त सागरोवमाणि ठिती पण्णत्ता।

५३. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार की स्थिति (आयु) कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र की स्थिति (उत्कृष्ट) सात सागरोपम की है।

53. [Q.] *Bhante* ! What is the life-span (*sthiti*) of Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! The life-span (*sthiti*) of Sanatkumarendra is (maximum) seven *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

५४. [प्र.] से णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिति जाव अंतं करेहिति।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४. [प्र.] भगवन् ! वह (सनत्कुमारेन्द्र) उस देवलोक से आयु क्षय होने के बाद कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र उस देवलोक से च्यवकर (आयुष्य पूर्ण कर) महाविदेह वर्ष (क्षेत्र) में, (जन्म लेकर वहीं से) सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होगा, यावत् सर्वदुःखों का अन्त करेगा।

भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है ! (यों कहकर गौतम स्वामी यावत् भगवान की पर्युपासना करने लगे।)

54. [Q.] *Bhante* ! Completing the life-span of the dimension of gods and descending from that abode of gods, where will Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) go ? Where will he be born ?

[Ans.] Gautam ! Descending from the dimension of gods, he will be born in the Mahavideh area and finally become a *Siddha* (liberated soul)... and so on up to... end all miseries.

"Bhante ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

प्रथम उद्देशक की उपसंहार गाथाएँ **CONCLUDING VERSES**

छट्ठऽट्ठम मासो अद्धमासे वासाइं अट्ठ छम्मासा।
तीसग-कुरुदत्ताणं तव भत्तपरिण्ण-परियाओ॥१॥

उच्चत्त विमाणाणं पादुब्भव पेच्छणा य संलावे।
किच्चि विवादुप्पत्ती सणंकुमारे य भवियत्तं॥२॥

॥ मोया समत्ता ॥
॥ तइए सए : पढमो उद्देसो समत्तो ॥

गाथाओं का अर्थ-तिष्यक श्रमण का तप छट्ठ-छट्ठ (निरन्तर बेला-बेला) था और उसका अनशन एक मास का था। कुरुदत्तपुत्र श्रमण का तप अट्ठम-अट्ठम (निरन्तर तेले-तेले) का था और उसका अनशन अर्द्ध-मासिक था-(१५ दिन का)। तिष्यक श्रमण की दीक्षापर्याय आठ वर्ष की थी और कुरुदत्तपुत्र श्रमण की छह मास की। (इन दोनों से सम्बन्धित विषय इस उद्देशक में आया है।) इसके अतिरिक्त (दूसरे विषय आये हैं, जैसे कि) दो इन्द्रों के विमानों की ऊँचाई, एक इन्द्र का दूसरे के पास आगमन, परस्पर प्रेक्षण (अवलोकन), उनका आलाप-संलाप, उनका कार्य, उनमें विवादोत्पत्ति तथा उनका निपटारा तथा सनत्कुमारेन्द्र की भवसिद्धिकता आदि विषयों का निरूपण इस उद्देशक में किया गया है।

॥ मोका समाप्त ॥
॥ तृतीय शतक : प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Ascetic Tishyak observed the austerity of a series of two-day fasts and the ultimate vow of one month. Ascetic Kurudatt observed the austerity of a series of three-day fasts and the ultimate vow of half a month (15 days). The ascetic life of Ascetic Tishyak was eight years and that of Ascetic Kurudatt was six months. (These two are included in this lesson.) Besides these the height of the celestial vehicles of two *Indras*, arrival of one *Indra* near another, their looking at each other, their conversation, their activities, their disputes and settlement, and liberation-worthiness of Sanatkumarendra and other topics have been discussed in this lesson.

● END OF MOKA ●

● END OF THE FIRST LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : द्वितीय उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : SECOND LESSON

चमर CHAMAR

उपोद्घात

द्वितीय उद्देशक में बताया है कि राजगृह में भगवान महावीर विराजमान थे। अपनी सुधर्मा सभा में चमरसिंहासन-स्थित चमरेन्द्र ने वहीं से भगवान को देखा और अपने समस्त देव परिवार के साथ ईशानेन्द्र की तरह भगवान महावीर और गौतमादि श्रमणवर्ग को विविध नाट्यविधि दिखलाई। वन्दना नमस्कार करके वापस चला गया। चमरेन्द्र के आगमन से और उसकी दिव्य ऋद्धि आदि पर से प्रश्नों और उत्तरों का प्रारम्भ होता है।

INTRODUCTION

The second lesson starts with the information that Bhagavan Mahavir was staying in Rajagriha. Chamarendra saw him from his throne in his *Sudharma Sabha* (main assembly). He descended with his retinue and displayed a variety of his dances and dramas. He returned after paying homage. This incident inspired a series of questions and answers.

❑❑

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नगरे होत्था जाव परिसा पज्जुवासइ।

१. उस काल, उस समय में राजगृह नाम का नगर था। श्रमण भगवान महावीर वहाँ पधारे और परिषद् पर्युपासना करने लगी।

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. Shraman Bhagavan Mahavir arrived there... and so on up to... People commenced worship.

२. तेणं कालेणं तेणं समएणं चमरे असुरिंदे असुरराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए चमरंसि सीहासणंसि चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीहिं जाव नट्टविहिं उवदंसेत्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

२. उस काल, उस समय में चौंसठ हजार सामानिक देवों से परिवृत, चरमचंचा नामक राजधानी की सुधर्मासभा में चमर नामक सिंहासन पर बैठे असुरेन्द्र असुरराज चमर ने (राजगृह में विराजमान भगवान महावीर को देखा); यावत् नाट्यविधि दिखलाकर जिस दिशा से आया था, उसी दिशा में वापस चला गया।

2. During that period of time Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, sitting on his throne called Chamar and surrounded by sixty four

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Samanik Devs (gods of equal status) in his *Sudharma Sabha* (main assembly) in his capital city Chamarchancha (saw Bhagavan Mahavir stationed in Rajagriha)... and so on up to... after displaying his dances he went away in the direction from which he came.

असुरकुमार देवों का स्थान PLACE OF ASUR KUMAR DEVS

३. [प्र. १] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–अत्थि णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र. २] एवं जाव अहेसत्तमाए पुढवीए, सोहम्मस्स कप्पस्स अहे जाव अत्थि णं भंते ! ईसिपब्भाराए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

३. [प्र. १] 'हे भगवन् !' यो कहकर भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमस्कार किया। वन्दन–नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–'भगवन् ! क्या असुरकुमार देव इस रत्नप्रभापृथ्वी के नीचे रहते हैं ?'

[उ.] हे गौतम ! यह अर्थ (बात) समर्थ (शक्य) नहीं है।

[प्र. २] इसी प्रकार यावत् सप्तम (तमस्तमःप्रभा) पृथ्वी के नीचे भी वे (असुरकुमार देव) नहीं रहते; और न सौधर्मकल्प देवलोक के नीचे यावत् अन्य सभी कल्पों (देवलोकों) के नीचे वे नहीं रहते हैं। (तब फिर प्रश्न होता है–) भगवन् ! क्या वे असुरकुमार देव ईषत्प्राग्भारा (सिद्धशिला) पृथ्वी के नीचे रहते हैं ?

[उ.] (हे गौतम !) यह अर्थ भी समर्थ (शक्य) नहीं है।

3. [Q. 1] *"Bhante* !" Addressing thus Bhagavan Gautam paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir. Having paid homage and obeisance he asked—*Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* live beneath this Ratnaprabha *Prithvi* (first hell) ?

[Ans.] Gautam ! That is not correct.

[Q. 2] *Bhante* ! In the same way (when)... and so on up to... they do not live beneath the seventh hell (Tamastamahprabha *Prithvi*) and neither do they live beneath Saudharm Kalp (divine realm)... and so on up to... beneath all other divine realms; (a question arises) *Bhante* ! Do those *Asur Kumar Devs* live beneath Ishatpragbhara *Prithvi* (the abode of *Siddhas*) ?

[Ans.] Gautam ! That too is not correct.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. [प्र.] से कहिं खाइं णं भंते ! असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तरजोयणसतसहस्सबाहल्लाए, एवं असुरकुमारदेववत्तव्वया जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति।

४. [प्र.] भगवन् ! तब ऐसा कौन-सा स्थान है, जहाँ असुरकुमार देव निवास करते हैं ?

[उ.] गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बीच में (असुरकुमार देव रहते हैं।) यहाँ असुरकुमार सम्बन्धी समस्त वक्तव्यता कहनी चाहिए; यावत् वे दिव्य भोगों का उपभोग करते हुए आनन्दपूर्वक जीवनयापन करते हैं।

4. [Q.] *Bhante* ! Then which is the place where *Asur Kumar Devs* live ?

[Ans.] Gautam ! In the middle of this one hundred eighty thousand *Yojan* thick Ratnaprabha *Prithvi* (live *Asur Kumar Devs*). Here all details about *Asur Kumar Devs* should be repeated... and so on up to... they spend their time enjoying divine pleasures.

विवेचन : प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार रत्नप्रभा का पृथ्वी-पिण्ड एक लाख अस्सी हजार योजन का है। उसमें से ऊपर एक हजार योजन और नीचे के एक हजार योजन छोड़कर, बीच में एक लाख अठहत्तर हजार योजन के भाग में असुरकुमार देवों के ३४ लाख भवनावास हैं। *(चित्र देखो)*

Elaboration—According to *Prajnapana Sutra* the depth of Ratnaprabha *Prithvi* is one hundred eighty thousand *Yojans*. Leaving one thousand *Yojans* from top as well as bottom there are 3.4 million abodes (*bhavanavaas*) of *Bhavan-vaasi Devs* in the remaining 1,78,000 *Yojans*. *(see illustration)*

असुरकुमारों की गति-विषयक प्रश्न MOVEMENT OF ASUR KUMAR DEVS

५. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं अहे गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] हंता, अत्थि।

५. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवों का अधोगमन-विषयक (सामर्थ्य) है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (उनमें अपने स्थान से नीचे जाने का सामर्थ्य) है।

5. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go downward (from their abodes) ?

[Ans.] Gautam ! They have (the capacity to go downward from their abodes).

६. [प्र.] केवइयं ए च णं भंते ! पभू ते असुरकुमाराणं देवाणं अहेगतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जाव अहेसत्तमाए पुढवीए, तच्चं पुण पुढविं गता य गमिस्संति य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देवों का (अपने स्थान से) अधोगमन-विषयक सामर्थ्य कितना (कहाँ तक) है ?

[उ.] गौतम ! सप्तम पृथ्वी तक नीचे जाने की शक्ति उनमें है। (किन्तु वे वहाँ तक कभी गये नहीं, जाते नहीं और जायेंगे भी नहीं) वे तीसरी पृथ्वी (बालुकाप्रभा) तक गये हैं, जाते हैं और जायेंगे।

6. [Q.] *Bhante* ! How far below (their abodes) they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to the seventh hell; (but they have never gone that far, neither they go that far and nor will they ever go that far); they have gone, go and will go only as far as the third *prithvi* (Balukaprabha).

७. [प्र.] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! पुव्ववेरियस्स वा वेदणउदीरणयाए, पुव्वसंगतियस्स वा वेदणउवसामणयाए। एवं खलु असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य।

७. [प्र.] भगवन् ! किस प्रयोजन (या कारण) से असुरकुमार देव तीसरी पृथ्वी तक गये हैं, (जाते हैं) और भविष्य में जायेंगे ?

[उ.] हे गौतम ! अपने पूर्व शत्रु को (पूर्व वैर के कारण)-दुःख देने अथवा अपने पूर्व साथी (मित्रजन के स्नेहवश) की वेदना का उपशमन करके (दुःख-निवारण) के लिए असुरकुमार देव तृतीय पृथ्वी तक गये हैं, (जाते हैं) और जायेंगे।

7. [Q.] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone, go and will go up to the third *prithvi* (hell) ?

[Ans.] Gautam ! *Asur Kumar Devs* have gone, go and will go up to the third *prithvi* (hell) in order to torment their former foes (out of past animosity) or to pacify the pain (remove suffering) of their former friends (out of love).

८. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणां देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] हंता, अत्थि।

८. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवों में तिर्यक् (तिरछे) गमन करने का (सामर्थ्य) है।

[उ.] हाँ, गौतम ! है।

8. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go in transverse (*tiryak*) direction ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have (the capacity to go in transverse direction).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. [प्र.] केवतियं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जाव असंखेज्जा दीव–समुद्दा, नंदिस्सरवरं पुण दीवं गता य, गमिस्संति य।

९. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देवों में तिरछा जाने की कितनी शक्ति है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमार देवों में (अपने स्थान से) असंख्येय द्वीप–समुद्रों तक जाने की सामर्थ्य है। किन्तु वे नन्दीश्वर द्वीप तक गये हैं और भविष्य में जायेंगे।

9. [Q.] *Bhante* ! How far in the transverse (*tiryak*) direction they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to innumerable continents and seas (from their abodes); but they have gone and will go only as far as Nandishvar Dveep (continent).

१०. [प्र.] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा नंदीसरवरदीवं गया य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! जे इमे अरिहंता भगवंता एतेसिं णं जम्मण–महेसु वा निक्खमण–महेसु वा णाणुप्पत्ति–महिमासु वा परिनिव्वाण–महिमासु वा एवं खलु असुरकुमारा देवा नंदीसरवरं दीवं गता य, गमिस्संति य।

१०. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देव, नन्दीश्वरद्वीप तक किस प्रयोजन से गए हैं और जायेंगे ?

[उ.] गौतम ! अरिहंत भगवान (तीर्थंकर) के जन्म–महोत्सव में, निष्क्रमण महोत्सव में, ज्ञानोत्पत्ति (केवलज्ञान उत्पन्न) होने पर, महिमा (उत्सव) करने, तथा परिनिर्वाण (मोक्षगमन) पर महिमा करने के लिए असुरकुमार देव नन्दीश्वरद्वीप तक गये हैं, जाते हैं और जायेंगे।

10. [Q.] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Nandishvar Dveep ?

[Ans.] Gautam ! *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Nandishvar Dveep in order to participate in the ceremonies on the occasion of birth of *Arihant Bhagavan* (*Tirthankars*) and on the occasion of their renunciation as also to pay tributes to them on attaining omniscience and on attaining liberation (*parinirvana*).

११. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गतिविसए ?

[उ.] हंता, अत्थि।

११. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवों में (अपने स्थान से) ऊपर जाने को सामर्थ्य है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! है।

11. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go in upward direction ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have (the capacity to go in upward direction).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. [प्र.] केवतियं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गतिविसए ?

[उ.] गोयमा ! जाव अच्चुए कप्पे। सोहम्मं पुण कप्पं गता य, गमिस्संति य।

१२. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमारदेव अपने स्थान से कितने ऊँचे जा सकते हैं ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारदेव अपने स्थान से यावत् अच्युतकल्प (बारहवें देवलोक) तक ऊपर जाने में समर्थ हैं। अपितु वे सौधर्मकल्प तक गये हैं, (जाते हैं) और जायेंगे।

12. [Q.] *Bhante* ! How far in the upward direction they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to Achyut Kalp (the twelfth heaven); but they have gone and will go only as far as Saudharma Kalp.

१३. [प्र. १] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! तेसि णं देवाणं भवपच्चइयवेराणुबंधे। ते णं देवा विकुव्वेमाणा, परियारेमाणा वा आयरक्खे देवे वित्तासेंति। अहालहुस्सगाइं रयणाइं गहाय आयाए एगंतमंतं अवक्कमंति।

[प्र. २] अत्थि णं भंते ! तेसिं देवाणं अहालहुस्सगाइं रयणाइं ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. ३] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] तओ से पच्छा कायं पव्वहंति।

१३. [प्र. १] भगवन् ! असुरकुमार देव किस प्रयोजन से सौधर्मकल्प तक गये हैं, (जाते हैं) और जायेंगे ?

[उ.] हे गौतम ! उन (असुरकुमार) देवों का वैमानिक देवों के साथ भवप्रत्ययिक (जन्मजात) वैरानुबन्ध होता है। इस कारण वे देव क्रोधवश वैक्रिय-शक्ति द्वारा विशाल, विकराल रूप बनाते हैं। परकीय देवियों के साथ (परिचार) मैथुन क्रीड़ा करना चाहते हैं, (इन्द्र के) आत्मरक्षक देवों को त्रास (भयभीत करने) देने जाते हैं, तथा छोटे-मोटे रत्नों को चुराकर स्वयं एकान्त स्थान में चले (छुप) जाते हैं।

[प्र. २] भगवन् ! क्या उन (वैमानिक) देवों के पास यथोचित छोटे-मोटे रत्न होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! होते हैं।

[प्र. ३] भगवन् ! जब वे (असुरकुमार देव) वैमानिक देवों के यथोचित रत्न चुराकर भाग जाते हैं, तब वैमानिक देव उनका क्या करते हैं ?

[उ.] तत्पश्चात् वैमानिक देव उनके शरीर को अत्यन्त व्यथा (पीड़ा) पहुँचाते हैं।

13. [Q. 1] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Saudharma Kalp ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! These (*Asur Kumar*) gods have inborn or traditional animosity with *Vaimanik* gods. For that reason these gods, out of anger, employing their power of transmutation (*vaikriya shakti*) create gigantic fearsome forms. Then they go to have sexual enjoyment with consorts of *Vaimanik* gods and to terrorize the guard-gods (of the *Indra*). They steal ordinary gems and elope to forlorn places.

[Q. 2] *Bhante* ! Do those (*Vaimanik*) gods posses enough ordinary gems ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They do.

[Q. 3] *Bhante* ! When those (*Asur Kumar*) gods run away after stealing those gems from *Vaimanik* gods, how do they react ?

[Ans.] The *Vaimanik* gods cause them extreme physical pain.

[प्र. ४] पभू णं भंते ! ते असुरकुमारा देवा तत्थगया चेव समाणा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे। ते णं तओ पडिनियत्तंति, तओ पडिनियत्तिता इहमागच्छंति, आगच्छित्ता जइ णं ताओ अच्छराओ आढायंति परियाणंति, पभू णं ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए। अह णं ताओ अच्छराओ नो आढायंति नो परियाणंति णो णं पभू ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए। एवं खलु गोयमा ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य।

[प्र. ४] भगवन् ! क्या सौधर्मकल्प में गये हुए वे असुरकुमार देव उन (देवलोक की) अप्सराओं के साथ दिव्य भोग भोगने में समर्थ हैं ?

[उ.] (गौतम !) ऐसा करने में वे समर्थ नहीं। वे (असुरकुमार देव) वहाँ से वापस लौट जाते हैं। वहाँ से लौटकर वे अपने स्थान में आते हैं। यदि वे (वैमानिक) अप्सराएँ उनका (असुरकुमार देवों का) आदर करें, उन्हें स्वामी-रूप में स्वीकारें तो, वे असुरकुमार देव उन अप्सराओं के साथ दिव्य भोग भोग सकते हैं-यदि वे अप्सराएँ उनका आदर न करें, उनको स्वामी-रूप में स्वीकार न करें तो, असुरकुमार देव उन अप्सराओं के साथ दिव्य एवं भोग्य भोगों को नहीं भोग सकते। गौतम ! इस कारण से असुरकुमार देव सौधर्मकल्प तक गये हैं और जायेंगे।

[Q. 4] *Bhante* ! Are the *Asur Kumar* gods reaching Saudharma Kalp capable of enjoying divine pleasures with the goddesses of that divine realm ?

[Ans.] (Gautam !) They are not capable of doing so. They (*Asur Kumar* gods) return from there and come to their own abodes. In case those goddesses (*Vaimanik*) like them (*Asur Kumar* gods) and accept them as their mates, only then those *Asur Kumar* gods can enjoy divine

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

pleasures with those goddesses. However, in case those goddesses (*Vaimanik*) do not like them (*Asur Kumar* gods) and do not accept them as their mates, then those *Asur Kumar* gods cannot enjoy divine pleasures with those goddesses. Gautam ! For that reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Saudharma Kalp ?

विवेचन : (सूत्र १३ में) यहाँ सौधर्मकल्प तक जाने के तीन कारण बताये हैं–(१) भव प्रत्ययिक वैर, (२) दूसरे देवों की देवियों के साथ भोग भोगने की इच्छा, और (३) सौधर्मकल्प के छोटे–मोटे रत्नों को चुराने की लालसा। जो आत्मरक्षक देव शस्त्र लिए सदा इन्द्र के पीछे खड़े रहते हैं, उन्हें विचित्र रूप बनाकर संत्रस्त करने के लिए भी असुरदेव सौधर्मकल्प में जाते हैं। आगे इसी शतक के सूत्र ४४ में चमरेन्द्र का सौधर्मकल्प में जाने का एक हेतु और बताया है–वहाँ के शक्रेन्द्र को अपनी दिव्य देव–ऋद्धि दिखाने के लिए तथा उनकी दिव्य देव–ऋद्धि देखने के लिए। अर्थात् दिव्य ऋद्धि का दर्शन और प्रदर्शन भी सौधर्मकल्प में जाने का एक हेतु होता है।

Elaboration—(aphorism-13) Here three main reasons for *Asur Kumar* gods going to Saudharm Kalp have been mentioned—(1) inborn animosity, (2) desire of enjoying divine pleasures with consorts of other gods, and (3) longing to steal ordinary gems from Saudharm Kalp. They also go to Saudharma Kalp to frighten the guard-gods who stand equipped with weapons behind *Indra*, by creating bizarre forms. In aphorism-44 of this chapter an additional reason for Chamarendra's visit to Saudharma Kalp is mentioned—For showing his divine opulence to Shakrendra and witnessing Shakrendra's divine opulence. This means that display and witnessing of divine opulence is also one reason for a visit to Saudharma Kalp.

१४. [प्र.] केवइयकालस्स णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य।

[उ.] गोयमा ! असंखाहिं ओसप्पिणीहिं असंखाहिं उस्सप्पिणीहिं समतिक्कंताहि, अत्थि णं एस भावे लोयच्छेरयभूए समुप्पज्जइ, जं णं असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१४. [प्र.] भगवन् ! कितने काल में (कितना समय व्यतीत होने पर) असुरकुमार देव ऊर्ध्वगमन करते हैं तथा सौधर्मकल्प तक ऊपर गये हैं, जाते हैं और जायेंगे ?

[उ.] गौतम ! अनन्त उत्सर्पिणी काल और अनन्त अवसर्पिणी काल व्यतीत होने के पश्चात् लोक में आश्चर्यजनक यह प्रसंग आता है कि असुरकुमार देव ऊर्ध्वगमन करते हैं तथा सौधर्मकल्प तक ऊपर गये हैं, जाते हैं और जायेंगे ?

14. [Q.] *Bhante* ! After how much time *Asur Kumar Devs* did, do and will move upwards and go up to Saudharma Kalp ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**Ans.**] Gautam ! After a lapse of infinite *Utsarpini* (progressive cycle of time) and *Avasarpini* (regressive cycle of time) such occasion comes in *Lok* when *Asur Kumar Devs* did, do and will move upwards and go up to Saudharma Kalp.

१५. [प्र.] किं निस्साए णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए इह सबरा इ वा, बब्बरा इ वा, टंकणा इ वा, चुच्चुया इ वा, पल्हया इ वा, पुलिंदा इ वा, एगं महं रण्णं वा, गड्डं वा, खड्डं वा, दुग्गं वा, दरिं वा, विसमं वा, पव्वयं वा, णीसाए सुमहल्लमवि आसबलं वा हत्थिबलं वा जोहबलं वा धणुबलं वा आगलेंति, एवामेव असुरकुमारा वि देवा, णऽन्नत्थ अरिहंते वा, अरिहंतचेइयाणि वा, अणगारे वा भावियप्पणो निस्साए उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१५. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देव किसका आश्रय (निश्रा) लेकर सौधर्मकल्प में ऊपर तक जाते हैं ?

[उ.] हे गौतम ! जिस प्रकार यहाँ (इस मनुष्यलोक में) शबर, बर्बर, टंकण (जातीय म्लेच्छ) या चुचुक (अथवा भुत्तुय), मल्हव अथवा पुलिन्द जाति के लोग किसी बड़े अरण्य (जंगल) का, गड्ढे का, खाई का, दुर्ग (किले) का, गुफा का, किसी विषम (ऊबड़-खाबड़ प्रदेश या बीहड़ वृक्षों से सघन) स्थान का, अथवा पर्वत का आश्रय लेकर एक महान् एवं व्यवस्थित अश्व सेना को, गज सेना को, पैदल (पदाति) सेना को, अथवा धनुर्धारियों की सेना को आकुल-व्याकुल करके जीत लेते हैं; इसी प्रकार असुरकुमार देव भी एकमात्र अरिहन्तों का या अरिहन्तदेव के चैत्यों का, अथवा भावितात्मा अनगारों का आश्रय (निश्रा) लेकर ऊर्ध्वगमन करते हैं, यावत् सौधर्मकल्प तक ऊपर जाते हैं।

15. [Q.] *Bhante* ! With what support do *Asur Kumar Devs* go upward... and so on up to... Saudharma Kalp ?

[Ans.] Just as here (in the world of men) people of the Shabar, Barbar, Tankan, Chuchuk (or Bhuttuya), Malhava or Pulind tribes harass, unsettle and defeat a large and organized army of cavalry, elephant-battalion, infantry or archers drawing support from some large forest, a ditch, a gorge, a fort, a cave, difficult terrain (including a dense grove), or a hill; in the same way *Asur Kumar Devs* drawing support of *Arihants* or *Chaitya* of *Arihants* or sagacious ascetics (*bhavitatma anagar*) go upwards... and so on up to... Saudharma Kalp.

१६. [प्र.] सव्वे वि णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, महिड्ढिया णं असुरकुमार देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१६. [प्र.] भगवन् ! क्या सभी असुरकुमार देव सौधर्मकल्प तक ऊपर जाते हैं ?

[उ.] गोयमा ! जल्लेसाइं दव्वाइं परियाइत्ता कालं करेइ तल्लेसेसु उववज्जइ, तं जहा—तेउलेस्सेसु।

११. [प्र.] भगवन् ! जो (मरणोन्मुख) जीव, नैरयिकों में उत्पन्न होने वाला है, वह कौन-सी लेश्या वालों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है, उसी लेश्या वाले नारकों में उत्पन्न होता है। यथा—कृष्णलेश्या वालों में, नीललेश्या वालों में, अथवा कापोतलेश्या वालों में। इस प्रकार जो जिसकी लेश्या हो, उसकी वह लेश्या कहनी चाहिए।

१२. [प्र.] भगवन् ! जो जीव ज्योतिष्कों में उत्पन्न होने वाला है, वह किन लेश्याओं में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके जीव काल करता है, वैसी लेश्या वालों में वह उत्पन्न होता है। जैसे—तेजोलेश्या वालों में।

11. [Q.] *Bhante* ! In which *leshya* (soul complexion) group is born a being (about to die) destined to be born among infernal beings ?

[Ans.] Gautam ! It is born among the same *leshya* (soul complexion) group of infernal beings as the *leshya* (hue) of the matter particles (*karmas*) he acquires at the time of death. For example—among those with *Krishnaleshya*, *Neel-leshya* or *Kapot-leshya*. This way the *leshya* specific to each should be stated.

12. [Q.] *Bhante* ! In which *leshya* (soul complexion) group is born a being (about to die) destined to be born among *Jyotishks* (Stellar gods) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! It is born among the same *leshya* (soul complexion) group of *Jyotishks* (Stellar gods) as the *leshya* (hue) of the matter particles (*karmas*) he acquires at the time of death. For example—among those with *Tejoleshya*.

१३. [प्र.] जीवे णं भंते ! जे भविए वेमाणिएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! किंलेस्सेसु उववज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! जल्लेसाइं दव्वाइं परियाइत्ता कालं करेइ तल्लेसेसु उववज्जइ, तं जहा—तेउलेस्सेसु वा पम्हलेसेसु वा सुक्कलेसेसु वा।

१३. [प्र.] भगवन् ! जो जीव वैमानिक देवों में उत्पन्न होने वाला है, वह किस लेश्या वालों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके जीव काल करता है, उसी लेश्या वालों में वह उत्पन्न होता है। जैसे—तेजोलेश्या, पद्मलेश्या अथवा शुक्ललेश्या वालों में।

13. [Q.] *Bhante* ! In which *leshya* (soul complexion) group is born a being (about to die) destined to be born among *Vaimanik Devs* (Vehicular gods) ?

[Ans.] Gautam ! It is born among the same *leshya* (soul complexion) group of *Vaimanik Devs* (Vehicular gods) as the *leshya* (hue) of the matter particles (*karmas*) he acquires at the time of death. For example—among those with *Tejoleshya, Padmaleshya* or *Shuklaleshya*.

विवेचन : जैनदर्शन का एक निश्चित एवं अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है कि अन्तिम समय में जिस लेश्या में जीव मरता है, अर्थात् अन्तिम समय में जिस प्रकार के परिणाम, मनोभाव होते हैं, वह मरकर उसी लेश्या वाले जीवों में उत्पन्न होता है। इसी दृष्टिकोण को लेकर शास्त्रकार ने इसी सिद्धान्त वाक्य को पुनः-पुनः दोहराया है—**'जल्लेसाइं दव्वाइं परिआइत्ता कालं करेइ, तल्लेसेसु उववज्जइ।'** इसी सिद्धान्त को लोक भाषा में 'जैसी मति वैसी गति' कहा जाता है।

यहाँ विशेष बात ध्यान देने की है कि—जो देहधारी मरणोन्मुख है, उसका मरण बिल्कुल अन्तिम उसी लेश्या में हो सकता है, जिस लेश्या के साथ उसका सम्बन्ध कम से कम अन्तर्मुहूर्त्त तक रहा हो। इसका अर्थ है—कोई भी मरणोन्मुख प्राणी लेश्या के साथ सम्पर्क के प्रथम पल में ही मर नहीं सकता, अपितु जब इसकी कोई अमुक लेश्या निश्चित हो जाती है, तभी वह अपने पुराने शरीर को छोड़कर नया शरीर धारण करने जा सकता है और लेश्या के निश्चित होने में कम से कम अन्तर्मुहूर्त लगता है। अर्थात् लेश्याओं के परिणाम को अन्तर्मुहूर्त्त बीत जाने पर और अन्तर्मुहूर्त्त शेष रहने पर जीव परलोक में जाते हैं।' उदाहरण रूप—ज्योतिष्क देवों में तेजोलेश्या है। जिस जीव ने ज्योतिष्क देव का आयुष्य बन्ध किया है, वह मृत्यु के अन्तिम समय में तेजोलेश्या के द्रव्यों को ग्रहण कर उसके भाव में परिणत होकर मरेगा और मृत्यु के पश्चात् ज्योतिष्क देव रूप में उत्पन्न होगा। उपर्युक्त तथ्य मनुष्यों और तिर्यंचों के लिए समझना चाहिए, क्योंकि उनकी लेश्याएँ बदलती रहती हैं। देवों और नारकों की लेश्या जीवनपर्यन्त बदलती नहीं, वह एक-सी रहती है। अतः कोई भी देव या नारक अपनी लेश्या का अन्त आने में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर्मुहूर्त्त शेष रहता है, तभी वह काल करता है, उससे पहले नहीं। (वृत्ति, पत्रांक १८८) आचार्य मलयगिरि ने प्रज्ञापनासूत्र की वृत्ति में लिखा है–लेश्या के परमाणु जीव में उद्भूत हुए कषाय को उत्तेजित या मन्द करते हैं। (प्रज्ञापना, पद १७, वृत्ति) मरण विज्ञान की दृष्टि से यह सिद्धान्त बड़ा मननीय है।

Elaboration—One of the irrevocable and important principles of Jainism is that a being is reborn among a group or genus having the same *leshya* that he had at the last moment of his life. In other words, as his attitude and thoughts were at the moment of death so is his destiny. With this view the author has often repeated this principle. The same principle in common parlance is 'as you sow, so you will reap'.

Special attention should be given to an important part of this principle—a living being about to die can only die in a particular *leshya* which has influenced him at least for one *Antarmuhurt*. This means that a living being cannot die in the first moment of his contact with a specific *leshya*. He abandons his existing body and acquires a new body only when he has been fixed in some particular *leshya*. This process of fixation essentially takes one *Antarmuhurt* to conclude. This means that a living being reincarnates when at least one *Antarmuhurt* has passed since his entry into a *leshya* and at least one *Antarmuhurt* is left in conclusion of its predetermined duration. For example, the Stellar gods have *Tejoleshya*. A soul that has acquired *karmas* responsible for rebirth among Stellar gods will acquire particles of *Tejoleshya* at the last moment of his life and will die when he is fixed in that *leshya*, to reincarnate as a Stellar god. The aforesaid principle is applicable only to animals and human beings because only in them the *leshyas* change. In infernal and divine beings *leshya* does not change throughout life. Therefore a divine being or an infernal being dies only when one *Antarmuhurt* remains in the end of his *leshya*, not before that (*Vritti*, leaf 188). Acharya Malayagiri has stated in his *Vritti* of *Prajnapana Sutra*—The ultimate-particles of *leshya* add to or reduce the intensity of passions (*Prajnapana*, Pad-17, *Vritti*). This principle is worth exploration from the angle of post-death studies.

अनगार की विकुर्वणा शक्ति POWER OF TRANSMUTATION OF AN ASCETIC

१४. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू वेभारं पव्वयं उल्लंघेत्तए वा पलंघेत्तए वा ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. [प्र.] भगवन् ! क्या भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्गलों को ग्रहण किये बिना वैभारगिरि को एक बार या बार-बार उल्लंघ (लाँघ) सकता है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

14. [Q.] Is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of flying over Vaibhargiri mountain once or repeatedly without acquiring outside matter particles ?

[Ans.] Gautam ! That is not correct.

१५. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभु वेभारं पव्वयं उल्लंघेत्तए वा पलंघेत्तए वा ?

[उ.] हंता, पभू।

१५. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके क्या वैभारगिरि का उल्लंघन या प्रलंघन करने में समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वैसा करने में समर्थ है।

15. [Q.] Is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of flying over Vaibhargiri mountain once or repeatedly by acquiring outside matter particles ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He is capable of doing that.

१६. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता जावइयाइं रायगिहे नगरे रूवाइं एवइयाइं विकुब्बित्ता वेभारं पव्वयं अंतो अणुप्पविसित्ता पभू समं वा विसमं करेत्तए, विसमं वा समं करेत्ताए ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

१७. एवं चेव बितिओ वि आलावगो; णवरं परियाइत्ता पभू।

१६. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्गलों को ग्रहण किये बिना राजगृह नगर में जितने भी (पशु पुरुषादि) रूप हैं, उतने रूपों की विकुर्वणा करके तथा वैभार पर्वत में प्रवेश करके क्या सम पर्वत को विषम कर सकता है ? अथवा विषम पर्वत को सम कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! भावितात्मा अनगार वैसा नहीं कर सकता।

१७. इसी तरह दूसरा आलापक (सूत्र १६) भी कहना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि वह (भावितात्मा अनगार) बाहर के पुद्गलों को ग्रहण करके पूर्वोक्त प्रकार से (रूपों की विकुर्वणा आदि) करने में समर्थ है।

16. [Q.] Without acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of transmuting (*vikurvana*) into

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

various forms (human and animal) existing in Rajagriha, and also entering Vaibhar mountain to turn its plain terrain into difficult and vice versa ?

[Ans.] Gautam ! That is not correct.

17. In the same way the second statement (aphorism-16) should be repeated with the change that by acquiring outside matter particles, a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of transmuting (*vikurvana*) into various forms.

विवेचन : इन सूत्रों का सार यह है कि वैक्रिय–(बाह्य) पुद्गलों के ग्रहण किये बिना वैक्रियशरीर की रचना हो नहीं सकती, और वैक्रियशरीर के बिना पर्वत को लाँघना तथा विविध रूपों की विकुर्वणा कर नहीं सकता।

Elaboration—The gist of these aphorisms is that without acquiring outside matter particles a transmuted body cannot be created and without a transmuted body neither a mountain can be crossed flying over nor various forms can be created.

प्रमादी मनुष्य विकुर्वणा करते हैं TRANSFORMATION BY MALIGNED PERSON

१८. [प्र. १] से भंते ! किं मायी विकुव्वति, अमायी विकुव्वइ ?

[उ.] गोयमा ! मायी विकुव्वइ, नो अमायी विकुव्वति।

१८. [प्र. १] भगवन् ! क्या मायी (प्रमाद या कषाययुक्त) मनुष्य विकुर्वणा करता है, अथवा अमायी (अप्रमत्त–कषायहीन) मनुष्य विकुर्वणा करता है ?

[उ.] गौतम ! मायी मनुष्य विकुर्वणा करता है, अमायी मनुष्य विकुर्वणा नहीं करता।

18. [Q. 1] *Bhante* ! Does a maligned (*maayi*; this includes spiritually torpid and passion-infested) person do transformation ? Or does a non-maligned (*amaayi*; this includes spiritually alert and passion-free) person do transformation ?

[Ans.] Gautam ! A maligned person does transformation, a non-maligned person does not do transformation.

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव नो अमायी विकुव्वइ ?

[उ.] गोयमा ! मायी णं पणीयं पाण–भोयणं भोच्चा भोच्चा वामेति, तस्स णं तेणं पणीएणं पाण–भोयणेणं अट्ठि–अट्ठिमिंजा बहली भवंति, पयणुए मंस–सोणिए भवति, जे वि य से अहाबादरा पोग्गला ते वि य से परिणमंति, तं जहा–सोइंदियत्ताए जाव फासिंदियत्ताए, अट्ठि–अट्ठिमिंज–केस–मंसु–रोम–नहत्ताए सुक्कत्ताए सोणियत्ताए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अमायी णं लूहं पाण–भोयणं भोच्चा भोच्चा णो वामेइ, तस्स णं तेणं लूहेणं पाण–भोयणेणं अट्ठि–अट्ठिमिंजा पयणूभवंति, बहले मंस–सोणिए, जे वि य से अहाबादरा पोग्गला ते वि य से परिणमंति; तं जहा–उच्चारत्ताए पासवणत्ताए जाव सोणियत्ताए। से तेणट्ठे णं जाव नो अमायी विकुव्वइ।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि मायी अनगार विकुर्वणा करता है, अमायी विकुर्वणा नहीं करता ?

[उ.] गौतम ! मायी (प्रमत्त) अनगार प्रणीत–(घृतादि रस से सरस–स्निग्ध) पान और भोजन करता है। इस प्रकार बार–बार प्रणीत पान–भोजन करके वह वमन करता है। उस प्रणीत पान–भोजन से उसकी हड्डियाँ और हड्डियों में रही हुई मज्जा सघन (ठोस) हो जाती है; उसका रक्त और माँस प्रतनु (पतला–) हो जाता है। उस भोजन के जो यथाबादर–(यथोचित स्थूल) पुद्गल होते हैं, उनका उस–उस रूप में परिणमन होता है। यथा–श्रोत्रेन्द्रिय रूप में यावत् स्पर्शेन्द्रिय रूप में तथा हड्डियों, हड्डियों की मज्जा, केश, श्मश्रु (दाढ़ी–मूँछ), रोम, नख, वीर्य और रक्त के रूप में वे परिणत होते हैं।

अमायी (अप्रमत्त कषायरहित) मनुष्य तो रूक्ष (रूखा–सूखा) पान–भोजन का सेवन करता है और ऐसे रूक्ष पान–भोजन का उपभोग करके वह वमन नहीं करता। उस रूक्ष पान–भोजन (के सेवन) से उसकी हड्डियाँ तथा हड्डियों की मज्जा प्रतनु (पतली–) होती है और उसका माँस और रक्त गाढ़ा (सघन) हो जाता है। उस पान–भोजन के जो यथाबादर पुद्गल होते हैं, उनका परिणमन उस–उस रूप में होता है। यथा–उच्चार (मल), प्रस्रवण (मूत्र), यावत् रक्त आदि रूप में (उनका परिणमन हो जाता है।) अतः इस कारण से अमायी मनुष्य, विकुर्वणा नहीं करता। निष्कर्ष यह है कि कषाययुक्त प्रमादी मनुष्य ही विकुर्वणा करता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why it is said that a maligned person does transformation, a non-maligned person does not do transformation ?

[Ans.] Gautam ! A maligned ascetic consumes rich food and drinks. He consumes rich food again and again and also vomits it. With that rich food his bones and marrow become thick but his blood and flesh become thin. The gross particles of that food are transformed into various forms including sense organs of hearing... and so on up to... touch, bone, marrow, hair, facial hair, body hair, nails, semen and blood.

A non-maligned ascetic consumes blend and dry food and drinks. Eating such blend food, he does not vomit it. With that blend food his bones and marrow become thin but his blood and flesh become thick. The gross particles of that food are transformed into various forms including stool, urine... and so on up to... blood. For this reason it is said that a non-maligned person does not do transformation but a making need person does.

[३] मायी णं तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालं करेइ नत्थि तस्स आराहणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[४] अमायी णं तस्स ठाणस्स आलोइयपडिक्कंते कालं करेइ अत्थि तस्स आराहणा।

'सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति'।

॥ तइए सए : चउत्थो उद्देसो समत्तो ॥

[३] मायी मनुष्य उस स्थान (अपने द्वारा किये गये वैक्रिय प्रयोग) की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना (यदि) मृत्यु को प्राप्त करता है, तो उसके आराधना नहीं होती।

[४] (किन्तु पूर्व मायी जीवन में अपने द्वारा किये गये वैक्रियकरणरूप) उस (विराधना)-स्थान के विषय में पश्चात्ताप (आत्मनिन्दा) करके अमायी (बना हुआ) मनुष्य (यदि) आलोचना और प्रतिक्रमण करके काल करता है, तो उसके आराधना होती है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करते हैं।

॥ तृतीय शतक : चतुर्थ उद्देशक समाप्त ॥

[3] If a maligned person dies without critical review and atonement for that deed (the act of transmutation), his spiritual practice remains non-accomplished.

[4] However if a person has become non-maligned by repenting for that deed (the act of transmutation done while he was maligned) and dies after doing critical review and atonement, his spiritual practice gets accomplished.

"Bhante ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

● **END OF THE FOURTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : पंचम उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : FIFTH LESSON

अनगार विकुर्वणा ANAGAR VIKURVANA (TRANSMUTATION BY ASCETIC)

अनगार की विकुर्वणा शक्ति POWER OF TRANSMUTATION OF ASCETIC

१. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू एगं महं इत्थिरूवं वा जाव संदमाणियरूवं वा विकुव्वित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

२. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू एगं महं इत्थिरूवं वा जाव संदमाणियरूवं वा विकुव्वित्तए ?

[उ.] हंता पभू।

१. [प्र.] भगवन् ! क्या भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्गलों को ग्रहण किये बिना एक बड़े स्त्रीरूप यावत् स्यन्दमानिका (डोली) रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

[उ.] हे गौतम ! वह ऐसा नहीं कर सकता।

२. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्गलों को ग्रहण करके क्या एक बड़े स्त्रीरूप की यावत् स्यन्दमानिका रूप की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वैसा कर सकता है।

1. [Q.] *Bhante* ! Without acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of creating by transmutation (*vikurvana*) a giant woman... and so on up to... *syandamanika* (large palanquin) ?

[Ans.] Gautam ! He is not capable of doing so.

२. [Q.] *Bhante* ! By acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of creating by transmutation (*vikurvana*) a giant woman... and so on up to... *syandamanika* (large palanquin) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He is capable of doing so.

३. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू इत्थिरूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए जुवई जुवाणे हत्थेणं हत्थंसि गेण्हेज्जा, चक्कस्स वा नाभी अरगाउत्ता सिया एवामेव अणगारे वि भावियप्पा वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ जाव पभू णं गोयमा ! अणगारे णं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावियप्पा केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं बहूहिं इत्थीरूवेहिं आइण्णं वितिकिण्णं। जाव एस णं गोयमा ! अणगारस्स भावियप्पणो अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते बुइए, नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा विउव्वति वा विउव्विस्सति वा। एवं परिवाडीए नेयव्वं जाव संदमाणिया।

३. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, कितने स्त्रीरूपों की विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई युवक, अपने हाथ से युवती के हाथ को (भय या काम की विह्वलता के समय दृढ़तापूर्वक) पकड़ लेता है, अथवा जैसे चक्र (पहिये) की धुरी (नाभि) आरों से युक्त (संलग्न) होती है, इसी प्रकार भावितात्मा अनगार भी वैक्रियसमुद्घात से समवहत होकर सम्पूर्ण जम्बूद्वीप नामक द्वीप को, बहुत-से स्त्रीरूपों से आकीर्ण (व्याप्त), व्यतिकीर्ण (विशेषरूप से परिपूर्ण रूप में) कर सकता है; यावत् (ठसाठस भर सकता है।) हे गौतम ! भावितात्मा अनगार का यह विषय (शक्ति) है, विषयमात्र है; उसने इतनी वैक्रिय शक्ति सम्प्राप्त होने पर भी कभी इतनी विक्रिया की नहीं, करता नहीं और करेगा भी नहीं। इस प्रकार परिपाटी से (क्रमशः) यावत् स्यन्दमानिका-सम्बन्धी रूपविकुर्वणा करने तक जानना चाहिए।

3. [Q.] *Bhante* ! How many such woman-forms a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! Employing the process of Vaikriya Samudghat a sagacious ascetic can pervade (*akirna*), merge (*vyatikirna*)... and so on up to... tightly pack (*gaadhavagaadh*) the whole of Jambudveep continent with numerous woman-forms, exactly like a young man tightly holding the hand of a young woman or like the spokes of a wheel tightly held by its axle. However, Gautam ! This great power of a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is theoretical. In practice, in spite of acquiring such power of transmutation, he has never performed transmutation to aforesaid extant, neither he does, nor will he do. The same statement about transmutation should be repeated in proper order up to *syandamanika* (large palanquin).

४. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे असिचम्मपायं गहाय गच्छेज्जा एवामेव अणगारे णं भावियप्पा असि-चम्मपायहत्थ-किच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पइज्जा ?

[उ.] हंता, उपइज्जा।

४. [प्र.] (भगवन् !) जैसे कोई पुरुष (किसी कार्यवश) तलवार और चर्मपात्र (ढाल अथवा म्यान) हाथ में लेकर जाता है, क्या उसी प्रकार कोई भावितात्मा अनगार भी तलवार और ढाल (अथवा म्यान) हाथ में लिए हुए किसी कार्यवश (संघ आदि के प्रयोजन से) स्वयं आकाश में ऊपर उड़ सकता है ?

[उ.] हाँ, (गौतम !) वह ऊपर उड़ सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

4. [Q.] *Bhante* ! As man goes out (on some mission) with a sword and leather shield in his hands; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission (related to the religious organization or otherwise) with a sword and leather shield in his hands ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

५. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू असि–चम्मपायहत्थ–किच्चगयाइं रूवाइं विउव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए जुवइ जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा तं चेव जाव विउव्विंसु वा ३।

५. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार कार्यवश तलवार एवं ढाल हाथ में लिए हुए पुरुष के जैसे कितने रूपों की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई युवक अपने हाथ से युवती के हाथ को (दृढ़तापूर्वक) पकड़ लेता है (श. ३/१/३ के दृष्टान्त अनुसार), वैक्रियकृत रूपों से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है। यह उसकी शक्ति मात्र है, किन्तु कभी इतने वैक्रिय रूप बनाये नहीं, बनाता नहीं और बनायेगा भी नहीं।

5. [Q.] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission and equipped with a sword and shield a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] He can tightly pack the whole of Jambudveep continent, exactly like a young man tightly holding the hand of a young woman (as the example given in 3/1/3). However, Gautam ! This power is theoretical. In practice he has never performed transmutation to aforesaid extant, neither he does, nor will he do.

६. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपडागं काउं गच्छेज्जा, एवामेव अणगारे वि भावियप्पा एगओपडागाहत्थकिच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पएज्जा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! उप्पएज्जा।

६. [प्र.] जैसे कोई पुरुष एक हाथ में ध्वजा वाली पताका लेकर चलता है, इसी प्रकार क्या भावितात्मा अनगार भी कार्यवश एक हाथ में एक पताका लेकर स्वयं ऊपर आकाश में उड़ सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह आकाश में उड़ सकता है।

6. [Q.] *Bhante* ! As man goes out (on some mission) with a flag in one of his hands; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission with a flag in one of his hands ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू एगओपडागाहत्थकिच्चगयाइं रूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] एवं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपडागं पि।

७. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, कार्यवश एक हाथ में पताका लेकर चलने वाले पुरुष के जैसे कितने रूपों की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! यहाँ सब पहले की तरह कहना चाहिए, (अर्थात् वह ऐसे वैक्रियकृत रूपों से समग्र जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है) परन्तु इतने रूपों की विकुर्वणा कभी की नहीं। [२] इसी तरह दोनों हाथों में पताका लिए हुए पुरुष के जैसे रूपों की विकुर्वणा के सम्बन्ध में कहना चाहिए।

7. [Q. 1] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission with a flag in one of his hands a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat as aforesaid. (He can tightly pack the whole of Jambudveep continent. But in practice he never performed transmutation to this extant.) **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with flags in both hands.

८. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे एगओजण्णावइयं काउं गच्छेज्जा, एवामेव अणगारे वि भावियप्पा एगओजण्णोवइयकिच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पएज्जा ?

[उ.] हंता, उप्पएज्जा।

८. [प्र.] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण करके चलता है, उसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी कार्यवश एक तरफ यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष की तरह स्वयं ऊपर आकाश में उड़ सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! उड़ सकता है।

8. [Q.] *Bhante* ! As a man goes out with a sacred thread (*yajnopaveet*) on one side; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission with a sacred thread on one side ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

९. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू एगओजण्णोवइयकिच्चगयाइं रूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओजण्णोवइयं पि।

९. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार कार्यवश एक तरफ यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष के जैसे कितने रूपों की विकुर्वणा कर सकता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार जान लेना चाहिए। (अर्थात् ऐसे वैक्रियकृत रूपों से वह सारे जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है।) [२] इसी तरह दोनों ओर यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष की तरह रूपों की विकुर्वणा करने के सम्बन्ध में भी जान लेना चाहिए।

9. [Q. 1] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission with a sacred thread on one side a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat as aforesaid. (He can tightly pack the whole of Jambudveep continent.) **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with sacred threads on both sides.

१०. [प्र. १] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपल्हत्थियं काउं चिट्ठेज्जा एवामेव अणगारे वि भावियप्पा ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपल्हत्थियं पि।

१०. [प्र. १] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ पल्हथी (सुखासन) लगाकर बैठे, इसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी (पल्हथी लगाकर बैठे हुए पुरुष के समान) रूप बनाकर स्वयं आकाश में उड़ सकता है ?

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार सब वर्णन जानना चाहिए। [२] इसी तरह दोनों तरफ पल्हथी लगाने वाले पुरुष के समान रूपविकुर्वणा के सम्बन्ध में जान लेना चाहिए।

10. [Q. 1] *Bhante* ! As a man sits with one leg folded; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) fly in the sky in the said posture (one leg folded) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat all details as aforesaid. **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with both legs folded.

११. [प्र. १] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपलियंकं काउं चिट्ठेज्जा० ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपलियंकं पि।

११. [प्र. १] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ पर्यंकासन (पद्मासन या वज्रासन) करके बैठे, उसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी उस पुरुष के समान रूप-विकुर्वणा करके आकाश में उड़ सकता है ?

[उ.] गौतम ! (इसका उत्तर भी) पहले कहे अनुसार जानना चाहिए। [२] इसी तरह दोनों तरफ पर्यंकासन करके बैठे हुए पुरुष के समान रूप-विकुर्वणा करने के सम्बन्ध में जान लेना चाहिए।

11. [Q. 1] *Bhante* ! As a man sits in one sided *Paryank* posture; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) fly in the sky in the said posture ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! Here repeat all details as aforesaid. [2] The same should be repeated for transmuting of human-forms with both sided *Paryank* posture.

अनगार के अश्वादि रूप ASCETIC TAKING FORM OF HORSE ETC.

१२. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू एगं महं आसरूवं वा हत्थिरूवं वा सीह–वग्घ–वग–दीविय–अच्छ–तरच्छ–परासररूवं वा अभिजुंजित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे, अणगारे णं एवं बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू।

१२. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्गलों को ग्रहण किये बिना एक बड़े अश्व के रूप को, हाथी के रूप को, सिंह, बाघ, भेड़िये (वृक), चीते (द्वीपिक), रीछ (भालू), छोटे तेंदुए (रक्ष) अथवा पराशर (शरभ = अष्टापद) के रूप का अभियोग करने में समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! यह बात शक्य नहीं है। (अर्थात् विद्या, मंत्र आदि के बल से ग्रहण किये हुए बाह्य पुद्गलों के बिना यह पूर्वोक्त रूपों का अभियोग नहीं कर सकता।) वह भावितात्मा अनगार बाहर के पुद्गलों को ग्रहण करके (पूर्वोक्त रूपों का अभियोग करने में) समर्थ है।

12. [Q.] *Bhante* ! Without acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of performing *abhiyoga* (entering into and manipulating some other body) and taking the following forms—a large horse, elephant, lion, tiger, wolf (*vrik*), cheetah (*dvipik*), bear, leopard (*raksh*) or a *Parashar* (an extinct species of ferocious animal) ?

[Ans.] Gautam ! It is not possible. However, that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of performing *abhiyoga* by acquiring outside matter particles.

१३. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा एगं महं आसरूवं वा अभिजुंजित्ता अणेगाइं जोयणाइं गमित्तए पभू ?

[उ.] हंता, पभू।

१३. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, एक बड़े अश्व के रूप का अभियोजन करके अनेक योजन तक जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वैसा करने में समर्थ है।

13. [Q. 1] *Bhante* ! Is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) performing *abhiyoga* and taking the form of a large horse capable of travelling a distance of many *Yojans* ?

[Ans.] Yes, he is capable of doing that.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[प्र. २] से भंते ! किं आयड्ढीए गच्छति, परिड्ढीए गच्छति ?

[उ.] गोयमा ! आयड्ढीए गच्छइ, नो परिड्ढीए गच्छइ।

[प्र. २] भगवन् ! क्या वह (इतने योजन तक) आत्म-ऋद्धि (अपनी शक्ति) से जाता है या पर-ऋद्धि से जाता है ?

[उ.] गौतम ! वह आत्म-ऋद्धि से जाता है, पर-ऋद्धि से नहीं जाता।

[Q. 2] *Bhante* ! Does that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) move (many *Yojans*) with its own power or that of others ?

[Ans.] He moves with his own power and not with that of others.

[३] एवं आयकम्मुणा, नो परकम्मुणा। आयप्पओगेणं, नो परप्पओगेणं।

[४] उस्सिओदगं वा गच्छइ पतोदगं वा गच्छइ।

[३] इसी प्रकार वह स्वकर्म (अपनी क्रिया) से जाता है, परकर्म से नहीं; आत्म-प्रयोग से जाता है, किन्तु पर-प्रयोग से नहीं।

[४] वह उच्छ्रितोदय (सीधे खड़े) रूप में भी जा सकता है और पतितोदय (पड़े हुए) रूप में भी जा सकता है।

[3] In the same way he moves with his own action and not with that of others. Also he moves with his own effort and not with that of others.

[4] He can move both in erect posture as well as prostrate posture.

१४. [प्र. १] से णं भंते ! किं अणगारे आसे ?

[उ.] गोयमा ! अणगारे णं से, नो खलु से आसे। [२] एवं जाव परासररूवं वा।

१४. [प्र. १] भगवन् ! वह अश्वरूपधारी भावितात्मा अनगार, क्या (अश्व की विक्रिया के समय) अश्व है ?

[उ.] गौतम ! (वास्तव में) वह अनगार है, अश्व नहीं। [२] इसी प्रकार पराशर (शरभ या अष्टापद) तक के रूपों के सम्बन्ध में भी कहना चाहिए।

14. [Q. 1] *Bhante* ! (At that time) is that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) in the form of a horse, actually a horse ?

[Ans.] Gautam ! He is, in fact, an ascetic and not a horse. **[2]** All these details should be repeated for other forms up to *Parashar*.

विवेचन : प्रस्तुत तीनों सूत्रों का सार इस प्रकार है-

(१) भावितात्मा अनगार विद्या आदि के बल से बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किये बिना अश्वादि रूपों का अभियोजन नहीं कर सकता। (२) अश्वादि रूपों का अभियोजन करके वह अनेकों योजन जा सकता है, पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वह जाता है अपनी लब्धि, अपनी क्रिया या अपने प्रयोग से। (३) अश्वादि का रूप बनाया हुआ वह अनगार अश्व आदि नहीं होता, वह वास्तव में अनगार ही होता है।

अभियोग और वैक्रिय में अन्तर—वैक्रिय रूप वैक्रिय लब्धि या वैक्रिय समुद्घात द्वारा किया जाता है—जबकि अभियोग किया जाता है—विद्या, मंत्र, तंत्र आदि के बल से। अभियोग में मंत्रादि के बल से अश्वादि के रूप में प्रवेश करके उसके द्वारा क्रिया कराई जाती है। दोनों के द्वारा रूप-परिवर्तन या विविध रूप निर्माण में समानता दिखलाई देती है, परन्तु दोनों की प्रक्रिया में अन्तर है। अभियोग भी एक प्रकार की विक्रिया ही है। दोनों के कर्त्ता मायी (प्रमादी एवं कषायवान्) साधु होते हैं। उत्तरा. २६/२६२ में अभियोगिकी भावना का वर्णन द्रष्टव्य है।

Elaboration—The gist of the preceding three aphorisms is as follows—

(1) Even with the help of his special powers a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) cannot acquire (*abhiyojan*) other forms, like that of a horse, without accepting matter particles from outside. (2) After acquiring such forms he can travel long distances but that is done with his own special powers, action and effort. (3) That ascetic in the form of a horse is not a horse, he is actually an ascetic.

Difference between abhiyoga and vaikriya—*Vaikriya* (transmuted) form is acquired through the process of *Vaikriya Samudghat*, whereas *abhiyoga* is done with the help of special powers, *mantra* and *tantra*. *Abhiyoga* is a process where one enters the form or body of a horse etc. and performs actions through it. The two activities appear to be similar in terms of change of form or creating a variety of forms. However, the processes are different. *Abhiyoga* (acquisition of a form) too is a type of *vikriya* (transmutation). Both these actions are performed by maligned ascetics who are under influence of stupor or passions. The description of *Abhiyogiki Bhaavana* (sentiment of pursuing transformation) in *Uttaradhyayan Sutra* (26/262) is worth a study.

विकुर्वणा का फल FRUITS OF TRANSMUTATION

१५. [प्र. १] से भंते ! किं मायी विकुव्वति ? अमायी विकुव्वति ?

[उ.] गोयमा ! मायी विकुव्वति, नो अमायी विकुव्वति।

१५. [प्र. १] भगवन् ! क्या मायी अनगार विकुर्वणा करता है, या अमायी अनगार विकुर्वणा करता है ?

[उ.] गौतम ! मायी अनगार विकुर्वणा करता है, अमायी अनगार विकुर्वणा नहीं करता।

15. [Q. 1] *Bhante* ! Does a maligned (*maayi*; this includes spiritually torpid and passion-infested) person perform transmutation (*vikurvana*) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Or does a non-maligned (*amaayi*; this includes spiritually alert and passion-free) person perform transmutation ?

[Ans.] Gautam ! A maligned ascetic performs transmutation, a non-maligned ascetic does not perform transmutation.

[प्र. २] माइ णं तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालं करेइ कहिं उवज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! अन्नयरेसु आभिओगिएसु देवलोगेसु देवत्ताए उववज्जइ।

[प्र. ३] अमायी णं तस्स ठाणस्स आलोइयपडिक्कंते कालं करेइ कहिं उवज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! अन्नयरेसु अणाभिओगिएसु देवलोगेसु देवत्ताए उववज्जइ। सेवं भंते २ त्ति।

[प्र. २] मायी अनगार पूर्वोक्त प्रकार की विकुर्वणा करने के पश्चात् उस (प्रमादरूप दोष) स्थान की आलोचना एवं प्रतिक्रमण किये बिना मृत्यु पाकर कहाँ उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह अनगार आभियोगिक देवलोकों (अच्युतकल्प तक) में से किसी एक देवलोक में देवरूप में उत्पन्न होता है।

[प्र. ३] भगवन् ! अमायी (अप्रमत्त) अनगार उस प्रकार की विकुर्वणा क्रिया करने के पश्चात् पश्चात्तापपूर्वक उक्त प्रमादरूप दोष-स्थान की आलोचना प्रतिक्रमण करने के पश्चात् मरकर कहाँ उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह अनाभियोगिक (आभियोगिक से इतर) देवलोकों (अच्युतकल्प से ऊपर के) में से किसी देवलोक में देवरूप से उत्पन्न होता है।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।

[Q. 2] If a maligned ascetic dies without critical review and atonement for the said deed (the act of transmutation), where does he reincarnate ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic reincarnates as a god in one of the *Aabhiyogik Dev-loks*. (divine realms up to *Achyut Kalp*)

[Q. 3] *Bhante* ! If a non-maligned ascetic dies after doing critical review and atonement for that deed (the act of transmutation), where does he reincarnate ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic reincarnates as a god in one of the *Anabhiyogik Dev-loks*. (divine realms above *Achyut Kalp*).

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६. गाहा—इत्थी असी पडागा जण्णोवइए य होइ बोद्धव्वं।
पल्हत्थिय पलियंके अभियोगविकुव्वणा मायी॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

॥ तइए सए : पंचमो उद्देसो समत्तो ॥

१६. संग्रहणी गाथा का अर्थ—स्त्री, असि (तलवार), पताका, यज्ञोपवीत (जनेऊ), पल्हथी, पर्यंकासन; इन सब रूपों के अभियोग और विकुर्वणा-सम्बन्धी वर्णन इस (पंचम) उद्देशक में है तथा ऐसा कार्य (अभियोग तथा विकुर्वणा का प्रयोग) मायी करता है, यह भी बताया गया है।

॥ तृतीय शतक : पंचम उद्देशक समाप्त ॥

16. Collative verse—This (fifth) lesson contains description of transformation into and acquisition of forms including woman, sword, flag, sacred thread and postures (folded legs and *Paryank*). Also included is the information that all these acts are performed by a maligned ascetic.

● END OF THE FIFTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : छठा उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : SIXTH LESSON

अनगार वीर्यलब्धि ANAGAR VIRYALABDHI
(POTENCY ACQUISITION BY ASCETIC)

मिथ्यादृष्टि की विकुर्वणा TRANSMUTATION BY THE UNRIGHTEOUS

१. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए विभंगनाणलद्धीए वाणारसिं नगरिं समोहए, समोहण्णित्ता रायगिहे नगरे रूवाइं जाणति पासति ?

[उ.] हंता, जाणइ पासइ।

१. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार जो मिथ्यादृष्टि और मायी (कषायवान) है तथा वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से और विभंगज्ञानलब्धि से सम्पन्न है, वह राजगृह नगर में रहा हुआ वाराणसी नगरी की विकुर्वणा करके क्या राजगृह के (मनुष्य, महल आदि) रूपों को जानता-देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह (अनगार) उन वहाँ स्थित रूपों को जानता और देखता है।

1. [Q.] *Bhante* ! Can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*), who is unrighteous (*mithyadrishti*), *maayi* (under influence of passions) and endowed with potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*), while living in Rajagriha city, see and know the make-up (houses and people) of Varanasi city by creating a transmuted form of Rajagriha city.

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees the make-up (houses and people) of that city.

२. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ ? अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?

[उ.] गोयमा ! णो तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'नो तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?'

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति—एवं खलु अहं रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे विवच्चासे भवति, ते तेणट्ठेणं जाव पासति।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह उन रूपों को तथाभाव (यथार्थरूप से) जानता-देखता है, अथवा अन्यथाभाव (विपरीत रूप) से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह तथाभाव से नहीं जानता-देखता, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि वह यथार्थरूप से नहीं जानता-देखता, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! उस (अनगार) के मन में (दृष्टि विपर्यय के कारण) इस प्रकार का विचार होता है कि वाराणसी नगरी में रहे हुए मैंने राजगृह नगर की विकुर्वणा की है और विकुर्वणा करके मैं वाराणसी के रूपों को जानता-देखता हूँ। इस प्रकार उसका दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह यथार्थरूप से नहीं, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that make-up realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! He does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic thinks (due to delusion) that while living in Varanasi city he had created Rajagriha city and doing that he sees and knows the make-up of Varanasi city. Thus his vision is opposite. That is why it is said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

३. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी जाव रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणइ पासइ ?

[उ.] हंता, जाणइ पासइ। तं चेव जाव तस्स णं एवं भवइ-एवं खलु अहं वाणारसीए नगरीए समोहए, समोहणित्ता रायगिहे नगरे रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे विवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं जाव अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

३. [प्र.] भगवन् ! मायी मिथ्यादृष्टि भावितात्मा अनगार, वाराणसी में रहा हुआ यावत् राजगृह नगर की विकुर्वणा करके क्या वाराणसी के रूपों को जानता और देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह उन रूपों को जानता और देखता है। यावत्-उस अनगार के मन में इस प्रकार का विचार होता है कि राजगृह नगर में रहा हुआ मैं वाराणसी नगरी की विकुर्वणा करके तद्गत (राजगृह नगर के) रूपों को जानना और देखता हूँ। इस प्रकार उसका दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से, यावत्-वह अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

3. [Q.] *Bhante* ! Can an unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*)... and so on up to... while living in Varanasi city, see and know the make-up (houses and people) of Rajagriha city by creating a transmuted form of Varanasi city ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees the make-up (houses and people) of that city... and so on up to... that ascetic thinks (due to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

delusion) that while living in Rajagriha city he had created Varanasi city and doing that he sees and knows the make-up of Rajagriha city. Thus his vision is opposite. That is why... and so on up to... he sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

४. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए विभंगणाणलद्धीए वाणारसिं नगरिं रायगिहं च नगरं अंतरा य एगं महं जणवयवग्गं समोहए, समोहणित्ता वाणारसिं नगरिं रायगिहं च नगरं तं अंतरा एगं महं जणवयवग्गं जाणति पासति ?

[उ.] हंता, जाणति पासति।

४. [प्र.] भगवन् ! मायी मिथ्यादृष्टि भावितात्मा अनगार अपनी वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से, और विभंगज्ञानलब्धि से वाराणसी नगरी और राजगृह नगर के बीच में एक बड़े जनपद-वर्ग (देश-समूह) की विकुर्वणा करके उस (वाराणसी और राजगृह के बीच में विकुर्वित) बड़े जनपद वर्ग को जानता और देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह (उस विकुर्वित बड़े जनपद-वर्ग को) जानता और देखता है।

4. [Q.] *Bhante* ! Can an unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) create by transmutation a *janapad-varg* (a state-like vast inhabited area) between Varanasi city and Rajagriha city with the help of his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*) and then see and know it (that vast inhabited area between Varanasi city and Rajagriha city) ?

[**Ans.**] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees and knows that (the vast inhabited area created by transmutation).

५. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?

[उ.] गोयमा ! णो तहाभावं जाणति पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

[प्र. २] से केणट्ठेणं जाव पासइ ?

[उ.] गोयमा ! तस्स खलु एवं भवति-एस खलु वाणारसी नगरी, एस खलु रायगिहे नगरे, एस खलु अंतरा एगे महं जणवयवग्गे, नो खलु एस महं वीरियलद्धी वेउव्वियलद्धी विभंगनाणलद्धी इड्ढी जुती जसे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए, से से दंसणे विवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं जाव पासति।

५. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से जानता-देखता है, अथवा अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से नहीं जानता-देखता; किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

[प्र. २] भगवन् ! वह उस जनपदवर्ग को अन्यथाभाव से यावत् जानता-देखता है, इसका क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! उस अनगार के मन में ऐसा विचार होता है कि यह वाराणसी नगरी है, यह राजगृह नगर है तथा इन दोनों के बीच में यह एक बड़ा जनपदवर्ग है। परन्तु यह मेरी वीर्यलब्धि, वैक्रियलब्धि या विभंगज्ञानलब्धि नहीं है; और न ही मेरे द्वारा उपलब्ध, प्राप्त और अभिसमन्वागत यह ऋद्धि, द्युति, यश, बल और पुरुषकार-पराक्रम है। इस प्रकार का उक्त अनगार का दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से, यावत् वह अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that *janapad-varg* realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! He does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] Bhante ! Why is it said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic thinks (due to delusion) that this was Varanasi city and this was Rajagriha city. In between these two this was a vast *janapad-varg*. But this is neither his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*) nor the *riddhi* (opulence), *dyuti* (radiance), *bal* (physical strength), *yash* (fame) or self-exertion (*purushakar-parakram*) received, acquired, confirmed by him. This is how the vision of that ascetic is distorted. That is why it is said that... and so on up to... he sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

विवेचन : यहाँ प्रश्न उठता है कि जो भावितात्मा अनगार है, वह मायी मिथ्यादृष्टि कैसे हो सकता है ? इसके उत्तर में वृत्तिकार का स्पष्टीकरण है कि यहाँ अनगार का अर्थ गृहवास त्याग करने वाले से है, न कि जैनभिक्षु से, तथा भावितात्मा का अर्थ है अपने शास्त्र व स्व-दर्शन के अनुसार शम, दम, यम आदि नियमों का धारक। ऐसा अनगार सकषायी और मिथ्यादृष्टि होने से उसका दर्शन भी विपरीत होता है। वह अपने वैक्रियकृत रूपों को वास्तविक रूप में नहीं देखकर दिग्मूढ़ या उन्मत्त मनुष्य जैसी अवस्था में विपरीत रूप में ही ग्रहण करता है। इसलिए उसका अनुभव, दर्शन और क्षेत्र सम्बन्धी विचार विपरीत होता है। *(वृत्ति, पत्रांक १९३)*

तीन लब्धियाँ-(१) वीर्यलब्धि, (२) वैक्रियलब्धि, और (३) विभंगज्ञानलब्धि। ये तीनों लब्धियाँ विकुर्वणा करने की मुख्य साधन हैं-(१) वीर्यलब्धि से शक्ति स्फुरण करता है, (२) वैक्रियलब्धि से वैक्रिय समुद्घात करके विविध रूपों की विकुर्वणा करता है, और (३) विभंगज्ञानलब्धि से राजगृहादिक पशु, पुरुष आदि विविध रूपों को जानता-देखता है। मिथ्यादृष्टि होने के कारण इसका दर्शन और ज्ञान विपरीत ग्राही होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य महाप्रज्ञ जी यहाँ दर्शन विपर्यय (मिथ्यादृष्टि) को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं–"राजगृह में रहते हुए वह वाराणसी नगरी का निर्माण करता है, किन्तु वह सोचता है मैंने वैक्रिय शक्ति द्वारा राजगृह का निर्माण किया है, और मैं वाराणसी में विद्यमान रूपों को जान-देख रहा हूँ। वह अपने द्वारा निर्मित नगरों को वास्तविक मान लेता है। उसे यह ज्ञान नहीं रहता कि यह सब मैंने अपनी वैक्रिय शक्ति द्वारा किया है।" *(भगवई : भाग २, पृष्ठ ६१-६२)*

Elaboration—Here a question arises naturally—how can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) be unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) ? The commentator (*Vritti*) explains it by stating that here the term *anagar* means a homeless mendicant and not Jain ascetic. And *bhavitatma* means the follower of codes and rituals of pacification, suppression and discipline according to his own scriptures and philosophy. Because such *anagars* are unrighteous and deceitful their perception is also pervert. They do not see the said transmuted forms as their own creation but real as seen by a deluded or mad person. Therefore their experience, perception and idea about that area is unrealistic. *(Vritti, leaf 193)*

Three special powers—(1) *Virya labdhi* (potency), (2) *Vaikriya labdhi* (power of transmutation), and (3) *Vibhang jnana labdhi* (power of pervert knowledge). These three special powers are instrumental in performing transmutation—(1) *Virya labdhi* (potency) helps activating the source of energy. (2) *Vaikriya labdhi* (power of transmutation) helps creating a variety of forms through the process of *Vaikriya Samudghat*. (3) *Vibhang jnana labdhi* (power of pervert knowledge) helps seeing and knowing the forms so created. As he is unrighteous his perception and knowledge makes his understanding pervert or contradictory.

Explaining the pervert or contradicting perception (*mithyadrishti*), Acharya Mahaprajna states—'While living in Rajagriha he creates Varanasi city but thinks that with his power of transmutation he had created Rajagriha and was observing the things existing in Varanasi. He believes the cities created by him to be real. He forgets that all that was created by him through his power of transmutation.' *(Bhagavai, Part-2, pp. 61-62)*

सम्यग्दृष्टि अनगार की विकुर्वणा TRANSMUTATION BY THE RIGHTEOUS

६. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा अमायी सम्मद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए ओहिनाणलद्धीए रायगिहे नगरे समोहए, समोहणित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणइ पासइ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] हंता, जाणति पासति।

७. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ ? अन्नहाभावं जाणति पासति ?

[उ.] गोयमा ! तहाभावं जाणति पासति, नो अन्नहाभावं जाणति पासति।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति–एवं खलु अहं रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे अविवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति।

८. बीओ वि आलावगो एवं चेव, नवरं वाणारसीए नगरीए समोहणा णेयव्वा, रायगिहे नगरे रूवाइं जाणइ पासइ।

६. [प्र.] भगवन् ! वाराणसी नगरी में रहा हुआ अमायी सम्यग्दृष्टि भावितात्मा अनगार, वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से और अवधिज्ञानलब्धि से राजगृह नगर की विकुर्वणा करके क्या राजगृह में विद्यमान रूपों को जानता–देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वह उन रूपों को) जानता–देखता है।

७. [प्र. १] भगवन् ! वह उन रूपों को तथाभाव (यथार्थ रूप) से जानता–देखता है, अथवा अन्यथाभाव से जानता–देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह उन रूपों को तथाभाव से जानता–देखता है, किन्तु अन्यथाभाव (विपरीत रूप) से नहीं जानता–देखता।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह तथाभाव से उन रूपों को जानता–देखता है, अन्यथाभाव से नहीं ?

[उ.] गौतम ! उस अनगार के मन में इस प्रकार का विचार, चिन्तन होता है कि 'वाराणसी नगरी में रहा हुआ मैं राजगृह नगर की विकुर्वणा करके वाराणसी के रूपों को जानता–देखता हूँ।' इस प्रकार उसका दर्शन अविपरीत (सम्यक्/यथार्थ) होता है। गौतम ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह तथाभाव से जानता–देखता है।

८. दूसरा आलापक भी इसी तरह कहना चाहिए। किन्तु विशेष यह है कि विकुर्वणा वाराणसी नगरी की समझनी चाहिए और राजगृह नगर में रहकर वाराणसी के रूपों को जानता–देखता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. [प्र. १] कहि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो वग्गू णामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं सोहम्मवडिंसयस्स महाविमाणस्स उत्तरेणं जहा सोमस्स विमाण–रायहाणिवत्तव्वया तहा नेयव्वा जाव पासायवडिंसया।

७. [प्र. १] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज शक्र के (चतुर्थ) लोकपाल–वैश्रमण महाराज का वल्गु नामक महाविमान कहाँ है ?

[उ.] गौतम ! वैश्रमण महाराज का विमान, सौधर्मावतंसक नामक महाविमान के उत्तर में है। इस सम्बन्ध में सारा वर्णन सोम महाराज के महाविमान की तरह जानना चाहिए; और यावत् राजधानी यावत् प्रासादावतंसक तक का वर्णन भी उसी तरह जान लेना चाहिए।

7. [Q. 1] *Bhante* ! What is the location of the *mahavimaan* (great celestial vehicle) named Valgu belonging to Vaishraman Maharaj, the (fourth) *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods ?

[Ans.] The *mahavimaan* of Vaishraman Maharaj is towards the north of Saudharmavatamsak Mahavimaan. All other details should be repeated as mentioned about the *vimaan* of Soma Maharaj. In the same way the description of the capital city should be repeated... and so on up to... Prasadavatamsak (the rows of mansions).

[२] सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो इमे देवा आणा–उववाय, वयण–निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा–वेसमणकाइया ति वा, वेसमण–देवयकाइया ति वा, सुवण्णकुमारा सुवण्णकुमारीओ, दीवकुमारा दीवकुमारीओ, दिसाकुमारा दिसाकुमारीओ, वाणमंतरा वाणमंतरीओ, जे यावन्ने तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिया जाव चिट्ठंति।

[२] देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वैश्रमण महाराज की आज्ञा, सेवा, वचन और निर्देश में ये देव रहते हैं। यथा–वैश्रमणकायिक–वैश्रमणदेवकायिक, सुवर्णकुमार–सुवर्णकुमारियाँ, द्वीपकुमार–द्वीपकुमारियाँ, दिक्कुमार–दिक्कुमारियाँ, वाणव्यन्तर देव–वाणव्यन्तर देवियाँ, ये और इसी प्रकार के अन्य सभी देव, जो उसकी भक्ति, पक्ष और भृत्यता (या भारवहन) करते हैं, उसकी आज्ञा आदि में रहते हैं।

[2] Under the command, attendance, order and direction of Vaishraman Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods, are following gods—*Vaishraman-kayik* (*Samanik* gods), *Vaishraman-dev-kayik* (family members), *Suvarn Kumars* and *Suvarn Kumaris, Dveep Kumars* and *Dveep Kumaris, Dik Kumars* and *Dik*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Kumaris, Vanavyantar gods and goddesses. These and other such gods devoted to him (Vaishraman)... and so on up to... live under his command.

[३] जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा–अयागरा इ वा, तउयागरा इ वा, तंबागरा इ वा, एवं सीसागरा इ वा, हिरण्णागरा इ वा, सुवण्णागरा इ वा, रयणागरा इ वा, वइरागरा इ वा, वसुहारा इ वा, हिरण्णवासा इ वा, सुवण्णवासा इ वा, रयणवासा इ वा, वइरवासा इ वा, आभरणवासा इ वा, पत्तवासा इ वा, पुप्फवासा इ वा, फलवासा इ वा, बीयवासा इ वा, मल्लवासा इ वा, वण्णवासा इ वा, चुण्णवासा इ वा, गंधवासा इ वा, वत्थवासा इ वा, हिरण्णवुट्ठी इ वा, सुवण्णवुट्ठी इ वा, रयणवुट्ठी इ वा, वइरवुट्ठी इ वा, आभरणवुट्ठी इ वा, पत्तवुट्ठी इ वा, पुप्फवुट्ठी इ वा, फलवुट्ठी इ वा, बीयवुट्ठी इ वा, मल्लवुट्ठी इ वा, वण्णवुट्ठी इ वा, चुण्णवुट्ठी इ वा, गंधवुट्ठी., वत्थवुट्ठी इ वा, भायणवुट्ठी इ वा, खीरवुट्ठी इ वा, सुकाला इ वा, दुकाला इ वा, अप्पग्घा इ वा, महग्घा इ वा, सुभिक्खा इ वा, दुभिक्खा इ वा, कयविक्कया इ वा, सन्निहि इ वा, सन्निचया इ वा, निही इ वा, णिहाणा इ वा, चिरपोराणा इ वा, पहीणसामिया इ वा, पहीणसेतुया इ वा, पहीणमग्गाणि वा, पहीणगोत्तागारा इ वा, उच्छन्नसामिया इ वा, उच्छन्नसेतुया इ वा, उच्छन्नगोत्तागारा इ वा सिंघाडग–तिग–चउक्क–चच्चर–चउम्मुह–महापह–पहेसु नगर–निद्धमणेसु सुसाण–गिरि–कंदर–संति–सेलोवट्ठाण–भवणगिहेसु सन्निक्खित्ताइं चिट्ठंति, ण ताइं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो अण्णायाइं अदिट्ठाइं असुयाइं अविन्नायाइं, तेसिं वा वेसमणकाइयाणं देवाणं।

[३] जम्बूद्वीप नामक, द्वीप में मंदर पर्वत से दक्षिण में जो ये स्थितियाँ होती हैं, जैसे कि–लोहे की खानें, राँगे की खानें, ताँबे की खानें तथा शीशे की खानें, हिरण्य (चाँदी) की, सुवर्ण की, रत्न की और वज्र की खानें, वसुधारा (रत्नों की वृष्टि) हिरण्य की, सुवर्ण की, रत्न की, वज्र की, आभरण की, पत्र की, पुष्प की, फल की, बीज की, माला की, वर्ण की, चूर्ण की, गन्ध की और वस्त्र की वर्षा, भाजन (बर्तन) और क्षीर की वृष्टि, सुकाल, दुष्काल, अल्पमूल्य (सस्ता), महामूल्य (महँगा), सुभिक्ष (भिक्षा की सुलभता), दुर्भिक्ष (भिक्षा की दुर्लभता), क्रय–विक्रय (खरीदना–बेचना), सन्निधि (घी, गुड़ आदि का संचय), सन्निचय (अन्न आदि का संचय), निधियाँ (खजाने–कोष), निधान (जमीन में गड़ा हुआ धन), चिर–पुरातन (बहुत पुराने), जिनके स्वामी समाप्त हो गए, जिनकी सारसम्भाल करने वाले नहीं रहे, जिनकी कोई खोजखबर (मार्ग) नहीं है, जिनके स्वामियों के गोत्र और आगार (घर) नष्ट हो गए, जिनके स्वामी उच्छिन्न (छिन्न–भिन्न) हो गए, जिनकी सारसंभाल करने वाले छिन्न–भिन्न हो गए, जिनके स्वामियों के गोत्र और घर तक छिन्न–भिन्न हो गए, ऐसे खजाने, शृङ्गाटक (सिंगाड़े के आकार वाले) मार्गों में, त्रिक (तिकोने मार्ग), चतुष्क (चौक), चत्वर, चतुर्मुख एवं महापथों, सामान्य मार्गों, नगर के गन्दे नालों में, श्मशान, पर्वतगृह गुफा (कन्दरा), शान्तिगृह, शैलोपस्थान (पर्वत को खोदकर बनाए गए सभा–स्थान), भवनगृह (निवासगृह) इत्यादि स्थानों में गाड़कर रखा हुआ धन; ये सब पदार्थ देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल वैश्रमण महाराज से अथवा उसके वैश्रमणकायिक देवों से अज्ञात, अदृष्ट (परोक्ष), अश्रुत, अविस्मृत और अविज्ञात नहीं हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[3] All the following conditions to the south of the Meru mountain in Jambu Dveep are not unknown to... and so on up to... him (Vaishraman Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra) and his subordinate gods—iron mines, zinc mines, copper mines, lead mines, silver mines, gold mines, gem-stone mines, diamond mines; showering of wealth, silver, gold, gems, diamonds, apparels, leaves, flowers, fruits, seeds, garlands, colours, powders, perfumes, clothes, utensils and milk; good crops, famine, low price, high price, easy or difficult availability of alms, purchase, sale, stocks of butter, jaggery etc. (*sannidhi*), stock of grains (*sannichaya*), treasures, buried treasures (*nidhan*); ancient treasures whose owners, care-takers, trails, clans and abodes of owners have been wiped out or uprooted; and wealth buried in *shringataks* (triangular open areas or courtyards), *trik* (intersection of three roads), squares, crossings, highways, roads, drains, cremation grounds, hills, caves, ritual halls, caverns, houses and other such places.

[४] सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो इमे देवा अहावच्चाभिण्णाया होत्था, तं जहा–पुण्णभद्दे माणिभद्दे सालिभद्दे सुमणभद्दे चक्करक्खे पुण्णरक्खे सव्वाणे सव्वजसे सव्वकामसमिद्धे अमोहे असंगे।

[५] सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो वेसमणस्स महारण्णो दो पलिओवमाणि ठिती पण्णत्ता। अहावच्चाभिण्णायाणं देवाणं एगं पलिओवमं ठिती पण्णत्ता। एमहिड्ढीए जाव वेसमणे महाराया।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ तइए सए : सत्तमो उद्देसो समत्तो ॥

[४] देवेन्द्र देवराज शक्र के (चतुर्थ) लोकपाल वैश्रमण महाराज के ये देव अपत्यरूप से माने हुए हैं। जैसे–पूर्णभद्र, माणिभद्र, शालिभद्र, सुमनोभद्र, चक्ररक्ष, पूर्णरक्ष, सव्यान, सर्वयश, सर्वकामसमृद्ध, अमोघ और असंग।

[५] देवेन्द्र देवराज शक्र के (चतुर्थ) लोकपाल–वैश्रमण महाराज की स्थिति दो पल्योपम की है, और उनके अपत्यरूप से माने हुए देवों की स्थिति एक पल्योपम की है। इस प्रकार वैश्रमण महाराज महाऋद्धि यावत् महाप्रभाव वाला है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करने लगे।

॥ तृतीय शतक : सप्तम उद्देशक समाप्त ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[4] The following gods are recognized as the sons of Vaishraman Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra—Purnabhadra, Manibhadra, Shalibhadra, Sumanobhadra, Chakraraksh, Purnaraksh, Savyan, Sarvayash, Sarvakamasamriddha, Amogh and Asanga.

[5] The life-span of Vaishraman Maharaj, the third *Lok-pal* of Devendra Shakra, is two *Palyopam* (a metaphoric unit of time). The life-span of the gods recognized as his sons is one *Palyopam*. Thus Vaishraman Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, is endowed with great opulence... and so on up to... influence.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

● **END OF THE SEVENTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : अष्टम उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : EIGHTH LESSON

अधिपति ADHIPATI (OVERLORDS)

भवनपति देवों के इन्द्र KINGS OF ABODE DWELLING GODS

१. [प्र.] रायगिहे नगरे जाव पज्जुवासमाणे एवं वयासी असुरकुमाराणं भंते ! देवाणं कइ देवा आहेवच्चं जाव विहरंति ?

[उ.] गोयमा ! दस देवा आहेवच्चं जाव विहरंति, तं जहा–चमरे असुरिंदे असुरराया, सोमे, जमे, वरुणे, वेसमणे, बली वइरोयणिंदे वइरोयणराया, सोमे, जमे, वरुणे, वेसमणे।

१. [प्र.] राजगृह नगर में, यावत्.... पर्युपासना करते हुए गौतम स्वामी ने भगवान से पूछा– 'भगवन् ! असुरकुमार देवों पर कितने देव आधिपत्य करते हैं ?'

[उ.] गौतम ! असुरकुमार देवों पर दस देव आधिपत्य करते हुए यावत् दिव्य भोग भोगते रहते हैं। वे इस प्रकार हैं–(१) असुरेन्द्र असुरराज चमर, (२) सोम, (३) यम, (४) वरुण, (५) वैश्रमण, तथा (६) वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि, (७) सोम, (८) यम, (९) वरुण, और (१०) वैश्रमण।

1. [Q.] In Rajagriha city... and so on up to... Gautam Swami submitted after worship—*Bhante* ! How many gods reign over *Asur Kumar* gods ?

[Ans.] Gautam ! Over *Asur Kumar* gods ten gods reign... and so on up to... enjoy divine pleasures. They are—(1) Chamarendra, the king of *Asur Kumar* gods, (2) Soma, (3) Yama, (4) Varun, and (5) Vaishraman as also, (6) Vairochanendra Bali, the king of *Vairochan* gods, (7) Soma, (8) Yama, (9) Varun, and (10) Vaishraman.

२. [प्र.] नागकुमाराणं भंते ! पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! दस देवा आहेवच्चं जाव विहरंति, तं जहा–धरणे, नागकुमारिंदे, नागकुमारराया, कालवाले, कोलवाले, सेलवाले, संखवाले, भूयाणंदे, नागकुमारिंदे, नागकुमारराया, कालवाले, कोलवाले, संखवाले, सेलवाले।

२. [प्र.] भगवन् ! नागकुमार देवों पर कितने देव आधिपत्य करते हुए, यावत्...विचरते हैं ?

[उ.] हे गौतम ! नागकुमार देवों पर दस देव आधिपत्य करते हुए, यावत्...विचरते हैं। वे इस प्रकार हैं–(१) नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण, (२) कालपाल, (३) कोलपाल, (४) शैलपाल, और (५) शंखपाल, तथा (६) नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज भूतानन्द, (७) कालपाल, (८) कोलपाल, (९) शंखपाल, और (१०) शैलपाल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2. **[Q.]** Bhante ! How many gods reign over *Naag Kumar* gods ?

[Ans.] Gautam ! Over *Naag Kumar* gods ten gods reign... and so on up to... enjoy divine pleasures. They are—(1) Naag-kumarendra Dharan, the overlord of *Naag Kumar* gods, (2) Kaal-pal, (3) Kol-pal, (4) Shail-pal, and (5) Shankh-pal as also, (6) Naag-kumarendra Dharan, the overlord of *Naag Kumar* gods, (7) Kaal-pal, (8) Kol-pal, (9) Shankh-pal, and (10) Shail-pal.

३. जहा नागकुमारिंदाणं एताए वत्तव्वयाए णीयं एवं इमाणं नेयव्वं—(३) सुवण्णकुमाराणं वेणुदेवे, वेणुदाली, चित्ते, विचित्ते, चित्तपक्खे, विचित्तपक्खे। (४) विज्जुकुमाराणं हरिक्कंत, हरिस्सह, पभ, सुप्पभ, पभकंत, सुप्पभकंत। (५) अग्गिकुमाराणं अग्गिसीहे, अग्गिमाणव, तेउ, तेउसीहे, तेउकंते, तेउप्पभे। (६) दीवकुमाराणं पुण्ण, विसिट्ठ, रूय, सुरूय, रूयकंत, रूयप्पभ। (७) उदहिकुमाराणं जलकंते, जलप्पभ, जल, जलरूय, जलकंत, जलप्पभ। (८) दिसाकुमाराणं अमियगति, अमियवाहणे, तुरियगति, खिप्पगति, सीहगति, सीहविक्कमगति। (९) वाउकुमाराणं वेलंब, पभंजण, काल, महाकाल अंजण, रिट्ठा। (१०) थणियकुमाराणं घोस, महाघोस, आवत्त, वियावत्त, नंदियावत्ता, महानंदियावत्ता एवं भाणियव्वं जहा असुरकुमारा।

सोम १, कालपाल २, चित्र ३, प्रभ ४, तेजस् ५, रूप ६, जल ७, त्वरितगति ८, काल ९, आवत्त १०।

३. जिस प्रकार नागकुमारों के इन्द्रों के विषय में यह (पूर्वोक्त) वक्तव्यता (कथन) कही है, उसी प्रकार इन (देवों) के विषय में भी समझ लेना चाहिए। (३) सुवर्णकुमार देवों पर **वेणुदेव, वेणुदालि,** चित्र, विचित्र, चित्रपक्ष और विचित्रपक्ष (का आधिपत्य रहता है); (४) विद्युतकुमार देवों पर–**हरिकान्त,** हरिसिंह, प्रभ, सुप्रभ, प्रभाकान्त और सुप्रभाकान्त (का आधिपत्य रहता है); (५) अग्निकुमार देवों पर–**अग्निसिंह** (शिख), **अग्निमाणव** (स्सह), तेजस्, तेजःसिंह, तेजस्कान्त और तेजःप्रभ (आधिपत्य करते हैं); (६) द्वीपकुमार देवों पर–**पूर्ण, विशिष्ट** (वाशिष्ट) रूप, रूपांश, रूपकान्त और रूपप्रभ; (७) उदधिकुमार देवों पर–**जलकान्त, जलप्रभ,** जल, जलरूप, जलकान्त और जलप्रभ का (आधिपत्य है); (८) दिक्कुमार देवों पर–**अमितगति, अमितवाहन,** तूर्यगति, क्षिप्रगति, सिंहगति और सिंहविक्रमगति (आधिपत्य करते हैं); (९) वायुकुमार देवों पर–**वेलम्ब, प्रभंजन,** काल, महाकाल, अंजन और रिष्ट का आधिपत्य रहता है; (१०) स्तनितकुमार देवों पर–**घोष, महाघोष,** आवर्त, व्यावर्त, नन्दिकावर्त और महानन्दिकावर्त (का आधिपत्य रहता है।) इन सबका कथन असुरकुमारों की तरह कहना चाहिए।

दक्षिण भवनपति देवों के अधिपति इन्द्रों के प्रथम लोकपालों के नाम इस प्रकार हैं–(१) सोम, (२) कालपाल, (३) चित्र, (४) प्रभ, (५) तेजस्, (६) रूप, (७) जल, (८) त्वरितगति, (९) काल, और (१०) आवर्त।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

3. What has been stated here about overlords of *Naag Kumar* gods should be repeated for the following gods—(3) *Suparna Kumar* gods (are reigned over) by—Venudev, Venudali, Chitra, Vichitra, Chitrapaksh and Vichitrapaksh. (4) *Vidyut Kumar* gods (are reigned over) by—Harikant, Harisimha, Prabh, Suprabh, Prabhakant and Suprabhakant. (5) *Agni Kumar* gods (are reigned over) by—Agnisimha (shikh), Agnimanav (ssaha), Tejas, Tejahsimha and Tejaprabh. (6) *Dveep Kumar* gods (are reigned over) by—Purna, Vishisht (Vaashisht), Rupa, Rupamsh, Rupakant and Rupaprabh. (7) *Udadhi Kumar* gods (are reigned over) by—Jalakant, Jalaprabh, Jala, Jalarupa, Jalakant and Jalaprabh. (8) *Disha Kumar* gods (are reigned over) by—Amit-gati, Amit-vahan, Turyagati, Kshipragati, Simhagati and Simhavikramgati. (9) *Vayu Kumar* gods (are reigned over) by—Velamb, Prabhanjan, Kaal, Mahakaal, Anjan and Risht. (10) *Stanit Kumar* gods (are reigned over) by—Ghosh, Mahaghosh, Avart, Vyavart, Nandikavart and Mahanandikavart. These should be stated following the pattern of *Asur Kumar* gods.

The names of the first *Lok-pals* of the *Indras* reigning over the abode dwelling gods of the south are—(1) Soma, (2) Kaal-pal, (3) Chitra, (4) Prabh, (5) Tejas, (6) Rupa, (7) Jala, (8) Tvaritgati, (9) Kaal, and (10) Avart.

विवेचन : **आधिपत्य में तारतम्य**–जिस प्रकार मनुष्यों में भी पदों और अधिकारों के सम्बन्ध में तारतम्य होता है, वैसे ही यहाँ दशविध भवनपति देवों के आधिपत्य में तारतम्य समझना चाहिए। जैसे कि असुरकुमार आदि दसों प्रकार के भवनपतियों में प्रत्येक के दो-दो इन्द्र होते हैं, यथा–असुरकुमार देवों के दो इन्द्र हैं–(१) चमरेन्द्र, और (२) बलीन्द्र। नागकुमार देवों के दो इन्द्र हैं–(१) धरणेन्द्र, और (२) भूतानन्देन्द्र। इसी प्रकार प्रत्येक के दो-दो इन्द्रों का आधिपत्य अपने अधीनस्थ चार लोकपालों तथा अन्य देवों पर होता है और लोकपालों का अपने अधीनस्थ देवों पर आधिपत्य होता है। इस प्रकार आधिपत्य, अधिकार, ऋद्धि, वर्चस्व एवं प्रभाव आदि में तारतम्य समझ लेना चाहिए। सूत्र (३) में जो छह-छह नाम हैं–उनमें प्रथम दो इन्द्रों के तथा आगे के चार उनके लोकपालों के नाम हैं। इस प्रकार २० इन्द्र तथा उनके ८० लोकपाल हैं।

मूल में भवनपति देव दो प्रकार के हैं–उत्तर दिशावर्ती और दक्षिण दिशावर्ती। उत्तर दिशा के दशविध भवनपति देवों के जो-जो देव होते हैं इन्द्र से लेकर लोकपाल आदि तक, उनका उल्लेख इससे पूर्व किया जा चुका है। इसके पश्चात् दाक्षिणात्य भवनपति देवों के सर्वोपरि अधिपति इन्द्रों के प्रथम लोकपालों के नाम सोम यावत् आवर्त्त तक सूचित किये हैं। *(स्थानांगसूत्र, स्था. ४, उ. १ सूत्र में भी इनके नाम आये हैं)*

Elaboration—Protocol of governance—As there are protocols relating to posts and powers in human beings so also exist among divine beings. For example, all the ten kinds of abode dwelling gods including *Asur Kumars* have two overlords (*Indra*) each. *Asur Kumars* have two

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Indras—(1) Chamarendra, and (2) Balindra. *Naag Kumars* have two *Indras*—(1) Dharanendra, and (2) Bhootanand. Each of the two *Indras* command four *Lok-pals* under them who in turn rule over other gods under them. This degree of command, rights, opulence, power and influence applies to all gods. Of the six names in each list in aphorism 3 the first two are *Indras* and the following four are their *Lok-pals*. Thus there are 20 Indras and 80 Lok-pals.

Basically abode dwelling gods have two classes—the northern and the southern. The overlords including *Indras* and *Lok-pals* of the ten kinds of abode dwelling gods have been listed here. After that is the list of the first *Lok-pals* of the overlords of the abode dwelling gods of the south from Soma to Avart. *(There names also appear in Sthananga Sutra, 4/1)*

४. [प्र.] पिसायकुमाराणं पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! दो देवा आहेवच्चं जाव विहरंति, तं जहा–

काले य महाकाले सुरूवं पडिरूव–पुन्नभद्दे य।
अमरवइ माणिभद्दे भीमे य तहा महाभीमे ॥१॥

किन्नर किंपुरिसे खलु सप्पुरिसे खलु तहा महापुरिसे।
अतिकाय महाकाए गीतरती चेव गीयजसे॥२॥

एते वाणमंतराणं देवाणं।

४. [प्र.] भगवन् ! पिशाचकुमारों (वाणव्यन्तर देवों) पर कितने देव आधिपत्य करते हैं ?

[उ.] गौतम ! उन पर दो–दो देव (इन्द्र) आधिपत्य करते हैं। वे इस प्रकार हैं–(१) काल (दक्षिण दिशावर्ती) और महाकाल (उत्तर दिशावर्ती), (२) सुरूप और प्रतिरूप, (३) पूर्णभद्र और मणिभद्र, (४) भीम और महाभीम, (५) किन्नर और किम्पुरुष, (६) सत्पुरुष और महापुरुष, (७) अतिकाय और महाकाय, तथा (८) गीतरति और गीतयश। ये सब वाणव्यन्तर देवों के अधिपति–इन्द्र हैं।

4. [Q.] *Bhante* ! How many gods reign over *Pishach Kumar* (*Vanavyantar* or interstitial) gods ?

[Ans.] Gautam ! Over them pairs of gods (*Indras*) reign... and so on up to... enjoy divine pleasures. They are—(1) Kaal (southern) and Mahakaal (northern), (2) Surupa and Pratirupa, (3) Purnabhadra and Manibhadra, (4) Bheem and Mahabheem, (5) Kinnar and Kimpurush, (6) Satpurush and Mahapurush, (7) Atikaya and Mahakaya, and (8) Geet-rati and Geet-yash. These are *Indras* (overlords) of *Vanavyantar* gods.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. जोतिसियाणं देवाणं दो देवा आहेवच्चं जाव विहरंति, तं जहा—चंदे य सूरे य।

५. ज्योतिष्क देवों पर आधिपत्य करने वाले दो देव इन्द्र हैं। यथा–चन्द्र और सूर्य।

5. Over *Jyotishk* (Stellar) gods two gods (*Indras*) reign... and so on up to... enjoy divine pleasures. They are—Chandra and Surya.

६. [प्र.] सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु कति देवा आहेवच्चं जाव विहरंति ?

[उ.] गोयमा ! दस देवा जाव विहरंति, तं जहा—सक्के देविंदे देवराया, सोमे, जमे, वरुणे, वेसमणे। ईसाणे देविंदे देवराया, सोमे, जमे, वरुणे, वेसमणे। एसा वत्तव्वया सव्वेसु वि कप्पेसु, एते चेव भाणियव्वा। जे य इंदा ते य भाणियव्वा।

सेवं भेतं ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ तइए सए : अट्ठमो उद्देसो समत्तो ॥

६. [प्र.] भगवन् ! सौधर्म और ईशानकल्प में कितने देव आधिपत्य करते हैं ?

[उ.] गौतम ! उन पर दस देव आधिपत्य करते हैं। यथा–(१) (इन्द्र–) देवेन्द्र देवराज शक्र (लोकपाल–) सोम, यम, वरुण और वैश्रमण, (२) (इन्द्र–) देवेन्द्र देवराज ईशान (लोकपाल–) सोम, यम, वरुण और वैश्रमण।

यह सारी वक्तव्यता सभी कल्पों (देवलोकों) के विषय में कहनी चाहिए और जिस देवलोक का जो इन्द्र है, वह कहना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करने लगे।

6. [**Q.**] *Bhante* ! How many gods reign over Saudharma and Ishan Kalps ?

[**Ans.**] Gautam ! Over them ten gods (*Indras*) reign... and so on up to... enjoy divine pleasures. They are—(1) (*Indra*—) Shakrendra, the king of gods, (*Lok-pals*—) Soma, Yama, Varun and Vaishraman; (2) (*Indra*—) Ishanendra, the king of gods, (*Lok-pals*—) Soma, Yama, Varun and Vaishraman.

This statement should be repeated for all *Kalps* (divine realms) and names of the respective *Indra* of these realms should be stated.

"Bhante ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : वाणव्यन्तर देव और उनके अधिपति–यहाँ पिशाचकुमार का अर्थ सभी वाणव्यन्तर देव समझना चाहिए। वाणव्यन्तर देवों के ८ भेद हैं–उनके भेद व इन्द्रों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. पिशाच–(१) काल, (२) महाकाल

२. भूत–(१) सुरूप, (२) प्रतिरूप

३. यक्ष–(१) पूर्णभद्र, (२) मणिभद्र

४. राक्षस–(१) भीम, (२) महाभीम

५. किन्नर–(१) किन्नर, (२) किंपुरुष

६. किंपुरुष–(१) सत्पुष, (२) महापुरुष

७. महोरग–(१) अतिकाय, (२) महाकाय

८. गंधर्व–(१) गीतरति, (२) गीतयश

ज्योतिष्क देवों में सूर्य एवं चन्द्रमा दो इन्द्र हैं। वाणव्यन्तर और ज्योतिष्क देवों में लोकपाल नहीं होते।

वैमानिक देवों के अधिपति–वैमानिक देवों में सौधर्मकल्प से लेकर अच्युतकल्प तक प्रत्येक अपने–अपने कल्प के नाम का एक–एक इन्द्र है। यथा–सौधर्मकल्प में शक्रेन्द्र, ईशानकल्प में ईशानेन्द्र, सनत्कुमारेन्द्र आदि। किन्तु ऊपर के चार देवलोकों में दो–दो देवलोकों का एक–एक इन्द्र है; यथा–नौवें और दसवें देवलोक–(आणत और प्राणत) का एक ही प्राणतेन्द्र है। ग्यारहवें और बारहवें देवलोक–(आरण और अच्युत) का भी एक ही अच्युतेन्द्र है। इस प्रकार बारह देवलोकों में कुल १० इन्द्र हैं। नौ ग्रैवेयकों और पाँच अनुत्तर विमानों में कोई इन्द्र नहीं होते। वहाँ सभी 'अहमिन्द्र' (सर्वतन्त्र स्वतंत्र) होते हैं। सौधर्म आदि कल्पों के प्रत्येक इन्द्र के आधिपत्य में सोम, यम, वरुण और वैश्रमण चार–चार लोकपाल होते हैं, जिनके आधिपत्य में अन्य देव रहते हैं। *((क) तत्त्वार्थ. भाष्य, अ. ४, सू. ६, पृ. ९३, (ख) वृत्ति, पत्रांक २०१)*

॥ तृतीय शतक : अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Interstitial gods (Vanavyantar Devs) and their overlords—Here *Pishach Kumar* should be taken as generic name for all interstitial gods. There are eight classes of *Vanavyantar* gods. These classes and their overlords are as follows—

1. *Pishachas*—(1) Kaal, (2) Mahakaal
2. *Bhoots*—(1) Suroop, (2) Pratiroop
3. *Yakshas*—(1) Purnabhadra, (2) Manibhadra
4. *Rakshasas*—(1) Bheem, (2) Mahabheem
5. *Kinnars*—(1) Kinnar, (2) Kimpurush
6. *Kimpurushas*—(1) Satpurush, (2) Mahapurush
7. *Mahorags*—(1) Atikaya, (2) Mahakaya
8. *Gandharvas*—(1) Geetarati, (2) Geetayash

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

For *Jyotishk Devs* there are two overlords—Chandra and Surya. *Vanavyantar* and *Jyotishk Devs* do not have *Lok-pals*.

Overlords of Vaimanik Devs—Among these each kalp from Saudharma Kalp to Achyut Kalp has one *Indra* each, bearing the name of the respective *kalp*. For example—Saudharma Kalp has Shakrendra, Ishan Kalp has Ishanendra, Sanat Kumar Kalp has Sanatkumarendra and so on. In the two *Dev-loks* higher then these there is one *Indra* for one pair of *Dev-loks*—ninth and tenth *Dev-loks* (Anat and Pranat) have one *Indra*, Pranatendra. Eleventh and twelfth *Dev-loks* (Aaran and Achyut) too have one *Indra*, Achyutendra. Thus these twelve *Dev-loks* have ten *Indras*. There are no *Indras* in the nine Graiveyaks and five Anuttar Vimaans. Every god is absolutely independent (Ahamindra) there. In all the kalps including Saudharma, each Indra has four *Lok-pals* Soma, Yama, Varun and Vaishraman who command other gods. *(Tattvarth Bhashya 4/6. p. 93; Vritti, leaf 201)*

● END OF THE EIGHTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : नवम उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : NINTH LESSON

इन्द्रिय INDRIYA (SENSE ORGANS)

पंचेन्द्रिय विषयों का निरूपण SUBJECTS OF FIVE SENSE ORGANS

१. [प्र.] रायगिहे जाव एवं वयासी–कतिविहे णं भंते ! इंदियविसए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पंचविहे इंदियविसए पण्णत्ते, तं जहा–सोइंदियविसए, जीवाभिगमे जोइसियउद्देसो नेयव्वो अपरिसेसो।

॥ तइए सए : **नवमो उद्देसो समत्तो** ॥

१. [प्र.] राजगृह नगर में श्री गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–भगवन् ! इन्द्रियों के विषय कितने प्रकार के हैं ?

[उ.] गौतम ! इन्द्रियों के विषय पाँच प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं–श्रोत्रेन्द्रिय–विषय इत्यादि। इस सम्बन्ध में जीवाभिगमसूत्र में कहा हुआ ज्योतिष्क उद्देशक सम्पूर्ण समझना चाहिए।

1. [Q.] In Rajagriha city... and so on up to... Gautam Swami submitted after worship—*Bhante* ! How many are the subjects of sense organs (*indriyas*) ?

[Ans.] Gautam ! There are five subjects of sense organs (*indriyas*)—subjects of the organ of hearing (*shrotrendriya*) etc. In this regard the Jyotishk chapter from *Jivabhigam Sutra* should be quoted as a whole.

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र में जीवाभिगमसूत्र के ज्योतिष्क उद्देशक का संदर्भ देकर पंचेन्द्रिय विषयों का निरूपण किया है।

जीवाभिगमसूत्र के अनुसार इन्द्रिय विषय–सम्बन्धी विवरण का सार इस प्रकार है–पाँच इन्द्रियों के पाँच विषय हैं; यथा–

[१] श्रोत्रेन्द्रिय विषय दो प्रकार का है। यथा–शुभशब्द और अशुभशब्द।

[२] चक्षुरिन्द्रिय विषय दो प्रकार का है। यथा–सुरूप और दुरूप।

[३] घ्राणेन्द्रिय विषय दो प्रकार का है। यथा–सुरभिगन्ध और दुरभिगन्ध।

[४] रसनेन्द्रिय विषय दो प्रकार का है। यथा–सुरस–परिणाम और दुरस–परिणाम।

[५] स्पर्शनेन्द्रिय विषय दो प्रकार का है। यथा–सुख–स्पर्श–परिणाम और दुःख–स्पर्श–परिणाम।

॥ तृतीय शतक : नवम उद्देशक समाप्त ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—This aphorism informs about the subjects of five sense organs giving reference of Jyotishk chapter from *Jivabhigam Sutra*.

The gist of the information about subjects of sense organs from *Jivabhigam Sutra* is as follows—There are five subjects of five sense organs—

(1) the subject of *shrotrendriya* (ear) is of two kinds—pleasant sound (*shubh-shabd*) and unpleasant sound (*ashubh-shabd*).

(2) the subject of *chakshurindriya* (eyes) is of two kinds—pleasant view (*surup*) and unpleasant view (*durup*).

(3) the subject of *ghranendriya* (nose) is of two kinds—pleasant smell (*surabhi-gandh*) and unpleasant smell (*durabhi-gandh*).

(4) the subject of *rasanendriya* (taste-buds) is of two kinds—pleasant taste (*suras parinam*) and unpleasant taste (*duras parinam*).

(5) the subject of *sparshanendriya* (touch) is of two kinds—pleasant touch (*sukh-sparsh parinam*) and unpleasant touch (*dukh-sparsh parinam*).

● END OF THE NINTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय शतक : दशम उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : TENTH LESSON

परिषद् PARISHAD (ASSEMBLY)

इन्द्र परिषद् ASSEMBLY OF INDRA

१. [प्र.] रायगिहे जाव एवं वयासी—चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुररण्णो कति परिसाओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—समिता, चंडा, जाता।

एवं जहाणुपुव्वीए जाव अच्चुओ कप्पो।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ तइए सए : दसमो उद्देसो समत्तो ॥

॥ तइयं सयं समत्तं ॥

१. [प्र.] राजगृह नगर में यावत् गौतम ने इस प्रकार पूछा—भगवन् ! असुरेन्द्र असुरराज चमर की कितनी परिषदाएँ (सभाएँ) हैं ?

[उ.] हे गौतम ! उसकी तीन परिषदाएँ हैं, यथा—समिका (शमिता), चंडा और जाता।

इसी प्रकार क्रमपूर्वक यावत् अच्युतकल्प तक कहना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है;' यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरते हैं।

1. **[Q.]** In Rajagriha city... and so on up to... Gautam Swami submitted after worship—*Bhante* ! How many are the assemblies of Chamarendra, the king of *Asur Kumar* gods ?

[Ans.] Gautam ! He has three assemblies—Samika (Samita), Chanda and Jata. The same should be repeated in sequence up to Achyut Kalp.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : तीन परिषदें—प्रस्तुत सूत्र में सर्वप्रथम असुरेन्द्र असुरराज चमर की तीन परिषदें बताई गई हैं—समिका या शमिता, चण्डा और जाता। स्थिर स्वभाव और समता के कारण इसे **'समिका'** कहते हैं। स्वामी द्वारा किये गये कोप एवं उतावल को शान्त करने की क्षमता होने से इसे तथा उद्धततारहित एवं शान्त स्वभाव वाली होने से इसे **'शमिता'** कहते हैं। शमिता के समान महत्वपूर्ण न होने से तथा साधारण कोपादि के प्रसंग पर कुपित हो जाने के कारण दूसरी परिषद् को **'चण्डा'** कहते हैं। गम्भीर स्वभाव न होने से निष्प्रयोजन कोप उत्पन्न हो जाने के कारण तीसरी परिषद् का नाम **'जाता'** है। इन्हीं तीनों परिषदों को क्रमशः आभ्यन्तरा, मध्यमा और बाह्या भी कहते हैं। जब इन्द्र का कोई प्रयोजन होता है, तब वह आदरपूर्वक आभ्यन्तर परिषद् को बुलाता है और उसके समक्ष अपना प्रयोजन प्रस्तुत करता है। मध्यम परिषद् बुलाने या न बुलाने पर भी आती है। इन्द्र,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आभ्यन्तर परिषद् में विचारित बातें उसके समक्ष प्रकट कर निर्णय करता है। बाह्या परिषद् बिना बुलाये भी आती है। इन्द्र उसके समक्ष स्वनिर्णीत कार्य प्रस्तुत करके उसे सम्पादित करने की आज्ञा देता है। असुरकुमारेन्द्र की परिषद् के समान ही शेष नौ निकायों की परिषदों के नाम और काम हैं। व्यन्तर देवों की तीन परिषद् हैं–इसा, तुडिया और दृढ़रथा। ज्योतिष्क देवों की तीन परिषदों के नाम–तुम्बा, तुडिया और पर्वा। वैमानिक देवों की तीन परिषदें–शमिका, चण्डा और जाता। नवग्रैवेयक और पाँच अनुत्तर विमान में परिषदें नहीं होती। इसके अतिरिक्त भवनपति से लेकर अच्युत देवलोक तक के तीनों इन्द्रों की तीनों परिषदों के देव–देवियों की संख्या, उनकी स्थिति आदि का विस्तृत वर्णन (क) जीवाभिगमसूत्र प्रतिपत्ति ३, उद्देशक २ में, (ख) भगवतीसूत्र, विवेचन, भाग २, पृ. ७३५, तथा (ग) स्थानांगसूत्र, भाग २, पृ. २१५–२१८।

॥ तृतीय शतक : दशम उद्देशक समाप्त ॥

॥ तृतीय शतक समाप्त ॥

Elaboration—In this aphorism first of all three assemblies of Chamarendra, the king of *Asur Kumar* gods have been stated—Samika or Samita, Chanda and Jata. As it relates to stability and equanimity it is called Samita. As it has the capability of pacifying the anger and agitation of its master it is called Shamita. As it is not as important as Shamita, and turns agitated and angry on minor matters, the second assembly is called Chanda. In absence of seriousness and turning angry for no reason the third assembly is called Jata. These three assemblies are also called *Abhyantara* (inner), *Madhyama* (middle) and *Bahya* (outer) assemblies respectively. When there is some agenda *Indra* formally convenes the inner assembly and places his agenda. The middle assembly gathers on as well as without calling and *Indra* places before it the resolution from the inner assembly and takes a decision. The outer assembly gathers as a routine without even calling. *Indra* places the decisions taken by him in the other two assemblies and gives order to implement them. The names and activities of the assemblies of the other nine genuses of divine beings are same as those of the *Indra* of *Asur Kumars*. The names of the three assemblies of *Vyantar Devs* are—Isa, Tudiya and Gridharatha. The names of the three assemblies of *Jyotishk Devs* are—Tumba, Tudiya and Parva. The names of the three assemblies of *Vaimanik Devs* are—Samika, Chanda and Jata. There are no assemblies in the nine Graiveyaks and five Anuttar Vimaans. Besides this detailed description of the *Indras*, and gods and goddesses of their three assemblies, their life-spans and other information about gods from *Bhavan-pati* to *Achuyt* realms is available in *Jivabhgam Sutra* 3/2; *Bhagavati Sutra, Vivechan*, part-2, p. 735; and *Sthananga Sutra*, part-2, pp. 215-218.

● END OF THE TENTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

● END OF THE THIRD CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ शतक : प्रथम-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थ उद्देशक
FOURTH SHATAK (Chapter Four) : FIRST-SECOND-THIRD-FOURTH LESSON

ईसाणलोगपालविमाणाणि CELESTIAL VEHICLES OF ISHAN LOK-PALS

संग्रहणी गाथा COLLATIVE VERSE

१. चत्तारि विमाणेहिं १–४ चत्तारि य होंति रायहाणीहिं ५–८।

नेरइए ९ लेस्साहि १० य दस उद्देसा चउत्थसए ॥१॥

१. गाथा का अर्थ–इस चौथे शतक में दस उद्देशक हैं। इनमें से प्रथम चार उद्देशकों में विमान-सम्बन्धी कथन किया गया है। पाँचवें से लेकर आठवें उद्देशकों तक चार उद्देशकों में राजधानियों का वर्णन है। नौवें उद्देशक में नैरयिकों का वर्णन है और दसवें उद्देशक में लेश्या के सम्बन्ध में निरूपण है।

1. There are ten *uddeshaks* (lessons) in this fourth *Shatak* (chapter). The first four lessons have information about *vimaans* (celestial vehicles). Four lessons from fifth to eighth contain description of capital cities. The ninth has description of infernal beings and the tenth has discussion about *leshyas* (complexion of soul).

२. [प्र.] रायगिहे नगरे जाव एवं वयासी–ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो कति लोगपाला पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चत्तारि लोगपाला पण्णत्ता, तं जहा–सोमे जमे वेसमणे वरुणे।

२. [प्र.] राजगृह नगर में, यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान के कितने लोकपाल हैं ?

[उ.] हे गौतम ! उसके चार लोकपाल हैं। यथा–सोम, यम, वैश्रमण और वरुण।

2. [Q.] In Rajagriha city... and so on up to... Gautam Swami submitted after worship—*Bhante* ! How many *Lok-pals* does Devendra Ishan, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) have ?

[Ans.] He has four *Lok-pals* (they are protectors and supporters of people as governors of different directions)—Soma, Yama, Varun and Vaishraman.

३. [प्र.] एतेसि णं भंते ! लोगपालाणं कति विमाणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चत्तारि विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–सुमणे सव्वतोभद्दे वग्गू सुवग्गू।

३. [प्र.] भगवन् ! इन लोकपालों के कितने विमान हैं ?

[उ.] गौतम ! इनके चार विमान हैं; वे इस प्रकार हैं–सुमन, सर्वतोभद्र, वल्गु और सुवल्गु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

3. [**Q.**] *Bhante* ! How many *vimaans* (celestial vehicles) these *Lok-pals* have ?

[**Ans.**] Gautam ! These four *Lok-pals* have four *vimaans*—(1) Suman, (2) Sarvatobhadra, (3) Valgu, and (4) Suvalgu.

४. [प्र.] कहि णं भंते ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सुमणे नामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए जाव ईसाणे णामं कप्पे पण्णत्ते। तत्थ णं जाव पंच वडेंसया पण्णत्ता, तं जहा—(१) अंकवडेंसए, (२) फलिहवडेंसए, (३) रयणवडेंसए, (४) जायरूववडेंसए, (५) मज्झे ईसाणवडेंसए।

तस्स णं ईसाणवडेंसयस्स महाविमाणस्स पुरत्थिमेणं तिरियमसंखेज्जाइं जोयणसहस्साइं वीतिवतित्ता तत्थ णं ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सुमणे नाम महाविमाणे पण्णत्ते, अद्धतेरसजोयण० जहा सक्कस्स वत्तव्वया तइयसए तहा ईसाणस्स वि जाव अच्चणिया समत्ता।

४. [प्र.] भगवन ! देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल सोम महाराज का 'सुमन' नामक महाविमान कहाँ है ?

[उ.] *गौतम !* जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर पर्वत के उत्तर में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के समतल भूभाग ऊपर से, यावत् ईशान नामक कल्प (देवलोक) है। उसमें पाँच अवतंसक हैं–(१) अंकावतंसक, (२) स्फटिकावतंसक, (३) रत्नावतंसक, और (४) जातरूपावतंसक; तथा चारों अवतंसकों के मध्य में (५) ईशानावतंसक है। उस ईशानावतंसक नामक महाविमान से पूर्व में तिरछी दिशा में असंख्येय हजार योजन आगे जाने पर देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल सोम महाराज का 'सुमन' नामक महाविमान है। उसकी लम्बाई और चौड़ाई साढ़े बारह लाख योजन है। इत्यादि सारी वक्तव्यता तृतीय शतक के सप्तम उद्देशक, सूत्र ४ में कथित शक्रेन्द्र (के लोकपाल सोम के महाविमान) की वक्तव्यता के समान यहाँ भी ईशानेन्द्र के सम्बन्ध में यावत्–अर्चनिका तक कहनी चाहिए।

4. [**Q.**] *Bhante* ! What is the location of the *mahavimaan* (great celestial vehicle) named Suman belonging to Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods ?

[**Ans.**] Gautam ! To the north of Mandar (Meru) mountain in the continent called Jambu Dveep, over the level land of this Ratnaprabha *Prithvi*... and so on up to... there is the divine realm (*kalp*) called Ishan. In it there are five Avatamsaks (great celestial vehicles or abodes)—(1) Ankavatamsak, (2) Sfatikavatamsak, (3) Ratnavatamsak, (4) Jaatrupavatamsak and in the center (5) Ishanavatamsak. To the east of that Ishanavatamsak Mahavimaan, on going innumerable *Yojans* away in transverse direction, comes the *mahavimaan* (great celestial

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

vehicle) named Suman belonging to Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Ishan, the overlord of gods. Its length-breadth (*ayam-vishkambh*) is 1.25 million *Yojans*. Other details should be repeated as mentioned in aphorism 4 of the seventh lesson of the third chapter with regard to Shakrendra (about the *mahavimaan* of *Lok-pal* Soma)... and so on up to... anointing.

५. चउण्हं वि लोगपालाणं विमाणे–विमाणे उद्देसओ। चउसु विमाणेसु चत्तारि उद्देसा अपरिसेसा। नवरं ठितीए नाणत्तं–

आदि दुय तिभागूणा पलिया धणयस्स होंति दो चेव।
दो सतिभागा वरुणे पलियमहावच्चदेवाणं॥१॥

॥ चउत्थे सए : पढम–बिइय–तइय–चउत्था उद्देसा समत्ता॥

५. (एक लोकपाल के विमान की वक्तव्यता जहाँ पूर्ण होती है, वहाँ एक उद्देशक समाप्त होता है।) इस प्रकार चारों लोकपालों में से प्रत्येक के विमान की वक्तव्यता पूरी हो वहाँ एक-एक उद्देशक समझना। चारों (लोकपालों के चारों) विमानों की वक्तव्यता में चार उद्देशक पूर्ण हुए समझना। विशेष यह है कि इनकी स्थिति में अन्तर है। वह इस प्रकार है–आदि के दो–सोम और यम लोकपाल की स्थिति (आयु) एक-तिहाई भाग कम दो–दो पल्योपम की है, वैश्रमण लोकपाल की स्थिति दो पल्योपम की है और वरुण लोकपाल की स्थिति एक-तिहाई भाग अधिक दो पल्योपम की है। अपत्यरूप देवों की स्थिति एक पल्योपम की है।

॥ चतुर्थ शतक : प्रथम–द्वितीय–तृतीय–चतुर्थ उद्देशक समाप्त ॥

5. (With the end of the description of the celestial vehicle of one *Lok-pal* ends one lesson). In the same way with the end of the description of the celestial vehicle of each of the four *Lok-pals* end each of the four lessons. The end of descriptions of the four celestial vehicles should be taken to be the end of four lessons. The difference is that there is a variation in their life-spans—The life-spans of the first two *Lok-pals*, Soma and Yama, is one and one-third of a *Palyopam* (or two-thirds of a *Palyopam* less in two *Palyopams*), that of *Lok-pal* Vaishraman is two *Palyopams* and that of *Lok-pal* Varun is two and one-third *Palyopams*. The life-span of the gods recognized as their sons is one *Palyopam*.

● END OF THE FIRST-SECOND-THIRD-FOURTH LESSON OF THE FOURTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ शतक : पंचम-षष्ठ-सप्तम-अष्टम उद्देशक
FOURTH SHATAK (Chapter Four) : FIFTH-SIXTH-SEVENTH-EIGHTH LESSON

ईशान-लोकपाल राजधानी ISHAN-LOK-PAL RAJADHANI (CAPITAL CITY OF LOK-PAL ISHAN)

लोकपालों की राजधानियाँ CAPITAL CITIES OF LOK-PALS

१. रायहाणीसु वि चत्तारि उद्देसा भाणियव्वा जाव एमहिड्ढीए जाव वरुणे महाराया।

॥ चउत्थे सए : पंच-छट्ठ-सत्तम-अट्ठमा उद्देसा समत्ता ॥

१. चारों लोकपालों की राजधानियों के चार उद्देशक कहने चाहिए। अर्थात् एक-एक लोकपाल की राजधानी सम्बन्धी वर्णन पूर्ण होने पर एक-एक उद्देशक पूर्ण हुआ समझना चाहिए। इस तरह चारों राजधानियों के वर्णन में चार उद्देशक पूर्ण हुए। यों क्रमशः पाँचवे से लेकर आठवाँ उद्देशक यावत् वरुण महाराज इतनी महाऋद्धि वाले यावत् (इतनी विकुर्वणा शक्ति वाले हैं;) (यहाँ तक चार उद्देशक पूर्ण होते हैं।)

1. Four lessons should be stated for the capital cities of the four *Lok-pals*. In other words with the end of the description of the capital cities of each of the four *Lok-pals* end each of the four lessons. The end of descriptions of the four capital cities should be taken to be the end of four lessons. Thus end the lessons fifth to eighth... and so on up to... Varun Maharaj is endowed with great opulence... and so on up to... influence.

विवेचन : जीवाभिगमसूत्र में वर्णित विजय राजधानी के वर्णन के समान चार राजधानियों के चार उद्देशकों का वर्णन इस प्रकार करना चाहिए-देवेन्द्र देवराज ईशान के लोकपाल सोम महाराज की सोमा नामक राजधानी सुमन नाम महाविमान के ठीक नीचे है; इत्यादि सारा वर्णन इसी प्रकार कहना चाहिए।

इसी प्रकार क्रमशः एक-एक राजधानी के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तरपूर्वक वर्णन करके शेष तीनों लोकपालों की राजधानी-सम्बन्धी एक-एक उद्देशक कहना चाहिए।

॥ चतुर्थ शतक : पंचम-षष्ठ-सप्तम-अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The four lessons with the description of four capital cities should be given in the same pattern as that of capital city Vijaya described in *Jivabhigam Sutra*—Exactly below the Suman Mahavimaan is located Somaa, the capital city of Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Ishan, the overlord of gods and so on (the complete description).

This way description of each capital city should be stated in question-answer format to conclude the lessons about the capital cities of the remaining three *Lok-pals*.

● **END OF THE FIFTH-SIXTH-SEVENTH-EIGHTH LESSON OF THE FOURTH CHAPTER** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ शतक : नवम उद्देशक
FOURTH SHATAK (Chapter Four) : NINTH LESSON

नैरयिकों की उत्पत्ति-प्ररूपणा NAIRAYIK UTPATTI (BIRTH OF INFERNAL BEINGS)

नैरयिकों की उत्पत्ति-प्ररूपणा NAIRAYIK UTPATTI (BIRTH OF INFERNAL BEINGS)

१. [प्र.] नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जइ ? अनेरइए नेरइएसु उववज्जइ ?

[उ.] पण्णवणाए लेस्सापदे ततिओ उद्देसओ भाणियव्वो जाव नाणाइं।

॥ चउत्थे सए : नवमो उद्देसो समत्तो ॥

१. [प्र.] भगवन् ! जो नैरयिक है, क्या वह नैरयिकों में उत्पन्न होता है, या जो अनैरयिक है, वह नैरयिकों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] (हे गौतम !) प्रज्ञापनासूत्र में कथित लेश्यापद (१७वाँ) का तृतीय उद्देशक यहाँ कहना चाहिए और वह ज्ञान के वर्णन तक कहना चाहिए।

1. [Q.] *Bhante* ! Are infernal beings born among infernal beings or are non-infernal beings born among infernal beings ?

[Ans.] Gautam ! Here the third Uddeshak of the *Leshyapad* (17th pad) from *Prajnapana Sutra* should be stated till the description of *Jnana.*

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र में नैरयिकों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में प्रज्ञापनासूत्र के १७वें लेश्यापद के तृतीय उद्देशक का संदर्भ दिया है। वह इस प्रकार है-

[प्र.] भगवन् ! क्या नैरयिक ही नैरयिकों में उत्पन्न होता है या अनैरयिक नैरयिकों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक ही नैरयिकों में उत्पन्न होता है, अनैरयिक नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होता।

इस कथन का आशय है, यहाँ से मरकर नरक में उत्पन्न होने वाले जीव की तिर्यञ्च या मनुष्य-सम्बन्धी आयु तो यहीं समाप्त हो जाती है, सिर्फ नरकायु ही बँधी हुई होती है। यहाँ मरकर नरक में पहुँचते हुए मार्ग में जो एक-दो आदि समय लगते हैं, वे उसकी नरकायु में से ही कम होते हैं। इस प्रकार नरकगामी जीव मार्ग में भी नरकायु को भोगता है, इसलिए वह नैरयिक ही है। ऋजुसूत्रनय की वर्तमान पर्यायपरक दृष्टि से भी यह कथन सर्वथा उचित है कि नैरयिक ही नैरयिकों में उत्पन्न होता है, अनैरयिक नहीं। इस तरह शेष दण्डकों के जीवों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में जान लेना चाहिए।

॥ चतुर्थ शतक : नवम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—In this aphorism reference of the third Uddeshak of the *Leshyapad* (17th pad) from *Prajnapana Sutra* has been given with regard to birth of infernal beings. It is as follows--

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Q.] *Bhante* ! Are infernal beings alone born among infernal beings or are non-infernal beings born among infernal beings ?

[Ans.] Gautam ! Only infernal beings are born among infernal beings; non-infernal beings are not born among infernal beings.

This statement means that the life-span of an animal or human being destined to be born among infernal beings after its death ends here only. It only has the bondage of life-span as an infernal being. The period of one, two or more *Samayas* that it takes in reaching the infernal world is deductible from his infernal-life-span only. Therefore, the being destined to infernal world experiences infernal-life-span on the way as well. Thus even during transition it is an infernal being. From the precisionistic view point or that related to specific point or period of time (*Rijusutra naya*) this statement that 'only infernal beings and not non-infernal beings are born among infernal beings' is correct. This also applies to the birth of beings belonging to all other *dandaks* (places of suffering).

● **END OF THE NINTH LESSON OF THE FOURTH CHAPTER** ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ शतक : दशम उद्देशक
FOURTH SHATAK (Chapter Four) : TENTH LESSON

लेश्या LESHYA (SOUL-COMPLEXION)

लेश्याओं का परिणमन TRANSFORMATION OF LESHYA

१. से नूणं भंते ! कण्हलेस्सा नीललेस्सं पप्प तारूवत्ताए तावण्णत्ताए ?

एवं चउत्थो उद्देसओ पण्णवणाए चेव लेस्सापदे नेयव्वो जाव–

परिणाम–वण्ण–रस–गंध–सुद्ध–अपसत्थ–संकिलिट्ठुण्हा–
गति–परिणाम–पदेसोगाह–वग्गणा–ठाणमप्पबहुं ॥१॥

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ चउत्थे सए : दसमो उद्देसो समत्तो ॥
॥ चउत्थं सयं समत्तं ॥
॥ भगवई सुइयं : पढमं भागं समत्तं ॥

१. [प्र.] भगवन् ! क्या कृष्णलेश्या नीललेश्या का संयोग पाकर तद्रूप और तद्वर्ण में परिणत हो जाती है ?

[उ.] (हे गौतम !) प्रज्ञापनासूत्र में उक्त लेश्यापद का चतुर्थ उद्देशक परिणाम इत्यादि द्वार–गाथा तक यहाँ कहना चाहिए। गाथा का अर्थ इस प्रकार है–

परिणाम, वर्ण, रस, गन्ध, शुद्ध, अप्रशस्त, संक्लिष्ट, उष्ण, गति, परिणाम, प्रदेश, अवगाहना, वर्गणा, स्थान और अल्पबहुत्व; (ये सब बातें लेश्याओं के सम्बन्ध में कहनी चाहिए।)

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', (यों कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरण करते हैं।)

1. [Q.] *Bhante* ! Does *Krishna* (black) *leshya* (soul-complexion) get converted into the form and colour of *Neel* (blue) *leshya* on coming in its contact ?

[Ans.] Gautam ! Here the fourth lesson of chapter on *Leshya* from *Prajnapana Sutra* should be stated till verse on *Parinam* etc. (outcome). The meaning of the verse is as follows—

(These matters about *leshyas* should be stated—) *Parinam* (outcome or result), *varna* (appearance or colour), *rasa* (taste), *gandh* (smell), *shuddha* (purity), *aprashast* (ignoble or unwholesomeness), *sanklisht* (grief or

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

षट् लेश्या स्वरूप

	वर्ण	रस	गंध	स्पर्श	लक्षण
कृष्ण लेश्या					
नील लेश्या					
कापोत लेश्या					
तेजो लेश्या					
पद्म लेश्या					
शुक्ल लेश्या					

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय-१५

Illustration No. 15

षट् लेश्याओं के वर्ण-गंध आदि

गणधर गौतम ने पूछा-भंते ! छह लेश्याओं के वर्ण, गंध आदि किस प्रकार के हैं ?

उत्तर में भगवान ने बताया-

कृष्ण लेश्या का वर्ण-कौए आदि के समान काला, **रस** (स्वाद), नीम के समान कड़वा, **गंध**, मृत पशु के कलेवर तुल्य, अत्यन्त दुर्गन्धमय। **स्पर्श**-करोत की धार के समान तीक्ष्ण, **भाव**-अत्यन्त रौद्र।

नील लेश्या का वर्ण-मोर व भ्रमर के समान नीला, **रस**-मिर्च के समान तीखा, **गंध**-कुत्ते के कलेवर की गंध से भी भयानक, **स्पर्श**-गाय की जीभ के समान खुरदरा, **भाव**-ईर्ष्या व लोभप्रधान।

कापोत लेश्या : **वर्ण**-कबूतर की गर्दन जैसा, कच्चे आम जैसा कषैला, **गंध**-मृत सर्प जैसी **स्पर्श**-तीक्ष्ण धारदार पत्ते जैसा। **भाव**-मायाप्रधान।

तेजोलेश्या : **वर्ण**-तोते की चोंच सा लाल। **रस**-खट्टा, मीठा, पके आम जैसा। **गंध**-घिसे चन्दन के समान, **स्पर्श**-कोमल रुई के समान, **भाव**-विनम्र प्रियधर्मी।

पद्म लेश्या : वर्ण पीला, सूर्य मुखी फूल जैसा। **रस**-अंगूर जैसा मीठा। **गंध**-गुलाब के फूल व इतर जैसा। **स्पर्श**-कोमल नवनीत, **भाव**-भद्र परिणामी, संयम प्रधान।

शुक्ल लेश्या : वर्ण-श्वेत कुन्दपुष्प समान। **रस**-मीठा-खीर के समान। **गंध**-फूलों के इतर के तुल्य, **स्पर्श**-कोमल, सिरीष पुष्प वत **भाव**-अत्यन्त प्रशस्त शुभ ध्यानी।

-शतक ४, उ. १०, सूत्र १ (संदर्भ-प्रज्ञापना पद १७, उत्तराध्ययन अ. ३४)

ATTRIBUTES OF SIX LESHYAS

Ganadhar Gautam asked—Bhante ! What are the attributes like colour and taste of six leshyas ?

Bhagavan replied—

Krishna Leshya—colour : black like crow, taste : bitter like Neem, odour : repulsive like an animal-cadaver, touch : sharp like a saw, and sentiment : very angry.

Neel Leshya—colour : blue like peacock, taste : pungent like pepper, odour : more repulsive than dog-cadaver, touch : rough like tongue of a cow, and sentiment : dominated by jealousy and greed.

Kapot Leshya—colour : light blue like a pigeon, taste : astringent like unripe mango, odour : repulsive like snake-cadaver, touch : sharp like a blade of grass, and sentiment : deceitful.

Tejo Leshya—colour : red like parrot-beak, taste : sour-sweet like ripe mango, odour : like sandal-wood paste, touch : soft like feather, and sentiment : modest and religious.

Padma Leshya—colour : yellow like sunflower, taste : sweet like grapes, odour : like rose flower or essence, touch : soft like butter, and sentiment : noble and disciplined.

Shukla Leshya—colour : white like Kund flower, taste : sweet like Kheer (milk-rice pudding), odour : like flower-perfume, touch : soft like Sireesh flower, and sentiment : extremely noble and pure.

—Shatak 4, lesson 10, Sutra 1 (Ref. Prajnapana 17; Uttaradhyayan 34)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

